शर्तों को आसान एंव जनसामान्य के समझने योग्य बनाया जाए एवं उन्हें सरल भाषा में बीमा प्रस्ताव में उल्लेखित किया जाए। बीमा पॉलिसी में सामान्यत: बहुत सूक्ष्म अक्षरों का प्रयोग किया जाता है, जिनके आकार को जनसामान्य के पठन योग्य बनाना चाहिए। विज्ञापनों में भ्रामक जानकारी के द्वारा जनता को आकर्षित करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। हितग्राहियों द्वारा किए गए दावों का निराकरण नियमानुसार एंव शीघ्र करना चाहिए। बीमा किसी भी देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अत: इस क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने पर बीमा क्षेत्र को देश के विकास का मुख्य आधार बनाया जा सकता है। भारतीय सामान्य बीमा निगम का एक **उद्देश्य-सूत्र** है **'आपात्काले रक्षिष्यामि'**, जिसका अर्थ है- **'संकट की घड़ी में मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा।'** इस सूत्र को ध्यान में रखते हुए ही ग्राहकों तथा जनता की सेवा के लिए निगम को अपनी नीतियाँ निर्धारित करना चाहिए। अपने इसी सूत्र पर बीमा कम्पनियाँ कार्य करे तो निश्चित ही बीमे के विरूद्ध बढ़ने वाले दावा प्रकरणों पर अंकुश लगाया जा सकता है तथा बीमा व्यवसाय के द्वारा देश का विकास तीव्र गति से किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बीमा विनियामक एंव विकास प्राधिकरण वार्षिक प्रतिवेदन- 2012-2013, 2013-2014, 2014-2015, 2015-2016
2. बीमा के तत्व- बालचंद श्रीवास्तव, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
3. बीमा विधि- डॉ. सुरेन्द्र यादव, युनिवर्सिटी बुक हाउस, जयपुर।
4. इंदौर जिला उपभोक्ता फोरम का से प्राप्त सांख्यिकी जानकारी।
5. www.irda.gov.in
6. www.confonet.nic.in



गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की सकल प्रीमियम आय (भारत के अंदर)(करोड़ रूपये)

बीमाकर्ता	**2012-2013**	**2013-2014**	**2014-2015**	**2015-2016**
सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ता	35022.12(14.60)	38599.71(10.21)	42551(10.24)	47691(12.08)
निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता	27950.53(25.25)	32010.30(14.52)	35090(9.62)	39694(13.12)
स्वचलित स्वास्थ्य बीमाकर्ता	1726.21(4.00)	2245.05(30.06)	2943(31.07)	4153(41.12)
विशेषीकृत बीमाकर्ता	4454.62(6.75)	4698.74(5.48)	4102(-12.7)	4842(18.04)
कुल	**64698.86(10.20)**	**77553.80(12.15)**	**84686(9.20)**	**96380(13.81)**

स्त्रोत- बीमा विनियामक एंव विकास प्राधिकरण के वर्ष 2012-2013, 2013-2014, 2014-2015, 2015-2016 के वार्षिक प्रतिवेदन। (कोष्ठक में आंकड़ें पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत में वृद्धि निर्दिष्ट करते हैं)



स्त्रोत- इंदौर जिला उपभोक्ता फोरम में पंजीकृत शिकायत (कैलेण्डर वर्ष के अनुसार)



स्त्रोत- इंदौर जिला उपभोक्ता फोरम में पंजीकृत शिकायत (कैलेण्डर वर्ष के अनुसार)

उपभोक्ता फोरम में बीमा के दावों की प्रतिशत वृद्धि (वर्ष 2012-2016)



स्त्रोत- इंदौर जिला उपभोक्ता फोरम में पंजीकृत शिकायत (कैलेण्डर वर्ष के अनुसार)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

विशेष केन्द्रीय सहायता योजना का परिचय एवं मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के संदर्भ में संक्षिप्त अध्ययन

डॉ. एन. एल. गुप्ता * लक्ष्मीकांत गुप्ता **

शोध सारांश – वर्ष 2011 की जनगणनानुसार भारत की जनसंख्या में 8.6 प्रतिशत अनुसूचित जनजनाति की जनसंख्या है। आदिवासी मुख्यत: शहरी और ग्रामीण सभ्यता से दूर जंगलो, पर्वतीय क्षेत्रों में निवासरत है। मुख्यत: जनजातीय वर्ग जिन क्षेत्रों में निवास कर रहा है वहॉ अभी भी विकास पहुँच से दूर है, विकास के संसाधनों का अभाव है। आदिवासियों का समग्र विकास सुनियोजित रूप से हो इस परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा पॉचवी पंचवर्षीय योजना में आदिवासी उपयोजना की अवधारणा क्रियान्वित की गई। आदिवासी उपयोजना अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन में राज्य सरकारों के संसाधनों में कमी को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा इस कार्य हेतु अतिरिक्त सहायता के रूप में आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराई गई है, इसे उपयोजना अंतर्गत विशेष केन्द्रीय सहायता नाम दिया गया। यह आदिवासी उपयोजना हेतु रणनिति का एक अंग है। वर्ष 1977–78 से आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता राज्यों को आदिवासी विकास के लिए उपलब्ध कराए जाने वाला अतिरिक्त संसाधन है। इस प्रकार आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता का उद्देश्य ऐसे आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना है, जो की आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक स्तर को उपर उठाने में सहायक हो।

प्रस्तावना – भारत एक विकासशील देश है। भारत को विश्व का एक समृद्धशाली राष्ट्र बनाने के लिए यह आवश्यक है, की राष्ट्र का सर्वोन्मुखी विकास किया जावे । वर्ष 2011 की जनगणनानुसार भारत की जनसंख्या में 8.6 प्रतिशत अनुसूचित वर्ग की जनसंख्या है । अधिकांशत: जनजातीय वर्ग के लोग अत्यंत दूरस्थ व दुर्गम स्थानों पर रहते है, जो आर्थिक दृष्टि से पिछड़े तथा अशिक्षित है। ग्रामीण अंचलों में मौजूदा आबादी के पालन पोषण के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं है। अविकसित एवं दूर्गम क्षेत्रों में रहने वाले जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों का समग्र विकास भारत में एक महत्वपूर्ण चुनौती है। जनजातियों के विकास हेतु केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा विभागों के माध्यम से आर्थिक विकास, मानवीय संसाधन विकास, क्षेत्र विकास एवं अन्य विकास के कार्यक्रम चलाए जा रहे है। ऐसी परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता योजना अंतर्गत आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में निवासरत जनजातीय बी.पी.एल. परिवार के हितग्राहियों को परिवार/स्वसहायता समूह/समुदाय मूलक रोजगार सह आय सृजन की गतिविधियों में अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जो आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक स्तर को ऊपर उठाने का एक सार्थक प्रयास है।

आदिवासी उपयोजना से आशय – आदिवासी वर्ग के समग्र विकास हेतु भारत सरकार द्वारा पाँचवी पंचवर्षीय योजना में आदिवासी उपयोजना की अवधारणा क्रियान्वित की गई। जिसके अंतर्गत ऐसे अनुसूचित क्षेत्र/तहसीलों/विकासखंडो को समाहित किया गया जिसमें अनुसूचित जनजातीयों की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक थी।

आदिवासी उपयोजना के मुख्यत: दो उद्देश्य है।

1. जनजातियों का एकीकृत ढंग से सर्वांगीण विकास करना।
2. जनजातियों की सुरक्षा एवं उन्हें हर तरह से शोषण से मुक्ति दिलाना ।

आदिवासी उपयोजना क्रियान्वयन– (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

पॉचवी पंचवर्षीय योजनाकाल में आदिवासी उपयोजना की अवधारणा क्रियान्वयन के पश्चात से निरन्तर उपयोजना क्षेत्र के विकास हेतु योजनाबद्ध तरीके से भारत सरकार एवं राज्य सरकार के विभागों द्वारा विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाएं क्रियान्वित की जा रहीं है, जिसमें नोडल विभाग के रूप में आदिम जाति कल्याण तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा उत्तरदायित्व निर्वहन किया जाता है। वर्तमान में लगभग राज्य आयोजना की 20 प्रतिशत राशि आदिवासी उपयोजना हेतु सुरक्षित रखी जाती है।

विशेष केन्द्रीय सहायता – आदिवासी उपयोजना अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन में राज्य सरकारों के संसाधनों में कमी को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा इस कार्य हेतु अतिरिक्त सहायता के रूप में आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता उपलब्ध कराई गई है, इसे उपयोजना अंतर्गत विशेष केन्द्रीय सहायता नाम दिया गया। यह आदिवासी उपयोजना हेतु रणनिति का एक अंग है। विशेष केन्द्रीय सहायता राज्य आयोजना की एक अनुपूरक सहायता हैं।

पूर्व में आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता का उपयोग परिवार मूलक आय सृजित करने वाली योजनाओं पर किया जाता रहा है। सन 2004 से आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता का उपयोग क्षेत्र में दो तरह की विशेष कमियों (क्रिटिकल गेंप) को दूर करने में किया जाता है, एक तो ऐसी प्राथमिक योजनाएँ जो परिवार/स्वसहायता समूह/समूदाय मूलक रोजगार सह आय सृजित योजनाओं में तथा दूसरी इनसे संबंधित अधोसंरचना विकास के लिए किया जा सकता है। इस प्रकार आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता का उद्देश्य ऐसे आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना है जो कि आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक स्तर को उपर उठाने में सहायक

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी, जिला - बड़वानी (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी, जिला - बड़वानी (म.प्र.) भारत

हो। विशेष केन्द्रीय सहायता से पोषित कार्यक्रमों के अंतर्गत उपयोजना क्षेत्र में केवल गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी परिवारों/हितग्राहियों को निश्चित प्रयोजन हेतु तय राशि का 100 प्रतिशत अनुदान लाभ, परिवार उन्मुख आय सृजित योजनाओं के लिए दिया जाता है। विशेष केन्द्रीय सहायता राज्य आदिवासी उपयोजना के लिए एक एडिटिव के रूप में राज्य सरकारों को केन्द्र से आदिवासी मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाती है। आदिवासी उपयोजना क्षेत्र को विशेष केन्द्रीय सहायता भारत सरकार से 100 प्रतिशत अनुदान है। यह भारत के समेकित निधि को छोड़कर चार्ज कीया जाता है।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 से पूर्व के मार्गदर्शी निर्देशों को अधिक्रमित कर विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत नवीन दिशा निर्देश जारी किए गए है, जिसके अनुसार यह स्पष्ट किया गया है कि उक्त योजना आदिवासी क्षेत्रों में क्रिटीकल गेप की पूर्ति हेतु आदिवासी उप-योजना के एडीटिव (Additive) के रूप में होगी। विशेष केन्द्रीय सहायता योजना के उद्देश्य / विशेषताएं निम्न है –

विशेष केन्द्रीय सहायता के मुख्य उद्देश्य –

- प्रस्तावित कार्यो के अंतर्गत शिक्षा वं स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि कर मानव संसाधन विकास करना।
- आदिवासी क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं जैसे – आवास, रोड, आदि में वृद्धि कर जीवन स्तर में गुणवत्ता पूर्ण वृद्धि करना।
- गरीबी और बेरोजगारी में निरन्तर कमी लाने के लिए आय सृजित योजनाओं को बढ़ाना।
- आदिवासियों की क्षमती वृद्धि कर उन्हें उन्नति के लिए मिलने वाले अवसरों में वृद्धि करना।
- शोषण एवं उत्पीड़न के विरूद्ध संरक्षण प्रदान करना।
- वर्ष 2016-17 से आगामी वर्षो हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता के अंतर्गत राज्यों को मिलने वाली राशि के प्रावधान का आधार।
- राज्य की अनु. जनजाति जनसंख्या के आधार पर 50 प्रतिशत राशि।
- राज्य के आदिवासी क्षेत्र (परियोजना / माडा / अंचल) के भौगोलिक क्षेत्रफल के आधार पर 25 प्रतिशत राशि।
- राज्यों के आउटकम बेस्ड परफारमेन्स (Outcome based performance) के आधार पर शेष 25 प्रतिशत राशि।

म0प्र0 में क्रियान्वयन ईकाई – भौगोलिक दृष्टि से मध्यप्रदेश का लगभग 30.19 प्रतिशत भू-भाग आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित है। मध्यप्रदेश आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में विकास कार्यो/योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु नोडल विभाग जनजातीय मंत्रालय है, जो संचालनालय आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं भोपाल के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन करवाता है। प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण अंतर्गत प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर 31 एकीकृत आदिवासी विकास परियोजनाएं (26 वृहद, 05 मध्यम), 30 माडा पॉकेट, तथा 06 लघु अंचल निर्मित है, जो संचालनालय के अंतर्गत क्षेत्र में योजनाएं क्रियान्वयन करते है। इस योजना के क्रियान्वयन में आय.टी.डी.पी./आय.टी.डी.ए. ब्लाक,कलस्टर को एक भौगोलिक इकाई माना जा सकता है। प्रत्येक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना में परियोजना सलाहकार मण्डल गठित है, जिसमें विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत स्थानीय विकास कार्यक्रमों का चयन/स्वीकृति दी जाती है। इस मण्डल को 20.00 लाख तक के कार्य स्वीकृत करने के अधिकार दिए गए है। आदिवासी उपयोजना रणनिति के तहत एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना को इकाई बनाया गया है।

बड़वानी जिले के संदर्भ में विशेष केन्द्रीय सहायता का संक्षिप्त अध्ययन – मध्यप्रदेश सर्वाधिक 21.13 प्रतिशत जनजाति बाहुल्य प्रदेश है। मध्यप्रदेश में बड़वानी जिले की पहचान अनुसूचित जनजाति बहुल और पिछड़े क्षेत्र के रूप में की गई है। बड़वानी जिले की स्थापना 25 मई 1998 को हुई। पूर्व में यह जिला खरगोन (पश्चिम निमाड़) जिले का एक भाग था। वर्ष 2011 की जनगणनानुसार बड़वानी जिले की कुल अजजा जनसंख्या 9.62 लाख है जो बड़वानी जिले की कुल जनसंख्या 13.86 लाख का 69.42 प्रतिशत है। नि:संदेह जिले में आदिवासियों की सर्वाधिक जनसंख्या है। भील, भिलाला एवं बारेला यहाँ की प्रमुख जन-जातीयां हैं । इन आदिवासियों की अपनी सांस्कृतिक, धार्मिक मान्यताएं व परम्पराएँ है । जहां तक इनकी आर्थिक स्थिति का प्रश्न है, वह निर्विवाद रूप से चिंताजनक है । वनों के विनाश के कारण अब वनोपज इन्हें उपलब्ध नहीं है।

इनकी कृषि भूमि सम्पन्न गैर आदिवासियों के कब्जे से पूर्ववर्ती वर्षो में शासन द्वारा मुक्त कराई गई है एवं शासन द्वारा पट्टे दिए जाकर भूमि आबंटन किया गया है। जिले के अविकसित एवं सुदूर जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में अधोसंरचना का विकास भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। गरीब आदिवासी परिवारों को रोजगार तथा एक सामान्य क्षेत्र के दर्जे का स्तर मुहैया कराना आदिवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का मुख्य लक्ष्य है।

बड़वानी जिले में विकासखण्डवार जनसंख्या स्थिति (सारिणी देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

बड़वानी जिला आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत विकास कार्यो/योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु दो इकाईयाँ (आय.टी.डी.पी) संचालित है। पहली एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना बड़वानी तथा दूसरी एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना सेंधवा। बड़वानी परियोजना क्षेत्र अंतर्गत चार विकासखण्ड बड़वानी, पाटी, ठीकरी तथा राजपुर सम्मिलित है, सेंधवा परियोजना क्षेत्र में विकासखण्ड सेंधवा, निवाली तथा पानसेमल सम्मिलित है।

इन दोनों परियोजनाओं के द्वारा क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से क्षेत्र में ऐसी प्राथमिक योजनाएँ जो परिवार/स्वसहायता समूह/समूदाय मूलक रोजगार सह आय सृजित योजनाएं तथा दुसरी इनसे संबंधित अधोसंरचना विकास के ऐसे आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना है जो की आदिवासियों के आर्थिक और सामाजिक स्तर को उपर उठाने में सहायक हो।

विशेष केन्द्रीय सहायता से पोषित कार्यक्रमों के अंतर्गत उपयोजना क्षेत्र में केवल गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी परिवारों/हितग्राहियों को निश्चित प्रयोजन हेतु तय राशि का 100 प्रतिशत अनुदान लाभ, परिवार उन्मुख आय सृजित योजनाओं के लिए दिया जाता है। अपने विस्तृत स्वरूप में उक्त अनुदान गतिविधि सन 2004-05 से संचालित है। बड़वानी जिले के उपयोजना क्षेत्र में वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 12494 अनुसूचित जनजातीय बी.पी.एल. परिवारों को इस योजना का लाभ दिया गया है। विशेष केन्द्रीय सहायता योजना बड़वानी जिले के आदिवासी परिवारों के उत्थान में अपनी सार्थकता किस स्तर तक सिद्ध कर पाई है, यह शोध का विषय है।

राशि का प्रावधान – बड़वानी जिले में परियोजना बड़वानी तथा सेंधवा अंतर्गत वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत प्रावधानित/प्राप्त राशि का विवरण

क्र.	वर्ष	प्राप्त राशि लाखों में
1	2011-12	749.96
2	2012-13	869.97
3	2013-14	600.6
4	2014-15	227.28
5	2015-16	239.77

बड़वानी जिले में विशेष केन्द्रीय सहायता योजना से लाभांवित बी.पी.एल.आदिवासी परिवारों का विवरण वर्ष 2011-12 से 2015-16 (विकासखण्डवार) **(सारिणी देखे अन्तिम पृष्ठ पर)**

निष्कर्ष -आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता एक अति महत्वपूर्ण योजना है बशर्ते उसके बेहतर क्रियान्वयन की आवश्यकता है। आदिवासी उपयोजना हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता स्वीकृत करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाना चाहिए की योजना आदिवासियों के सामाजिक आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखकर बनाए जिससे सीधे उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। इस प्रकार से ली गई योजनाओं के संबंध में भौतिक/वित्तीय लक्ष्य समय सीमा में निर्धारित किए जाने चाहिए, जिससे उनका सतत मूल्यांकन किया जा सके। ऐसे कार्यक्रम लिए जाने चाहिए जो उपयोगी हो। व उनकी गरीबी का उन्मूलन कर सके। जनसहयोग ही वह सूत्र है, जिससे की आदिवासीयों का विकास संभव है। अत: इसका भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए। राशि जिस उद्देश्य के लिए स्वीकृत की गई है उसी की पूर्ति हेतु व्यय सुनिश्चित किया जावे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत की जनगणना 2011, घटनाचक्र (सम-सामायिक)।
2. विशेष केन्द्रीय सहायता से आदिवासी उपयोजना हेतु भारत सरकार द्वारा जारी नवीन दिशा निर्देशों का संकलन (म0प्र0 शासन आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग)।
3. नवीन शोध संसार, पत्रिका।
4. दैनिक पत्र-पत्रिकाएँ।
5. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, बड़वानी म.प्र.।

आदिवासी उपयोजना क्रियान्वयन -



बड़वानी जिले में विकासखण्डवार जनसंख्या स्थिति

क्र.	विकासखण्ड	कुल जनसंख्या (2011)	अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या (2011)	कुल जनसंख्या का अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या से प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति बी.पी.एल. परिवार जनसंख्या (स्त्रोत-जिला पंचायत)
1	2	3	4	5	6
1	बड़वानी	211061	124010	58.76	21228
2	पाटी	162432	136455	84.00	27125
3	ठीकरी	168519	65336	38.77	5606
4	राजपुर	213216	151302	70.96	14385
5	सेंधवा	360039	276304	76.74	31706
6	निवाली	112639	98467	87.41	13506
7	पानसेमल	157975	110271	69.80	12048
	योग-	**1385881**	**962145**	**69.42**	**125604**

स्त्रोत - जनगणना सूचकांक 2011

बड़वानी जिले में विशेष केन्द्रीय सहायता योजना से लाभांवित बी.पी.एल.आदिवासी परिवारों का विवरण वर्ष 2011-12 से 2015-16
(विकासखण्डवार)

राशि लाखों मेर

क्र.	विकास खण्ड/ वर्ष	2011-12		2012-13		2013-14		2014-15		2015-16		योग	
		स्वीकृत राशि	लाभांवित हितग्राही संख्या	स्वीकृत राशि	लाभा. हित. संख्या	स्वीकृत राशि	लाभा. हित. संख्या	स्वीकृत राशि	लाभा. हित. संख्या	स्वी. राशि	लाभा. हित. संख्या	स्वी. राशि	लाभा. हित. संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	बड़वानी	101.28	522	11.7	597	71.60	358	33.72	72	34.03	60	252.33	1609
2	पाटी	101.10	521	155.40	784	81.80	409	35.70	89	31.54	70	405.54	1873
3	ठीकरी	47.95	231	28.37	148	58.20	291	23.97	48	28.36	50	186.85	768
4	राजपुर	144.10	732	144.40	735	92.20	461	36.81	90	36.24	70	453.75	2088
5	सेंधवा	159.00	879	235.00	175	146.60	733	52.49	175	65.10	147	658.19	3109
6	निवाली	120.40	644	118.69	593	77.00	385	25.80	86	17.40	58	359.29	1766
7	पानसेमल	76.13	432	70.41	352	73.20	366	18.79	62	27.10	69	265.63	1281
	योग-	749.96	3961	869.97	4384	600.60	3003	227.28	622	239.77	524	2687.58	12494

स्त्रोत - एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना बड़वानी एवं सेंधवा।

मध्यप्रदेश विद्युत ऊर्जा दरों में वृद्धि का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. अनूप कुमार व्यास * सुरभि डिगरा **

शोध सारांश – विद्युत ऊर्जा देश के विकास की धुरी है। ऊर्जा किसी देश के आर्थिक विकास का सबसे महत्वपूर्ण घटक है और चतुर्मुखी विकास का सबसे विश्वसनीय मापदण्ड भी रही है अर्थात् वर्तमान में ऊर्जा आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक सभ्यता एवं विकास का मापदण्ड है। कृषि, उद्योग, वाणिज्य व संचार अर्थात् अर्थव्यवस्था के समस्त पहलुओं के विकास के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इस हेतु यह अपरिहार्य है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को विद्युत ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध एवं युक्तियुक्त दरों पर हो, ताकि विद्युत वितरण कम्पनियों एवं उपभोक्ताओं दोनों पर आर्थिक बोझ न पड़े।

शोध-पत्र में विश्लेषण से यह तथ्य सामने आया है कि मध्यप्रदेश में सिर्फ चुनावी वर्ष को छोड़कर, प्रत्येक वर्ष विद्युत ऊर्जा की दरों में वृद्धि होती रही है। विद्युत वितरण कम्पनियाँ, प्रत्येक वर्ष म. प्र. विद्युत नियामक आयोग के समक्ष विभिन्न दलीलों का हवाला देकर ऊर्जा दर में वृद्धि करवा लेती हैं, जैसे उत्पादन लागत बढ़ना (ईंधन महँगा होना, परिवहन/ढुलाई शुल्क), पारेषण-वितरण हानियों में वृद्धि, संयंत्रों का ठप्प हो जाना ऊर्जा क्रय ऋण ब्याज भुगतान आदि जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है, अपितु इससे प्रदेश का आर्थिक विकास भी बाधित होता है।

नए एवं पुराने उद्योगों का विकास किसी भी प्रदेश का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। ऊर्जा दर वृद्धि व शासन की नीतियों के फलस्वरूप उद्यमियों में असन्तोष उठने लगा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि विद्युत नियामक आयोग विद्युत वितरण कम्पनियों के हिसाब-किताब पर गौर करे एवं विद्युत वितरण कम्पनियाँ भी नियामक आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करें एवं अपने खर्चों पर नियन्त्रण करे।

मुख्य शब्द – विद्युत ऊर्जा दर, विद्युत नियामक आयोग, वितरण कम्पनियाँ।

प्रस्तावना – देश में विद्युत मण्डलों का गठन विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 5 के अन्तर्गत किया गया। उक्त अधिनियम की धारा 49 के अन्तर्गत विद्युत मण्डलों को अधिकार दिया गया है कि वे धारा 49 में निहित प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विद्युत दरों का निर्धारण कर सकते हैं। विद्युत दरों के पुनरीक्षण विद्युत (प्रदाय) अधिनियम की धारा 59 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत किया जाता है। इसके अनुसार विद्युत मण्डल का यह दायित्व है कि वह अपनी विद्युत दरों का निर्धारण इस प्रकार करे कि राजस्व के तहत होने वाले समस्त व्ययों को वहन करने के पश्चात् अपनी अचल आस्तियों की शुद्ध मूल्य का न्यूनतम् तीन (03) प्रतिशत अतिशेष अर्जन कर सकें। इस सम्बन्ध में मण्डल के योजना विभाग द्वारा वर्ष भर में होने वाले विभिन्न राजस्व व्ययों जैसे ईंधन पर व्यय, केन्द्रीय संस्थानों से विद्युत क्रय करने का व्यय, संचालन/संधारण का व्यय आदि एवं विभिन्न राजस्व प्राप्तियाँ यथा विद्युत विक्रय से राजस्व प्राप्ति, विविध राजस्व प्राप्तियाँ आदि का आँकलन कर वर्ष के प्रारम्भ में सेवारत् सकल अचल आस्तियों के मूल्य के तीन (03) प्रतिशत अतिशेष अर्जन हेतु आवश्यक अतिरिक्त राजस्व की गणना की जाती है।

उपभोक्ताओं को प्रदाय की जाने वाली विद्युत ऊर्जा के प्रभारों की वसूली हेतु प्राय: विद्युत प्रदाय में लगे सभी संस्थानों द्वारा द्विस्तरीय विद्युत दरों की संरचना को अपनाया गया है। मण्डल द्वारा भी विद्युत के उत्पादन, पारेषण एवं वितरण हेतु अधोसंरचना की स्थापना हेतु व्यय की गयी राषि पर ब्याज, अवक्षयण तथा संचालन के तहत् होने वाले नियत व्ययों की वसूली हेतु स्थायी प्रभार या नियत प्रभार एवं ईंधनों यथा कोयला, तेल, गैस आदि पर होने वाले व्ययों की वसूली हेतु ऊर्जा प्रभार का निर्धारण किया जाता है। विद्युत कम्पनियों द्वारा विभिन्न श्रेणियों की विद्युत दरों के निर्धारण हेतु मुख्य रूप से निम्न बातों को ध्यान में रखा जाता है :-

1. विद्युत प्रदाय का दाब (वोल्टेज)।
2. विद्युत उपभोग का उद्देश्य।
3. उपभोक्ता का सम्बद्ध भार (Connected Load)/संविदा भार (Contract Demand)।
4. राज्य शासन द्वारा अपनायी जा रही सामाजिक व आर्थिक नीति।
5. संयोजन की कालावधि अर्थात् पूर्णकालिक (स्थायी) अथवा अंशकालिक (अस्थायी)।

प्रथमतया, विद्युत दरें दाब (वोल्टेज) के आधार पर दो मुख्य श्रेणियों में नियत की गयी है :-

(अ) निम्न-दाब विद्युत दरें।

(आ) उच्च-दाब विद्युत दरें।

विद्युत दरें इस प्रकार निर्धारित की जानी चाहिए कि उच्च-दाब विद्युत दरें, निम्न-दाब विद्युत दरों की तुलना में अत्यधिक रियायती हों। मण्डल द्वारा भी अपनी उच्च-दाब एवं निम्न-दाब दरों के निर्धारण हेतु उक्त सिद्धान्त का पालन वर्ष 1985 तक किया गया। इसके पश्चात् उक्त सिद्धान्त अपना महत्व खोता गया तथा एक अन्य सामाजिक-आर्थिक सिद्धान्त महत्वपूर्ण हो गया जिसके अनुसार ''वे उपभोक्ता जिनकी भुगतान क्षमता अधिक हो,

*** प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष एवं निर्देशक (वाणिज्य) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म. प्र.) भारत**
**** शोधार्थी (वाणिज्य) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म. प्र.) भारत**

उनके लिए अपेक्षाकृत उच्चतर विद्युत दरें प्रयुक्त की जाएँ तथा जिनकी भुगतान क्षमता कम हो, उनके लिए अपेक्षाकृत निम्न विद्युत दरें प्रयुक्त की जाएँ।' परिणामत: उच्च-दाब विद्युत दरें समय के साथ (वर्ष 1985 के पश्चात्) निम्न-दाब विद्युत दरों की अपेक्षा ज्यादा होती गयी, जबकि कुछ श्रेणी के निम्न-दाब उपभोक्ताओं के लिए प्रयुक्त होने वाली दरें विद्युत प्रदाय की लागत से भी कम निर्धारित की गयी।

विद्युत नियामक आयोग अधिनियम, 1998 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत् राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग का गठन किया गया है तथा इस अधिनियम की धारा 29 के अन्तर्गत् प्रदेश में विद्युत दर निर्धारित करने का अधिकार अब मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग को ही है।

देश में हर राज्य में विद्युत दरों का निर्धारण विद्युत ऊर्जा के उत्पादन, पारेषण तथा वितरण एवं उपभोक्ता सेवा से सम्बन्धित लागत पर आधारित होता है। यह लागत इन गतिविधियों हेतु भिन्न-भिन्न होती है, इसके घटक हैं

(अ) उत्पादन लागत में भिन्नता के कारण – उत्पादन की लागत प्रदेश में उपलब्ध उत्पादन क्षमता, संयंत्रों के प्रकार, आयु तथा उत्पादन के लिए लगने वाली सामग्री की उपलब्धता तथा इसके परिवहन के व्यय इत्यादि पर निर्भर होती है, उदाहरणस्वरूप – (1) मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के विघटन पश्चात् कोयला खदानों का लाभ छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल के ताप उत्पादन केन्द्रों को मिला एवं मध्यप्रदेश में ऐसे कई पुराने ताप विद्युत गृह हैं, जिनकी आयु चालीस (40) वर्ष से भी अधिक हो चुकी हैं, परन्तु विद्युत की विद्यमान माँग की तुलना में उत्पादन की कमी के कारण इन्हें बन्द किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है (2) ऐसे राज्य जहाँ पर जल विद्युत उत्पादन की तुलनात्मक क्षमता ताप विद्युत उत्पादन की क्षमता से अपेक्षित रूप से अच्छी हैं, वहाँ पर उत्पादन की कुल लागत कम हो जाती है। इसका प्रमुख कारण यह है कि वहाँ जल विद्युत उत्पादन में प्रति यूनिट लागत ताप विद्युत उत्पादन की तुलना से कम होती है।

तालिका 1 – मध्यप्रदेश में ऊर्जा लागत की स्थिति

(रूपए/यूनिट)

वर्ष	लागत
2010-11	4.22
2011-12	4.49
2012-13	4.90

स्त्रोत – मध्यप्रदेश विद्युत ऊर्जा उत्पादन कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर।

तालिका से स्पष्ट है कि, प्रतिवर्ष उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है।

(ब) पारेषण लागत में भिन्नता के कारण – पारेषण लागत, उत्पादन केन्द्र से उत्पादित की गयी विद्युत ऊर्जा को उसके उपभोग केन्द्र पर पहुँचाने में की गयी पारेषण व्यवस्था, इसके रख-रखाव का खर्च तथा विद्युत ऊर्जा के परिवहन में हुई क्षति आदि पर निर्भर करती है। मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से एक बड़ा राज्य है, जहाँ पारेषण लाइनें अन्य राज्यों की तुलना में अपेक्षाकृत लम्बी हैं। इसके अतिरिक्त ज्यादातर उत्पादन केन्द्र प्रदेश के पूर्वी हिस्से में स्थित हैं, जबकि विद्युत ऊर्जा की माँग पश्चिम क्षेत्र में अपेक्षाकृत ज्यादा हैं। पारेषण प्रणाली में हो रही तकनीकी क्षति मुख्य रूप से विद्युत भार तथा सम्वाहक तारों की मोटाई व लम्बाई पर निर्भर करती है।

तालिका 2 –मध्यप्रदेश में पारेषण लागत (करोड़ रूपए) वितरण कंपनी (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

(स) वितरण लागत में भिन्नता के कारण – पारेषण प्रणाली से होकर विद्युत प्रदाय वितरण प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ता तक पहुँचता है। वितरण प्रणाली से होने वाली हानि पारेषण प्रणाली की तुलना में काफी अधिक है क्योंकि वितरण प्रणाली में होने वाली हानि में तकनीकी हानि के साथ वाणिज्यिक हानि का बड़ा योगदान है। वाणिज्यिक हानि से अभिप्राय है वितरण प्रणाली की निम्न-दाब व्यवस्था से बड़ी मात्रा में सीधे तार डालकर, मापक-यन्त्रों के साथ छेड़छाड़ कर तथा अन्य अनुचित साधनों द्वारा विद्युत चोरी की जाती है अर्थात् विद्युत ऊर्जा का अनधिकृत रूप से उपयोग किया जाता है, जिसका कोई मूल्य प्रदाय-कर्त्ता को प्राप्त नहीं होता। अत: इस तरह से अनाधिकृत रूप से उपयोग की गयी विद्युत ऊर्जा की मात्रा को हानि में सम्मिलित किया जाता है। इसके अलावा बड़ी संख्या में (मुख्यत: एक-बत्ती एवं कृषि उपयोग) के संयोजनों पर मापक-यन्त्र नहीं लगे होते हैं अथवा पुराने दोषयुक्त (Defective) या बन्द मापक-यन्त्र लगे हैं। जिससे इन संयोजनों में हो रही खपत अनुमानित आधार पर आँकी जाती है तथा निश्चित तौर पर यह पता नहीं चल पाता कि विद्युत ऊर्जा की वास्तविक खपत कितनी हुयी ? ऐसे उपभोक्ताओं पर एक निश्चित राशि का देयक निर्धारित होता है व अतिरिक्त किए गए उपयोग का भाग वितरण हानि में सम्मिलित हो जाता है। मापक-यन्त्र से छेड़-छाड़ कर चोरी की घटनाएँ भी सामने आती हैं। इस प्रकार कम दर्ज हो रही खपत के परिणामस्वरूप वितरण हानि में बढ़ोत्तरी होती है। यह वाणिज्यिक हानि हर क्षेत्र (हर सम्भाग, हर जिले में) एक समान नहीं होती- कहीं अधिक, तो कहीं कम।

तालिका 3 –प्रदेश में इन्दौर-उज्जैन संभाग में सतर्कता विभाग द्वारा चोरी प्रकरणों की स्थिति (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका 3 आँकड़े यह दर्शाते हैं कि इन्दौर-उज्जैन संभागों में चोरी के प्रकरणों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है। इनमें से कुछ प्रकरणों में वसूली हो रही है और कई प्रकरण विशेष न्यायालय में लम्बित हैं।

विद्युत दर नीति – समुचित आयोग, दरों की अवधारण के लिए निबन्धन व शर्तें विनिर्दिष्ट कर सकेगा और ऐसा करते समय विद्युत अधिनियम, 2003 के निम्नलिखित मार्गदर्शक सिद्धान्तों को ध्यान में रखेगा –

1. केन्द्रीय आयोग द्वारा उत्पादन कम्पनियों और पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों को लागू प्रशुल्क की अवधारणा के लिए विनिर्दिष्ट सिद्धान्त।
2. विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण हेतु तय किए गए वाणिज्यिक सिद्धान्त।
3. वे बातें, जैसे प्रतिस्पर्धा, दक्षता, सन्साधनों का मितव्ययी उपयोग, अच्छा कार्य निष्पादन और अधिकतम विनिधान (निवेश)।
4. उपभोक्ता हितों का संरक्षण और युक्तियुक्त विधिक रीति से विद्युत लागत की वसूली।
5. निष्पादन में दक्षता को बढ़ावा देने वाले सिद्धान्त।
6. बहुवर्ष दर (टैरिफ) सिद्धान्त।

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 3 को अनुपालन करते हुए 12 फरवरी, 2005 को अधिसूचित की गयी राष्ट्रीय विद्युत नीति के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा दर नीति को अधिसूचित करती है।

शोध पत्र का उद्देश्य –

1. विद्युत ऊर्जा दरों में लगातार हुई वृद्धि के कारणों का अध्ययन करना।
2. दरों के सम्बन्ध में सरकारी नीति का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. ऊर्जा दरों में वृद्धि के कारण इन्दौर (नगर) व सम्पूर्ण प्रदेश की आर्थिक विकास की गति बाधित हुई है।
2. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, इन्दौर (मध्यप्रदेश) की राजस्व आय में वृद्धि हुई है।

अध्ययन प्रणाली – मध्यप्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग, भोपाल से प्राप्त 'दर आदेश' (वार्षिकांक) (द्वितीयक समंकों) का संकलन एवं क्रमबद्ध सारणीयन कर परिकल्पना की विस्तृत विवेचना एवं विश्लेषण किया गया है। इन्दौर नगर (म. प्र.) का सर्वेक्षण कर एवं प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर सुझाव देना प्रस्तावित है।

अध्ययन की सीमाएँ – शोध पत्र में मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल, जबलपुर का एवं नवगठित मध्यप्रदेश विद्युत ऊर्जा उत्पादन कम्पनी, पारेषण कम्पनी एवं तीन वितरण कम्पनियों में से, इन्दौर नगरवासी होने के कारण, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, इन्दौर का कार्यक्षेत्र एवं सीमा।

विश्लेषण एवं निष्कर्ष :

तालिका 4 – मध्यप्रदेश में वार्षिक ऊर्जा दर दर्शाती है।

वर्ष	दर वृद्धि (प्रतिशत)
2009–10	3.61
2010–11	10.66
2011–12	6.14
2012–13	7.17
2013–14	0.77
2014–15	0.00
2015–16	9.83

स्त्रोत – मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग, भोपाल, दर आदेश वार्षिकांक।

तालिका से स्पष्ट है कि सिर्फ विधानसभा चुनावी वर्ष को अपवाद रखकर प्रति वर्ष दर वृद्धि द्रुत गति से हुई है। वर्ष 2013–14 में वितरण कम्पनियों ने 9.38 प्रतिशत औसत वृद्धि माँगी थी किन्तु आयोग ने महज 0.77 प्रतिशत ही मंजूर की। वर्ष 2015–16 में विद्युत वितरण कम्पनियों ने ऊर्जा दरों में 24 प्रतिशत से 30 प्रतिशत की माँग की, परन्तु विद्युत ऊर्जा 9.83 प्रतिशत महंगी हो गयी। कृषि क्षेत्र (–)13 प्रतिशत दर वृद्धि, घरेलू (–)06 प्रतिशत महंगी एवं औद्योगिक में 09 प्रतिशत दर वृद्धि हो गयी।

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी की वर्ष 2012–13 में राजस्व आय 6,425.92 करोड़ रूपए एवं राजस्व व्यय 9,119.73 करोड़ रूपए। राजस्व अंतर (–) 2,693.18 करोड़ रूपए साफ परिलक्षित होता है कि राजस्व व्यय में वृद्धि कहीं अधिक है। इन्दौर नगर में 50 उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया गया, जिससे यह तथ्य उजागर हुआ कि 65 प्रतिशत उपभोक्ता दरवृद्धि से असंतुष्ट हैं। सभी श्रेणियों के उपभोक्ता चाहे वे आम आदमी हो या कृषक या उद्यमी विद्युत ऊर्जा की ऊँची दरों से त्रस्त है। विशेषकर, दर वृद्धि से उद्योगों का सारा अर्थतन्त्र दुष्प्रभावित हो रहा है। उद्यमियों के अनुसार महँगे कर्ज, कुशल श्रमिक, कच्चे माल की लागत के साथ ही महँगी विद्युत उर्जा के प्रभाव से उद्योगों की लागत में इज़ाफा होता है और उत्पादकता में भी कमी आती है, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता भी प्रभावित होती है। हालाँकि, नियामक आयोग ने वर्ष 2012 में आबद्ध ऊर्जा संयंत्र 50 प्रतिशत स्वयं उत्पादित ऊर्जा से पूरी करें, शेष 50 प्रतिशत सम्बन्धित विद्युत कम्पनियों से क्रय करके पूरा करें और निजी ऊर्जा उत्पादन करने पर प्रति यूनिट उपकर भी राज्य सरकार को देना पड़ेगा और ऐसे उपभोक्ता जिनकी खपत एक मेगावॉट या उससे अधिक है, वे खुली पहुँच (Open Access) (कहीं से भी ऊर्जा क्रय करने के लिए स्वतंत्र) का उपयोग कर सकते हैं परन्तु उन्हें प्रति–सहायिकी (Cross-subsidy) और देयक शुल्क सम्बद्ध विद्युत वितरण कम्पनी को चुकाना होगा। इन सबके साथ–साथ जून, 2012 में विद्युत नियामक आयोग ने ईंधन लागत समायोजन (F.C.A.) शुल्क (अपीलीय न्यायाधिकरण अनुसार) का प्रावधान कर दिया अर्थात् एक से तीन माह में ईंधन की कीमतों के कारण ऊर्जा दरों में परिवर्तन होता है। अत:, कुप्रबन्धन की वजह से उपभोक्ताओं को कमर तोड़, महँगाई के जमाने में महँगी विद्युत ऊर्जा का तेज प्रवाह (Current) झेलना पड़ रहा है।

सुझाव :

1. विद्युत ऊर्जा क्रय में पारदर्शिता लाई जाए, जिससे घोटालों पर रोक लगेगी एवं बड़ी राशि जो कि करोड़ों रूपयों में होगी, को बचाया जा सकता है।
2. वर्तमान में अधिकतर कार्य पर्यवेक्षण शुल्क के अन्तर्गत कराए जा रहे हैं, जबकि पूर्व में कार्य निक्षेप योजना (Deposit Scheme) के तहत कराए जाते थे। अत: करोड़ों रूपयों की राजस्व हानि हो रही है, जबकि विद्युत वितरण कम्पनी के पास इस कार्य करने हेतु अनुभव तथा व्यवस्था है। इस हेतु निक्षेप योजना के कार्य करने का प्रयास किया जाना चाहिए।
3. विद्युत कम्पनियों का एकाधिकार (Monopoly) खत्म हो। इस हेतु निजी क्षेत्र को भी अनुज्ञा–पत्र देना आवश्यक है, ताकि स्वस्थ प्रतियोगिता की स्थिति निर्मित हो सके और उपभोक्ताओं को न्यूनतम दरों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ''दर आदेश'' मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग, भोपाल।
2. मध्यप्रदेश विद्युत ऊर्जा उत्पादन कंपनी लिमिटेड, जबलपुर।
3. मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर।
4. मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भोपाल।
5. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर।

तालिका 2 –मध्यप्रदेश में पारेषण लागत (करोड़ रूपए)

वितरण कंपनी	वर्ष 2010–11		वर्ष 2011–12		वर्ष 2012–13	
	अन्तर्राज्यीय प्रभार	राज्यान्तर प्रभार	अन्तर्राज्यीय प्रभार	राज्यान्तर प्रभार	अन्तर्राज्यीय प्रभार	राज्यान्तर प्रभार
पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी	53.01	411.75	53.01	467.07	53.01	467.07
मध्य क्षेत्र वितरण कंपनी	464.96	60.16	527.69	87.21	527.69	123.65
पश्चिम क्षेत्र वितरण कंपनी	–	398.71	219.49	445.37	223.34	447.59

स्त्रोत – मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनियों से प्राप्त अनुसार।

तालिका 3 –प्रदेश में इन्दौर–उज्जैन संभाग में सतर्कता विभाग द्वारा चोरी प्रकरणों की स्थिति

वर्ष	जाँचे गए प्रकरण (संख्या)	चोरी के प्रकरण (संख्या)	वसूल की जाने वाली राशि (करोड़ में)	वसूल की गयी राशि (करोड़ में)
2006–07	10,89,883	1,89,482	77.37	54.14
2007–08	10,51,939	1,83,491	91.34	62.16
2008–09	8,58,959	1,26,385	53.70	41.15
2009–10	9,48,756	1,95,427	198.06	134.14
2010–11	12,51,250	2,00,000	210.00	140.00

स्त्रोत – मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, इन्दौर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

भारत के राष्ट्रीय विकास हेतु महिलाओं की भूमिका का आर्थिक सर्वेक्षण

डॉ. हर्षा चचाने * डॉ. राजू रैदास **

शोध सारांश – भारत एक विकासशील देश है, जहाँ वेद, पुराणों के अनुसार स्त्री को पुरूष की अर्द्धांगिनीं कहा गया है, अर्थात् स्त्री एवं पुरूष को एक दूसरे का पूरक माना जाता है। पुरूष के विकास में स्त्री का महत्वपूर्ण सहयोग स्वीकारा गया है। यदि राष्ट्र का विकास करना है, तो सबसे पहले व्यक्ति, घर, परिवार एवं समाज का विकास करना आवश्यक है और यह तभी सम्भव है, जब घर में महिलाओं को सभी अधिकार दिये जाये, चाहे वह शैक्षिक हो, सामाजिक हो, धार्मिक हो या राजनैतिक हो। प्रत्येक क्षेत्र में हमें स्त्री को अधिक से अधिक अवसर देने की आवश्यकता है। यदि महिलाओं को पुरूषों के समान स्वतन्त्र एवं आत्मनिर्भर बनाया जाय तो निश्चित रूप से हमारा देश आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक में समद्धि (शाली एवं विकसित राष्ट्र कहलाएगा। हमें सम्पूर्ण स्त्री जाति को विवेकशील एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है। हमें प्रत्येक स्तर पर महिलाओं को अधिक से अधिक अवसर देने की आवश्यकता है, ताकि ये अपनी प्रतिभा का विकास पूर्ण रूप से कर सकें। इसके लिए राज्य व केन्द्र सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि महिला शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाए तथा विभिन्न योजनाओं की प्राथमिक लाभार्थी महिलाओं को ही बनाया जाए। जिससे महिलाओं को अधिक से अधिक सशक्त बनाया जा सके तथा राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके।

प्रस्तावना – महिलाओं को पुरूषों के समान स्वतंत्र व आत्मनिर्भर बनाने, उन पर हो रहे अन्याय को कम करने का कार्य प्राचीन समय से ही संघर्षपूर्ण रहा है। लेकिन ये संघर्ष सामाजिक सुधार के रूप में महात्मा बुद्ध के समय से स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है उन्होंने स्त्री–पुरूष में किसी भी प्रकार की असमानता को खारिज करते हुए अपने संघ में स्त्रियों को प्रवेश दिया। इसी प्रयास में उन्होंने वेदों की पवित्रता पर प्रश्न चिन्ह लगा कर स्त्री और पुरूष की बराबरी की वकालत की। बुद्ध की इसी स्त्री सुधार की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले ने स्कूल खोलकर महिलाओं को शिक्षित करने का संघर्षपूर्ण कार्य किया तो बाद में पेरियार ई.वी. रामास्वामी ने महिलाओं के आत्म सम्मान और उनके अधिकारों की वकालत की। राजाराम मोहन राय और ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने भी सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाकर स्त्री को स्वतंत्र और परम्परागत रूढ़ियों से छुटकारा दिलाने का प्रयास किया। डॉ. अम्बेडकर ने भी स्त्रियों को स्वतंत्र बनाने, अधिकार दिलाने की दिशा में प्रयास किया बल्कि उन पर हो रहे समस्त अत्याचारों शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई और उन्हें विभिन्न प्रयासों के माध्यम से दूर किया। उन्होंने सालो पुरानी कई हिन्दू पितृसत्तात्मक व्यवस्था से स्त्रियों के दासता पूर्ण जीवन से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनका मानना था कि दलितों के साथ महिलाए भी चतुवर्णीय धर्मशास्त्र की शिकार रही है। स्मृति और शास्त्र लिंग के आधार पर भेदभाव करते है। इसलिए शास्त्रों की पवित्रता को खारिज करते हुए पुरूषों और स्त्रियों को इनकी बाध्यताओं से निजात दिलानी होगी। राष्ट्र के विकास में समाज के प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग, समूह तथा समुदाय की भागीदारी को आवश्यक माना गया है। विकास की इस आवश्यकता में समाज की आयी आबादी अर्थात् महिलाओं की भागीदारी को भी अत्यन्त आवश्यक माना गया है। इतिहास इसका गवाह है कि राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं ने कंधे से कंधा मिलाकर अपना सहयोग दिया है। विकसित राष्ट्रों ने महिलाओं की सहभागिता के आधार पर पूरे विश्व के समक्ष एक मानक का उदाहरण प्रस्तुत किया है। लेकिन विश्व के कुछ गिने चुने विकसित राष्ट्रों को छोड़ दे तो बाकी बचे देशों में महिलाओं की स्थिति पुरूषों के बराबरी की भी नहीं हैं। जबकि बहुत से देशों में की स्थिति पुरूषों के बराबरी की भी नहीं हैं। महिलाओं को इस स्थिति से निकाल पुरूषों के साथ बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए इसे विकास के सिद्धान्त से जोड़ना अति आवश्यक था। महिलाओं को पुरूषों के बराबरी में खड़ा करने के लिए जरूरी था कि उसे आवश्यक एवं अनिवार्य रूप से कुछ शक्तियाँ प्रदान की जाये।

भारत के राष्ट्रीय विकास में महिलाओं की आवश्यकता –

1. सरकारी तथा गैर सरकारी दोनों तरह के संस्थाओं में महिलाए कार्य करती हैं। हमें दोनों स्तरों पर विकास की आवश्यकता है, तभी हमारा देश विकसित हो सकता है। सिर्फ पुरूष जाति को विकसित करके राष्ट्र का विकास सम्भव नहीं है। अत: हमें स्त्री एवं पुरूष दोनों जातियों का विकास साथ–साथ आवश्यक है।
2. अधिकांश ग्रामीण महिलाओं को कानूनी दाँव–पेंच की जानकारी नहीं होती है, लेकिन व जानती हैं कि सीमित साधनों में आश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जा सकता है तथा दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं का किस प्रकार समाधान किया जा सकता है।
3. घर तथा खेती के कार्यो में महिला पुरूष दोनों का सक्रिय योगदान रहता है। इसके लिए यह जरूरी है कि निर्णय करने में दोनों की भागीदारी हो।
4. ग्राम सभा की आधी सदस्य महिलाएँ अत: उनका श्रेय, विचार एवं निर्णय ग्राम के विकास के लिए आवश्यक है जिनके द्वारा देश का विकास सम्भव है।

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत

5. परिवार की भाँति ग्राम सभा में भी महिला–पुरुष बैलगाड़ी के पहिए के समान है अत: दोनों की सहभागिता से ही ग्राम स्वराज्य कार्यक्रम बहुत गति से आगे बढ़ सकता है एवं देश का विकास सम्भव हो सकता है।
6. पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य के रूप में यदि अवलोकन करें तो महिला प्रतिनिधि मिल बैठकर बातचीत करके तथा अपनी समस्याएं व अनुभव एक दूसरे को बताकर बहुत सी समस्याओं का समाधान स्वयं ढूँढ सकती है।
7. घर, परिवार तथा समाज की व्यवस्था का आभार मुख्यत: महिलाएं ही होती है, वही घर–परिवार के खर्चे आदि की व्यवस्था करती है। अत: इनकों इन क्षेत्रों में सम्पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है, क्योंकि यही से समाज एवं देश का विकास प्रभावित होता है।

भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किए गए प्रयास – राष्ट्रीय विकास में महिलाओं को सशक्त बनाकर ही राष्ट्र का विकास किया जा सकता है। क्योंकि इनके विकास के अभाव में राष्ट्र का विकास असम्भव है। महिलाओं के सशक्तिकरण को विभिन्न क्षेत्रों में प्रयास द्वारा किया जा सकता है –

1. सामाजिक सुधार के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है। शैक्षिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता फैलाकर महिलाओं को हिस्सेदार बनाया जा सकता है। सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाया जा सकता है। महिलाओं को पुरूषों के साथ बराबरी का अधिकार देकर।
2. नारी शिक्षा एवं स्वतन्त्रता के द्वारा महिलाओं की सही दिशा में उन्नति एवं प्रगति करके महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है। लड़कों के साथ लड़कियों को भी शिक्षा दी जाए। समाज में नर और नारी की समान सहभागिता को अनिवार्य मानते हुए कहा गया है कि समाज की उन्नति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि उस समाज में महिलाओं की कितनी प्रगति हुई है, नारी की उन्नति के समाज एवं राष्ट्र की उन्नति असम्भव है।
3. परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण में नारी की अहम् भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा गया है कि नारी शिक्षा पुरूष शिक्षा से भी अधिक आवश्यक है। वह राष्ट्र के भावी निर्माताओं का निर्माण करने की महती भूमिका निभाती है।
4. नारी प्रगति को समाज की प्रगति का मापदण्ड मानने वाले बाबा साहेब ने एक राष्ट्र महिला सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि 'नारी राष्ट्र की निर्मात्री है राष्ट्र का हर नागरिक इसकी गोद में पलता है, नारी की जागृत किए बिना राष्ट्र का विकास असंभव है'। उन्होंने नारी को शिक्षित करने और राष्ट्रीय उन्नति में भागीदारी बनाने का आहवान किया। भारतीय नारी में चेतना जगाने और उनको मानवाधिकार दिलाना अति आवश्यक है। स्त्रियों को संपति में समान अधिकार, विधवाओं को पुनर्विवाह अधिकार महिलाओं को भी तलाक अधिकार, राजनीतिक अधिकार, बहुपत्नी विवाह का अन्त आदि में अधिकार दिलाने की आवश्यकता है।
5. नारी अधिकार और संविधान के अंतर्गत भारत के महान सपूत, भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी बाबासाहेब सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के आधार पर समाज का निर्माण कर आधुनिक भारत के सपने को साकार करने के लिए देश के संसदीय लोकतंत्र को अपनाया और सभी वर्गों के स्त्री–पुरूष को समान रूप से मत देने का अधिकार सुनिश्चित किया, जो नारियों को राजनीतिक स्वंतत्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने नारी स्वतंत्रता के लिए बहुत से प्रावधान संविधान में सुनिश्चित किए।
6. यहाँ महिला सशक्तिकरण हेतु किए गए वैश्विक प्रयासों का सर्वेक्षण आवश्यक हो जाता है। महिला उत्थान और महिला अधिकार से संबंधित बहुत से सम्मेलनों का आयोजन वैश्विक परिदृश्य में 20वीं सदी के आरम्भ से ही किया जा रहा है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण और सार्थक पहल संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से वर्ष 1975 में किया गया। वर्ष 1975 को 'महिला सशक्तिकरण' वर्ष के रूप में मनाते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1975 से 1985 तक के दशक को महिला दशक के रूप में घोषित कर महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को सशक्त और सार्थक स्वरूप प्रदान किया। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष' का मौलिक उद्देश्य स्त्री–पुरुष समानता पर बल देते हुए विकास कार्य तथा विश्व शांति में महिलाओं के सक्रिय सहयोग व सेवा को प्राप्त करना था। 1975 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के प्रथम विश्व सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण के लिए जिन विकास कार्यक्रमों को इस सम्मेलन में तय किया था वो निम्न थे– साक्षरता और शिक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि साधनों में बराबर की हिस्सेदारी, रोजगार के अधिक अवसर सृजित करना, सभी प्रकार के भेदभाव की समाप्ति, नीति निर्धारण प्रक्रिया में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी, कल्याण सेवाओं में वृद्धि नागरिक, सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्रों में बराबरी का अधिकार, महिलाओं के कार्य का आर्थिक मूल्यांकन, विभिन्न संस्थाओं के भीतर महिला संगठन को बढ़ावा देना, कृषि, प्रौद्योगिकी तथा अन्य सहायक सेवाओं को महिलाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित करना।

पंचायती राज व्यवस्था में महिला सहभागिता – सहभागिता की तीन महत्वपूर्ण व्याख्याओं का वर्गीकरण किया और बताया कि देश के विकास में इन तीनों क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। इनकी भागीदारी सुनिश्चित करके ही महिलाओं को सशक्त किया जा सकता एवं देश के विकास को अग्रसर किया जा सकता है।

1. योजना के रूप में सहभागिता को निश्चित करना।
2. संगठन के रूप में सहभागिता को निश्चित करना।
3. सशक्तिकरण की प्रक्रिया के रूप में सहभागिता को निश्चित करना।
4. सामाजिक सहभागिता।
5. आर्थिक सहभागिता।
6. राजनैतिक सहभागिता।
7. सांस्कृतिक सहभागिता।

राजनीतिक सहभागिता का मुख्य आधार प्रतिनिधित्व है, किन्तु राजनीतिक सहभागिता और प्रतिनिधित्व के नीचे भी बड़ा अंतर है। राजनीतिक सहभागिता के लिए बहुत से सहायक और अनूकूल परिस्थितियों का निर्माण आवश्यक रुप से अनिवार्य है, जबकि प्रतिनिधित्व को कानून या आपसी सहमति द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है। राजनीतिक सहभागिता के अंतर्गत महिलाओं की सहभागिता पर दृष्टि डाले तो इस संदर्भ को कुछ आधारभूत सिद्धांतों के आलोकन में देखा जाना आवश्यक हो जाता है। राजनीतिक सहभागिता का आवश्यक अनिवार्य शर्त यह होती है कि राजनीति की और व्यक्ति का स्वत: स्फूर्त झुकाव हो। गिलब्रैथ राजनीतिक सहभागिता के लिए तीन गतिविधियों को महत्वपूर्ण मानते है ये

तीन गतिविधियाँ निम्न है, दर्शक गतिविधि ,सांस्कृतिक गतिविधि और लड़ाकू गतिविधि। दर्शक गतिविधि में व्यक्ति केवल राजनीतिक चर्चाओं या सभाओं में भाग लेता है, संक्रांतिक गतिविधि में व्यक्ति प्रत्याशी या दल से संबंधित बैठकों में भाग लेता है। लड़ाकू गतिविधि में वह सक्रिय रुप से सहभागी भूमिका का निर्वाह करता है अर्थात वह राजनीति को व्यवसाय के रूप में अपना लेते है। गिलब्रैथ की इन गतिविधियों की दृष्टि से भारत में हम पाते है कि महिलाएँ बहुत ही सीमित संख्या में लड़ाकू गतिविधि को अपना पाती है। ये स्थिति भारत की ही नहीं अपितु पूरे विश्व में कमावेश यही स्थिति है। लोकतंत्र की वृद्धि से सहभागिता की प्रथम दो गतिविधियाँ दर्शक गतिविधि और सांस्कृतिक गतिविधि के फैलाव महिलाओं में भी आवश्यक है। महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता का सीधे चुनाव या विधायिका की मंचों से जोड़ कर देखा जाए तो स्वतंत्र भारत की औपचारिक राजनीति में इनकी सहभागिता बहुत सीमित रही है। स्व-शासन और प्रजातंत्र में चुनाव एक मंत्र भी है और इन संस्थाओं को जनता से जोड़ने का माध्यम भी है। इसलिए वंचित समूहों की समस्याओं की ओर राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने की दिशा में चुनावों का विशेष महत्व है। लेकिन अनेक शोध व अध्ययन इस तथ्य को उद्घाटित करते है कि चुनावों के रूप में भी बहुत सीमित है। जान माथई की पुस्तक 'विहोज गर्वनमेन्ट इन ब्रिटिश इंडिया' का है, जिसमें यह वर्णित है कि पंचायत स्तरीय विभिन्न समितियों के सदस्य बनने में महिलाएँ प्रतिबंधित नहीं थी। पं. जवाहर लाल नेहरु की पुस्तक 'भारत की खोज' का है जिसमें इस तथ्य की ओर इशारा किया गया है कि महिलाएँ भी इन ग्रामीण स्वागत समितियों की सदस्या बन सकती थी। मुस्लिम सत्ता धारकों के युग में महिलाओं के ग्रामीण सहभागिता की ये संभावनाएँ भी समाप्त हो गई क्योंकि उनका ऐसा कोई भी उद्देश्य नहीं था कि महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करें। ऐतिहासिक अवतरणों से भी स्पष्ट होता है कि इस्लाम में अन्य प्रचलित धर्मों की अपेक्षा महिलाओं को कम स्वायत्ता दिया गया है। औपनिवेशिक सत्ता के युग में भी यह प्रयास नहीं किया गया कि इन ग्रामीण स्वायत्ताशासी संस्थाओं में उनकी सहभागिता में वृद्धि की जाए। इस युग में महात्मा गाँधी ने महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाने में अपने विचारों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रयास किए जिसका प्रभाव आगे आने वाले आंदोलनों और व्यवस्था में प्रत्यक्ष रुप से महसूस किया गया। 15 मई, 1989 को पंचायती राज से सम्बन्धित 64 वाँ संविधान संशोधन विधेयक संसद के प्रस्तुत किया गया। जिसमें 30 प्रतिशत स्थान महिलाओं के आरक्षित किया गया था जिससे पंचायती राज में महिलाओं की सहभागिता अनिवार्य हो।

निष्कर्ष – वर्तमान समय में जिस प्रकार बालक के विकास को पूर्णता के रूप में देखते है। उसी प्रकार राष्ट्र के विकास को हमें सम्पूर्ण मानव जाति को देखना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार बालक के किसी एक पक्ष को विकास करके उसके विकास को पूर्ण नहीं समझा जा सकता ठीक उसी प्रकार राष्ट्र को सिर्फ पुरूष जाति को पूर्ण रूप से विकसित करके गतिशीलता प्रदान नहीं की जा सकती। यह तभी सम्भव है, जब पुरूष के साथ-साथ महिलाओं का भी पूर्ण विकास किया जाए इस प्रकार हम कह सकते है कि भारत की सम्पूर्ण स्त्री जाति को विचारशक्ति, विवकेशक्ति, बनाने की आवश्यकता है। नारियों को देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए उन्हें अवसर देना चाहिए। अब निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि भारत का भविष्य महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। अत: यह कहा जा सकता है कि पंचायती राज व्यवस्था में महिला सहभागिता और उनका प्रतिनिधित्व आवश्यक है। पंचायती राज व्यवस्था ने महिला सहभागिता में सकारात्मक परिवर्तन किया जा सकता है। महिला शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाए भले ही इसकी उत्तरदायित्व राज्य व सरकार उठाए। अंतर्जातीय विवाह करने वाले युगलों को पंचायतों में अलग से आरक्षण दिया जाए। धर्म, परम्पराओं और मान्यताओं को वैज्ञानिक आधार पर उचित व अनुचित करार दिया जाए। महिलाओं के प्रति महिलाओं के दृष्टिकोण परिवर्तन हेतु पुन:श्चर्या पाठ्यक्रम चलाए जाना चाहिए। विभिन्न योजनाओं की प्राथमिक लाभार्थी महिलाओं को ही बनाया जाय। महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। पितृ सत्तात्मक मान्यताओं और प्रावधानों को समाप्त किया जाए। महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना का विकास के लिए शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन किए जाने चाहिए। महिला सशक्तिकरण हेतु विविध सरकारी और गैर-सरकारी प्रयास किए गए और यह मानना है कि सरकारी प्रयास जहाँ नहीं पहुँचे वहाँ गैर-सरकारी प्रयास हेतु पहल सरकार, समाज, व्यक्ति और सर्वाधिक शिक्षित महिलाओं को करना चाहिए। महिलाएं ही महिला सशक्तिकरण कर सकती हैं क्योंकि पर्यावरण निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। सशक्तिकरण स्वयं की पहल की माँग करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सामुदायिक विकास और पंचायती राज, दिल्ली - साहित्य मंडल प्रकाशन।
2. पंचायती राजव्यवस्था सिद्धान्त एवं व्यवहार, दिल्ली - राजपाल प्रकाशन।
3. पंचायतों में महिलाएँ, सीमाएँ एवं संभावनाएँ, दिल्ली - साराशं प्रकाशन।
4. www.google.com/wikipedia.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों से संबंधित नियम क्रियान्वयन की बाधाओं का अध्ययन (खरगोन जिले के संदर्भ में)

डॉ. संध्या आमगा *

प्रस्तावना – आधुनिक उद्योगों के उदय और विकास ने ही जिसमें एक जटिल औद्योगिक पद्धति शामिल है, विभिन्न देशों में श्रम समस्याओं को जन्म दिया। विश्व के हर औद्योगिक रूप से बढ़े हुए देश में श्रमिकों के अधिकारों एवं विशेषाधिकारों को खास तौर से श्रम कानूनों के द्वारा ही सुरक्षित रखने का प्रयत्न किया गया है और इसलिए किसी राष्ट्र के राजनीतिक आर्थिक व सामाजिक जीवन में उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है।

शोध अध्ययन का औचित्य – मध्यप्रदेश का खरगोन जिला कृषि प्रधान अर्थ व्यवस्था का जिला है। जहाँ कृषि उपज पर आधारित कारखानें कार्यरत है , जिनमें जीनिंग फैक्ट्री की संख्या अधिक है। जीनिंग फेक्ट्री में पुरूष के साथ महिला श्रमिक भी कार्यरत् है । इन महिला श्रमिकों को इनके कल्याण के लिए बनाए सनियमों का कितना लाभ प्राप्त हो रहा है । हमारा शोध अध्ययन इस प्रकार पूरे देश के कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों के लिए उपयोगी है, इससे शासन एवं प्रषासन एवं अन्य लोगों को महिला श्रमिकों के लिए नियम निर्माण एवं क्रियान्वयन तथा प्रशासन हेतु दिशा मिलेगी ।

उद्देश्य– मेरे शोध अध्ययन के उद्देश्य निम्न है :–

1. जीनिंग फैक्ट्री में कार्यरत् महिला श्रमिकों से संबन्धित प्रचलित विभिन्न महत्वपूर्ण अधिनियमों का अध्ययन करना तथा उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना और सुझाव देना ।
2. जीनिंग कारखानों के संबंध में महिला श्रमिकों की जागरूकता का अध्ययन करना था।
3. जीनिंग फेक्ट्री में कार्यरत् महिला श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी पद्धतियों का अध्ययन करना तथा मजदूरी निर्धारण की विभिन्न पद्धतियों का अध्ययन करना ।

शोध अध्ययन की विधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन में महिला श्रमिकों से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया गया । विभिन्न शासकीय एवं प्रचलित नियमों, अधिनियमों के क्रियान्वयन और उनके प्रभाव का अध्ययन प्रत्यक्ष रूप से जिला स्तर पर किया गया । अध्ययन को पूर्ण करने के लिए प्राथमिक समंकों एवं द्वितीयक समंकों का उपयोग किया गया ।

परिकल्पनाएँ :

1. सरकार द्वारा निर्धारित, जीनिंग फैक्ट्री में महिला श्रमिकों के लिए विभिन्न अधिनियमों का पूर्णत: पालन नहीं किया जाता हैं
2. जीनिंग फैक्ट्री में महिला श्रमिकों के लिए निर्धारित मजदूरी में भिन्नता रहती हैं ।
3. जीनिंग फैक्ट्री में महिला श्रमिकों को कुशल बनाने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं हैं। कुशलता और अकुशलता में अन्तर नहीं किया जाता हैं ।

समय के बदलने के साथ ही उद्योगपतियों ,सरकारों के विचार बदले। श्रम को अब कमोडिटी नहीं, लिविंग लाइफ शक्तिपुन्ज, उपादेय समझा गया और औद्योगिक उत्पादन का उतना ही महत्वपूर्ण अंग माना जाने लगा जितना की पूँजी को। दोनों को इस निमित्त एक दूसरे के पूरक तथा सह भागीदारी के रूप में मान्यता मिली। अब वैयक्तिक संविदा का स्थान सामूहिक संविदा ने ग्रहण किया । महिलाओं की प्रसूति सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किया गया। बंधुआ मजदूर प्रथा कान्ट्रेक्ट लेबर प्रथा समाप्त करने के लिए सक्रियम बने समान वेतन अधिनियम बने। समान वेतन अधिनियम लागू किया गया ताकि संविधान की भावना के अनुकूल समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धान्त को लागू किया जा सके। इससे श्रमिकों को संविदा के स्थान पर स्टैट्स प्रदान किया गया। जबरी छुट्टी, छंटनी, उद्योगों की तालाबंदी, उनके ट्रान्सफर आदि के लिए प्रावधान और प्रतिबंध क्रमश: बनाए और लगाए गये। न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई जो नियोजक की इच्छा पर नहीं थी।

खरगोन जिले के जीनिंग कारखानों के सन्दर्भ में शोधकर्ती ने विशेष रुप से मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936, औधौगिक विवाद अधिनियम 1947, कारखाना अधिनियम 1948, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, बोनस भुगतान अधिनियम 1965, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, के अन्तर्गत पारित नियमों व उपबन्धों का अध्ययन किया और अपने शोधकार्य के दौरान सर्वेक्षण कार्य में इन अधिनियमों के अनुबध किस सीमा तक जीनिंग कारखानों में लागू हो रहे हैं तथा महिला श्रमिकों को उन अधिनियमों का कितना लाभ मिल रहा हैं कि जानकारी प्राप्त की।

शोधकर्त्री ने पाया कि इन श्रम सक्रियमों का पूर्णत: पालन नहीं हो रहा है, इनके परिपालन में जो बाधाएं आ रही हैं उन्हें दो भागों में विभक्त किया गया है –

प्रशासनिक बाधाएं – प्रशासनिक बाधाओं के रूप में मुख्यत: शोधकर्त्री ने उन बाधाओं का अध्ययन किया जो श्रम सक्रियमों के जीनिंग कारखानों में महिला श्रमिकों के हितार्थ परिपालन में प्रशासन व कारखाना मालिकों के सहयोग या मिलीभगत के कारण आ रही हैं, जिसके कारण निम्नलिखित हैं–

1. निरीक्षण सम्बंधी बाधा – कल्याण विषयक उपबंधों के अनुसार किसी कारखानों मे आचरण हो रहा है या नहीं इसको देखने तथा अनुपालन

*प्राचार्य, सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, बोरावां (म.प्र.) भारत

कराने के उद्देश्य से ऐसे अधिकारी की नियुक्ति की जाती है। जो उदासीन भाव से कभी-कभी निरीक्षण करते हैं और निरीक्षण की खानापूर्ति कर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री समझते हैं। ऐसे अधिकारी श्रमिकों के प्रति वांछित सहानुभूति नहीं रखते हैं।

2. **भ्रष्टाचार** – जीनिंग कारखानों मालिकों और श्रम निरीक्षण की मिलीभगत से श्रम सङ्गियम प्रभावी रूप से लागू नहीं हो रहे हैं तथा श्रमिकों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल रहा है।

3. **राजनीतिक प्रश्रय** – श्रम सुरक्षा एवं कल्याण तथा अन्य नियमों के परिपालन करवाने में राजनीति दबाव उल्लेखनीय है, चूंकि ये कारखाने मौसमी रहते हैं। अत: सरकार भी ऐसे कारखाने के संबंध में नियमों के पालन करवाने में रूचि नहीं लेती है और न ही उचित नियम बनाने में भूमिका निभाती है। इस प्रकार प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है।

4. **समानता संबंधी बाधा** – हमारे श्रम सङ्गियमों में काफी असमानताएं हैं, इसका कारण श्रम विषयों को केन्द्रीय, सीमावर्ती तथा राज्य सूचियों में विभक्त करना है। पूरे देश के श्रमिकों से संबंधित एक जैसे नियम नहीं बनाएं गये हैं।

श्रम संघ निर्माण संबंधित बाधा – श्रमिकों से सम्बंधित संघ का गठन न होने के कारण संवाद की स्थिति शुन्य रहती है अत: प्रशासन और प्रबंध श्रमिकों की भावनाओं एवं कार्य स्थितियों को नहीं समझ पाते। अत: विवाद की स्थितियां बनती रहती हैं, जो मजदूरी कार्य दशाओं, कार्य के घण्टे, सुरक्षा, साफ- सफाई है और अन्य कल्याण कार्यवाहियां नहीं हो पाती हैं।

ब. गैर प्रशासनिक बाधाएं – गैर प्रशासनिक बाधाओं में शोधार्थी ने मुख्यरूप से उन बाधाओं का अध्ययन किया जो श्रम सङ्गियमों के परिपालन में कारखाना मालिकों और महिला श्रमिकों के बीच आवश्यक तालमेल न होने के कारण उत्पन्न होती हैं। पूँजीपति वर्ग सदैव ही श्रमिकों से अधिक कार्य लेकर उन्हें कम वेतन व सुविधाएं प्रदान करना चाहता है। वही मजदूर वर्ग को अपनी अज्ञानता तथा अपनी विपरीत आर्थिक, सामाजिक परिस्थितियों के कारण पूँजीपति वर्ग के हाथों वर्षो से शोषित होता आया है। श्रम सङ्गियमों के परिपालन में उत्पन्न होने वाली प्रमुख गैर प्रशासिनक बाधाएं निम्न हैं

महिला श्रमिक की भर्ती नीति – विभिन्न श्रम सङ्गियमों के परिपालन में एक प्रमुख कठिनाई महिला श्रमिक की भर्ती नीति है। जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों की भर्ती के लिए किसी प्रकार के मापदंड निर्धारित नहीं हैं। महिला श्रमिकों की भर्ती के समय उन्हें यह नहीं पता रहता है, कि उन्हें कितने समय के लिए काम पर रखा गया है जहां महिला श्रमिको की भर्ती मुकद्दम के माध्यम से होती है, वे अपने मिलने-जुलने वाले या रिश्तेदार महिला श्रमिकों की भर्ती कर लेते हैं।

शिक्षण स्तर – जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों की शिक्षा का स्तर निम्न है। महिला श्रमिकों की अज्ञानता के कारण उन्हें श्रम सङ्गियमों द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का ज्ञान नहीं होता है।

सामाजिक चेतना – महिला श्रमिकों में कार्य के प्रति सामाजिक चेतना का अभाव है, दूसरे शब्दों में उनमें कार्य के प्रति ईमानदारी का अभाव है जो कि नियम क्रियान्वयन की बहुत बड़ी बाधा है। उनमें कार्य को टालने का भाव है तथा वे निष्ठापूर्वक कार्य का निर्वहन नहीं करती हैं।

प्रोत्साहन का अभाव – प्रबंधकीय कार्यो में उच्चप्रबंध द्वारा अपने अधीनस्थों को प्रोत्साहित कर बेहतर परिणाम की प्राप्ति की जाती है। जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों को उनके द्वारा अच्छा कार्य करने पर भी (मौद्रिक, अमौद्रिक) किसी प्रकार का प्रोत्साहन प्राप्त नहीं होता है।

पारिश्रमिक संबंधी समस्या – जीनिंग कारखानों में कार्यरत् विभिन्न महिला श्रमिकों को मिलने वाली पारिश्रमिक की दर में भिन्नता पाई जाती है। जिले के विभिन्न जीनिंग कारखानों में पारिश्रमिक की दर में भिन्नता है।

परिकल्पनाओं का परीक्षण एवं निष्कर्ष :

1. सरकार द्वारा निर्धारित, जीनिंग फैक्ट्री में महिला श्रमिकों के लिए विभिन्न अधिनियमों का पूर्णत: पालन नहीं किया जाता हैं

उपरोक्त परिकल्पना शत्-प्रतिशत सही सिद्ध हुई शोधार्थी ने सर्वप्रथम मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के विभिन्न प्रावधानों का अध्ययन किया तथा सर्वेक्षण कार्य के दौरान ज्ञात हुआ, कि इस अधिनियम के प्रावधानों का पूर्णत: पालन नहीं किया जाता है। कारखाना अधिनियम 1948 के विभिन्न प्रावधानों जिनमें मुख्यत: स्वास्थ्य, सुरक्षा व श्रम कल्याण सम्बंधी सुविधाएं जो, कि अधिनियम द्वारा श्रमिकों के हितार्थ प्रदान की गई उनका संपूर्ण लाभ श्रमिकों को प्राप्त नहीं होता है।

प्रसूति लाभ अधिनियम 1961 जो, कि महिलाओं की प्राकृतिक स्थिति को ध्यान में रखकर बनाया गया है, के प्रावधानों का लाभ भी महिला श्रमिकों को प्राप्त नहीं हो रहा है। जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों को अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उन्हें निर्धारित प्रसूति अवकाश व सुविधा प्राप्त नहीं है। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 का मुख्य उद्देश्य रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं व पुरूषों को समान कार्य के लिए समान वेतन दिलवाना है तथा महिलाओं के साथ पारिश्रमिक की दर में जो भेद-भाव किया जाता है, उसको रोकना है, परन्तु जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों के साथ पारिश्रमिक की दर में भेदभाव किया जाता है, जो कि इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस प्रकार किसी भी अधिनियम के संपूर्ण प्रावधानों का जिले के किसी भी जीनिंग कारखानों में पालन नहीं किया जाता है अत: प्रथम परिकल्पना कि **'सरकार द्वारा निर्धारित जीनिंग कारखानों में महिला श्रमिकों के लिए विभिन्न अधिनियम का पूर्णत: पालन नहीं किया जाता है'** स्वीकृत की जाती है।

2. जीनिंग फैक्ट्री में महिला श्रमिकों के लिए निर्धारित मजदूरी में भिन्नता रहती हैं।

उपरोक्त परिकल्पना शतप्रतिशत सही सिद्ध हुई है। शोधार्थी द्वारा जिले के विभिन्न जीनिंग कारखानों में किए गए सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि जिले के विभिन्न जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों को प्राप्त पारिश्रमिक की दर में भिन्नता रहती है तथा जीनिंग कारखानों में कार्यरत् महिला श्रमिकों व पुरूष श्रमिकों के बीच समान कार्य होने पर भी पारिश्रमिक की दर में भिन्नता होती है। अत: द्वितीय परिकल्पना **''जीनिंग कारखानों में महिला श्रमिकों के लिए निर्धारित मजदूरी में विभिन्नता रहती है।''** स्वीकृत की जाती है।

3. जीनिंग फैक्ट्री में महिला श्रमिकों को कुशल बनाने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं हैं। कुशलता और अकुशलता में अन्तर नहीं किया जाता हैं।

उपरोक्त परिकल्पना शत प्रतिशत सही सिद्ध हुई है। जिले की विभिन्न जीनिंग कारखानों में महिला श्रमिकों को कुशल बनाने के लिए किसी प्रकार की प्रशिक्षण व्यवस्था नहीं है। जिसका लाभ महिला श्रमिकों को प्राप्त हो सके तथा वे अपने कार्य को कुशलतापूर्वक कर सकें जिससे उनकी आय व कार्य दक्षता बढ़ सके।

अत: तृतीय परिकल्पना कि **''जीनिंग कारखानों में महिला श्रमिकों को कुशल बनाने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं है। कुशलता**

और अकुशलता में अंतर नहीं किया जाता है। स्वीकृत की जाती है।

निष्कर्ष – सामान्य या औद्योगिक स्तर पर वे श्रम संबंधों कामगारों या उनके संघ तथा संबंधित प्रबंधक के बीच संबंधों का रूप लेती है।अत: किसी औद्योगिक समाज की श्रम समस्याएं ,श्रम सेवाओं के खरीदने, बेचने तथा किए जाने पर केन्द्रित होती हैं। सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाली सभी श्रम समस्याओं को शामिल करने वाले तीन प्रमुख क्षेत्र बताए जा सकते हैं, अर्थात् आय, सुरक्षा तथा संगठन इस दृष्टिकोण से श्रम समस्याओं को एक खास तरह की सामाजिक समस्याएं समझा जा सकता है।शोधार्थी ने खरगोन जिले के जीनिंग कारखाना कार्यरत् विभिन्न महिला श्रमिकों से संबंधित विभिन्न सन्निमयों के परिपालन के संबंध में अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया है। खरगोन जिले में 39.48 प्रतिशत महिला जनसंख्या कार्यशील है, जो परिवार के पालन पोषण में महिला श्रम के महत्व को प्रतिपादित करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1 औद्योगिक समाजशास्त्र : डी.एस. बघेल, विवेक प्रकाशन
2 श्रम अर्थशास्त्र एवं औद्योगिक संबंध: टी.एन. भगोलीवाल, साहित्य भवन
3 व्यावहारिक अर्थशास्त्र : डॉ.वी.सी.सिन्हा
4 भारत में आर्थिक विकास एवं नीति : मिश्र एवं पूरी
5 भारत की आर्थिक समस्याएँ : डॉ. मामोरिया एवं जैन
6 भारत जनगणना 2001
7 विभिन्न समाचार पत्र
8 www.com wikipedia

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

इंदिरा आवास योजना आर्थिक विश्लेषण - खरगोन जिले के संदर्भ में

डॉ. पुरूषोत्तम गौतम * डॉ. परमजीत सिंह सलुजा **

शोध संक्षेप - इंदिरा आवास योजना योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले गैर-अनुसूचित जातियों/जनजातियों के लोगों को भी शामिल कर लिया गया तथा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए निधियों के आवंटन को राष्ट्रीय स्तर पर जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत उपलब्ध कुल संसाधनों के 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया, परन्तु शर्त यह थी कि गैर-अनुसूचित जातियों/जनजातियों (आरक्षित वर्ग) के गरीबों को दिया जाने वाला लाभ जवाहर रोजगार योजना के कुल आवंटन का 4 प्रतिशत से अधिक न हो। इंदिरा आवास योजना को जवाहर रोजगार योजना से अलग कर 1 जनवरी, 1996 से एक स्वतंत्र योजना बना दी गई हैं। ''इंदिरा आवास योजना' भारत सरकार की कार्यनीति भारत निर्माण जैसे कार्यक्रमों में परिलक्षित होती हैं, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों की जीवन शैली की गुणवत्ता को सुधारना हैं। इसके अतिरिक्त उक्त जनकल्याणकारी योजना ने सुनिश्चित किया हैं कि ग्रामीण गरीब लोगों के पास गारंटी युक्त रोजगार के माध्यम से अपनी बुनियादी जरूरतों विशेष रूप से खाद्य के लिए पर्याप्त मात्रा में क्रय शक्ति बची रहती हैं।

शब्द कुंजी - इंदिरा आवास योजना, हितग्राही, लागत लाभ विश्लेषण, अनुदान, गरीबी रेखा।

प्रस्तावना - इंदिरा आवास योजना का परिचय - मानव के जीवन निर्वाह के लिए आवास बुनियादी जरूरतों में से एक हैं। एक साधारण नागरिक के लिए आवास उपलब्ध होने से उसे महत्त्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा और समाज में प्रतिष्ठा मिलती हैं। एक बेघर व्यक्ति को आवास उपलब्ध हो जाने से उसके अस्तित्व में सामाजिक परिवर्तन आता हैं तथा उसकी पहचान बनती हैं और इस प्रकार वह शीघ्र ही अपने सामाजिक वातावरण से जुड़ जाता हैं।

इंदिरा आवास योजना की उत्पत्ति ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों से हुई हैं, जो 1980 के शुरू में प्रारंभ हुए। 1980 में शुरू होने वाले राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम और 1983 में शुरू होने वाले ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य गतिविधियों में से एक गतिविधि आवासों का निर्माण था। हालांकि, राज्यों में ग्रामीण आवास के लिए कोई समरूप नीति नहीं थी। जैसे, कुछ राज्यों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम/ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम की निधियों में से निर्माण लागत का एक हिस्सा देना ही मंजूर किया और शेष राशि की पूर्ति लाभार्थियों द्वारा अपनी बचत अथवा स्वयं हासिल किए गए ऋणों से की जानी थी। दूसरी ओर अन्य राज्यों ने संपूर्ण खर्च को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम तथा ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम की निधियों में से पूरा करना मंजूर किया। कुछ राज्यों ने नए आवासों के निर्माण की मंजूरी दी, जबकि कुछ ने लाभार्थियों के मौजूद आवासों के मरम्मत की अनुमति दी। जून, 1985 में भारत सरकार ने एक घोषणा की, जिसमें ग्रामीण भूमिहीन गारंटी कार्यक्रम की निधियों के एक हिस्से को अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा मुक्त बँधुआ मज़दूरों के लिए मकानों का निर्माण करने हेतु अलग रखा गया। इस घोषणा के परिणामस्वरूप ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम की एक उपयोजना के रूप में इंदिरा आवास योजना 1985-86 में शुरू हुई थी, जो अप्रैल 1989 से शुरू हुई जवाहर रोजगार योजना की एक उपयोजना के रूप में जारी रही। जवाहर रोजगार योजना की कुल निधियों का 6 प्रतिशत भाग इंदिरा आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए आबंटित किया जाता था। वर्ष 1993-94 से इंदिरा आवास योजना के क्षेत्र को बढ़ाकर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले गैर-अनुसूचित जातियों/जनजातियों के लोगों को भी शामिल कर लिया गया तथा इस योजना के क्रियान्वयन के लिए निधियों के आवंटन को राष्ट्रीय स्तर पर जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत उपलब्ध कुल संसाधनों के 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया, परन्तु शर्त यह थी कि गैर-अनुसूचित जातियों/जनजातियों (आरक्षित वर्ग) के गरीबों को दिया जाने वाला लाभ जवाहर रोजगार योजना के कुल आवंटन का 4 प्रतिशत से अधिक न हो। इंदिरा आवास योजना को जवाहर रोजगार योजना से अलग कर 1 जनवरी, 1996 से एक स्वतंत्र योजना बना दी गई हैं।

1999-2000 से जीर्ण-शीर्ण कच्चे मकानों को सुधारने के प्रावधान बना कर तथा गरीबों के कतिपय वर्गों को अनुदान के साथ ऋण देकर ग्रामीण आवास कार्यक्रम में सुधार लाने के अनेक प्रयास किए गए हैं। ग्रामीण आवास में किफायती, आपदा-रोधी और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी के उपयोग पर भी बल दिया गया हैं।

उद्देश्य - इंदिरा आवास योजना (आईएवाई) का उद्देश्य मुख्य रूप से अनुसूचित जातियोंअनुसूचित जनजातियों, मुक्त बँधुआ मज़दूरों के सदस्यों को और भी गैर-अजा/अजजा ग्रामीण गरीबों की गरीबी रेखा के नीचे के लिए घरों के निर्माण के लिए अनुदान प्रदान करने के लिए हैं।

ग्रामीण लोगों को एक मुश्त वित्तीय सहायता देकर आवासीय इकाइयों के निर्माण उन्नयन में मदद करना।

शोध परिकल्पना - प्रस्तुत शोध अध्ययन के परीक्षण हेतु यह परिकल्पना

* प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, बड़वानी व डीन (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** 49, जवाहर मार्ग, बड़वानी (म.प्र.) भारत

की जाती हैं कि,

1. इंदिरा आवास योजना आवासहीन बी.पी.एल. आदिवासी परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में सहायक रही हैं।
2. योजना द्वारा संचालित कार्यक्रमों में रोजगार अवसरों में वृद्धि हुई हैं।
3. योजना में ग्राम पंचायत स्तर से/जनपद पंचायत स्तर का पूर्ण योगदान होता हैं।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन के अनुसंधान में निर्देशन पद्धति के आधार पर संकलित प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों का उपयोग किया जावेगा। प्राथमिक समंकों को संकलित करने के लिए निमाड़ में जिला स्तर से प्रत्येक विकास खण्ड अन्तर्गत ग्रामों के 50–50 चयनित पात्र हितग्राहियों का साक्षात्कार प्रश्नावली के अनुसार सर्वेक्षण कार्य किया गया हैं।

लक्ष्य समूह – लक्ष्य समूह में गरीबी रेखा के नीचे के बीच लाभार्थियों के चयन के लिए प्राथमिकता के क्रम इस प्रकार हैं –

(i) मुक्त बँधुआ मज़दूर
(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवारों, जिसमें मुखिया विधवा और अविवाहित महिला हो तथा परिवार की उनके द्वारा अध्यक्षता की जाती हो।
(iii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे परिवारों को, जो किसी अत्याचार के शिकार हैं।
(iv) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवारों को, जो बाढ़, आग, भूकंप, चक्रवात और इसी तरह की प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हो।
(v) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अन्य परिवारों।
(vi) गैर–अजा/अजजा परिवारों।
(vii) शारीरिक रूप से विकलांग।
(viii) परिवारों/विधवाओं की कार्रवाई में मारे गए रक्षा सेवाएँ तथा अर्द्ध सैन्य बलों के कर्मियों को।
(ix) विकासात्मक परियोजनाओं, खानाबदोश, अर्द्धघुम्मकड़ और न्यून जनसंख्या वाला आदिवासी समुदाय का सदस्य, विकलांग सदस्यों और आंतरिक शरणार्थियों के साथ परिवारों के कारण विस्थापित व्यक्तियों के अधीन गरीबी रेखा के नीचे जा रहे परिवारों के लिए।

खरगोन जिले में लाभान्वितों की संख्या व प्रतिशत

क्र.	विकास खण्ड	कुल जनसंख्या	लाभान्वित	प्रतिशत
1	2	3	4	5
1	खरगोन	200831	6745	3.36
2	भीकनगाँव	138586	4340	3.13
3	भगवानपुरा	148625	4826	3.25
4	झिरन्या	151664	4795	3.16
5	गोगाँवा	101300	3121	3.08
6	बड़वाह	231184	6819	2.95
7	महेश्वर	167024	4802	2.88
8	कसरावद	185693	6253	3.37
9	सेगाँवा	68952	3029	4.39
	योग –	**1393859**	**44730**	**3.21**

योजना हेतु शासन द्वारा जारी राशि (लागत) का विश्लेषण (सारिणी देखे आगे पृष्ठ पर)

प्राप्त लाभ की गुणवत्ता तथा औचित्य –

1. स्वास्थ्य एवं पोषण
2. कृषि विकास
3. शिक्षा एवं दक्षता विकास
4. परिवहन हेतु सड़क सुविधा में विस्तार

प्राप्त लाभ का परिणाम –

1. सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम
2. ग्रामीण अवसंरचना एवं विकास
3. भारत निर्माण

योजना का पिछड़े क्षेत्रों पर प्रभाव – साथ ही हम यह भी कह सकते हैं कि मानव विकास के संकेतक, जैसे साक्षरता एवं शिक्षा और मातृत्तव व शिशु मृत्यु दर सतत् सुधार दशति हैं, लेकिन वे यह भी दशति हैं कि प्रगति धीमी हैं और हम एशिया में अन्य अनेक देशों से लगातार पिछड़े हैं। जबकि साक्षरता दर, जो वर्ष 1951 में 18.3 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वर्ष 2001 में 64.80 प्रतिशत हो गई हैं। अभी भी अशिक्षित व्यक्तियों की संख्या 304 मिलियन से अधिक हैं, जिससे भारत विश्व में सर्वाधिक अशिक्षित जनसंख्या वाला देश हो गया हैं। जीवन प्रत्याशा दर वर्ष 1951 में 18.30 प्रतिशत थी, यह वर्ष 2001 तक बढ़कर 64.80 प्रतिशत हो गई हैं।

भारत विश्व में सर्वाधिक अशिक्षितों की संख्या वाला देश माना गया हैं। जीवन प्रत्याशा दर वर्ष 1951 की तुलना में लगभग 32 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2001–06 की अवधि में पुरूषों के लिए 63.90 वर्ष व महिलाओं के लिये 66.90 वर्ष हुई हैं। यह औद्योगीकृत देशों में यह 80 वर्ष हैं। चीन में जहाँ यह 72 वर्ष हैं, की तुलना में काफी नीचे हैं। यद्यपि औद्योगीकृत देशों के समान भारतीय महिलाओं की जीवन प्रत्याशा दर भारतीय पुरूषों से उच्च हैं, फिर भी भारत में प्रत्येक 1000 पुरूषों पर केवल 933 महिलाओं का प्रतिकूल लिंगानुपात हैं। सबसे शोचनीय हैं कि बाल लिंगानुपात (0–6 आयु वर्ग में), जो 1981 में 962 था, वह तेजी से गिरकर 2001 में 927 रह गया हैं। भारत में मातृत्व व बाल मृत्यु दरें पूर्वी एशियाई देशों की तुलना में काफी अधिक हैं, जो आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक अपर्याप्त पहुँच को दर्शाती हैं। नौवीं योजना से लेकर अब तक कृषि क्षेत्र की वृद्धि काफी धीमी रही हैं, जिससे ग्रामीण शहरी क्षेत्रों के बीच का अंतर गहराया हैं और इससे ग्रामीण क्षेत्र के कुछ इलाकों में बहुत असंतोष उत्पन्न हुआ हैं। यद्यपि वर्ष 2004 के बाद बीते कुछ सालों में कृषिगत विकास में कुछ बदलाव दिखा हैं। अर्थव्यवस्थागत कुल रोजगार में तेज बढ़ोत्तरी हुई हैं, लेकिन मानव श्रम संबंधी स्थायी रोजगार घटा हैं, यद्यपि इस क्षेत्र की फर्में अनौपचारिक रोजगार को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे आर्थिक विकास का क्षेत्रीय संतुलन नहीं हुआ हैं और कई अत्यधिक पिछड़े क्षेत्रों में बुनियादी स्तर पर आवश्यक सामाजिक सेवाओं का प्रदाय अपर्याप्त हैं। यह असमान विकास लिया जाए, तो अर्थव्यवस्था के वर्तमान ढाँचे के भीतर ही मानव विकास के और उच्चतर स्तर प्राप्त किए जा सकते हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् उल्लेखनीय आर्थिक उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं। जिन पर अपनी स्वतंत्रता के 60 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, तथापि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता प्राप्ति की पूर्व संध्या पर गरीबी, अज्ञान, बीमारी और अवसर की असमानता को समाप्त करने के लिए प्रयास किया था। 11 वीं योजना, दसवीं योजना में हासिल उपलब्धियों को और सबल बनाने और दर्शित खामियों को सुधारने के लिए निर्णयात्मक रूप से काम

करने का अवसर प्रदान करती हैं।

कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याएं

क्र.	विवरण	प्रतिशत
1	हितग्राहियों के चयन की समस्या	7
2	आदिवासी बी.पी.एल. परिवार के चयन की समस्या	5
3	आदिवासी बी.पी.एल. परिवारों को प्रदान की गई योजना के पूर्ण लाभ दिलाने में समस्या	6
4	राशि के आवंटन एवं वितरण की समस्या	11
5	हितग्राही द्वारा उपयुक्त योजना में राशि का विनियोजन	14
6	हितग्राही परिवार को योजना की व्यापक सूचना का अभाव	18
7	हितग्राही परिवार को व्यापक प्रचार प्रसार का अभाव	39

निष्कर्ष – 'इंदिरा आवास योजना' अन्तर्गत ग्रामीण इलाकों में अवसंरचना और बुनियादी सुविधाएँ निर्मित करते हुए आवासहीन परिवारों को आवास प्रदाय करने का सरकार का प्रमुख कार्यक्रम हैं, जिसका उद्देश्य गरीब और नि:सहाय वर्गों को मानवीय सुरक्षा प्रदान करना हैं। इस योजना का जन्म के संबंध में कहा जा सकता हैं कि अनेक योजना में शामिल होकर 1980 के शुरू में हुआ। बीतते समय के साथ-साथ योजना अपने मूर्त रूप में आते आते 01 जनवरी, 1996 को एक स्वतंत्र योजना बना दी गई हैं। जो वर्तमान तक प्रचलित होकर अनेकों आवासहीन परिवारों को प्रदाय लक्ष्यानुसार प्रतिवर्ष आवास प्रदाय किया जा रहा हैं।

1999-2000 से जीर्ण-शीर्ण कच्चे मकानों को सुधारने का प्रावधान बना कर तथा गरीबों के कतिपय वर्गों को सब्सिडी के साथ ऋण देकर ग्रामीण आवास कार्यक्रम में सुधार लाने के अनेक प्रयास किए गए हैं। ग्रामीण आवास में किफायती, आपदा-रोधी और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी के उपयोग पर भी बल दिया गया है।

'इंदिरा आवास योजना' भारत सरकार की कार्यनीति भारत निर्माण जैसे कार्यक्रमों में परिलक्षित होती हैं, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों की जीवन शैली की गुणवत्ता को सुधारना हैं। इसके अतिरिक्त उक्त जनकल्याणकारी योजना ने सुनिश्चित किया हैं कि ग्रामीण गरीब लोगों के पास गारंटी युक्त रोजगार के माध्यम से अपनी बुनियादी जरूरतों विशेष रूप से खाद्य के लिए पर्याप्त मात्रा में क्रय शक्ति बची रहती हैं।

'इंदिरा आवास योजना' विकास कार्यों में सहायता प्रदान करना अथवा अन्य कार्यक्रमों के महत्तव को बढ़ाना हैं, जैसे कि भारत निर्माण और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम, जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण अवस्थापना संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया हैं, किन्तु जैसे क्रान्तिक अन्तरों को पाटने के लिए पूरकता की ज़रूरत हैं। इसका उद्देश्य पिछड़े क्षेत्रों में विकास को उत्प्रेरित करना तथा अवस्थापना की व्यवस्था करके 2- सुशासन तथा कृषि सुधारों को प्रोत्साहित करके 3- पूरक ढाँचे और क्षमता निर्माण के जरिए अभिसरण, इन जिलों में पर्याप्त विद्यमान विकास अप्रवाह करके आदि।

नीतियों की चरम कसौटी गरीबी को कम करने में उनकी सफलता के संदर्भ में होती हैं, परन्तु गरीबी के मोर्चे पर मध्यप्रदेश को काफी रास्ता तय करना है। मध्यप्रदेश की कुल गरीबी 37.20 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया हैं। अर्थात् जनसंख्या का 37 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे निर्वाह कर रहा हैं तथा खासकर ग्रामीण जनसंख्या का 41.80 प्रतिशत और शहरी जनसंख्या का 25.70 प्रतिशत हिस्सा गरीब हैं।

'इंदिरा आवास योजना' में भारत निर्माण कार्यक्रम में आश्रयहीनता को समाप्त करने की आवश्यकता को स्वीकार कर लिया और इसे उचित प्राथमिकता प्रदान की गई। इस कार्यक्रम ने 2005 से 2009 तक 02 लाख मकान बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया हैं। भारत निर्माण के पहले दो वर्षों में 1.69 लाख मकानों का निर्माण किया गया हैं।

इंदिरा आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आवास सुरक्षा की प्रतिबद्धता को मज़बूत बनाने के लिए लागू किया गया हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 सलोदिया, डॉ. अजय ग्रामीण विकास एवं वित्त प्रबंध बोहरा प्रकाशन जयपुर, 1997
2 यादव, सुबहसिंह ग्रामीण विकास का आधुनिक दर्शन रामप्रसाद एण्ड सन्स भोपाल।
3 चक्रवर्ती रंगराजन भारत की अर्थनीति नये आयाम राजपाल एण्ड सन्स दिल्ली, 2000
4 कैसा हो ग्रमीण विकास की दिशा, जनवरी 2002 डोंगरा भारत।
5 ग्रामीण बेरोजगार, नये विकल्प मई 2001 श्रीवास्तव, आई.सी.।
6 भारत, ग्रामीण विकास विभाग, नई दिल्ली, वर्ष 1996 से 2002 तक।

योजना हेतु शासन द्वारा जारी राशि (लागत) का विश्लेषण

क्र.	वर्ष	प्रारंभिक शेष	वित्तीय वर्ष में आवंटित	कुल उपलब्ध	व्यय
1	2000-01	-216.78	142.13	-74.65	228.74
2	2001-02	-203.64	177.66	-25.98	280.77
3	2002-03	-306.75	276.89	-29.86	187.81
4	2003-04	-217.67	664.52	446.85	369.34
5	2004-05	77.51	451.39	528.9	507.43
6	2005-06	21.47	871.88	893.35	859.93
7	2006-07	33.42	493.51	526.93	546.83
8	2007-08	-19.9	638.43	618.53	542.08
9	2008-09	76.45	699.05	775.5	873.2
10	2009-10	-97.7	1423.28	1325.58	1381.45
11	2010-11	-55.87	1548.84	1492.97	1486.95

मध्य प्रदेश के बीड़ी उद्योग श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का आर्थिक आलोचनात्मक अध्ययन (इन्दौर जिले के सन्दर्भ में)

डॉ. विजय ग्रेवाल*

प्रस्तावना – सामाजिक सुरक्षा किसी देश के नागरिकों का वह मानवीय अधिकार है, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक जोखिमों तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्राप्त होती है। सामाजिक सुरक्षा एक अत्यधिक व्यापक शब्द है। इसके अंतर्गत सामाजिक बीमा, सामाजिक सहायता और समाज सेवा को शामिल किया जाता है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएँ उद्देश्य सुविधाएँ, आवास सुविधाएँ, मनोरंजन सम्बन्धी सुविधाएँ, समूह बीमा योजनाएँ, लाभांश, अवकाश एवं भविष्य निधि आदि को भी इसमें सम्मिलित किया जाता है।

इन्दौर जिले के बीड़ी श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक सहायता का अध्ययन करने से पता चलता हैं कि इस क्षेत्र के बीड़ी उद्योग में इस योजना का कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। संगठित उद्योगों में सामाजिक सुरक्षा ओर सहायता को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। इन्दौर जिले के बीड़ी श्रमिकों के लिए न तो सामाजिक बीमा अनिवार्य है न किसी प्रकार की सामाजिक सहायता की योजना लागू की गई हैं। बीडी निर्माण एक ऐसा कार्य है, जिसे करने के लिए श्रमिकों को घण्टो लगातार बैठना पडता है। यही कारण है कि वे अनेकों प्रकार के असाध्य रोगों से ग्रसित हो जाते है, जैसे तपेदिक, आत की बीमारी, पेट में कीडे, लीवर संबंधी बीमारी आदि। इसी कारण बीड़ी श्रमिकों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन गिरता जाता है और धीरे–धीरे मौत के करीब होते जाते है। मध्य प्रदेश की अर्थव्यस्था में बीडी श्रमिकों के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। अत: मध्यप्रदेश सरकार का यह दायित्व बन जाता है कि वो बीडी श्रमिकों के हित को ध्यान में रखते हुए बीडी उद्योग में सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को शीघ्र अति शीघ्र लागू करें।

मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के जिन नगरों में बीड़ी उद्योग केन्द्रित हैं, वहाँ बीडी श्रमिकों के लिए अस्पताल एवं चलित अस्पताल की व्यवस्था की हैं, परन्तु बीड़ी श्रमिकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ये चिकित्सा सुविधाएँ अपर्याप्त हैं क्योंकि बीड़ी श्रमिक केवल नगरों में ही निवास नहीं करते है बल्कि अधिकांश बीड़ी श्रमिक गाँव में भी निवास करते है, जहाँ तक यह सुविधा पहुँच नहीं पाती है। बीड़ी श्रमिक दिन भर तम्बाकू के संपर्क में रहते है। इससे तम्बाकू के कण बीडी श्रमिको के शरीर में श्वास के माध्यम से जाते रहते है। परिणामस्वरूप वे टी.बी. जैसे भयावह रोग से ग्रसित हो जाते है। शासन को चाहिए वे बिखरे गाँवों में जहाँ ये मजदूर रहते है अस्पतालो की सुविधा उपलब्ध कराए, चलित औषधालयों की संख्या में वृद्धि करें ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इसका लाभ उठा सके। सरकार को चाहिए कि वे नियोक्ताओं को बाध्य करे कि ऐसे श्रमिक जो रोगग्रस्त हो गए हो उनके स्वस्थ होने तक सवैतनिक अवकाश दे, साथ ही साथ महिलाओं हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान करें। जो श्रमिक तीन वर्ष तक कारखाने में कार्य कर ले चाहे वो साझेदारों के अधीनस्थ ही क्यों न हो उन्हें स्थायी सेवा के योग्य घोषित किया जाए। जो श्रमिक नौकरी के अंतर्गत मृत्यु को प्राप्त होता है उसके परिवार के सदस्यों को निश्चित राशि दे जो उसकी सेवाओं का प्रतिफल हो।

यदि ऐसी व्यवस्था नहीं होगी तो बीमारी के कारण, वृद्धावस्था के कारण जिन श्रमिकों की उपयोगिता समाप्त हो जाती है, उसे कचरे की तरह फेंका जाता रहेगा और श्रमिकों की स्थिति निरंतर दयनीय होती रहेगी। नियोक्ता के शिंकजे से बीड़ी श्रमिकों को मुक्त कराकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा के घेरे में लाना जहाँ एक ओर सरकार का कर्तव्य है, वही दूसरी ओर अन्य वर्गों को भी जो सामाजिक उत्थान में प्रयत्नशील है, आगे आना होगा तभी स्वस्थ बीडी मजदूरो की कल्पना सार्थक हो सकती है।

मध्यप्रदेश शासन का समाज के संरक्षक के रूप में यह नैतिक दायित्व है कि वह बीडी उद्योग में सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को लागू करे। मध्यप्रदेश के बीड़ी निर्माता ज्ञान की कमी के कारण, कुछ मितव्ययी प्रवृत्ति के कारण कभी भी सामाजिक सुरक्षा के कार्यक्रम लागू करने के प्रति उत्साहित नहीं होगें। मध्यप्रदेश शासन को इस संबंध में अधिनियम बनाकर अनिवार्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लागू करना चाहिए। सरकार की प्रत्येक नीति में कुछ न कुछ सुरक्षा का भाव अवश्य विद्यमान रहता है, फिर भी सामाजिक सुरक्षा की योजनाएँ सुविधाजनक ढंग से लागू की जानी चाहिए। जिससे कर्मचारी बीमारी से अपनी रक्षा कर सकें साथ ही, अपनी उचित चिकित्सा करा सकें तथा जब वे उत्पादक कार्य में संलग्न न हो तो ऐसी सहायता प्रदान की जाए, जिससे वे कुछ लाभपूर्ण कार्यो में संलग्न रहें।

1. यदि कारखाने में कर्मचारी ने बीडी भांजक के रूप में लगातार तीन वर्ष तक कार्य किया है, तो उसे कारखाने का स्थायी कर्मचारी घोषित किया जाए तथा साथ ही साथ उसे अर्जित अवकाश, पेन्शन तथा भविष्य निधि से संबंधित सभी सुविधाएँ दी जाए।
2. यदि कोई कर्मचारी तीन वर्ष की सेवाए अर्पित कर चुका हो और उसकी मृत्यु हो जाए तो उसके दाह संस्कार की राशि नियोक्ता द्वारा उसके परिवार को दिलवायी जानी चाहिए। तथा उसके सेवाओ से संबंधित अन्य राशियों का भुगतान जो एक स्थायी कर्मचारी को प्राप्त होती है उसके परिवार को दिलाई जानी चाहिए।
3. श्रमिक की मृत्यु के पश्चात् यदि वह स्थायी श्रमिक रहा है, तो उसके परिवार के किसी सदस्य को उसके स्थान पर कारखाने में स्थायी रोजगार की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।
4. महिला श्रमिकों के लिए कार्य के घण्टें सुनिश्चित किए जाए जो कि सरकार ने निश्चित किए है परंतु इसका पालन नहीं हो रहा है। इसलिए कार्य के घण्टें की सुनिश्चितता का कठोरता से पालन किया जाना चाहिए।
5. महिला श्रमिको को प्रसुति अवकाश सवैतनिक दिया जाना चाहिये, ये सुविधा सिर्फ दो बच्चो के लिए ही हो।
6. स्थायी कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को उद्देश्य संबंधी अनुदान

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) श्री वैष्णव वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

नियोक्ता के द्वारा दिया जाना चाहिए, ताकि परिवार शिक्षित हो सके।

7. यदि कोई कर्मचारी दो वर्ष की सेवाएँ कर चुका हो तो ऐसे श्रमिक को वर्षा ऋतु या मंदीकाल में नियोक्ता द्वारा न निकाला जा सके ऐसी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए। यदि इन काल में ऐसा संभव न हो तो उस समय तक जब तक कि उसे बाहर रखा गया है, उसकी औसत मासिक मजदूरी का 50 प्रतिशत नियोक्ता द्वारा दिलाया जाना चाहिये। यहाँ यह आवश्यक है कि एक वर्ष में मजदूर को निकाले जाने की अवधि 4 माह से अधिक न हो। जितने समय के लिए मजदूर को हटाया गया है, वे प्रतिदिन 3 घण्टें कारखाने में उपस्थित हो। यहाँ इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि मजदूर से वहीं कार्य लिया जाए जो लिया जाता रहा है अन्य कार्य करवाने की छूट नियोक्ता को न दी जाये।
8. जो कर्मचारी संक्रामक रोग से ग्रस्त हो जाए उसके लिए चिकित्सा की उचित व्यवस्था उद्योगपति को करनी चाहिए और जब तक उसे स्वास्थ्य लाभ न हो जाए तब तक का सवैतनिक अवकाश देना चाहिए। ये व्यवस्था स्थायी और अस्थायी दोनों श्रमिकों के लिए हों। अस्थायी श्रमिक को अवैतनिक अवकाश न मिले, परंतु चिकित्सा व्यय उद्योगपति को उठाना पड़ेगा। चिकित्सा के दिनों के अवकाश में गृह खर्च हेतु मदद जो उचित हो सके की जानी चाहिए।
9. देश में जो अधिनियम संगठित उद्योगों के लिए लागू किए गए है उन अधिनियमों को बीड़ी उद्योग में भी लागू किया जाये। कर्मचारी बीमा अधिनियम, प्रसूति लाभ अधिनियम, भविष्यनिधि अधिनियम तथा बोनस अधिनियम तत्काल लागू होने चाहिए।

उपर्युक्त समाधानो को लागू करने से बीड़ी मजदूरों को सामाजिक कल्याण प्राप्त हो सकेगा जो योजनाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करें सरकार द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर होने वाले व्यय का भार बीड़ी श्रमिकों पर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि वे अत्यंत दयनीय स्थिति में है यदि ऐसा किया जाए तो श्रमिक और अधिक मात्रा में इस उद्योग की ओर उत्कृष्ट होगें। जिससे बीड़ी उद्योगो का विकास होगा उत्पादन के स्तर में वृद्धि होगी और राज्य की अर्थव्यवस्था में इसका योगदान और बढेग़ा, बीड़ी उद्योगपतियों ने आज तक श्रमिको को कुछ न देकर सिर्फ अपनी तिजोरी भरी है। अब उन्हें चाहिए वे स्वंय आगे आये सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करें जिससे श्रमिक समाज राज्य और देश सभी उन्नत हो सके। इस कार्यक्रम में जो नियोक्ता अपना सहयोग देने को तैयार न हो उस पर शासन को कार्यवाही करना चाहिए तभी श्रमिक अपना सही हक प्राप्त कर सकेंगे अन्यथा आर्थिक विषमता जिस तरह देश में व्याप्त है और अधिक होती चली जायेगी जो देश समाज के लिए हानिकारक ही होगी।

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए सरकारी प्रयास – बीड़ी श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार ने भी कार्य किए है। यह बात अलग है कि व्यवस्था अभी तक समुचित नहीं हो पायी है। मध्यप्रदेश में बीड़ी श्रमिकों के कल्याण हेतु बीड़ी श्रमिक कल्याण संगठन की स्थापना की गयी है। इस संगठन ने बीड़ी श्रमिको के कल्याण की दिशा में कार्य किया है।

मध्यप्रदेश शासन ने कल्याणकारी और विकास कार्यक्रमों को जनभागीदारी, संवेदनशील और पारदर्शी प्रशासन के माध्यम से परिणाम मूलक बनाने का प्रयास व्यापक स्तर पर किया है। कल्याणकारी राज्य की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं को सार्थक बनाने की राज्य शासन व केन्द्र शासन की पहल नि:संदेह कामगार हितकारी है लेकिन इस दिशा में अभी काफी कुछ किए जाने की संभावनाएँ है। योजनाओं व उपायों को बीड़ी कामगारों के लिए अनुकूल बनाने हेतु यह आवश्यक है कि केन्द्र एवं राज्य शासन के सक्षम अधिकारी एवं पदाधिकारी अपने दायित्वो को ईमानदारी एवं निष्पक्षता से पालन करें। बीड़ी कामगार वर्ग के एक बहुत बड़े हिस्से को प्रारंभ से ही कल्याण व सामाजिक दशा अत्यंत सोचनीय व दयनीय बनी रही। मध्यप्रदेश राज्य में बीड़ी सोचनीय कामगारों के कल्याण के लिए अनेक कल्याण कार्य किए जा रहे है।

जब हम मध्यप्रदेश के बीड़ी उद्योग श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का आर्थिक आलोचनात्मक अध्ययन करते है, तो स्वाभाविक रूप से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि बीड़ी श्रमिकों को श्रम कल्याण योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है। बीड़ी प्रतिष्ठानों को पूर्ण रूपेण व्यावसायिक संस्थाओं के ढंग पर विकसित नहीं किया जा सका है। भारतीय औद्योगिक व्यवस्था में आज भी कई ऐसे धनात्मक बिंदु है, जिन्हें बीड़ी उद्योग द्वारा नि:संदेह अंगीकार किया जा सकता है। प्रयासों के परिप्रेक्ष्य में यह अहसास होता है कि बीड़ी उद्योगपति बीड़ी कामगारों व उपभोक्ताओ से सीधे जुडे नहीं है। इन बीड़ी उद्योगपतियों द्वारा किये जाने वाले कार्यो, इनकी इकाईयो की कार्यप्रणाली, कामगार कल्याण व्यवस्था एवं न्यूनाधिक सुविधाओं के प्रदाय आदि में सभी पक्षों से सर्वत्र पक्षपात का आभास होता है, जिससे इन बीड़ी प्रतिष्ठानों की विश्रृंखलित निरंतरता एवं अपर्याप्त अनुवर्ती प्रयासो में पर्याप्त पार्थक्यसूचक स्थिति दृष्टिगत होती है। इसे स्वाश्रयी स्थिति नहीं की जा सकता। मध्यप्रदेश राज्य ही नहीं वरन् भारत की संचरणशील अर्थव्यवस्था में बीड़ी उद्योग के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए बीड़ी कामगारों व बीड़ी निर्माताओं की मूलभूत आवष्यकताओं एवं दैनिन्दिन तकलीफों का जायजा लेकर शासकीय प्रयासों की सार्थक पहल होना चाहिए। इन बीड़ी उद्योग इकाईयों के पास प्रचुर मात्रा में पूँजी एवं अनुभवी विशेषज्ञों की बहुतायत है। सवाल केवल अनुभवपरक बिन्दुओं पर इन असीम संभावनाओं को उत्पादों दिशा में मोड़ने, उर्द्धपाजन एवं उदारीकरण का है। इस दिशा में प्रत्येक स्तर पर सरकारी उत्तेलक एवं सलाभ उन्नयन के रचनात्मक क्रांतिकारी परिवर्तनों को क्रियाशील करने की आवश्यकता है।

मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी उद्योग में संलग्न बीड़ी कामगारों व अन्य कार्यकर्ताओं को बीड़ी एवं सिगार (शर्ते एवं नियोजन) अधिनियम 1966, बीड़ी कामगार कल्याण निधि अधिनियम 1976, बोनस भुगतान अधिनियम, 1965, न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1970 बाल कामगाार अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 आदि के लागू होने के उपरांत काफी राहत मिली है और उनके शोषण पर काफी हद तक अंकुश लगाया गया है। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार ने बीड़ी कामगारों के हितार्थ अनेक कल्याणकारी कदम उठाए है, इन सबका मिला जुला प्रभाव यह हुआ है कि बीड़ी कामगारों एवं अन्य बीड़ी कर्मकारों का जीवन-स्तर ऊँचा उठ गया है। शासकीय स्तर पर और गैर-शासकीय स्तर पर बीड़ी कामगारों के पारिश्रमिक, कामगार कल्याण व सामाजिक सुरक्षा संबंधी जो प्रयास किएगये है उन्हें संतोषजनक नहीं माना जा सकता है क्योंकि इस दिशा में व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाने की काफी गुजांइश है। शोधकर्ता के मत में जब तक अंतिम बीड़ी कामगार को इनका लाभ नहीं मिलता, तब तक इनकी सफलता को संदेह की दृष्टि से ही देखा जायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. बी. एम. पहाडिया – सामाजिक सर्वेक्षण एवं शोध।
2. डॉ. आर.के. शर्मा – सामाजिक सर्वेक्षण एवं अनुसंधान।
3. डॉ. रविन्द्रनाथ मुखर्जी – सामाजिक शोध के सिद्धांत।
4. डॉ. टी. एन. भगोलीवाला – श्रम अर्थशास्त्र एवं सामाजिक सुरक्षा।
5. डॉ.एस.सी. सक्सेना – श्रम समस्याएँ एवं समाज कल्याण।

भारतीय जीवन बीमा निगम की विभिन्न पॉलिसियों के विपणन का आलोचनात्मक अध्ययन(इन्दौर मण्डल के संदर्भ में)

डॉ. मनीषा ग्रेवाल *

प्रस्तावना – भारतीय जीवन बीमा निगम जीवन बीमा व्यवसाय करने वाला सार्वजनिक संस्थान है। इसकी स्थापना संसद के विशेष अधिनियम के तहत् 1 सितम्बर, 1956 को हुई। निगम का केन्द्रीय कार्यालय मुम्बई में है। जीवन बीमा व्यवसाय के लिए पूरे देश को आठ क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसके अधीन अनेक मण्डल कार्यालय है और प्रत्येक मण्डल कार्यालय के अधीन पर्याप्त संख्या में शाखा कर्यालय स्थापित किए गए है। नव व्यवसाय में वृद्धि एवं ग्राहको को विक्रयोपरांत उत्कृष्ट सेवाएँ देने के उद्देश्य से इन्दौर मण्डल में विपणन विभाग की स्थापना की गयी है। इन्दौर मण्डल की स्थापना निगम की स्थापना के समय ही 1 सितम्बर, 1956 को हुई। यह देश का पुराना एवं ख्यातनाम मण्डल है। यह मण्डल 11 जिलो तक फैला हुआ है तथा इसके अंतर्गत 32 शाखा कार्यालय कार्यरत् है।

निगम की प्रचलित प्रमुख बीमा पॉलिसियाँ –

परम्परागत बीमा योजनाएँ –

1. आजीवन पॉलिसी तालिका संख्या – 2 (लाभ सहित)
2. बन्दोबस्ती पॉलिसी तालिका संख्या – 14 (बोनस सहित)
3. सीमित भुगतान बन्दोबस्ती पॉलिसी तालिका संख्या – 48
4. धन वापसी पॉलिसी तालिका संख्या 75 एवं तालिका संख्या – 93
5. जीवन मित्र पॉलिसी तालिका संख्या – 88 (दुगुनी सुरक्षा) एवं तालिका संख्या 133 (तिगुनी सुरक्षा)
6. जीवन साथी पॉलिसी तालिका संख्या – 89
7. विवाद बंदोबस्ती / शिक्षा पॉलिसी तालिका संख्या – 90
8. नई जनरक्षा पॉलिसी तालिका संख्या – 91
9. जीवन किशोर पॉलिसी तालिका संख्या – 102
10. जीवन छाया पॉलिसी तालिका संख्या – 103
11. जीवन विश्वास पॉलिसी तालिका संख्या – 136
12. जीवन आनंद पॉलिसी तालिका संख्या – 149
13. जीवन रेखा पॉलिसी तालिका संख्या – 152
14. जीवन भारती पॉलिसी तालिका संख्या – 160
15. जीवन सरल पॉलिसी तालिका संख्या – 165
16. जीवन प्रमुख पॉलिसी तालिका संख्या – 167
17. जीवन अनुराग पॉलिसी तालिका संख्या – 168

नवीन बीमा योजनाएँ –

1. जीवन अक्षय पॉलिसी तालिका संख्या – 170
2. फ्यूचर प्लस पॉलिसी तालिका संख्या – 172
3. मनी प्लस पॉलिसी तालिका संख्या – 180

ऊपर उल्लिखित विभिन्न बीमा पॉलिसियों के विपणन एवं विक्रय हेतु निगम के विपणन विभाग द्वारा व्यूह रचना तैयार की जाती है।

निगम के जीवन बीमा व्यवसाय में विपणन प्रबंध की उपयोगिता – जीवन बीमा व्यवसाय के संदर्भ में विपणन प्रबंध की उपयोगिता को करीब चार दशक पूर्व स्वीकार किया गया है। परम्परागत रूप से यह धारणा बनी हुई थी कि, जीवन बीमा व्यवसाय में विपणन प्रबंध की आधुनिक विधियों की कोई उपयोगिता नहीं है। जीवन बीमा व्यवसाय के विपणन का कार्य नवीन व्यवसाय तथा अभिगोपन के कार्य के साथ संयुक्त रूप से सम्पादित होता था तथा सामान्य धारणा यह थी कि कुशल अधिकारी और प्रभावशाली अभिकर्ता के कार्य के साथ संयुक्त रूप से संपादित होता था तथा सामान्य धारणा यह थी कि कुशल अधिकारी और प्रभावशाली अभिकर्ताओं की सहायता से जीवन बीमा का विपणन कार्य सम्पन्न हो जाता है। यह धारणा भी प्रचलित थी कि, कमीशन तथा आय के प्रलोभन में जीवन बीमा का विक्रय किया जाता है। बीमा कराने वालो की आवश्यकताओं और सुविधाओं पर ध्यान देने की विशेष आवश्यकता नहीं समझी जाती थी। विज्ञापन और प्रचार की आधुनिक विपणन संबंधी विचारों से जीवन बीमा व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है। नवीन व्यवसाय के अलावा विक्रय तथा विकास से संबंधित कार्यो को भी पृथक से संगठित किया गया है।

यह नहीं बीमाधारियों की सेवा को भी समान रूप से महत्ता प्रदान की गई है। विज्ञापन और प्रचार की आधुनिक विधियों भी काम में लाई गई है। विकास और अनुसंधान पर भी ध्यान दिया गया है तथा विभिन्न वर्गो के ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए अनेक आकर्षक नई बीमा योजनाएँ भी प्रारंभ की गई है। प्रीमियम दरों तथा बोनस दरों में परिवर्तन किए गए है। इसके साथ ही निवेश की ऐसी योजनाओं को विशेष रूप से चुना गया है, जिनका संबंधी बीमाधारियों के प्रत्यक्ष तथा परोक्ष हितों से हो। गृह निर्माण हेतु ऋण की योजनाओं को लोकप्रिय बनाया गया है। पिछले 50 वर्षो में भारतीय जीवन बीमा निगम ने शेयर बाजार से सम्बद्ध बीमा प्लस, फ्यूचर प्लस, जीवन प्लस, मनीप्लस, एवं मार्केट प्लस आदि योजनाओं को प्रारंभ किया है। इसमें से **'मनी प्लस'** सर्वाधिक बीमा व्यवसाय करने वाली यूलिप बीमा योजना रही। विदेशों में भी जीवन बीमा व्यवसाय का विपणन करने के लिए पृथक से एक संस्था बनाई गई है। समूह बीमा को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। इस प्रकार की विपणन की विचारधारा को जीवन बीमा व्यवसाय में पूर्णत: मान्यता मिल गई है।

विज्ञापन तथा प्रचार – जैसा कि हम सब जानते है कि विज्ञापन तथा प्रचार पर किया गया व्यय विनियोग है, व्यय नहीं। निजी बीमा कम्पनियों से चल रही प्रतिस्पर्धा के कारण भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए विज्ञापन तथा प्रचार–प्रसार के लिए क्या नीति अपनायी है। ज्ञात हुआ कि निगम द्वारा

*** अतिथि विद्वान (वाणिज्य) माता जीजा बाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) भारत**

विज्ञापन हेतु समाचार पत्रों, दूरदर्शन, आकाशवाणी, पत्र-पत्रिकाओं, पोस्टर, डायरी, बेनर, होर्डिंग्स, पेम्पलेट, मेलों एवं प्रदर्शनियों में स्टॉल आदि का प्रयोग किया जाता है। भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रचार-प्रसार से जीवन बीमा निगम के संगठन तथा महत्व, निगम की बीमा योजनाओं और बीमा सुरक्षा का सन्देश प्राप्त होता है। विपणन के क्षेत्र में किसी वस्तु अथवा सेवा की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए विज्ञापन को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

विज्ञापन तथा प्रचार के विभिन्न तरीके – भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापन, पोस्टर, डायरी, कैलेण्डर और अन्य विज्ञापन सामग्री विकास अधिकारियों तथा अभिकर्ताओं को दी जाती है। दीवालों पर विज्ञापन एवं मेले आदि में भी स्टॉल लगाए जाते है। इसके अलावा निगम के विकास अधिकारी एवं अभिकर्ता जनसम्पर्क के माध्यम से लोगों को पॉलिसियों की खूबियों से अवगत कराने का प्रयास करते है।

निजी बीमा कम्पनियों से प्रतिस्पर्धा के चलते निगम द्वारा विज्ञापन तथा प्रचार के लिए निम्न माध्यम अपनाए जाते है –

1. दूरदर्शन
2. आकाशवाणी
3. दीवारों पर विज्ञापन
4. पेम्पलेट
5. होर्डिंग्स
6. बेनर
7. मेले एवं प्रदर्शनियों पर स्टॉल
8. जनसम्पर्क

विज्ञापन तथा प्रचार द्वारा प्रदत्त जानकारी – भारत में जीवन बीमा निगम के विज्ञापन तथा प्रचार तीन प्रकार की सूचनाओं पर आधारित है –

1. जीवन बीमा निगम के संगठन तथा महत्व को प्रतिपादित करने वाले।
2. जीवन बीमा निगम की विशिष्ट योजनाओं की जानकारी देने वाले और,
3. जीवन बीमा का सन्देश देने वाले।

विज्ञापन तथा प्रचार का संभाव्य ग्राहकों पर प्रभाव – जीवन बीमा निगम द्वारा किया गया विज्ञापन उत्कृष्ट, कलात्मकता तथा उच्च श्रेणी का होता है। उसके विज्ञापनों का अवलोकन करने से पता चलता है कि विज्ञापन कला के उपयोग में जीवन बीमा निगम ने प्रमाणिकता, रचनात्मकता तथा उच्च नैतिक मूल्यों की स्थापना की है। कहीं भी लालच या हल्के स्तर की व्यावसायिक दृष्टि जीवन बीमा निगम के विज्ञापनों में नहीं दिखलायी पड़ती। जीवन बीमा निगम के प्रकाशन, अभिकल्पना तथा मुद्रण की दृष्टि से उत्कृष्ट स्तर के होते है। कहीं भी उनमें सरकारी विभाग या संस्था की झलक दिखलायी नहीं पड़ती। किन्तु यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारतीय जीवन बीमा निगम ने विज्ञापनों की उपयोगिता को समुचित रूप से अंगीकार नहीं किया है। जीवन बीमा निगम के व्यवसाय की अपरिमित सम्भावनाओं और बीमा सन्देश को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता की तुलना में विज्ञापन तथा प्रचार पर बहुत ही कम ध्यान दिया गया है। जीवन बीमा निगम को अपनी विज्ञापन नीति पर पुर्नविचार करना चाहिए और विज्ञापनों को बहुमुखी, सतत् तथा प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक उपाय करने चाहिए।

विज्ञापनों की तुलना में प्रचार के मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम का कार्य अधिक प्रभावशाली रहा है। समाचार पत्रों और जनसंचार माध्यमों ने जीवन बीमा निगम की प्रगति और उपलब्धियों को पर्याप्त महत्व दिया तथा समाचारों, टिप्पणियों, लेखों और समीक्षाओं में भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यो की सराहना की गई है। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 सितम्बर को जीवन बीमा निगम का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

निगम की पॉलिसियों के विपणन में विज्ञापन तथा प्रचार का योगदान – इन्दौर मण्डल कार्यालय में विपणन विभाग के अन्तर्गत एक जन सम्पर्क एवं प्रचार अधिकारी नियुक्त है। उसका विभाग मेले और प्रदर्शनियों में जीवन बीमा निगम की ओर से स्टॉल लगाने, फिल्म दिखाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के कार्य करता है। प्रतिवर्ष दिसम्बर को बीमा दिवस भी मनाया जाता है। नवीन बीमा योजनाएँ और बोनस की घोषणाओं की जानकारी भी प्रसारित की जाती है। बीमा साधना शीर्षक नामक गृह पत्रिका भी प्रकाशित की जाती है। मण्डल कार्यालय की ओर से वह स्थानीय समाचार-पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित करता है। किन्तु ये विज्ञापन कार्यालयीन आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु होते है। आकाशवाणी, दूरदर्शन, फिल्मों और समाचार पत्रों में दिए जाने वाले विज्ञापनों में मण्डल कार्यालयों की कोई भूमिका नहीं होती है। वे केवल सुझाव भेज सकते है। किन्तु अभी तक मण्डल कार्यालय से ऐसा कोई सुझाव नहीं भेजा गया। इन्दौर मण्डल कार्यालय ने हिन्दी भाषा में कार्य करने को लोकप्रिय बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। हिन्दी भाषा में किए गए प्रकाशनों के अलावा औपचारिक तथा व्यावसायिक कार्य भी हिन्दी भाषा में सम्पादित हो रहा है। बीमा प्रस्ताव के प्रपत्र, समाचार तथा चेक आदि भी हिन्दी भाषा में लिखे जा रहे हे।

अधिकांश बीमाधारी, अभिकर्ता, विकास अधिकारी और निगम कर्मचारी जीवन बीमा निगम के जन सम्पर्क तथा प्रचार से पूरी तरह सन्तुष्ट नहीं है। वे इसे निरपेक्ष, तटस्थ तथा शिथिल मानते है। उनका मत है कि ऐसा जन सम्पर्क तथा प्रचार निगम को सम्मान तो दिला सकता है किन्तु न तो जन सामान्य को निकट लाता है और न व्यवसाय के अवसरों में वृद्धि करता है। विज्ञापन नीति पर पुनर्विचार कर इसे बहुमुखी, सतत् तथा प्रभावशाली बनाने हेतु आवश्यक उपायों की आवश्यकता है।

जीवन बीमा निगम के विज्ञापन तथा प्रचार से संबंधित कार्यो की सफलता इस तथ्य से देखी जा सकती है कि जीवन बीमा व्यवसाय को समाज में महत्वपूर्ण तथा सम्मानित स्थान दिया जाने लगा है। अब बहुत से लोग जीवन बीमा निगम के कार्यालय तथा अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करने में किसी प्रकार का संकोच अनुभव नहीं करते है। राष्ट्रीयकरण से पूर्व ऐसी स्थिति नहीं थी। लोग बीमा कम्पनियों और अभिकर्ताओं से बचने का प्रयास करते थे तथा जीवन बीमा व्यवसाय में कार्यरत् लोगों के प्रति सम्मान तथा श्रद्धा की भावना नहीं थी। राष्ट्रीयकरण के पश्चात् जीवन बीमा निगम को देश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक संगठन माना जाने लगा और जीवन बीमा के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव भी आया। इस दृष्टि से जीवन बीमा निगम के विज्ञापन और प्रचार को सार्थक तथा प्रभावशील माना जा सकता है, किन्तु विपणन प्रबंध की दृष्टि से व्यवसाय संवर्धन में विज्ञापन तथा प्रचार की जो भूमिका होनी चाहिए, उस पर जीवन बीमा योजनाओं के लिए किया गया विज्ञापन व्यवसाय संवर्धन में सहायक रहा। ठीक इसी प्रकार जीवन बीमा निगम, गृह वित्त योजनाओं का विज्ञापन भी कुछ अंशों में उपयोगी रहा। इसके कारण व्यवसाय में वृद्धि हुई। ऐसे विभिन्न विज्ञापन विपणन प्रबंध के लिए सहायक तथा उत्प्रेरक होते है। मगर अन्य

मामलों में विज्ञापनों की भूमिका उतनी प्रभावोत्पादक नहीं रही। यह कहा जा सकता है कि, भारतीय जीवन बीमा निगम को अपनी विज्ञापन नीति इस प्रकार से बनानी चाहिए कि विज्ञापन जीवन बीमा निगम की प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ-साथ व्यवसाय संवर्धन में भी सहायक हो और उनके माध्यम से जीवन बीमा का संदेश सम्पूर्ण देश के कोने-कोने में फैले हुए ग्रामीण तथा अर्द्धशहरी लोगों तक प्रभावशील ढँग से पहुँच सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एम.एन. श्रीनिवासन - बीमा के सिद्धांत, रामानुज पब्लिशर्स, बैंगलुरू वर्ष 2015
2. डॉ. मनमोहन प्रसाद - बीमा के सिद्धांत एवं व्यवहार, इलाहाबाद लॉ जनरल हाऊस, इलाहाबाद वर्ष 2014
3 ओमप्रकाश वाजपेयी - जीवन बीमा, किताब महल, इलाहबाद वर्ष 2014
4 डॉ. महानारायण मिश्रा - बीमा प्रबंध एवं प्रशासन, लोक भारती प्रकाशन वर्ष 2014
5 योगक्षेम पत्रिका - भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई वर्ष 2015
6 बीमा अभिकर्ता निर्देशिका - भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई
7 भारतीय जीवन बीमा निगम की वार्षिक डायरी - भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई वर्ष 2015
8 वेबसाइट I www.licindia.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

भारत में ग्रामीण एंव कृषि क्षेत्र का विकास-जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के विशेष संदर्भ में

डॉ. बी. एस. मक्कड़ * रितेश शर्मा **

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध प्रबंध में भारत में ग्रामीण विकास तथा कृषकों के विकास का अध्ययन किया गया है। जिसके लिए नाबार्ड एंव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नीतियों तथा योजनाओं का कृषि एंव ग्रामीण क्षेत्र में विकास के स्वरूप को दर्शाया गया है। भारत सरकार द्वारा ग्रामीणों के विकास के लिए अग्रणीय कदम उठाए गए है, जिसे शोध कार्य में अध्ययन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। कृषि क्षेत्र का नया रूप लाने का प्रयास किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा नाबार्ड एंव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से कई नीतियों एंव योजनाओं को लागू किया गया। इसके परिणाम ये हुये हैं कि कृषि विकास में उन्नति हुई है। नई आधुनिक नीतियों तथा उपकरणों के माध्यम से अच्छी कृषि की जा रही हैं। सिंचाई योजनाओं में विद्युतीकरण को लागू किया जा रहा है, कृषि उपकरणों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विकास दर दुगुनी हो जाए। उचित भूमि सुधार के कार्यक्रमों पर ध्यान आकर्षित किया जा रहा हैं, फसल बीमा योजना का नया रूप लाया गया। जिससे कृषकों को नवीन ऋण योजना व बीमा योजना का लाभ मिल सकें।
शब्द कुंजी – भारतीय कृषक, नाबार्ड व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की नीतियाँ व योजनाऐं।

प्रस्तावना – भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसकी रीढ़ की हड्डी कृषक को माना जाता है। भारत के आर्थिक विकास में कृषि की अहम भूमिका हैं। भारत की जनसंख्या का 50 प्रतिशत भाग कृषि पर निर्भर करता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का अंश अग्रणीय है। कृषि के विकास पर देश का आर्थिक विकास संभव है। भारत को न केवल वर्तमान जनसंख्या के लिए खाद्यान्न जुटाना है, बल्कि प्रतिवर्ष एक करोड़ से अधिक पैदा होने वाले बच्चों की आवश्यकता के लिए भी कृषि उत्पादन बढाना आवश्यक है। इसमें हरित क्रांति के साथ रबी की फसल व खरीफ की फसल में वृद्धि दर की आवश्यकता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में नयी प्रवृत्तियाँ उत्पन्न हुई है। जिसमें कृषि के लिए वित्तीय संस्थाओं तथा बैंकिग सुविधाओं का विस्तार किया गया। नाबार्ड 12 जुलाई 1982 को कृषि तथा ग्रामीण विकास हेतु ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक कृषि साख विभाग तथा कृषि पुनर्वित एंव विकास निगम को मिलाकर इस बैंक की स्थापना की गई। नाबार्ड 'प्रौद्योगिकी अपनाने की क्षमता का निर्माण' के जरिए किसानों को जागरूक और प्रेरित करता है। जिसमें ग्रामीण नवोन्मेश निधि योजना अग्रणीय है। नाबार्ड प्राथमिक सहकारी समितियों, जिला सहकारी बैंको एंव राज्य सहकारी बैंको के ऋण संबंधि कार्यो में भी शीर्षस्थ संस्था का कार्य करती हैं। सहकारी साख संस्थाओं का ढाँचा पिरामिड के सदृश्य है। सहकारी साख व्यवस्था का आधार गाँव है, अत: इनके ढाँचे का आधार प्राथमिक सहकारी समितियाँ बनाती है जो ग्रामीण जनता को प्रत्यक्ष रूप से साख सुविधाएँ उपलब्ध कराती है। प्राथमिक साख समितियाँ मिलाकर जिला स्तर पर केन्द्रीय सहकारी बैंक स्थापित किए गए है। जिनका कार्य क्षेत्र एक जिला है, प्रदेश के समस्त जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को मिलाकर प्रदेश स्तर पर एक शीर्ष संस्था है। जिसे राज्य सहकारी या ऐपैक्स बैंक कहते है।

उद्देश्य –

- ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास संबंधी नीतियों को प्रोत्साहित करना।
- ऋण योजनाओं व फसल बीमा की जानकारी प्रदान करना।
- कृषि संबंधी बाजारीकरण को बढ़ावा देना।
- भारत में नाबार्ड व सहकारी बैंकों का कृषि एंव ग्रामीण विकास में योगदान देना।

परिकल्पनाएं –

- कृषि अर्थव्यवस्था पर ऋण नीतियों का प्रभाव पड़ता है।
- नाबार्ड एंव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वित्तीय योजनाओं को क्रियान्वित करने से कृषक जीवन पर प्रभाव पड़ता है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एक 'विश्लेषण' – जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ग्रामीण कृषि भूमि रूपी शरीर में एक हृदय के समान कार्य करता है तथा निरंतर गाँव-गाँव में स्थापित सहकारी साख समितियों के माध्यम से साख रूपी रक्त प्रवाह करता है। सहकारी साख समितियों के सफल संचालन, सक्रिय तथा सजीव रखने में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सहायक सिद्ध हुआ है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का कार्य राज्य सहकारी बैंक एंव प्राथमिक सहकारी समिति के मध्य पुल या मध्यस्त का कार्य करना है। इसके अलावा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अन्य कार्य निम्न प्रकार है, जो भारत के ग्रामीण एंव कृषि क्षेत्र के विकास में सहायक है।

- सदस्यों को साख उपलब्ध करवाना।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली।
- कृषि विपणन कार्य।
- बचत बैंक द्वारा जनता की अमानतें संग्रहण करना।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपरोक्त कार्य बैंक द्वारा निर्धारित योजनाओं के अतर्गत पूर्ण किए जाते है। इन योजनाओं का संक्षिप्त वर्णन निम्न प्रकार है –

1. **मौसमी उत्पादन हेतु अल्पकालीन ऋण** – मौसमी कृषि के उत्पादन

* प्राचार्य, शासकीय माधव कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को अल्पकालीन साख उपलब्ध कराई जाती है। जिसका निर्धारण प्रति हेक्टेयर औसत मूल्य तथा भुगतान क्षमता के आंकलन के आधार पर निर्भर करता है। अल्पकालीन साख को वस्तु तथा नगद साख में विभाजित किया जाता है। जिसमें स्वीकृत नगद-वस्तु ऋण का अनुपात 75:25 किया गया है।

2. **राष्ट्रीय फसल बीमा योजनाएँ** - इस योजना के अतर्गत राज्य शासन द्वारा अधिसूचित क्षेत्र की अधिसूचित फसलों के लिए फसल ऋणों का बीमा कराए जाने का प्रावधान है।
3. **किसान क्रेडिट कार्ड योजना** - केन्द्र सरकार की तरफ से बैंको पर आधारित यह योजना किसानों के लिए रामबाण साबित हुई है। कृषकों को विशेष साख सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड योजना का क्रियान्वयन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एंव प्राथमिक साख समितियों द्वारा किया जा रहा है, जिससे कृषक साहूकारों एंव महाजनों के चंगुल से मुक्त हो सकें।
4. **कृषि उपकरण हेतु ऋण** - कृषि उपकरणों हेतु ऋण योजना में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा ट्रेक्टर एंव ट्राली थ्रेशर, बैल क्रय, बैलगाड़ी क्रय एंव सीडड्रील आदि कार्यो हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है। तथा यह ऋण दीर्घावधि ऋण योजनान्तर्गत उपलब्ध कराए जाते है।
5. **बीज वितरण** - कृषकों को वित्त के अभाव के कारण अच्छे बीज उपलब्ध नहीं हो पाते जिससे उत्पादन स्तर कम होता है तथा विक्रय मूल्य भी कम प्राप्त होता है। इसलिए केन्द्रीय बैंकों द्वारा कृषकों को बीज वितरण का कार्य किया जाता है जिसके लिए शीर्ष संस्था पूँजी प्रदान करती है।
6. **उपभोक्ता सामग्री के भंडारण हेतु गोदाम -** ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उपज को अच्छे और पक्के भण्डार गृहों में रखने की सुविधा का अभाव आज भी विद्यमान है। इसी असुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंको द्वारा उपभोक्ता सामग्री के भंडारण हेतु गोदामों का निर्माण कराया जाता है।
7. **रासायनिक साख वितरण हेतु वित्त व्यवस्था -** कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रासायनिक खाद का वितरण केन्द्रीय बैंक की एक प्रमुख गतिविधि है। जिसके अंतर्गत शीर्ष बैंक द्वारा शीर्ष विपणन संघ, इफको एंव अन्य संस्थाओं को खाद व्यवसाय हेतु कार्यशील पूँजी एंव साख सीमा प्रदान की जाती है।
8. **साख का विपणन से संबंधीकरण** - सदस्यों द्वारा उत्पादित उपज का विक्रय सहकारी संस्थाओं के माध्यम से प्राप्त करने पर सदस्यों को ऋण अदायगी में सुविधा प्राप्त होने के साथ-साथ उनकी उपज का उचित मूल्य भी प्राप्त हो सकेगा।
9. **साख विस्तार कार्यक्रम -** साख विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने तथा उन्हें साख प्रदाय करने पर जोर दिया जा रहा है।

ग्रामीण उद्यमिता विकास - ग्रामीण बेरोजगार व्यक्तियों को अपने उद्यम स्थापित करने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से प्रायोगिक आधार पर दशक के प्रारंभ में किए गए ग्रामीण विकास कार्यक्रम आर.ई.पी. ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए एक सफल मॉडल के रूप में अपनी जगह बना ली है।

कृषि साख कोष - केन्द्रीय सरकार अपने कृषि एंव खाद्य मंत्रालय के अधीन कृषि (सहायता व जमानत) कोष स्थापित करेगी जिसमें प्रतिवर्ष 1 करोड़ रूपया जमा होगा। यदि अकाल आदि अन्य कारणों से सहकारी संस्था अपना पुराना ऋण न चुका सके तब इस कोष में से राज्य सरकारो द्वारा सहकारी संस्थाओं को सहायता दी जाएगी। अत: अकाल व बाढ के समय सहकारी संस्थाओं को अपने ऋणों का भुगतान करने के लिए सहायता दी जाती है। इस कोष की सहायता से सहकारी संस्थाओं के अल्पकालीन ऋणों को मध्यकालीन ऋणों में परिवर्तित करने की व्यवस्था भी की गयी। समिति का सुझाव है कि इस प्रकार के कोष राज्य स्तर पर राज्य के कृषि एंव खाद्य मंत्रालयों में भी स्थापित किए जाए। ये तीनों कोष नयी कृषि साख व्यवस्था के आधार-स्तम्भ के रूप में कार्य करते है तथा संकटकाल में सहकारी साख संस्थाओं को प्रदान करके साख व्यवस्था को स्थायित्व प्रदान करते है।

सहकारी समितियाँ अथवा सहकारी संस्थाऐं - भारत में कृषक को महाजन के चुंगल से छुटकारा दिलाने के लिए सन् 1904 में सहकारी समितियों का कानून पास किया गया। जिसके अंतर्गत देश में साख समितियाँ गठित की गयी। आज सहकारी संस्थाएं कृषक को साख प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। राज्य स्तर पर राज्य सहकारी बैंक, जिला स्तर पर प्रमुख सहकारी बैंक अथवा केन्द्रीय सहकारी बैंक, ग्रामीण विकास बैंक तथा गाँव स्तर पर प्राथमिक सहकारी कृषि-साख समितियाँ स्थापित की गयी है। ये सभी संस्थाएं कृषको के लिए अल्पकालीन, मध्यकालीन एंव दीर्घकालीन साख का प्रबंध करती है।

राज्य सरकारों के अधीन कोष - ग्रामीण-साख की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने व स्थायित्व प्रदान करने के लिए समिति ने राज्य सरकार के अधीन निम्नलिखित दो कोषों की स्थापना के सुझाव दिए कि प्रत्येक राज्य के कृषि एंव साख मंत्रालय में राज्यकृषि साख कोष स्थापित करना चाहिए। इस कोष का उपयोग अकाल व बाढ़ तथा अन्य संकटकालीन समय में कृषकों को साख प्रदान करने के लिए किया जाना चाहिए। प्रत्येक राज्य में सहकारिता विकास कोष की स्थापना की जानी चाहिए जिससे कि राज्य सरकारें बिक्री करने वाली तथा वस्तुओं का उत्पादन करने वाली समितियों की पूँजी में साझेदारी प्राप्त कर सकें। तथा सहकारिता का विपणन एंव उत्पादन के क्षेत्र में भी विकास हो सके।

शासन द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाएं - शासन की अनुदान सहायता के साथ लागू किए जा रहे ऋण युक्त कार्यक्रम है। एस.जी.एस.वाय, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, स्वर्ण जयंति शहरी रोजगार योजना तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाऐं और राज्य शासन की नई योजनाऐं जैसे रानी दुर्गावत्ती योजना, दीनदयाल रोजगार योजना तथा गोकुल ग्राम योजना। सरकार ने कृषि अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया है।

निष्कर्ष एंव सुझाव - उपरोक्त योजनाओं के वर्णन से स्पष्ट है कि भारत के ग्रामीण एंव कृषि साख संरचना के अन्तर्गत शासन द्वारा प्रायोजित योजनायें एंव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अहम भूमिका निभा रहा है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देकर कृषि साख की पूर्ति कर रहा है। कृषक निजी बैंकों की अपेक्षा सहकारी बैंकों से ऋण लेना अधिक पसंद करते है क्योंकि निजी बैंकों की तुलना में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का कार्य एंव कागजी कार्यवाही अधिक जटिल एंव लम्बी नहीं होती है। राष्ट्रीयकृत बैंक एंव निजी बैंकों की ब्याज दर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की ब्याज दर की अपेक्षा बहुत अधिक है। सहकारी बैंक एक ऐसी संस्था है। जो एक साल तक 0 प्रतिशत ब्याज पर कृषकों को ऋण उपलब्ध करवाती है। जिसके परिणामस्वरूप कृषक कृषि कार्य हेतु आवश्यक साधन जुटा सकें। इन बैंकों को एक साल की अवधि तक का

ब्याज राज्य शासन 6 प्रतिशत एंव केन्द्र शासन 5 प्रतिशत अर्थात् कुल 11 प्रतिशत शासन प्रदाय करती है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की उपरोक्त विशेषताओं के बावजूद कृषि क्षेत्र को साख प्रवाह करने वाली अन्य संस्थाओं के अथक प्रयासो के बाद भी कृषि के लिए पर्याप्त वित्तिय संस्थाओं की पूर्ति एक मुख्य समस्या है। इन समस्याओं से मुक्ति के लिए कुछ सुझाव निम्न प्रकार है –

1. कृषि वित्त प्रदान करने वाली संस्थाओं का प्रबंधन कुशल एंव ईमानदार व्यक्तियों को सौपा जाए।
2. ऋण देते समय ऋण अदायगी पर अधिक जोर देना होगा।
3. ऋण प्रक्रिया को अधिक सरल एंव व्यवस्थित बनाना चाहिए।
4. शिक्षा अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा।
5. कृषि विपणन में लगे कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण देना
6. सरकार द्वारा फसल उगाने से पूर्व क्रय मूल्य घोषित किया जाना चाहिए।
7. ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाओं का विस्तार किया जाना चाहिए।
8. ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों के लिए स्थानीय मूल्य मण्डियों, रेडियों, दैनिक समचार-पत्रों एंव टेलिविजन के माध्यम से प्रचारित एंव प्रसारित किए जाने चाहिए।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. द न्यू स्ट्रेटजी इन इण्डियन एग्रीकल्चर लेखक श्री सुब्रमण्यम सी प्रकाशक विकास पब्लिशिंग नई दिल्ली 1979
2. भारतीय आर्थिक नीति-लेखक चन्द्रसिंह गुप्ता, कैलाश पुस्तक सदन भोपाल म.प्र.।
3. ग्रामीण अर्थव्यवस्था लेखक आर.पी.शर्मा, कल्याणी प्रकाशन नई दिल्ली।
4. भारत की आर्थिक समस्याऐं लेखक वी.सी.सिन्हा, लोक भारतीय प्रकाशन इलाहबाद।
5. एग्रीकल्चर एण्ड रूरल बैंकिंग इन इण्डिया-लेखक एम.एस.देसाई, हिमालया पब्लिकेशन न्यू दिल्ली 2004
6. सहकारिता – लेखक डॉ.बी.एस.माधुर सहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा।
7. पत्र पत्रिकायें – कुरूक्षेत्र, योजना, जिला सहकारी बैंक की पत्रिका ऋण नीति, जिला सहकारी बैंक के वार्षिक प्रतिवेदन।
8. समाचार पत्र – नईदुनिया, दैनिक भास्कर, पत्रिका।
9. वेव साईटस – www.hubard.org, www.agri.coop.nic, http :/ रूरल.निक.इन/साईटस/प्रोग्रामर्स-स्कीमर्स-पीएमजीएसवाय.ए.एसपी।

****

नगर निगम के कार्यों का आर्थिक वर्ग समूह पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन (इन्दौर शहर के विशेष संदर्भ में)

वैभव शर्मा *

प्रस्तावना – आर्थिक विकास में शहरों का योगदान निश्चित ही अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है परन्तु यह भी सर्वविदित है कि बिना सुदृढ़ अधोसंरचना के यह विकास खोखला है। जो शहर स्वयं ही बिना नींव की इमारत के भाँति है वह किसी अर्थव्यवस्था का आधार कैसे हो सकते हैं।यदि हम आर्थिक विकास की आशा करते हैं, तो निश्चित ही पहले उसका आधार मजबूत करना होगा फिर उस आधार पर विकास का स्वप्न मूर्तरूप ले सकता है। शासन, नीति निर्माता व निवासी सभी एक अच्छी अधोसंरचना चाहते हैं। छोटे–बड़े शहरों का मुख्य आकर्षण ही वहाँ पर आधारभूत सुविधाओं का होना तथा रोजगार की संभावना है, ऐसे में स्थानीय प्रशासन संस्थाओं का महत्व बढ़ता ही जा रहा है। इन्दौर शहर में विकास के उद्देश्य से ही नगर निगम अपना कार्य संपन्न कर रहा है, परन्तु जब शहरों पर जनसंख्या का भार पड़ता है तो अधोसंरचना न केवल अपर्याप्त बल्कि अव्यवस्थित भी हो जाती है। शहरी अधोसंरचना का निर्माण व विकास न केवल वर्तमान वरन् भावी आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है और इसी के माध्यम से आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति संभव हो पाती है।

शोध का उद्देश्य – किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास में केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीति–नियमों के साथ–साथ स्थानीय शासन का भी विशेष प्रभाव होता है। इन्दौर मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी है। अत: इसके विकास में भी स्थानीय शासन का योगदान महत्वपूर्ण है। इसी विचार पर आधारित इसका मुख्य उद्देश्य है –

नगर निगम के कार्यों का आर्थिक वर्ग समूह पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना –

समंकों का संग्रहण एवं शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध कार्य में प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है। समंकों का संग्रहण इन्दौर नगर निगम द्वारा प्रकाशित पत्र–पत्रिकाएँ, वित्तीय विवरण, समाचार–पत्र, पत्रिकाओं, सूचना पत्र एवं इंटरनेट के माध्यम से किया गया है।

इन्दौर शहर में गत पाँच वर्षों में नगर निगम द्वारा किए गए आधारभूत विकास कार्यों का विवरण – शहर को जलप्रदाय हेतु 16248 लाख रु. के विकास कार्य, 1500 लाख रु. सड़क निर्माण पर व्यय, सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगभग 626 लाख रु. के विकास कार्य, वाटर रिचार्जिंग एवं पौधारोपण हेतु लगभग 912 लाख रु. खर्च किए गए, गरीब बस्ती निवारण योजना में 106.47 लाख रु. के विकास कार्य, ठोस अपशिष्ट प्रबंध हेतु 595 लाख रु. की राशि खर्च की गयी, सीवरेज एवं वर्षा जल निस्तारण हेतु 413 लाख रु. के निर्माण कार्य किए गए।

नर्मदा जलप्रदाय योजना एवं अकस्मात जलप्रदाय पर 18930 लाख रु. के पूँजीगत कार्य, 3257 लाख रु. के सड़क निर्माण कार्य, वाटर रिचार्जिंग एवं पौधारोपण 442 लाख रु., सीवरेज एवं जल प्रबंधन पर 2220 लाख रु. के निर्माण कार्य, गरीब बस्ती योजना पर 441 लाख रु. के विकास कार्य, सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था एवं मरम्मत हेतु व्यय 1120 लाख रु., सुभाष चौक पर 2 करोड़ की लागत से बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण, रानीपुरा में 2 करोड़ की लागत से व्यवसायिक भवन का निर्माण, शहर में 1 करोड़ की लागत से आधुनिक बस स्टॉप का निर्माण, विद्युत बचत परियोजना हेतु 5 करोड़ के विकास कार्य, शहर के विभिन्न स्थानों पर सुविधाघरों का निर्माण जिसकी लागत 2 करोड़ रु. रही, यशवंत सागर जलग्रहण क्षमता बढ़ाने हेतु 23.75 करोड़ की योजना स्वीकृत।

सड़कों का निर्माण कार्य 4506 लाख रु.। मरम्मत एवं रखरखाव पर 466 लाख रु. व्यय किए गए, शहर की जलप्रदाय योजना पर 24507 लाख रु. के विकास कार्य, गरीबों के आवास निर्माण हेतु 1400 लाख रु. के विकास कार्य, जनभागीदारी से 1500 लाख की सीमेंट कांक्रीट सड़कों का निर्माण, शहर में 70 स्थानों पर आधुनिक बस स्टाप का निर्माण, बहुमंजिला पार्किंग भवनों का निर्माण जिसकी लागत लगभग 77 करोड़ रु.।

शहरी जलप्रदाय हेतु 15527 लाख रु. पूँजीगत विकास कार्य, लगभग 7000 लाख रु. के सड़क निर्माण कार्य, वाटर रिचार्जिंग एवं पौधारोपण हेतु 515 लाख रु. के पूँजीगत विकास कार्य संपन्न, प्रकाश व्यवस्था हेतु 163 लाख रु. के विकास कार्य एवं मरम्मत एवं रखरखाव हेतु 1893 लाख रु. खर्च, ठोस अपशिष्ट एवं सीवरेज हेतु 9057 लाख रु. के निर्माण कार्य, शहरी जलप्रदाय के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में 37 टंकियों का कार्य पूर्ण किया गया, शहर सीमा में 8 मुख्य सड़कों पर 12 करोड़ के विकास कार्य, शहर में लगभग 24 स्थानों पर नि:शुल्क पार्किंग व्यवस्था शुरू, जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत 11 चिन्हित स्थानों पर हॉकर्स झोन का निर्माण व गरीब क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास योजना प्रारंभ, गरीबों के लिए 62 करोड़ के आवास निर्माण कार्य।रिवर साइड कॉरिडोर का निर्माण शुरू लागत 210 करोड़ रु., सरवटे और गंगवाल बस स्टेण्ड पर रैन बसेरे का निर्माण, शहर के विभिन्न स्थानों में 17 नई सड़कों का निर्माण प्रारंभ।

नगर निगम के कार्यों का आर्थिक वर्ग समूह पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन – आधारभूत सुविधाओं के बिना विकास को मूर्तरूप देना एक कल्पना मात्र ही है। किसी भी स्थान का विकास वहाँ उपलब्ध अधोसंरचना के माध्यम से ही किया जा सकता है। इन्दौर में नगर निगम द्वारा भारी मात्रा में शहरी विकास कार्य किए गए हैं एवं इन कार्यों से निश्चित ही यहाँ का आर्थिक वर्ग समूह भी प्रभावित हुआ है। यहाँ आर्थिक वर्ग समूह से तात्पर्य शहर में कार्य कर रहे व्यवसायी, व्यापारी, उद्योगपति एवं उन लोगों से है जो

* सहायक प्राध्यापक, आई.पी.एस. एकेडमी, इन्दौर (म.प्र.) भारत

मॉल से लेकर सड़क के किनारे बैठकर अपनी आजीविका चलाते हैं। नगर निगम ने जो कार्य किए हैं, उनके प्रति इस आर्थिक वर्ग समूह एवं आम नागरिकों के क्या विचार है एवं इन कार्यों से वे किस प्रकार लाभांवित हुए हैं, इसे पता लगाने के लिए प्रश्नावली के माध्यम से निगम के कार्यों का महत्व तथा सत्यता की जाँच की गयी है। प्रश्नावली में नगर निगम के कार्यों का आर्थिक वर्ग समूह पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन का प्रयत्न किया गया है। **प्रश्नावली** जो कि विशेषकर आर्थिक वर्ग समूह के लिए बनाई गयी थी जिसमें 250 व्यवसायियों, उद्योगपतियों, फुटकर विक्रेता एवं छोटा-मोटा व्यापार करने वाले व्यक्तियों से नगर निगम के विकास कार्यों एवं उनके महत्व के बारे में प्रश्न पूछे गए जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

व्यवसायिक दृष्टिकोण से इन्दौर को समृद्ध शहर का दर्जा देने वाले लोगों का प्रतिशत लगभग 75% रहा वहीं 25% लोग अभी इसे विकासशील शहर ही मानते हैं। शहर के आर्थिक विकास में नगर निगम के योगदान को 90% लोगों ने स्वीकार किया, जबकि 10% लोगों का जवाब नकारात्मक रहा।

व्यवसायिक स्थल हेतु पर्याप्त भूमि की उपलब्धता को 60% लोगों ने स्वीकार किया जबकि शेष वर्ग अभी भी भूमि को अपर्याप्त मानता है। 70% व्यक्तियों ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि नगर निगम की सड़क निर्माण योजना एवं नर्मदा तृतीय चरण योजना से उनकी व्यवसायिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। नर्मदा पेयजल व्यवस्था से उन औद्योगिक इकाईयों को काफी लाभ हुआ है, जिन्हें पेयजल की भीषण समस्या से जूझना पड़ता था। हाल ही में सांवेर स्थित 200 औद्योगिक इकाईयों को पेयजल सुलभ होने से इस मद पर व्यय की जाने वाली राशि में भारी कमी आई है और निश्चित ही यह बचत कहीं न कहीं आर्थिक प्रयोजन में ही निवेश की जाएगी।

किसी भी व्यवसाय-उद्योग के विकास के लिए अनिवार्य तत्व है- आधारभूत सुविधाएँ जिन्हें बुनियादी सुविधाएँ भी कहते हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ही एक शहर विकास के पथ पर आगे बढ़ता है। जिस शहर में बुनियादी सुविधाएँ जितनी अधिक सुलभ होगी, वहाँ आर्थिक विकास का चक्र उतनी ही तेजी से घूमता है। 65% व्यक्ति यह मानते हैं कि विकास के लिए अनिवार्य सभी बुनियादी सुविधाएँ निगम द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है एवं इन सुविधाओं के कारण उनके व्यवसाय आदि का विकास भी हुआ है। वे लोग जिन्हें निगम के विभिन्न विभागों से अधिकांशत: सहयोग प्राप्त होता है, मात्र 52% ही है, शेष वर्ग ने सहयोग को पूर्णत: नकारा है। वे लोग जिन्हें निगम के विभागों से सहयोग प्राप्त नहीं हुआ है, उन्होंने दबे शब्दों में भ्रष्टाचार की समस्या को उजागर किया है। असामाजिक तत्वों से अपने उद्योग धंधे को सुरक्षित मानने वाले लोग 40% है, जबकि आंशिक सुरक्षित एवं असुरक्षित लोगों का प्रतिशत क्रमश: 50 एवं 10 है। निगम द्वारा निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग एवं हॉकर्स झोन से लाभांवित लोगों का प्रतिशत 72 है। वहीं शेष लोगों को लाभ तो नहीं हुआ किन्तु उन्हें हानि भी नहीं हुई है। नगर निगम के द्वारा विविध स्थानों पर मल्टीलेवल पार्किंग एवं हॉकर्स झोन का निर्माण किया गया है। अनेक व्यवसायी एवं व्यापारियों ने स्वीकार किया कि पार्किंग निर्माण से न केवल उनके व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि हुई है बल्कि एक हद तक अव्यवस्थित यातायात से भी शहर को मुक्ति मिली है। पार्किंग निर्माण से उन व्यापारियों को अधिक लाभ पहुँचा है, जिनकी दुकान पर ग्राहक इसलिए नहीं जाते थे क्योंकि उनके वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं था। नगर निगम की करारोपण प्रक्रिया एवं अन्य शुल्क आदि व्यवस्था से लोग आधे से अधिक संतुष्ट है किन्तु शत-प्रतिशत संतुष्टि का अभी भी अभाव है। नगर निगम की समय-समय पर सरचार्ज आदि में दी जाने वाली छूट एवं अधिक राशि होने पर किश्त सुविधा की अनेक व्यापारियों ने सराहना की। लगभग 90% लोगों के अनुसार सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था से उनके व्यवसाय/व्यापार पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है, जबकि 10% लोग इस व्यवस्था से अप्रभावित रहे हैं। सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था एवं चौराहों पर हाईमास्ट आदि के प्रयोग से इन स्थानों पर छोटा-मोटा व्यापार-धंधा करने वाले लोगों को काफी लाभ हुआ है। पर्याप्त प्रकाश होने से एक ओर इनके बिजली व्यय में कमी आई वहीं दूसरी ओर लोगों का आवागमन भी देर रात तक चलता रहता है जिससे असुरक्षा भी एक सीमा तक कम हुई है।

निगम के ठोस अपशिष्ट सीवरेज एवं वर्षा जल प्रबंध से संतुष्ट लोगों का प्रतिशत 58% है। निगम के अधोसंरचनात्मक कार्यों से 70% लोगों के व्यापार-व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, वहीं शेष वर्ग ने भी आंशिक वृद्धि को स्वीकारा है। विकास के लिए अनिवार्य आधारभूत सुविधाओं को 60% लोगों ने पर्याप्त माना है, जबकि शेष लोगों ने सुविधाओं को संतोषप्रद माना है।

निगम के जिन कार्यों से आर्थिक वर्ग समूह ने स्वयं का आर्थिक विकास किया है, वे हैं, सड़क निर्माण, पेयजल, पुल फ्लायओवर, चौराहे एवं रोटरी, लोक परिवहन एवं सामाजिक अधोसंरचना।

आर्थिक विकास में नगर निगम की भूमिका को 45% लोगों ने अतिउत्तम श्रेणी प्रदान की है वहीं शेष इसे उत्तम श्रेणी देते हैं। विकास कार्यों को देखते हुये लगभग 72% लोग अपने उद्योग/व्यवसाय के भावी विस्तार की योजना बना रहे हैं।

निष्कर्ष - नगर निगम के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से व्यापार-व्यवसाय जगत अनुकूल रूप से प्रभावित हो रहा है। स्थानीय शासन का कर्तव्य होता है। अपने शहर के नागरिकों को वे समस्त आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करें जो कि उनके व्यवसायिक आर्थिक विकास के लिए जरूरी है। खुशी की बात यह है कि इन्दौर को प्रदेश की व्यापारिक राजधानी सिर्फ नाम के लिए ही नहीं पुकारा जाता बल्कि नगरीय शासन ने इसे व्यापारिक राजधानी का दर्जा दिए जाने के योग्य भी बनाया है। निगम द्वारा किए जा रहे इन कार्यों से अनेक लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में भी वृद्धि हो रही है। पेयजल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, जलनिकास एवं सामाजिक अधोसंरचना के कार्यों से नागरिकों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक लाभ हो रहे हैं। जिससे शहरी आर्थिक विकास में आम नागरिकों की सहभागिता बढ़ती जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पी. सी. जैन - म.प्र. नगर पालिक अधिनियम।
2. डॉ. दीपक कुमार भट्टाचार्य- रिसर्च मेथोडॉलाजी एक्सेल बुक्स, नई दिल्ली।

समाचार पत्र एवं पत्रिका -

1. दैनिक भास्कर
2. नईदुनिया

वेबसाईट -

1. www.imcindore.org
2. www.wikipedia/indore

इन्दौर नगर निगम वार्षिक बजट प्रतिवेदन।

बचत एवं विनियोग का महत्व

डॉ. एन. एल. गुप्ता * ऊँकार सिंह रावत**

प्रस्तावना – 'बचत' एक बहुत बड़ा व्यक्तिगत गुण है और इसका प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान है। साधारणतया, बुद्धिमान व्यक्ति अपनी आय से अधिक व्यय नहीं करता है, वरन् वह आय का निश्चित अनुपात व्यय करके कुछ भाग बचा लेता है। किसी भी व्यक्ति को, उसकी आय (धन) को बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से उसकी जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति में लगाना चाहिए, इसका कारण यह है कि, 'बचत' व्यक्ति की महत्वपूर्ण 'संपदा' है, जिसके आधार पर वह अपने जीवन के संध्याकाल को प्रसन्न व सुरक्षित बना सकता है।

विनियोग का महत्व स्वयंसिद्ध है। जिस प्रकार बीजों को एकत्र कर लेने मात्र से ही फल-फूल की प्राप्ति होगी, ऐसी कल्पना करना व्यर्थ है। ठीक इसी प्रकार, 'बचत' कर लेने मात्र से ही लाभांश या ब्याज की कल्पना करना भी व्यर्थ है। यही वह विचारबिंदु है, जहाँ पर विनियोग का महत्व दृष्टिगत होता है। जब हम अपनी बचतों को सही ढंग से विनियोजित करते हैं, तब ही हमें उचित प्रतिफल प्राप्त होता है। दिन-प्रतिदिन पूँजी की बढ़ती हुई आवश्यकता, विनियोग के महत्व को अभिवृद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। किसी भी राष्ट्र में पूँजी की आवश्यकता जितनी अधिक होगी, विनियोग की प्रवृत्ति उतनी ही अधिक होगी और इसके फलस्वरूप 'बचतें' भी उत्पन्न होंगीं।

जैसे कि, मैदान में जलता हुआ 'अलाव' वायु में अपनी ऊष्णता खो देता है, लेकिन इंजिन में बंद होकर वही 'अलाव' संचालन शक्ति का अखण्ड भंडार बन जाता है। ठीक उसी तरह, 'बचत' यदि तिजोरी में बंद होकर रह जाए, तो उसका महत्व नहीं रह जाता है। लेकिन यदि, उसे सही निवेश में विनियोजित कर दिया जाता है, तो वही 'विकास का मार्ग' और 'सुरक्षा' का साधन बन जाता है।

महत्व –

1. **आर्थिक आधार पर –** व्यक्ति या संस्था द्वारा जब बचत साकार होती है, तब उसे क्षेत्र विशेष में विनियोजित कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में उस बचत रूपी धन की सुरक्षा का दायित्व उस संस्था विशेष पर होता है, जहाँ उसे विनियोजित किया गया है।

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में विनियोग के महत्व को हम आर्थिक विकास के रूप में रेखांकित कर सकते हैं। विनियोग के माध्यम से ही 'धन' एकत्र होता है। ये संस्थाएँ पेशेवर रूप में इस कार्य में संलग्न हैं। इन संस्थाओं की सक्रियता से धन अधिक उपयोगी बनता है और धन में वृद्धि होती है। अत: विनियोग धन की सुरक्षा, उपयोगिता एवं मूल्य में वृद्धि की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

2. **सामाजिक आधार पर –** 'भारत', एक विकासशील राष्ट्र है। यहाँ की पृष्ठभूमि गौरवशाली व संस्कृति-प्रधान है। यहाँ के निवासियों द्वारा यहाँ के रीति-रिवाज़ों का पालन भी बड़े उत्साहपूर्वक किया जाता है, जिस हेतु वे अपनी 'बचतों' को संग्रहित करते हैं।

विनियोग से धन में वृद्धि होती है। यह सर्वविदित है, कि जो संस्था या व्यक्ति इस तथ्य से सुपरिचित हैं, वे धन को सुनियोजित ढंग से विनियोजित कर आय के वैकल्पिक स्त्रोत को निर्मित कर अपने आर्थिक पक्ष को मज़बूत करते हैं। एक सत्य यह भी प्रचलित है, कि आर्थिक पक्ष सक्षम होने पर व्यक्ति या संस्था की प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। साथ ही साथ, ये विनियोजित धन आकस्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहयोग करता है। इन सामाजिक दायित्वों की प्रतिपूर्ति के लिए वित्त नियोजन की धारणा को अपनाया जाता है।

3. **सरकार के लिए –** अर्थव्यवस्था गतिशील बनाए रखने में 'बचत' अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सरकार पर 'जन-कल्याण' व 'औद्योगिक विकास', दोनों का भार होता है, जिस हेतु बड़ी मात्रा में धन की आवश्यकता होती है। जिसमें 'बचत' के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष माध्यमों से 'धन-संग्रह' में सहायता मिलती है।

सरकार पर कई प्रकार के दायित्व हैं, जैसे प्रशासन का प्रबंधन करना, रक्षा व्यवस्था करना एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के साथ विविध प्रकार के आदेश जारी करना इत्यादि। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा स्थापित योजनाओं (अर्थात् उद्योग व समाज कल्याण की योजनाओं) की पूर्ति हेतु धन की आवश्यकता होती है, जिसकी प्रतिपूर्ति उसके द्वारा संचालित बचत एवं विनियोग योजनाओं के माध्यम से ही होती है। विनियोग के फलस्वरूप आय व रोज़गार में वृद्धि होने से राष्ट्र की बेरोज़गारी का भी समाधान होता है, साथ ही सामाजिक जीवन-स्तर भी उन्नत होता है।

4. **उद्योगों के लिए –** यह सर्वविदित है, कि पूँजी व्यवसाय की प्राणवायु है। व्यवसाय हेतु जितनी सुगमतापूर्वक पूँजी उपलब्ध होती है, उस व्यवसाय की प्रगति भी उतनी ही अधिक होती है। बचतों से सर्वाधिक महत्व उद्योगों व व्यवसाय के संदर्भ में परिलक्षित होता है। उद्योगों द्वारा स्वयं भी अपनी ओर से बचतें की जाती हैं एवं बचतों को संग्रहित करने का प्रयास किया जाता है। इस हेतु कंपनियों द्वारा स्वयं अंशपत्र ऋणपत्रों का निर्गमन कर, बचतों को एकत्र करके पूँजी निर्माण करते हैं।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है, कि बचत व विनियोग किसी भी अर्थव्यवस्था के ऐसे आधारभूत तथ्य हैं, जो कि राष्ट्र को केवल बहुमूल्य पूँजी प्रदान करते हैं, अपितु संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए इन्हीं के माध्यम से

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म. प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म. प्र.) भारत

तरलता, भुगतान संतुलन, क्रय शक्ति नियोजन और भावी अनिश्चितताओं से समाज को संरक्षित रखने में भी अति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं, इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि, 'यदि किसी देश के नागरिकों में 'बचत' एक आदत के रूप में विकसित हो चुकी है और उन्हें यदि विनियोग के पर्याप्त विकल्प उपलब्ध हैं, तो फिर ऐसा देश कभी भी आर्थिक रूप से रूग्ण नहीं हो सकता।' यही बचत और विनियोग का महत्व है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'भारतीय अर्थव्यवस्था', श्री सिंह राजीव कृष्ण, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2000.
2. 'बैंकिंग विधि एवं व्यवहार', बी. एल. ओझा, रमेश बुक डिपो, जयपुर - 2011.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का देवास जिले के ग्रामीणों पर प्रभाव

तृप्ति आगरत्या *

प्रस्तावना – भारत गाँवों का देश है। ग्रामीण विकास को अनदेखा कर कोई भी राष्ट्र विकास नहीं कर सकता। भारतीय अर्थव्यवस्था में गाँवों से ही देश का सर्वांगीण विकास सम्भव है। 2001 की जनगणना से ज्ञात होता है कि भारत की 74.27% आबादी गाँवों में ही निवास करती है।

भारतीय अर्थ व्यवस्था में विगत 30 वर्षो (1973–2003) में व्यापक आर्थिक परिवर्तन हुए। इन परिवर्तनों के फलस्वरूप सकल घरेलू उत्पाद में कृषि निर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के योगदान में व्यापक परिवर्तन हुए। सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का करीब आठ गुना और सेवा क्षेत्र का योगदान करीब ग्यारह गुना बढ़ गया। किन्तु उत्पादन वृद्धि की तुलना में इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर नहीं बढे। विनिर्माण क्षेत्र में मात्र ढाई गुना और सेवा क्षेत्र में मात्र तीन गुना ही रोजगार के नये अवसर सृजित हुए है। वर्ष 1973 में जहाँ सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 45% के करीब था, वहीं विनिर्माण क्षेत्र का 30% और सेवा क्षेत्र का 25% योगदान था। जबकि कृषि क्षेत्र में 75% व्यक्तियों को रोजगार मिला हुआ था। मात्र 10% को विनिर्माण क्षेत्र में और 15% को सेवा क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध हुआ था। अत: सरकार ने अनुभव किया कि ग्रामीणों का आर्थिक विकास उनके रोजगार द्वारा ही होगा।

इस हेतु सरकार अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन योजनाओं के माध्यम से शिक्षित एवं अशिक्षित युवकों को समुचित रोजगार अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया। सर्वप्रथम 1978–80 में रायबरेली में लघुकृषक योजना, 1980–81 में एकीकृत ग्रामीण विकास योजना 15 अगस्त 1993 प्रधानमंत्री रोजगार योजना, 1 अप्रैल 1997 स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना, 1 अप्रैल 1999 में स्वर्ण जयन्ती ग्रामस्वरोजगार योजना सम्पूर्ण भारत में लागू की गई। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय में युवाओं के रोजगार सृजन हेतु अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है।

वर्ष 2003 में सेवा क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पादन में योगदान 50% बढ गया और विनिर्माण क्षेत्र का करीब 30% योगदान हो गया, जबकि कृषि क्षेत्र का योगदान घट कर 22% ही रह गया किन्तु कृषि क्षेत्र में अभी भी 68% व्यक्ति रोजगार में लगे हुए है। इससे स्पष्ट है कि कृषि क्षेत्र में रोजगार की आवश्यकता अधिक है किन्तु अवसर न्यून्तम है। ऐसी भयानक स्थिति ग्रामीण परिवार में गरीबी, ऋणग्रस्तता एवं मानसिक तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न करती है।

जिसके कारण अपराध में वृद्धि होना आम बात है एवं जो ग्रामीण काम करना चाहते है, वे शहरों की ओर पलायन करते है। ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा 5 सितम्बर 2005 को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम पारित किया जिसका क्रियान्वयन 2 फरवरी 2006 से मध्यप्रदेश में किया जा रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम – राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जिसे मनरेगा के नाम से भी जाना जाता है। एक ऐसा अधिनियम है, जिसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे ग्रामीणों को रोजगार मांगने का अधिकार उपलब्ध है एवं रोजगार मांगने पर 15 दिनों में रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी है। तथा 15 दिनों में रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का अधिकार है।

मनरेगा का उद्देश्य – इस अधिनियम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में परिवार के लिए 100 दिवस रोजगार की गारंटी और स्थाई परिसम्पत्तियों का सृजन करना है।

लाभार्थी कौन होंगे –

1. जो ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले पंजीकृत परिवार का वयस्क सदस्य (18 वर्ष) हो।
2. जॉब कार्ड प्राप्त कर रोजगार हेतु ग्राम पंचायत को रोजगार हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया हो।
3. प्रत्येक पंजीकृत परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन का रोजगार दिया जावेगा। रोजगार हेतु पंजीयन ग्राम पंचायत में करवाना होता है, ग्राम पंचायत आवेदक को जॉब कार्ड बनाकर देती है। जो कि पाँच वर्ष हेतु बनाया जाता है।

अधिनियम के अन्तर्गत मजदूरी की दर भारत सरकार द्वारा निर्धारित होती है एवं आवेदक को 15 दिनों में रोजगार न मिलने की दशा में बैरोजगारी भत्ता दिया जाता है, जो कि पहले 30 दिनों के लिए न्यूनतम मजदूरी की एक चौथाई तथा शेष दिनों के लिए न्यूनतम मजदूरी के आधे की दर से दिया जाता है। कार्य स्थल पर मजदूरों के बच्चों के लिए झूलाघर, कार्यस्थल पर दुर्घटना होने पर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा, कार्यस्थल पर मृत्यु या स्थाई अपंगता पर 25000/–रूपये का राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राशि का भुगतान किया जाता है एवं कुल मजदूरों में एक तिहाई महिलाऐं होगी। योजना के अन्तर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन, वन रोपण, सिंचाई हेतु नहरें, लघु एवं मध्यम सिंचाई कार्य, भूमि सुधार तालाबों की गाद निकालना बाढ़ नियंत्रण, जल निकासी, सड़क निर्माण एवं राज्य सरकार की सलाह पर केन्द्र सरकार द्वारा अन्य कार्य जो अधिसूचित किए जावे। कार्य प्राथमिकता से करवाए जाते है। इस अधिनियम के अन्तर्गत कार्यो की मानीटरिंग हेतु 'ग्राम सतर्कता एवं निगरानी समिति' का गठन किया जाता है, जो अपनी रिपोर्ट ग्राम पंचायत को सौपती है। समिति के सभी सदस्य गाँवों के ही होते है।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का देवास जिले के ग्रामीणों पर प्रभाव – म.प्र. का देवास जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है। क्षेत्र में वर्ष 2001

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

में कुल जन संख्या का 72.60 प्रतिशत भाग ग्रामीण क्षेत्र में निवास करता था। जबकि वर्ष 2011 में यह मात्र 71.11 प्रतिशत भाग रह गया। इसका मुख्य कारण ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में पलायन था। वर्ष 2001 की जन गणना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में 61 प्रतिशत ग्रामीण श्रमिक है, जो कि मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते है। इस अधिनियम के लागू होने के पश्चात देवास जिले में ग्रामीणों के लिए रोजगार के द्वार खुल गये। वर्ष 2008-09 में 108861, वर्ष 2009-10 में 1,34,650, वर्ष 2010-11 में 160600, वर्ष 2011-12 में 172768, एवं वर्ष 2012-13 में 246836 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया। जो कि रोजगार मांगने वालों के 100 प्रतिशत थे। जबकि बैरोजगारी भत्ता किसी भी व्यक्ति को भुगतान नहीं करना पड़ा।

देवास जिले में वर्ष 2008 में मजदूरी दर 91 रूपये थी। जो कि इस योजना के पश्चात 2012 में बड़कर 150 रूपये हो गई। महिला को भी एक तिहाई पंजीयन होना अनिवार्य था। इसके कारण महिलाओं की आय भी बड़ी एवं महिला पुरूष को समान भुगतान मिलने लगा।

महिलाओं को गर्भवती होने पर अवकाश, बच्चों के लिए झूलाघर, नि:शुल्क चिकित्सा, मृत्यु बीमा, दुर्घटना बीमा प्राप्त होने से सामाजिक सुरक्षा में वृद्धि हुई एवं स्थाई परिसम्पत्ति में भी वृद्धि हुई। ग्रामीण साहूकारों के चुंगल से मुक्त हुए। बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हुई। देवास जिले में यह योजना बड़ा सकारात्मक परिवर्तन लाई है।

निष्कर्ष – राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है क्योंकि इसके कारण गाँवों में ही रोजगार के अवसर बड़े, ग्रामीणों की आय में वृद्धि हुई। सामाजिक सुरक्षा बड़ी, महिलाओं को समान अधिकार मिला, अपराध प्रवृत्ति में कमी आई। शहरों की ओर हो रहे पलायन में अचानक गिरावट हुई। ग्रामीणों के बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ग्रामीणों का पंजीयन प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। जबकि बेरोजगारी भत्ता निरंक रहा है। स्थाई सम्पत्ती निर्माण कार्य सामूदायिक मुलक कार्य के अन्तर्गत हो रहे हैं। जिसके फलस्वरूप श्रमिकों का आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिश्र श्रीकांत एवं डॉ. आर. एन. 'भारत में कृषि विकास'।
2. श्रीवास्तव ओ.एस.'मध्यप्रदेश का आर्थिक विकास'।
3. श्री अग्रवाल एन. एल.'भारतीय कृषि का अर्थतत्व'।
4. विकास के कार्यक्रम म.प्र. शासन पंचायत विकास विभाग भोपाल।
5. म.प्र. ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना- म.प्र. शासन।
6. जिला साख्यिकीय विभाग-देवास।

****

किसान क्रेडिट कार्ड योजना का कृषकों पर प्रभाव (देवास जिले के संदर्भ में)

निलेश कुमार टेलर *

प्रस्तावना – शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध कार्य में शोधार्थी द्वारा देवास जिले की 6 तहसीलों में दैव निर्देशन पद्धति से 50 कृषकों का चयन किया गया । जो विगत 3 वर्ष या उसके अधिक समय से किसान क्रेडिट कार्ड धारक है। कृषक एवं बैक अधिकारियों से अनुसूची द्वारा साक्षात्कार एवं बैक के प्रकाशनों से समंक एकत्र कर शोध कार्य किया गया।

शोध के उद्देश्य –

1. किसान क्रेडिट कार्ड योजना का कृषकों पर होने वाले आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव को जानना है।
2. किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रांरभ होने पश्चात् कृषकों के साहूकारों के चगुंल से मुक्ति के बारे मे जानना है।
3. किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण राशि का उपयोग कृषक कृषि कार्य पर कर रहे है या नही ? इस बारे में जानना है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना – पाश्चात्य देशो में औद्योगिकरण को आर्थिक प्रगति का द्योतक माना जाता है, जबकि भारत में कृषि विकास ही आर्थिक विकास माना जाता है । आज भारतीय कृषि की स्थिति बड़ी दयनीय है, भारत में परम्परागत कृषि तकनीक,कृषि प्रशिक्षण का अभाव ,मानसून आधारित कृषि, प्राकृतिक आपदाऐं ऐसे अनेक कारण जिसके फलस्वरूप कृषि कभी लाभ का व्यवसाय नहीं बन पाई एवं कृषक सदैव साहूकारों का ऋणी ही रहा। कृषक पर जब भी आकस्मिक खर्चे (शादी,नुक्ता,बड़ी बीमारी) आते है तो वह साहूकारो के सामने ही घुटने टेकता है एवं अपनी ऋण राशि में और बढोतरी करवाता है । साहूकार ऋण वसूली हेतु कृषक को मानसिक एवं शारीरिक कष्ट देता है जिसके कारण कभी कभी कृषक आत्महत्या जैसा कृत्य भी कर लेता है तथा कृषक की मुत्यु के पश्चात् भी उसका परिवार इसी संकट से जूझता रहता है। यह स्थिति स्वतन्त्रता के पूर्व से ही है। स्वतन्त्रता के पश्चात् भारत सरकार ने पहली पंचवर्षीय योजना में 43 करोड़ रू.,दूसरी पंचवर्षीय योजना में 240 करोड़ रू.,तीसरी पंचवर्षीय योजना में 550 करोड़ रू., चौथी पंचवर्षीय योजना में 1050 करोड़ रू.,पांचवी पंचवर्षीय योजना में 3000 करोड़ रू, छठी पंचवर्षीय योजना में 5415 करोड़ रू., सातवी पंचवर्षीय योजना में 30495 करोड़ रू, आठवी पंचवर्षीय योजना में 9285 करोड़ रू, नवी पंचवर्षीय योजना में 229956 करोड़ रू, दसवी पंचवर्षीय योजना में 736570 करोड़ रू, एवं ग्यारहवी पंचवर्षीय योजना में 1921 हजार करोड़ रू., कृषि साख हेतु प्रस्तावित किए। योजना अनुसार कृषि एवं उससे संबंधित गतिविधियों पर यह राशि खर्च की गई किन्तु आज भी इतने व्यापक स्तर पर चल रही। योजनाओं के पश्चात् कृषक गरीबी में जीवन जीने को मजबूर है। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए **श्री आर.वी.गुप्ता** की समिति द्वारा सुझाए गए सुझावों के अनुसार भारतीय रिजर्व बैक एवं नाबार्ड ने संयुक्त रूप से अगस्त 1998 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना प्रांरभ की । किसान क्रेडिट कार्ड योजना का मुख्य उद्देश्य कृषकों को बैंक से जुड़ना एवं उन्हें अल्पकालीन कृषि आवश्यकता की पूर्ति के लिए ऋण राशि उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत वे सभी कृषक जिनके पास सिंचित या असिंचित कृषि भूमि है, उन्हें 6 माह की अल्पावधि हेतु 3 लाख रू. अधिकतम ऋण प्रदान किया जा सकता है, जिस पर ब्याज दर 11 प्रतिशत (परिवर्तनशील) वार्षिक होती है। ऋण राशि का उपयोग कृषि यंत्र क्रय करने ,बीज,खाद,एवं अन्य कृषि कार्य पर किया जा सकता है। किसान क्रेडिट कार्ड प्रत्येक 3 वर्ष में नवीनीकरण करवाना पड़ता है। 1 अप्रैल 2009 से किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को 2रू 67 पैसे में 50 हजार रू. का दुर्घटना एवं मुत्यु बीमा भी बैंक द्वारा किया जाने लगा है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना की विशेषताऐं –

1. ऋण लेने की सरल प्रक्रिया ।
2. कम ब्याज दर ।
3. ऋण की आकर्षित धनराशि।
4. 70 वर्ष तक की आयु के सभी कृषकों को पात्रता।
5. योजना में फसल एवं दुर्घटना बीमा।
6. योजना का लचीलापन।
7. प्राकृतिक आपदा की स्थिति में ऋण अवधि बढ़ाई जा सकती है।
8. कम कागजी कार्यवाही।

योजना के उद्देश्य –

1. कृषकों को अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराना
2. कृषकों की आर्थिक स्थिति को सृदंढ करना।
3. कृषकों को साहूकारों के चगुंल से मुक्त कराना।
4. कृषि कार्य हेतु राशि उपलब्ध कराना।
5. कृषकों की आय में वृद्धि करना।

मार्च 2011 तक देश में 10169 लाख किसान क्रेडिट कार्ड पर 72625 करोड रू की राशि वितरित की जा चुकी है।मध्यप्रदेश में 627 लाख किसान क्रेडिट कार्ड पर 5740 करोड़ रू की राशि वितरित की जा चुकी है।देवास जिले में 7.5 लाख किसान क्रेडिट कार्ड पर 108 करोड़ रू की राशि वितरित की जा चुकी है। देवास जिले में जिला सहकारी बैक एवं अन्य बैक इस योजना के संदर्भ में सराहनीय कार्य कर रही है।

देवास जिले में जिला सहकारी बैंक द्वारा वर्ष 2005–2006 से वर्ष 2010–2011 तक कुल वितरित ऋण राशि में 71 प्रतिशत ऋण राशि किसान क्रेडिट कार्ड योजना हेतु वितरित कि गई। जबकि वर्ष 2010–2011 तक 74087 किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। इस प्रकार वर्ष 2005–

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

2006 वर्ष 2010–2011 तक जिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 66 प्रतिशत एवं जिला वाणिज्यिक बैंक ने 65 प्रतिशत भाग कुल ऋण राशि में से किसान क्रेडिट कार्ड पर वितरित किया। जिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा 84329 एवं जिला वाणिज्यिक बैंक द्वारा 92375 किसान क्रेडिट कार्ड वर्ष 2011 तक जारी किए जा चुके थे। वर्ष 2005–2006 से वर्ष 2010–2011 तक जिला सहकारी बैंक में 67 प्रतिशत , जिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में 35 प्रतिशत एवं जिला वाणिज्यिक बैंक में 25 प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की संख्या में वृद्धि हुई है। देवास जिले में जिला सहकारी बैंक एवं अन्य बैंक इस योजना के संदर्भ में सराहनीय कार्य कर रही है।

प्रमुख निष्कर्ष– शोध कार्य से ज्ञात होता है कि योजना से 90 प्रतिशत कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। 91 प्रतिशत कृषक साहूकारों के चंगुल से मुक्त हो चुके है। 75 प्रतिशत कृषक ऋण राशि का उपयोग कृषि कार्य पर ही करते है। 77 प्रतिशत कृषक ऋण राशि का समय पर भुगतान करते है। 88 प्रतिषत कृषकों की वार्षिक आय में वृद्धि हुई है एवं उनका जीवन स्तर सुधरा है। अंत में कहा जा सकता है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना कृषकों के लिए महत्वपूर्ण एवं सफल योजना है जिससे की कृषकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नावार्ड का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2011
2. कृषि अर्थव्यवस्था डॉ.मिश्र जयप्रकाश।
3. ऋण नीति जिला सहकारी बैक देवास।
4. दैनिक भास्कर समाचार पत्र।

****

Employment through Agro-Waste based Industry in Rural India

Dr. Meena Matkar *

Introduction - It is known fact that agriculture does not provide employment to all the villagers throughout the year. To a large number of people, it provides only "seasonal employment". Even the problem of "disguised unemployment" is a serious issue here. This is why 75% of the rural population comes under weaker sections of the society, who are poor and economically backward. This causes hindrance in cirulation of money and as people are sitting idle, they pose a threat to the society. The upliftment of rural people and the alleviation of rural poverty can be achieved only by providing them employment all the year round. The solution can be found within agriculture itself. Noted industrialist, Mukesh Ambani of Reliance Industries comments, "India's future is in her farms". Agriculture has the potential to accelerate the economic growth and social development in India. It is clear, that for the economic and social development in India, we will have to concentrate on an important sector of agriculture.

India produces around 200 million tonnes of food-grains from an area of approximately 141 million hectares and almost the same amount of agricultural waste and residues are also produced in the process. Many of these are produced by agriculture itself or by the utilization of the produce by man and machines. As agricultural yield is increasing in our country, the amount of waste which is generated with crops is also increasing. Thus crop residues and farm-wastes are abundantly available and some of them pose a serious disposal problem. Now-a-days, the situation is further aggravated as crop residues burning in the field is prohibited by regulations. The scope and potential for recycling a variety of waste and by-products is vast by any standard.

Waste utilization can be given a form of rural industry with which, benefits of industrialization can be achieved and in addition we can get a cleaner environment, a healthier habitat and an intelligent use of all recyclable resources without condemning these as waste. Also, the surplus work-force of villagers get employment and income, throughout the year.

This will result in

1. Increased financial capacity
2. Increased social strata
3. Enhancing economic development and growth

Thus a Win-Win situation for all.

Dr. Pathak of Punjab Agricultural has studied the potential of agricultural wastes in a village in Ludhiana district and found that after all the fodder need of the village were met, the energy potential of the remaining crop waste and animal waste was enough to meet all the energy requirement of the village and still leave a surplus. There is wide prospect of waste utilization. We can obtain high potential things just by putting little efforts and thus converting waste and residues into useful resources. And we can prove that "there is no waste material, but only wastage of materials". It is right time when 'waste' needs to be considered as a 'resource' and 'raw material' for generation of energy and other fruitful products through adoption of appropriate technologies.

Let us consider the example of production of rice in India, which in the year 2012-13 is estimated to be near about 100 million metric tonnes. Approximately, 125 million metric tonnes of straw, which is the agro-waste of rice will be generated. This agro-waste can be further used in the manufacturing of paper of straw-board.

Hence, paper manufacturing industry should be setup in rice growing areas, so as to utilize the rice-straw, otherwise, the left-over straw has to be disposed off as waste, which is cumbersome.

The soft wood and bamboos, as raw material source for paper industry have limitations, as these are not protected under the forest act. The first priority being given to protect the forest resources. Agricultural residues have become important raw materials with the scarcity of bamboo. Decades ago, the country has been planning to use straw for the manufacturing of paper. The straw will be the major source of raw material for the pulp and paper industries in the days to come. Rice straw is one of the oldest raw materials for paper making. The major advantage of straw based pulp is seen in its low cost of production because of its agricultural origin. Straw being rich in carbohydrates with low lignin content also, gives good yield with less chemical consumption, Since rice straw is very suitable raw material for production of high grade paper, and is available in huge quantity, it is advisable to set small

* Asst. Professor (Economics) Devi Ahilay Vishwavidyalay & Mateshwari Sugnidevi Girls College, Indore (M.P.) INDIA

paper mills using rice straw as raw material.

Technical aspect of paper making from rice straw -

To make paper, straws are cooked in digester with an aqueous solution of caustic soda at elevated temperature to yield pulp of relatively pure cellulose. During pulping process, the pulping chemicals selectively dissolve the lignin and separate the cellulose fibers. The pulp is washed to make it free from soluble impurities and bleached. The residual liquor is evaporated to dryness, burnt and causticized with lime to regenerate caustic soda. The pulp is bleached to brightness with bleaching powder. After refining, this bleached pulp is converted into paper in paper making machine. In order to provide strength to paper made from straw, jute fiber and waste paper is added to pulp before being bleached. The capacity utilization up to 45 tons per day will be most appropriate. The setting up of mini paper mills will have various advantages given below:-

1. The agricultural residues and other waste material which are traditionally thrown away or burnt will be used by paper mill.
2. Paper plants can come up throughout the country by fixing up site where the raw material is abundantly available. This will also decentralize the large industrial centers from one place and provide employment and economic boost in different rice producing regions.
3. This will reduce the effluent disposal problem as the treatment will not be so complicated.
4. The total capital investment being lower, the return on investment is likely to be relatively high.
5. Paper plant can be setup in backward districts in various parts of rice producing region. This will help in uplifting the economic status of the region.
6. As the requirement for water and electricity is less for small units, the same can be easily met at most of the locations.
7. The procurement of plant and machinery is easier as it can be arranged from the indigenous suppliers and manufactures.
8. Technical know-how is easily available for mini paper plant and the gestation period is shorter as compared to the larger units.

A paper making unit in Bilaspur district is studied with reference to its requirements of land area, building plant and machinery, power requirement, raw materials, man power, capital investment and raw material cost.

The details of this projects is summarized in table and the table reveals that land requirement for a paper mill project from rice-straw of capacity 10000 m ton per annum is 10 acres. The requirement of this large area of land is mainly attributed to storage of straw, cutting of straw and effluent treatment of waste materials. The fixed capital required for building is Rs. 8 crores and for that of plant and machinery is Rs. 45 crores. Most of the plant and machinery is available indigenously and only the paper making machine is imported. The power connection required is 850 KVA and man power required is 400. The para or paddy straw, caustic soda flakes and jute threads contribute to major raw materials and other raw materials required are dilute acid, chemicals of bleaching action and packing materials. The average yield of paper is 34 percent of para or paddy straw. The annual requirement of para is approx. 30 thousand tons.

The cost structure for production of paper is summarized as in the table below:-

Table 1 (See in next page)

The net realization on production of per m. ton paper is Rs. 6000. The paper mill based on usage of rice straw and production capacity 10000 ton per annum can yield a net profit of Rs. 6 crores per annum.

flow-chart (See in next page)

The flow-chart clearly depicts the process of utilization of Rice-straw in the manufacturing of paper

In order to explore the potential of agro-waste utilization, we need to facilitate the rural entrepreneurs at three levels vis-à-vis.

1. Administration and Policy level
2. Financial level
3. Technical level

Administration and Policy level requires government initiative and indulgence in building policies and administering them, as a result of which various financial institutions and NGOs, etc have the confidence to provide support at financial level. As soon as financial support is provides, various educational institutes like agricultural colleges providing basic process knowledge, engineering colleges providing machine and power support, research organizations providing skill development techniques, capacity building methodologies, and various NGOs providing vocational trainings come forward to lend support at Technical level. This leads to positive involvement of private sector, resulting in creation of Demand-Supply chain for these products in the market.

Considering the above example of utilizing the agro-waste, it can be inferred that when major part of the population gets employment, they will enhance the growth and development of the country, by spending their earned income.

References :-

1. Personal survey.

Table 1 (See in next page) Cost Structure Of Paper Per M Ton

S.	Description	Quantity (Kg)	Rate	Expenses (Rs)
1	Rice Straw	2940	Rs. 500 / m ton	1470
2	Jute Cuttings	580	Rs. 4000/ m ton	2320
3	Caustic Soda Flakes	117	Rs. 48 / kg	5616
4	Chemicals Required for Bleaching, Finishing, Glazing, etc.			2000
5	Packing Cost			300
Other Expenses				
6	Labour cost + Salary + Related administrative expenses			5000
7	Power Cost			3000
8	Running Cost (Repair and Maintenance, Boiler Running Expenses, etc.)			2000
9	Service Cost of Capital for per metric ton of paper			7200
10	Marketing Cost			3500
11	Administrative and Incidental Charges			1500
	Total Cost of production (Total of 1 to 9) rounded to			34000

Profit = Selling Price-Cost of Production (Average Revenue-Average Cost)6000 = 40000-34000 per ton



Process flow diagram for paper from rice straw

Study Of Promoting Agriculture Finance (State Bank Of India)

Abhishikha Parmar *

Abstract - One of the major strategies of the bank to increase its involvement in the development of agriculture was to open agriculture development branch with adequate technical and extension support at the centre with the requisite potential for agriculture development. In this study we highlight how the state bank of India, has been playing a pioneering role on financing agriculture and rural development through its special branches called Agriculture Development through its special branch called Agriculture Development Branch in the country. This role has been multi-dimensional and it has always given lead to others. The schemes of Agriculture development branches started by state Bank of India is unparalleled in the history of rural banking not only in this country but also in the whole world.

Introduction - With view to providing credit to farmers on an intensive areas basis the state Bank of India and its Associate Banks have initiated new experiment by setting up special "Agriculture Development Branches in selected intensive centre throughout the country. As a part of the area approach, the state bank of India has formulated the "villages Adoption Approach in !973-74 for the financing of agriculture operations for the benefit of small farmers under the scheme a branch adopts a few villages for intensive and integrated financing of farmers for meetings their credit requirements. These Agriculture Development branches have been opened in backward and underdeveloped areas. The state Bank of India group adopted 14304 villages since the inception of the scheme to 30 September 1974-43.

The states of the Uttar Pradesh, Haryana, Himachal Pradesh and west Bengal passed bill to enables commercial Banks to undertake financing of agriculture on a large scale. These bills become Act during the year 1973-74. During the year 1974-75, three more states viz. Karnataka, Maharashtra and Rajasthan passed the necessary enactment to facilities lending by commercial banks for agriculture as suggested by the Talwar committee Report . Draft Bill have been prepared by the government of Assam, Andhra Pradesh, Bihar, Jammu & Kashmir, Meghalaya and Orissa also.

History - The state Bank of India was originally the Imperial Bank of India, before it took the shape of public sector on 1st July 1955 the all India Rural Credit survey committee appointed by Reserve Bank of India, recommended in 1952, the creation of a state Bank of India by amalgamation certain state- owned banks with the Imperial Bank. The committee recommended the setting up of a state Bank of India as one strong integrated, state partnered commercial Banking institution with an effective machinery of branches spread over the whole country for simulating banking development by providing vastly extended remittance facilities for co-operative and other banks and following a policy which would be in effective consonance with the national policies adopted by government without departing from canons of sound business " Accepting the recommendation of the committee, the government of India Enacted the state Bank of India Act 1955.

The state Bank of India was established by the statutory amalgamation of Imperial Bank and ten other state associated banks and since 1963 there have been running seven its subsidiaries. That was in line with opinion expressed by the Rural Banking Enquiry committee in 1950 that, " If these Banks could be integrated in to one institution, and if that one institution could be aligned to national policies then indeed that would be an extremely important and extremely desirable line of development." The setting up of the state Bank was an important steps towards the development of strong commercial Banking system. Thus, the nationalization of the Imperial bank and the establishment of the State Bank of India was an important milestone on the road to the establishment of an integral commercial banking unit with branches all over the country under effective state control.

Consequently on 1st July 1955 the Imperial Bank of India was nationalized and in its place the State Bank of India was established July 1st 1955 is thus considered as a Red Letter Day and a new chapter of state ownership in the history of commercial banking in India.

Literature Review - State Bank of India: The pioneer in Agriculture lending : This study is made by o.p. Bhatt. To Providing focused attention on the banking requirement of the agriculture segment.

A study of Role in Financing of Agriculture and Industries sectors by state Bank of India with special references to Bihar: This paper is written Dr. Kumudani

* Research Scholar, D.A.V.V., Indore (M.P.) INDIA

Mangal (Dept. of Economies somnth- Gujrat) – A study to examine the Impact of the state banks finance in Rural development . The problems of both the bankers and farmer and gave suggestion to overcome the problems.

Objective :

1. To examine the role of Agriculture Development Branch of SBI.
2. Object is to give preference to the areas which are backward.
3. Object is not only to finance Agriculture but also to promote Agriculture Development as a whole in the areas of its operations.

Research Methodology - In order to complete our study we visited many websites. We read many interviews of the professionals. We went through many magazines and previous studies. Also we met many people who belong to the SBI banks and the SBI Branch of Agriculture Development Bank based on all these studies data has been collected.

Result and Analysis - One of the major strategies of the bank to increase its involvement in the development of agriculture was to open Agriculture development Branches with adequate technical and extension support at the centers with the requisite potential for agriculture development. The main analysis of this study is that the State Bank Of India, has been playing a pioneering role in financing agriculture and rural development through its special branches called Agriculture Development Branches in the country. This role has been multi-dimensional and it has always given a lead to others. The scheme of Agriculture Development Branches started by State bank of India is unparalleled in the history of rural banking not only in this country but also in the whole world.

The Agriculture development Branches of the bank provide packages of assistance which, besides credit support including technical and other facilities. For the purpose, each Agriculture Development Branch is staffed by a set of technical officer, extension officers, veterinary surgeons and agriculture assistance according to the requirement of the areas. In order to guide the technical wing of the ADB's each local head office of the bank has a separate technical cell consisting of a chief technical officers and technical officers specializing in animal husbandry, agronomy, horticulture etc.

Besides the above activities, the agricultural Development Branches will also accept deposits from farmers and grant- agriculture loans against gold ornaments and silver wares even if requests for such services are received from the villages/ areas not covered by them.

Conclusion - Here we have discussed about nature and object of SBI including ADB's and few steps taken by the Indian commercial Bank for improving their business as a whole. The success of bankers at that level depends on his capacity to understand, co-operates and to influence the other participants in the planning process. This is the new dimensions of the banking business in India to which utmost awareness and still acquisition are demanded.

References :-

1. https://www.sbi.co.in
2. www.nabard.org
3. In.alhea.com
4. Bank.sbi.com
5. www.sbiantwerp.com

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Role of Econometrics in Economic Analysis

Dr. Rashmi Gupta *

Introduction - The main role of econometrics lies in the estimation and testing of economic models. The first step in the process is, therefore, specification of the model in the mathematical form, for as we have seen that "a priori" restrictions derived from economic theory are not usually sufficient to yield a precise mathematical form. Then we should collect relevant data from the economy or sector that model purports to describe. Thirdly, we employ data to estimate parameters of the model and finally we carry out test on estimated model in an attempt to adjudge whether it constitutes a sufficiently realistic picture of the economy being studied or whether a somewhat different specification has to be estimated.

Field Of Econometrics

The entire field covered by econometrics is indicated through following chart

(See Chart in Next Page)

Usefulness Of Econometric Models - Econometric models are advancement for the success of economic planning in developing as well as underdeveloped countries. These help in minimizing unemployment and maintaining stability in the rate of economic growth in developed countries and also for other purposes. The ways providing this device are based on the deviation of mathematical formulae. These models represent the operation of economic cause and effect relationship- the laws of rules of economic behavior, and show the reactions initiated by changes in casual factors. Econometric models are relatively new; they have recently been developed and are being constantly refined to suit the ever changing circumstances.

Economics is, fundamentally based on rational behavior of human beings and not on the mechanical laws of Physics and other natural sciences. Hence, the laws of economics cannot be measured accurately and precisely like the laws of physics. Nevertheless, they provide improved guidance to economic policy- makers besides the guidance provided by their own experience.

Economics differs from Physics in two ways:

1. It is not at all possible to conduct controlled laboratory experiments where the effects of each factors can be measured directly: and
2. The laws of physics are always certain, while economic laws are uncertain and involve flexible reactions of human behavior.

Thus it can be asserted that, laws based on human behavior can be verified in an approximate sense. They are probables, they will tend to be accurate on the average, over time; but they will not be completely be accurate at any point of time. If an econometric model can help in forecasting economic events, its value and usefulness to policy-makers and planners is enhanced. These models help the policy makers in following ways:

1. Models reflecting the influence of a change in prices paid by the foreigners for domestic goods (exported) on the quantity of imports they buy, and the effect of changes in the cost of imports on the countries own (domestic) imports; help the planners to make necessary variation in exchange devaluation.
2. These models reveal relative importance of the effect of taxes on saving and consumption expenditure, because savings are necessary for financing the investment leading to economic development.
3. They can provide guidance to export industries for their establishment, development and expansion.

Methodology Of Econometric Research - Applied econometric research is concerned with the measurement of parameters of economic relationships and with the prediction of the values of economic variables. An econometric research, actually involves four stages in enumerated here under:-

Stage I: Specification of a model - This stage is often referred as the formulation of maintained hypothesis.

Stage II: Estimation of parameters - This stage includes the estimation of a model through appropriate econometric techniques. This stage is often known as testing of maintained hypothesis.

Stage III: Evaluation - Once the model has been estimated, one should proceed with the evaluation of estimates. It decides on the basis of certain criteria whether the estimators are satisfactory, reliable and therefore yield consistent results.

Stage IV: Forecasting and predicting the model - This final is concerned with the evaluation of forecasting and predicting the validity of the model. It also ascertains whether estimators are useful in decision making and policy

* **Asst. Professor (Economics) M.J.B.P.G. Govt. Girls College, Moti Tabela, Indore (M.P.) INDIA**

recommendations. The econometrician, at this stage must ascertain and satisfy himself about the forecasting power of the model.

Limitations Of Econometrics - In econometrics we are only concerned with quantitative statistics. The statistics of prices, production, employment, purchases, exports, weather conditions and many other- variables relevant to economic behavior or decision making, provide raw material for economic research. These data are insufficient and inaccurate information is not obtained in time. Besides this, the results are based on human behavior which is never consistent i.e. rational. Delays are made even in the collection of data.

Predictions are made through sampling methods. The limitations of sampling methods are thus, the limitation of econometrics. Its study requires a sound knowledge of mathematics and statistics.

Economics And Econometrics - We know that econometrics is the application of a specific method in the general field of economic science in an effort to achieve quantitative results and to verify economic aws. It consists in the application of economic theory and statistical methods to economic data; in order to find quantitative results in the field of economics and to verify economic theorems. Let us assume, that consumer aims at maximizing his total utility. The prices of all the commodities and services and his present level of income are independent of his actions. From the above assumptions we can arrive at certain properties of the individual demand function for all commodities and services. If we have quantitative information about prices and quantities of goods, we may test statistically the validity of certain theories e.g.: elasticity of demand for various goods with respect to price and income. Similarly we can solve the problem of an entrepreneur who aims at maximizing his profit under perfect competition, monopoly, imperfect competition, oligopolistic competition or duopolistic competition. Through competitive information we can derive certain properties of demand and supply functions of these firms. In case we have relevant data, we may apply econometric methods to derive the price elasticity of demand and supply or test the required hypothesis about this elasticity's.

References :-

1. Johnston, J, Econometric Methods
2. Mathematical Statistics: Ray and Sharma
3. Econometrics- J.K. Joyal, B.K. Saxena



****

मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास में कृषि का योगदान - एक विवेचना

प्रो. हिरासिंह जामोद *

शोध सारांश - मध्यप्रदेश को वर्ष 2013-14 में गेहूँ उत्पादन के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि के लिए भारत सरकार द्वारा देश का सर्वोच्च 'कृषि कर्मण अवार्ड' दिया गया है। पुरस्कार में 2.00 करोड़ रू.राशि प्रदान की गई। मध्यप्रदेश द्वारा अनाज उत्पादन के क्षेत्र में लगातार चौथी बार कृषि कर्मण अवार्ड प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ है। लगातार चार वर्षो से यह पुरस्कार प्राप्त करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। इससे पूर्व वर्ष 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 में खाद्यान्न फसलों के लिये प्रदेश का यह सम्मान महामहिम राष्ट्रपति के करकमलों से प्रदान किया गया था। प्रदेश की कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर उत्तरोत्तर बढ़ रही है। 2011-12 में 19.85 प्रतिशत 2012-13 में 20.16 प्रतिशत तथा 2013-14 में (प्रावधानित) 24.99 प्रतिशत के साथ हम देश के अग्रणी राज्यों की कतार में शामिल हैं। आयुक्त भू अभिलेख के 2013-14 के अन्तिम पूर्वानुमान (FFC) के अनुसार विगत एक वर्ष में प्रदेश निम्नलिखित फसलों मे राष्ट्रीय औसत उत्पादकता से आगे निकल गया है। प्रदेश की उत्पादकता धान 27.89 क्विं./हे. ज्वार 15.00 क्विं./हे. बाजरा उडद 20.03 क्विं./हे. मूगंफली 15.71 क्विं./हे. कपास 11.45 क्विं./हे. कुल दालें 9.27 क्विं./हे. रेकार्ड दर्ज किया है।

प्रस्तावना - क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य था किन्तु 31 अक्टुम्बर 2000 को इसका विभाजन करके 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ का गठन कर 1 नवम्बर 2000 के पश्चात् वर्तमान में यह क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान के बाद दूसरे स्थान पर है। जिसकी सीमाएँ पांच राज्यों को उत्तर में उत्तरप्रदेश दक्षिण में महाराष्ट्र उत्तर-पूर्व में छत्तीसगढ़ पश्चिम में राजस्थान एवं गुजरात को छूती है। राज्य का क्षेत्रफल 308.2 हजार वर्ग कि.मी. है। इसका विस्तार पूर्व से पश्चिम की ओर 870 किमी. तथा उत्तर से दक्षिण की ओर 605 किमी. है।

म.प्र. की जनसंख्या 2011 की जनसंख्या के अनुसार 725.98 लाख है। यह देश की जनसंख्या का 6.0 प्रतिशत है। राज्य की कार्यशील जनसंख्या का 17.48 प्रतिशत कृषि पर निर्भर है। प्रदेश की 80.2 प्रतिशत आबादी 54903 ग्रामों में बसती है। प्राथमिक क्षेत्र को 93.2 प्रतिशत भाग ग्रामीण क्षेत्र से प्राप्त होता है। राज्य में वर्षा की स्थिति क्षेत्रवार भिन्न - भिन्न है। प्रदेश में कुल वार्षिक वर्षा सामान्यत: उत्तर पश्चिमी भागों में सामान्यत: 60 से.मी. तथा दक्षिणी पूवी भाग में 100 से 120 से.मी. होती है। मध्यप्रदेश जलवायु परिस्थितियों, मिट्टी ओर विविध फसल पेटर्न के साथ अलग सम्पन्न राज्य है इसलिए इसकी भूमि क्षेत्रों को 7 कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। कृषि के क्षेत्र में विकास एवं प्रगति के लिए नये मुकाम हासिल कर लिए है। पिछले कुछ वर्षो में खाद्यान्न उत्पादन में अधिक या दुगनी वृद्धि दर्ज कर रखी है। खाद्यान्न उत्पादन के मामले में उत्तरप्रदेश तथा पंजाब के बाद आता है। भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन में यह 7.7 प्रतिशत का योगदान देता है। तिलहन उत्पादन के मामले म.प्र. देश में 25.5 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें यह देश में पहले स्थान पर है।

भूमि उपयोग - मध्यप्रदेश के अधिकांश जनसंख्या का जीविका का साधन कृषि ही है, प्रदेश की कुल जनसंख्या का 73.5 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों मे निवास करता है। राज्य की कुल भूमि की 49 प्रतिशत भूमि पर खेती की जाती है, वर्ष 2009-10 समस्त फसलों के अंतर्गत कुल बोया गया क्षेत्रफल 215.45 लाख हेक्टेयर था। शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल 150.75 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल कुल बोए गए क्षेत्रफल में द्विफसली क्षेत्रफल 64.40 लाख हेक्टयर है। म.प्र. में सकल घरेलु उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान वर्ष 2004-05 में 25.97 प्रतिशत था जो 2008.09 में घटकर 22.47 प्रतिशत रह गया। राज्य में कृषि क्षेत्रों का विभाग्न आधारों पर वर्गीकरण किया गया।

- **प्रदेश की प्रमुख फसलें -** प्रदेश में उत्पादित की जाने वाली फसलों को निम्नलिखित भागों में बांटा जा सकता है- खाद्यान्न फसलें - व्यापारिक एवं नगदी फसलें
- मध्यप्रदेश देश में सोया प्रदेश के नाम से प्रसिद्ध है (देश के कुल उत्पादन में 49.95 प्रतिशत) तिलहन उत्पादन (देश के कुल उत्पादन में 21.34 प्रतिशत) देश में में प्रथम स्थान तथा दलहन उत्पादन (देश के कुल उत्पादन में 20.46 प्रतिशत) में दुसरे स्थान पर है।

प्रदेश की प्रमुख फसलों में गेहूँ, चावल, ज्वार, मक्का, चना, मूंगफली, सोयाबीन, तिल, अलसी, गन्ना, कपास, अरहर, मेस्टा व सनई आदि है। प्रदेश में गेहूँ का वितरण असमान है। मालवा का पठार उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है। उसके बाद सीहोर विदिशा रायसेन जिलों का स्थान है तथा रीवा का पठार नर्मदा घाटी आदि क्षेत्र है। इन क्षेत्रों में सकल बोया क्षेत्र 30 से 35 प्रतिशत भाग पर गेहूँ उत्पादित होता है। प्रदेश में हरित क्रांति का सर्वाधिक लाभ गेंहूँ उत्पादन को हुआ है।

मध्यप्रदेश में फसल आधारित कृषि क्षेत्र विभाजन -

- **ज्वार का क्षेत्र -** गुना, शिवपुरी, श्योपुर व पश्चिमी मुरैना।
- **गेहूँ व ज्वार का क्षेत्र-** इसका विस्तार बुंदेलखण्ड का पठार तथा मालवा के मध्य भाग पर है, इसके अतिरिक्त पश्चिमी मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, पूर्वी गुना, विदिशा, भोपाल, रायसेन, सागर, नरसिहपुर, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, सतना, रीवा भी गेहूँ व ज्वार के क्षेत्र है।
- **कपास व गेहूँ का क्षेत्र -** उज्जैन, मंदसौर, शाजापुर, राजगढ़, देवास और सीहोर है।

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, हरसूद, जिला - खंडवा (म.प्र.) भारत

- **कपास का क्षेत्र –** खरगोन, रतलाम, बड़वानी, धार व झाबुआ।
- **चावल व कपास का क्षेत्र –** खण्डवा, बुरहानपुर ।
- **चावल कपास व ज्वार क्षेत्र –** बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी।
- **चावल का क्षेत्र –** संपूर्ण पूर्वी मध्यप्रदेश शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडोरी, बालाघाट, मण्डला, सीधी, जबलपुर एवं सिवनी के कुछ भाग।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि प्रदेशों का विभाजन – वर्ष 2006 में कृषि विभाग का नाम बदलकर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग कर दिया गया। विभाग द्वारा प्रदेश को 5 प्रदेशों में विभाजित किया है –

- **पश्चिम में काली मिट्टी का मालवा प्रदेश –** मंदसौर नीमच रतलाम झाबुआ, बड़वानी, हरदा, धार, देवास, उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, इन्दौर, खण्डवा, खरगोन आदि ज्वार व कपास के प्रदेश है।
- **उत्तर में ज्वार गेहूँ का प्रदेश –** मुरैना श्योपुर, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, छतरपुर, तथा टीकमगढ़ जिलों में है। तथा बैतूल व छिंदवाड़ा जिलें है।
- **मध्य गेहूँ का प्रदेश –** भोपाल, सिहोर, नरसिहपुर, होशंगाबाद, रायसेन, विदिशा, सागर तथा दमोह जिलें शामिल है।
- **चावल गेहूँ प्रदेश –** इसमें पन्ना, सतना, कटनी, उमरिया, जबलपुर तथा सिवनी के दक्षिणी भाग स्थित है।
- **सम्पूर्ण पूर्वी प्रदेश चावल प्रदेश –** इसमें रीवा, सीधी, शहडोल, अनुपपुर, डिंडोरी ,मण्डला, बालाघाट आदि जिले सम्मिलित है।

सकल राज्य घरेलू उत्पाद एवं क्षेत्रवार निष्पादन –

- **प्राथमिक क्षेत्र –** कृषि (पशुपालन सहित), वनोद्योग तथा लट्ठे बनाना एवं मछली उद्योग सम्मिलित है ।
- **द्वितीयक क्षेत्र –** खनन तथा उत्खनन, विनिर्माण, विद्युत, गैस एवं जल पूर्ति तथा निर्माण क्षेत्र सम्मिलित है।
- **तृतीयक क्षेत्र –** व्यापार, होटल तथा जलपान गृह, परिवहन, भण्डारण, संचार, वित्त, बीमा, स्थावर सम्पदा एवं व्यावसायिक सेवाए। सामुदायिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत सेवाएं सम्मिलित है ।

सारणी (अ) (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सकल घरेलू उत्पाद में –प्राथमिक क्षेत्र (कृषि एवं सह उत्पाद) का अंश आधार वर्ष में 27.66 प्रतिशत था, जो घटकर स्थिर (2004–05) भावों पर वर्ष 2013–14 में 29.04 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि द्वितीयक(उद्योग) एवं तृतीयक (सेवा) क्षेत्र का अंश आधार वर्ष (2004–05) में क्रमश: 27.15 एवं 45.19 प्रतिशत था, जो बढ़कर वर्ष 2013–14 में 25.59 एवं 45.37 प्रतिशत होने का अनुमान है। स्थिर (2004–05) भावों पर वर्ष 2012–13 के त्वरित अनुमान की तुलना में प्राथमिक (कृषि एवं सह उत्पाद) क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2013–14 में 23.28 प्रतिशत की वृद्धि एवं द्वितीयक (उद्योग) क्षेत्र एवं तृतीयक (सेवा) क्षेत्रों में क्रमष: 2.15 प्रतिशत एवं 9.54 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद में आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2013–14 में प्रचलित भावों पर 299.28 प्रतिशत तथा स्थिर भावों पर 111.22 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है, जबकि गत वर्ष की तुलना में प्रचलित भावों पर 21.15 प्रतिशत एवं स्थिर भावों पर 11.08 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है ।

चित्र–1(देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

वर्ष 2010–11 में कृषि क्षेत्र में 11.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, वर्ष 2011–12 में कृषि क्षेत्र में 27.45 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वर्ष 2012–13 में कृषि क्षेत्र में 31.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा वर्ष 2013–14 में कृषि क्षेत्र में 40.02 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त करने का अनुमान है। चालु कीमतों के अनुमानों के आधार पर द्वितीयक व तृतीयक दोनों ही क्षेत्रों में गिरावट आयी है। जबकि प्राथमिक क्षेत्र में लगभग चार गुना अधिक दर से वृद्धि हुई। इस प्रकार म.प्र. की आर्थिक विकास की दर के पीछे म.प्र. का कृषि क्षेत्र है जिसके कारण से प्रदेश दो अंकों की विकास दर से वृद्धि कर रहा है।खाद्यान्न उत्पादन के मोर्चे पर म.प्र. देश में अग्रणी प्रदेशों की सूची में अपना स्थान बना चुका है। स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद में प्राथमिक द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र का क्षेत्रवार योगदान का एक वृत चित्र 2004–05 एवं 2013–14 का एक तुलनात्मक विवरण इस चार्ट के द्वारा देखा जा सकता है।

चित्र–2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका एवं वृत्तचित्र से स्पष्ट है कि वर्ष 2004–05 कृषि क्षेत्र का योगदान सकल राज्य घरेलू उत्पादन में 27.66 प्रतिशत था जो 2013–14 में बड़कर 29.04 प्रतिशत हो गया। उक्त अवधि कृषि क्षेत्र का योगदान एसजीडीपी. में 31238 करोड़ रूपए था जो बढ़कर 69,250 करोड़ रूपए हो गयी जो कि कृषि क्षेत्र में 121 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है ।

सारणी (ब) (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

सारणी (स) (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

कृषि क्षेत्र के उत्पादन का मूल्य एवं प्रमुख फसलों का उत्पादन उपरोक्त सारणी (ब) में दिया गया है। जिसमें कृषि क्षेत्र के निष्पादन में वर्ष 2012–13 में गत वर्ष की तुलना में स्थिर (2004–05) भावों पर कृषि उत्पाद एवं पशुधन के मूल्य में क्रमश: 20.44 एवं 5.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रमुख फसलों के अन्तर्गत वर्ष 2012–13 के दौरान धान, गेहूँ, मक्का, चना, तुअर, उड़द, मसूर, सरसों एवं सोयाबीन के उत्पादन में क्रमश: 32.54, 10.87, 81.19, 33.99, 3.85, 57.58, 54.63, 21.77 एवं 29.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि ज्वार, बाजरा और मूंगफली के उत्पादन में गत वर्ष की तुलना में क्रमश: 1.09, 1.79 एवं 13.64 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है।

मध्यप्रदेश को वर्ष 2013–14 में गहूं उत्पादन के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि के लिए भारत सरकार द्वारा देश का सर्वोच्च कृषि सम्मान 'कृषि कर्मण अवार्ड' दिया गया है। पुरस्कार में 2.00 करोड़ रू.राशि भी प्रदान की जाती है। प्रदेश द्वारा इस प्रकार लगातार तीसरी बार कृषि कर्मण अवार्ड हासिल करने का गौरव प्राप्त किया गया है। इससे पूर्व वर्ष 2012–13 तथा 2011–12 में खाद्यान्न फसलों के लिए प्रदेश का यह सम्मान महामहिम राष्ट्रपति के करकमलों से प्रदान किया गया था।

प्रदेश की कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर उत्तरोत्तर बढ़ रही है। 2011–12 में 19.85 प्रतिशत 2012–13 में 20.16 प्रतिशत तथा 2013–14 में (प्रावधानित) 24.99 प्रतिशत के साथ हम देश के अग्रणी राज्यों की कतार में शामिल हैं। आयुक्त भू अभिलेख के 2013–14 के अन्तिम पूर्वानुमान (FFC) के अनुसार विगत एक वर्ष में प्रदेश निम्नलिखित फसलों मे राष्ट्रीय औसत उत्पादकता से आगे निकल गया है। फसल प्रदेश की उत्पादकता धान 27.89 क्विं./हे. ज्वार 15.00 क्विं./हे. बाजरा उ. 20.03 क्विं./हे. मूगंफली 15.71 क्विं./हे. कपास 11.45 क्विं./हे. कुल दालें 9.27 क्विं./हे. रिकार्ड दर्ज किया है ।

18 फरवरी 2016 को ग्राम शेरपुर जिला सिहोर म.प्र. में मा.प्रधानमंत्री द्वारा अगले छ: वर्षो में किसानों की आय दुगुनी करने का रोडमेप जारी

किया जिसमें तिहाई हिस्से पर परम्परगत कृषि तिहाई हिस्से पर कृषि वानिकी/कृषि उद्यानिकी तथा तिहाई हिस्से पर पशुपालन का मुख्य आधार बताया। मुख्य रूप से खेती को लाभ का व्यवसाय, लागत में कमी कृषि का यंत्रीकरण, विविधिकरण, मृदा परीक्षण, बीजोपचार, जैविक खेती, सिंचाई क्षेत्र में विस्तार जिसमें लघु सिंचाई परियोजनाओं को बढ़ावा देना शामिल है। म.प्र. सरकार विजन 2018 में यह संकल्प निर्धारित किया गया है कि प्रतिवर्ष 2 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का विस्तार किया जायेगा।

मध्यप्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में शुन्य ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराते हुए इस क्षेत्र में निवेश को भी प्रोत्साहित किया है, जिसका परिणाम हमें रिकार्ड उत्पादन के रूप में प्राप्त हो रहा है। प्रदेश की कृषि क्षेत्र में अपार विकास की संभावनाएं है, जिसमें मुख्य रूप से विपणन, सिचाई एवं कृषि तकनीकों के आधुनिक उपयोग से ही संभव है, साथ इस क्षेत्र को शोध एवं नवाचार की महती आवश्यकता है। उच्चतम विकास दर को बनाए रखने के लिए उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाना अति आवश्यक है। खेती की आधुनिक तकनीकों का ज्ञान सीमांत किसानों को हो तथा सभी किसानों को ऋण उपलब्ध कराने के साथ फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के साथ साथ कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले कृषकों व श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा सरकार के लिए मुख्य चुनौती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पंत, जे.सी. एवं मिश्रा जे.पी., भारतीय अर्थव्यवस्था, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा, 2014, पृष्ठ -157
2. म.प्र. राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान, 2004-05 से 2013-14 आर्थिक एवं सांख्यिकी संचानालय म.प्र-.2014 पृष्ठ-9,10
3. प्रशासनिक प्रतिवेदन, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मध्यप्रदेश, 2014-15 पृष्ठ-01
4. मध्यप्रदेश कृषि आर्थिक सवेक्षण 2016
5. दृष्टि पत्र 2018 म.प्र. शासन।
6. म.प्र. शासन का पोर्टल।
7. भारत सरकार का पोर्टल।

सारणी (अ) - क्षेत्रवार सकल राज्य घरेलू उत्पाद

(करोड़ रूपयों में)

वर्ष /क्षेत्र	प्रचलित कीमतों पर			स्थिर कीमतों पर (2004-05)		
	2011.12(प्रा.)	2012.13(त्व)	2013.14(अ.)	2011.12(प्रा.)	2012.13(त्व)	2013.14(अ.)
प्राथमिक क्षेत्र	84069	110274	154405	47349	56171	69250
अंशवृद्धि	26.97	29.63	34.24	24.23	26.16	29.04
दर	27.45	31.17	40.02	18.17	18.63	23.28
द्धितीयक क्षेत्र	85924	95344	103321	56642	59749	61029
अंशवृद्धि	27.57	25.62	22.92	28.99	27.82	25.59
दर	12.25	10.96	8.37	5.05	5.48	2.15
तृतीयक क्षेत्र	141677	166552	193174	91417	98824	108248
अंशवृद्धि	45.46	44.75	42.84	46.78	46.02	45.37
दर	17.20	17.56	15.98	8.63	8.10	9.54
स.रा.घ.उ.	311670	372171	450900	195409	214741	235828
वृद्धि दर	18.33	19.41	21.15	9.69	9.89	11.08

चित्र-1



म.प्र. की सकल राज्य घरेलू उत्पाद में प्राथमिक, द्वितीयक व सेवा क्षेत्र की वृदि दर (प्रचलित कीमतों पर)

चित्र–2



सारणी (ब)
कृषि क्षेत्र का निष्पादन
(स्थिर मद (2004–04) भावों पर उत्पादन का मूल्य करोड़ रूपये में)

वर्ष	2004.05	2005.06	2006.07	2007.08	2008.09	2009.10	2010.11	2011.12	2012.13
कृषि	29329	30248	31408	30643	33422	36724	36334	43200	52031
पशुधन	9750	11053	11287	11742	12257	13077	14192	16063	17025

सारणी (स)
म.प्र .की प्रमुख फसलों का उत्पादन
(लाख टन में)

वर्ष	2004.05	2005.06	2006.07	2007.08	2008.09	2009.10	2010.11	2011.12	2012.13
धान	19.64	25.42	20.94	19.98	23.67	20.44	26.60	34.20	45.33
गेहूँ	73.27	62.00	78.48	67.37	72.80	88.73	92.27	14.44	161.25
ज्वार	6.22	6.10	5.65	6.04	5.98	6.03	6.05	5.51	5.45
बाजरा	2.51	2.75	2.54	2.78	2.63	2.96	3.87	3.91	3.84
मक्का	12.31	12.48	8.54	11.19	11.40	10.27	13.40	13.24	23.99
चना	24.75	23.78	25.57	19.26	28.15	32.31	22.66	28.45	38.12
तुअर	2.48	2.42	2.13	1.97	2.47	2.57	2.06	3.38	3.51
उड़द	1.96	1.73	1.63	1.97	1.98	2.16	2.17	1.65	2.60
मसूर	2.63	2.93	2.62	2.21	2.64	2.73	2.02	2.16	2.34
सोयबीन	37.60	48.14	47.89	53.68	59.24	64.28	62.81	64.97	84.16
मुगफली	2.45	2.31	1.92	1.92	2.40	2.54	3.05	3.74	3.23
सरसों	7.56	8.56	7.06	5.94	7.99	8.05	8.19	7.90	9.62

स्त्रोत–म.प्र. राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान, 2004–05 से 2013–14 आर्थिक एवं सांख्यिकी संचानालय म.प्र.–.2014पृष्ठ–9,10

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

स्व-सहायता समूह से ग्रामीण महिला विकास का परिदृश्य- एक अध्ययन (मंडला एवं बालाघाट के विशेष संदर्भ में)

डॉ. अरूणा कुसुमाकर *

प्रस्तावना – स्व-सहायता समूह योजना ग्रामीण महिला विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूह का गठन किया गया। स्व-सहायता समूह में यह लक्ष्य रखा गया कि देश की ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। भारत में स्व-सहायता समूह अपेक्षाकृत नया प्रयोग है किन्तु पिछले वर्षो से यह काफी सफल हो रहा है। भारत में गठित लगभग 36 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों में से लगभग 90 प्रतिशत महिलाओं के समूह हैं।

स्व-सहायता समूह महिलाओं का ऐसा अनौपचारिक समूह है,जो अपनी बचत तथा बैंकों के सूक्ष्म वित्तीयन से अपने समूह की पारिवारिक व व्यक्तिगत जरूरत को पूरा करता है और विकास संबंधी कार्यक्रम के माध्यम से गरीबी दूर करने तथा महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अध्ययन के उद्देश्य –

- स्व-सहायता समूह योजना का अध्ययन करना।
- स्व-सहायता समूह का ग्रामीण महिला विकास में योगदान का अध्ययन करना।
- स्व-सहायता समूह से ग्रामीण महिला विकास के परिदृश्य को ज्ञात करना।
- प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझाव प्रेषित करना।

अध्ययन प्रविधि – अध्ययन की प्रकृति मूलत: सर्वेक्षण, अवलोकन एवं साक्षात्कार पर आधारित है।

अध्ययन हेतु उद्देश्यात्मक निदर्शन पद्धति के द्वारा बालाघाट जिले एवं मण्डला जिले केअन्तर्गत आने वाले दो-दो विकास खण्डों का चुनाव किया गया है। बालाघाट जिले के दो विकासखण्ड (वारासिवनी, लालवर्रा) एवं मण्डला जिले के दो विकास खण्ड (आमानाला, बर्राटोला) का चुनाव दैव निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया है। प्राथमिक समंक, बालाघाट एवं मण्डला जिले के उपर्युक्त विकास खण्डों से कुल 20 ग्रामों से 2000 महिला सदस्यों का दैव निदर्शन पद्धति से चयन कर अनुसूची, प्रश्नावली, व्यक्तिगत साक्षात्कार तथा विचार विमर्श के द्वारा संमकों का संकलन किया गया है। संकलित संमकों को आवश्यकतानुसार वर्गीकृत कर सारणियाँ बनाई गई तथा संमकों का निर्वचन प्रतिशत के द्वारा किया गया है।

उद्देश्यों के अनुसार निष्कर्ष प्राप्त करने हेतु विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग कर स्व-सहायता समूह के योगदान से ग्रामीण महिला विकास के परिदृश्य की वास्तविक स्थिति को ज्ञात कर उचित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं।

विश्लेषण – भारत में स्व-सहायता समूह की शुरूआत 1992 में नाबार्ड ने एक योजना के अन्तर्गत की, किन्तु वास्तविक रूप में आने में काफी समय लगा। स्व-सहायता समूह की अवधारणा संगठन में शक्ति पर आधारित है। ग्रामीण भारत में स्व-सहायता समूह ने हजारों लाखों अशिक्षित गरीब वर्ग की महिलाओं को न केवल घर की चौखट के बंधन से मुक्त कर बाहर निकाला है वरन् उन्हें महत्वपूर्ण आर्थिक स्वतन्त्रता प्राप्त करने में समर्थ बनाया है।

स्व सहायता समूह ग्राम या नगर के व्यक्तियों के छोटे-छोटे समूह होते हैं जिसके माध्यम से एक जैसी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के लोग अपनी समस्याएँ परस्पर सहयोग से हल करने का प्रयास करते हैं। स्व-सहायता समूहों में ग्रामीण अपनी इच्छा से संगठित होते हैं। गरीब अपनी थोड़ी-थोड़ी बचत कर सामूहिक निधि में जमा करते हैं। स्व-सहायता समूह द्वारा इस राशि का उपयोग सदस्यों की आकस्मिक जरूरतों जैसे बीमारी के लिए काम धंधे के लिए, आपसी लेन-देन द्वारा किया जाता है। स्व-सहायता समूह के सदस्य एक सप्ताह पन्द्रह दिन अथवा माह में एक बैठक कर विभिन्न विषयों पर सामूहिक चर्चा कर एक दूसरे की समस्याओं का समाधान करते हैं। स्व-सहायता समूह के अपने नियम होते हैं, जिसका पालन समूह के सभी सदस्य आवश्यक रूप से करते हैं।

स्व-सहायता समूह का गठन ऐसे संगठन कर सकते हैं, जो निर्धनों के आर्थिक विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के कार्यक्रमों से सम्बद्ध हैं एवं उनके विकास में रूचि रखते हैं। प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्थाओं एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा भी स्व-सहायता समूह का गठन किया जा सकता है। विभिन्न बैंक के शाखा प्रबंधक भी स्व-सहायता समूह का गठन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त शहरी एवं ग्रामीण निकाय, जिला पंचायत सरकार के सेवा निवृत्त अधिकारी, विकास से संबंधित क्लब एवं अन्य भी स्व-सहायता समूह का गठन कर सकते हैं।

स्व-सहायता समूह गरीबों का अपना छोटा बैंक है। जिस प्रकार बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, उसी प्रकार समूह सदस्यों की थोड़ी-थोड़ी बचत इकट्ठी होकर बड़ी राशि बन जाती है। स्व-सहायता समूह को बैंक द्वारा विशेष मान्यता प्राप्त है। वास्तव में स्व-सहायता समूह एक ऐसा मंच है, जहाँ विचार व्यक्त करने, समस्याओं का समाधान करने तथा निर्णय लेने में योगदान का अवसर प्राप्त होता है।

भारत में स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिला विकास के लिए आवश्यक आधार तैयार कर रहे हैं। समूह में जुड़कर महिलाएँ शिक्षा, स्व-रोजगार, कानूनी अधिकार, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, स्वास्थ्य व पोषण से संबंधित जानकारी प्राप्त कर अपनी उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने में तथा उनके सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक विकास में स्व-सहायता समूहों ने अपनी विशेष भूमिका निभाते हुए विभिन्न रूपों में अपना योगदान दिया है। इन समूहों के माध्यम से जहाँ नियमित बचत द्वारा प्रत्येक सदस्य के आर्थिक स्तर में सुधार तथा स्वावलम्बन में वृद्धि हुई है, वहीं इन समूहों ने महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के निराकरण में भी अपने मार्गदर्शन से ग्रामीण महिला विकास के परिदृश्य को बदल दिया है।

स्व-सहायता समूहों के प्रयासों के माध्यम से बहुसंख्यक ग्रामीण महिलाओं में अपने रोजगार, व्यवसाय, निवेश के चयन, अपने धन प्रबंधन एवं संसाधन प्रबंधन आदि की शिक्षा प्राप्त कर उनमें सही वित्तीय निर्णय लेने का आत्म विश्वास पैदा हुआ है। वास्तव में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को मजबूत आर्थिक आधार प्राप्त हो रहा है।

समूह में सम्मिलित होने के पश्चात समाज में प्रतिष्ठा बढ़ने की स्थिति- स्व सहायता समूह की सदस्य बनने के बाद ग्रामीण महिलाएँ अपने घर परिवार से बाहर निकल कर समूह के कार्यों को पूरी मेहनत व लगन के साथ पूर्ण कर रही है। जिसके कारण ग्रामीण महिलाओं की समाज में प्रतिष्ठा बढ़ रही है। ग्रामीण महिलाओं के समूह में सम्मिलित होने के पश्चात समाज में साख बढ़ने की जानकारी प्राप्त की गई जो इस प्रकार है -

समाज में प्रतिष्ठा बढ़ने की स्थिति (तालिका देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि मण्डला एवं बालाघाट के आमानाला, बर्राटोला, वारासिवनी एवं लालबर्रा विकासखण्ड के स्व-सहायता समूह की 78.75 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। केवल 21.25 प्रतिशत महिलाओं का मत है कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कोई वृद्धि नहीं हुई है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि न होने के कारणों को ज्ञात करने पर ज्ञात हुआ है कि ये महिलाएँ समूह में पूर्णत: सक्रिय नहीं हैं।

सामाजिक कुरीतियाँ दूर करने की स्थिति - स्व-सहायता समूह में सम्मिलित ग्रामीण महिलाएँ समाज में व्याप्त विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का निरन्तर प्रयास कर रही हैं। अध्ययन क्षेत्र में सामाजिक कुरीतियाँ जैसे बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, अंधविश्वास आदि को दूर करने में महिलाएँ कहाँ तक सफल हुई हैं, इस सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी निम्नानुसार है -

सामजिक कुरीतियाँ दूर करने की स्थिति (तालिका देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि विभिन्न अंधविश्वास एवं रूढ़ियों को दूर करने की स्थिति 50.5 प्रतिशत है तथा नशामुक्ति का 41 प्रतिशत है। यद्यपि दहेज प्रथा एक गंभीर सामाजिक अभिशाप है परन्तु ग्रामीण महिलाएँ इसे रोकने में केवल 5.75 प्रतिशत ही सफल हो पाई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह भी अत्यन्त प्रचलित कुप्रथा है। इसे रोकने में भी केवल 2.75 प्रतिशत ही सफलता प्राप्त हो सकी है। चूँकि समाज में ये सामाजिक कुरीतियाँ अपनी जड़ें वर्षों से जमाए हुए हैं। अत: इतनी शीघ्र एवं आसानी से इन्हे समाप्त करना कठिन है। समूह की महिलाएँ इन सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठा रही हैं तथा भविष्य में धीरे-धीरे इन कुरीतियों को समाप्त करने में सफलता मिलेगी।

ग्रामीण महिलाओं की आय वृद्धि की स्थिति - स्व-सहायता समूह गठन के पश्चात बचत बैंक प्रक्रिया, आवर्ति निधि ऋण एवं अनुपात प्राप्त कर समूह अपनी आर्थिक गतिविधियों को प्रारम्भ कर आय में वृद्धि करते हैं। समूह से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि की स्थिति इस प्रकार है -

आय वृद्धि की स्थिति (तालिका देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि स्व-सहायता समूह की सदस्य बनने के बाद 72.5 प्रतिशत महिलाओं की आय में वृद्धि हुई हैं, जबकि 27.5 प्रतिशत महिलाओं की आय में कोई वृद्धि नहीं हुई है क्योंकि ये महिलाए समूह की गतिविधियों में निष्क्रिय थी।

महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक विकास की स्थिति - ग्रामीण महिलाएँ स्व-सहायता समूह से जुड़कर विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता कर रही हैं तथा अपने आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को ऊँचा उठा रही हैं। इस सम्बन्ध में प्राप्त तथ्य निम्नानुसार हैं -

महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक विकास की स्थिति (तालिका देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है कि 72 प्रतिशत महिलाओं के समूह से जुड़ने पर उनका आर्थिक एवं सामाजिक विकास हुआ है जबकि 28 प्रतिशत महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक विकास नहीं हुआ है क्योंकि वे समूह की गतिविधियों में पूर्णत: सक्रिय नहीं हैं।

प्रस्तुत अध्ययन से स्पष्ट है कि स्व-सहायता समूह से ग्रामीण महिला विकास के परिदृश्य में निम्नलिखित स्थितियाँ दृष्टिगोचर हो रही हैं -

1. स्व सहायता समूह के माध्यम से एक सशक्त प्लेटफार्म मिलने से तथा इनकी सहायता से महिलाओं की आय, बचत एवं उपभोग व्यय में वृद्धि हुई है।
2. स्व-सहायता समूह के कारण महिलाएँ सामाजिक दृष्टि से निर्भीक और मुखर हुई हैं। जिससे उनकी झिझक तथा भय दूर हुआ है तथा वे घर की चार दीवारी से बाहर निकलकर समाज के बीच अपनी बात खुलकर रख पाने में सक्षम हुई हैं। समूह के कारण इनका सामाजिक दायरा बढ़ा है।
3. स्व-सहायता समूहों के परिणामस्वरूप ग्रामीण महिलाओं का एक बड़ा भाग सामाजिक-राजनैतिक क्षेत्र में अत्यन्त सशक्त हुआ है तथा महिलाएँ स्थानीय निकायों के चुनावों तथा अन्य सामाजिक, राजनैतिक गतिविधियों में खुलकर भाग ले रही हैं।
4. स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हुआ है।
5. स्व-सहायता समूहों के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से शोषित पिछड़ी महिलाओं में आत्म सम्मान के भाव का उदय हुआ है।
6. स्व-सहायता समूहों से जुड़ने के बाद अशिक्षित एवं अर्द्धशिक्षित महिलाएँ भी समाज की एक उत्पादन एवं महत्वपूर्ण इकाई बन गई है।
7. स्व-सहायता समूहों के कारण महिलाएँ जागृत हुई हैं। जिससे वे समाज में विद्यमान लिंग आधारित कुरीतियों, घरेलू हिंसा, दहेज-प्रथा, बहुविवाह आदि के विरूद्ध प्रयासरत हैं।
8. स्व-सहायता समूह की सदस्य बनने के बाद महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है, जिसके कारण उन्हें साहूकारों के शोषण से मुक्ति प्राप्त हुई है।
9. स्व-सहायता समूहों ने समाज से जातिगत विषमताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
10. स्व-सहायता समूह के कारण सामाजिक जागरूकता में भी वृद्धि हुई है। जिससे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, आधारित संरचना विकास अस्पृष्यता बाल-विवाह, दहेज प्रथा, प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, महिला उत्पीड़न से बचाव आदि में सक्रिय भूमिका

के निर्वाह का आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

यद्यपि स्व- सहायता समूह से ग्रामीण महिला विकास को नए आयाम नई ऊँचाइयाँ प्राप्त हुई किन्तु और अधिक प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुछ प्रमुख सुझाव इस प्रकार हैं।

सुझाव -

1. स्व-सहायता समूहों में शिक्षा, साक्षरता व क्षमता निर्माण प्रक्रियाओं पर अधिक जोर देना होगा।
2. समूह की सदस्याओं को व्यावहारिक एवं उच्च स्तर रोजगार परक तकनीकी ज्ञान आधारित शिक्षा प्रदान करना आवश्यक है।
3. शासन द्वारा स्व-सहायता समूह के लिए विभिन्न सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए तथा ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को इस योजना की विस्तृत एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करना चाहिए।
4. बैंक की ऋण प्रक्रिया को सरलतम किया जाना चाहिए तथा कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाना चाहिए जिससे और अधिक महिलाएँ उद्यम के लिए प्रेरित हों।
5. स्व-सहायता समूह के गठन के समय उत्पादित वस्तुओं व सेवाओं का चयन, क्षेत्र विशेष की आधारिक संरचना, कच्चे माल की उपलब्धता, श्रम संसाधन की उपलब्धता व विपणन व्यवस्था को ध्यान में रखकर करना चाहिए।
6. स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विक्रय हेतु प्रत्येक जिले में स्थाई बाजार की व्यवस्था करना चाहिए। जिससे निर्मित उत्पादों के विपणन की व्यवस्था योजनाबद्ध तरीके से की जाए।
7. स्व-सहायता समूह में सहभागिता बढ़ाने हेतु सुविधाओं एवं रियायतों को बढ़ाया जाना चाहिए।
8. ग्रामीण महिलाओं के संकोच और उदासीनता को दूर कर रूढ़िवादी सोच एवं परम्पराओं को बदलकर नि:संकोच समूह की गतिविधियों को संचालित करने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।
9. स्व-सहायता समूह के विकास हेतु गाँवों में महिला उद्यमियों के लिए परामर्श सेवाओं का विस्तार किया जाना चाहिए तथा उद्यमी साहित्य की उपलब्धता एवं उसे महिला उद्यमियों को समझाने की व्यवस्था की जाना चाहिए।
10. स्व-सहायता समूह में पारम्परिक कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ नवीन तकनीकी कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाना चाहिए।
11. ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु हर सम्भव आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं कानूनी संरक्षण प्रदान करना चाहिए।

निष्कर्ष - सृजन महिलाओं की स्वाभाविक प्रवृति होती है। महिलाएँ घरेलू उद्योगों के रूप में पापड़, बड़ी, अचार, मसालें, मोमबत्ती, झाड़ू, माचिस, दोना-पत्तल आदि वस्तुओं का बेहतर तरीके से उत्पादन करती रही हैं। वर्तमान समय में स्व-सहायता समूह के तहत महिला उद्यमी विभिन्न प्रकार के घरेलू उत्पादन में तेजी से विकास कर रही हैं।

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने, उन्हें जीविकोपार्जन साधन एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने, उनमें बचत एवं निवेश के लाभों की समझ विकसित करने तथा उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने में स्व-सहायता समूह का महत्वपूर्ण योगदान है। स्व-सहायता समूह योजना की ग्रामीण महिला सदस्यों ने अपनी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। समूह से जुड़ने वाली महिलाएँ उद्यमशील विकास के माध्यम से न केवल अपने लिए आय पैदा करती हैं वरन् अपने आस-पास की अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं साथ ही स्वयं, परिवार समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर ग्रामीण महिला विकास को नए आयाम दे रही हैं

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. विप्लव, महिला सशक्तिकरण विविध आयाम, 2013 राहुल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ
2. स्व-सहायता समूह गठन मार्गदर्शिका 2004 अनुपमा एजुकेशन सोसायटी-भरहुत नगर सतना, म.प्र.
3. स्व-सहायता समूह व्यावहारिक-मार्गदर्शिका 2007, राजकीय प्रकाशन, म.प्र. ग्रामीण, विकास विभाग, भोपाल, म.प्र.
4. यादव जी.पी., शर्मा ज्योति 'महिलाओं के आर्थिक उत्थान में लघु वित्त की भूमिका' रिसर्चलिंक 2008, वर्द्धमान अपार्टमेंट ओल्ड पलासिया, इन्दौर
5. शुक्ला दीप्तिमा, 'ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक विकास में स्वयं-सेवा समूहों तथा सूक्ष्म ऋण की भूमिका 'मध्यप्रदेश साामाजिक विज्ञान अनुसंधान जर्नल, 2007, मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन
6. www.gdrc.org.icm/nanda-1.html.
7. www.shg.in

समाज में प्रतिष्ठा बढ़ने की स्थिति

क्र.	स्थिति	मण्डला		बालाघाट		योग	प्रतिशत
		आमानाला	बर्राटोला	वारासिवनी	लालबर्रा		
1.	हाँ	380 (76)	360 (72)	410 (82)	425 (85)	1575	78.75
2	नही	120 (24)	140 (28)	90 (18)	75 (15)	425	21.25
	कुल योग	500 (100)	500 (100)	500 (100)	500 (100)	2000	100

स्रोत - सर्वेक्षण से प्राप्त संमकों के आधार पर

सामजिक कुरीतियाँ दूर करने की स्थिति

क्र.	स्थिति	मण्डला		बालाघाट		योग	प्रतिशत
		आमानाला	बर्राटोला	वारासिवनी	लालबर्रा		
1.	बालविवाह	10 (2)	10 (2)	20 (4)	15 (3)	55	2.75
2	दहेज प्रथा	25 (5)	10 (2)	30 (6)	50 (10)	115	5.75
3.	नशा मुक्ति	230 (46)	260 (52)	180 (36)	150 (30)	820	41
4.	विभिन्न अंधविश्वास एवं रूढ़ियाँ	235 (47)	220 (44)	270 (54)	285 (57)	1010	50.5
	कुल योग	500 (100)	500 (100)	500 (100)	500 (100)	2000	100

स्रोत – सर्वेक्षण से प्राप्त संमकों के आधार पर

आय वृद्धि की स्थिति

क्र.	स्थिति	मण्डला		बालाघाट		योग	प्रतिशत
		आमानाला	बर्राटोला	वारासिवनी	लालबर्रा		
1.	हाँ	350 (70)	380 (76)	340 (68)	380 (76)	1450	72.5
2.	नहीं	150 (30)	120 (24)	160 (32)	120 (24)	550	27.5
	कुल योग	500 (100)	500 (100)	500 (100)	500 (100)	2000	100

स्रोत – सर्वेक्षण से प्राप्त संमकों के आधार पर

महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक विकास की स्थिति

क्र.	स्थिति	मण्डला		बालाघाट		योग	प्रतिशत
		आमानाला	बर्राटोला	वारासिवनी	लालबर्रा		
1.	हाँ	350 (70)	340 (68)	370 (74)	380 (76)	1440	72
2	नहीं	150 (30)	160 (32)	130 (26)	120 (24)	560	28
	कुल योग	500 (100)	500 (100)	500 (100)	500 (100)	2000	100

स्रोत – सर्वेक्षण से प्राप्त संमकों के आधार पर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

कृषि विकास में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की भूमिका : एक अध्ययन

नयना शाक्या *

शोध सारांश – कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ की हड्डी कहलाती है। जिनसे 49 प्रतिशत व्यक्तियों को रोजगार मिला हुआ है। मार्च 1985 तक बैंकों द्वारा कृषि के लिए कुल ऋण का 15 प्रतिशत भाग दिया था, बाद में ये लक्ष्य बढ़कर 18 प्रतिशत कर दिया गया। कृषि के लिए वाणिज्य बैंकों, सहकारी बैंकों, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियाँ और ग्रामीण बैंकों ने रियायती ब्याज दर पर हाथ खोलकर ऋण दिया है, जिससे कृषि उन्नति में गति प्रदान की गई।

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का विशिष्ट महत्व रहता है। औद्योगिक देश कहलाने वाले यूरोपिय देश भी विकास की सीढ़ियों पर तभी आगे बढ़ सके जब तक कृषि कार्य में आशातीत सफलता पाकर अर्थव्यवस्था की इमारत के लिए मजबूत आधार न बना ले। विश्व के विकसित एवं विकासशील देशों के विकास में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज के प्रमुख विकसित देशों को देखा जाए तो यह देश भी कृषि प्रधान रहे है भले ही यह देश आज उद्योग प्रधान देश है फिर भी इन देशों में कृषि की अपनी भूमिका है,क्योंकि देश के विकास में अलग-अलग क्षेत्रों का अपना अलग महत्व है, वैसा ही कृषि का भी है।

वर्तमान संदर्भो में भारत में कृषि के महत्व को कम नही आका जा सकता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यहाँ की 83.33 प्रतिशत (तीन चौथाई) जनसंख्या गाँवों में निवास करती है। देश में पिछले वर्षो में जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। जनसंख्या में वृद्धि के साथ-साथ देश में बेरोजगारी, गरीबी तथा भूखमरी भी तेजी से बढ़ती जा रही है। प्रथम पंचवर्षीय योजना के प्रारंभ में बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या 0.33 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 4.25 करोड़ से भी अधिक हो गयी है। तथा देश की 37 प्रतिशत से भी अधिक जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है। सरकार गरीबी उन्मूलन तथा कृषि विकास के लिए जो कार्य पहले स्वयं करती थी आज उन्हीं में से कई योजनाओं का क्रियान्वयन बैंकों के माध्यम से करने लगे है, बैंकों द्वारा कृषकों, व्यापारियों अन्य व्यक्तियों एवं वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए समूह आधारित कई ऋण योजनाएं लागू की गई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो सकें।

प्रदेश की कुल जनसंख्या का 74.73 प्रतिशत भाग गांवो में निवास करता है। उनके अधिकाश: कृषि से अपनी आजीविका अर्जित करते है। कृषि से औद्योगिकरण, व्यवसाय, वाणिज्य, रोजगार, आम जीवन स्तर, सामाजिक सेवाएं आदि सभी में वृद्धि होती है और स्थानीय जनता के द्वार तक विकास एवं खुशहाली के फल स्वत: पहुंचने लगते है, इसमें बैंकों की भूमिका नींव के पत्थर के समान होती है। कृषि के विकास में बैंकों का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। किसी भी देश के आर्थिक विकास के लिए पूंजी की आवश्यकता होती है, बैंक छोटी-छोटी धन राशि को एकत्रित करता है, तथा बचत को बढ़ावा देते है। इन एकत्रित धन राशि को उन क्षेत्रों में विनियोजित करते है जहां उनकी आवश्यकता होती है। बैंकों पर मुद्रा निगमन, लेन-देन तथा अन्य वित्तीय कार्यो के क्रियान्वयन का दायित्व होता है।

मार्च 1985 तक बैंकों द्वारा कृषि के लिए कुल ऋण का 15 प्रतिशत भाग दिया था। बाद में यह लक्ष्य बढ़ाकर 18 प्रतिशत का दिया गया। कृषि के लिए वाणिज्य बैंकों, सहकारी बैंकों, प्राथमिक कृषि, सहकारी समितियां और ग्रामीण बैंकों ने रियायती ब्याज दर पर हाथ खोलकर ऋण दिया है, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ा है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विश्व बैंक 2014 में जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार क्रयशक्ति समानता के आधार पर अमेरिका और चीन के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रम आता है, जो कि वर्ष 2005 में दसवें स्थान पर थी।

उद्देश्य – क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से कृषि विकास की प्रगति एवं स्थिति का मूल्यांकन करना शोध पत्र का उद्देश्य है।

शोध प्रविधि – शोध प्रश्न पत्र के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए द्वितीयक समंको का उपयोग किया गया। जिसका वर्गीकरण, विश्लेषण और सारणीयन के माध्यम से निष्कर्षण किया गया।

साहित्य समीक्षा – शर्मा, ओ. पी.(1999), ने अपनी पुस्तक '' भारतीय अर्थव्यस्था की आधुनिक प्रवृत्तियाँ'' देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए अन्य देशों के समान कृषि विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। कृषि के नये नये अनुसंधान, कृषि यंत्र, परिवहन, नई तकनीक तथा कृषि की दशा सुधारने के लिए ग्रामीण संरचना का विकास अति आवश्यक है। इसके लिए कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक पूँजी लगाने की आवश्यकता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि कृषि विकास में बैंक की भूमिका एक महत्वपूर्ण साधन माना जाता है।

ग्रामीण बैंकों का विकास – कृषि व ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक (National Bank for Agriculture and Rural Dovelopment-NABARD) नाबार्ड की स्थापना 12 जुलाई 1982 को लोकसभा में आवश्यक विधेयक पारित करके की गयी थी। इसकी स्थापना कृषि लघु उद्योग, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योगों, हस्तशिल्पों और गांवों में अन्य आर्थिक गतिविधियों के संवर्धन हेतु ऋण उपलब्ध कराने के लिए की गई थी। 31 मार्च 2010 को नाबार्ड की प्रदत्त पूंजी 2,000 रू. करोड़ थी। 2010 तक

* शोधार्थी, मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन (म.प्र.) भारत

राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेन्सी (एनआरआरडीए) को आर.आई.डी. एक के अन्तर्गत नाबार्ड द्वारा कुल स्वीकृति रू. 18,500 करोड़ की थी जो पूरी तरह जारी की जा चुकी है। वर्ष 2012-13 के लिए 2,000 करोड़ का फण्ड रखा गया था।

क्षेत्रिय ग्रामीण बैंकों की स्थापना विशेषकर दूरदराज के ऐसे गाँवों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के लिए की गई थी, जहां पहले ऐसी सेवाओं की पहुँच ही नहीं थी। बैकिंग कमीशन 1969 तथा नरसिम्हा कार्यकारी दल 1975 के द्वारा भी ग्रामीण साख की पूर्ति हेतु ग्रामीण बैंक की स्थापना के लिए सुझाव दिए गऐ थे। परिणामस्वरूप भारत सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 1975 को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की घोषणा की गई।

क्रमांक-1 : क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाएं

वर्ष	शाखाएं
2010	33,378
2011	34,811
2012	37,471
2013	40,837
2014	NA
2015	46,126

स्त्रोत : मासिक पत्रिका योजना, अगस्त 2015

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखाएँ वर्ष 2010 में 33,378 हजार, 2011 में 34,811 हजार, 2012 में 37,471 हजार, 2013 में 40,837 हजार और 2015 में 46,126 हजार है। अत: इससे ज्ञात होता है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की शाखाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे कृषि उन्नति की गति को तीव्र किया जा सके।

ग्रामीण बैंको का लक्ष्य ग्रामीण साख के क्षेत्र में कार्यरत् अन्य संस्थानों से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है, अपितु इन्हें सहायक संस्था के रूप में कार्य करना है। प्राथमिक क्षेत्रों में साख पूर्ति की दृष्टि से ये बैंक प्रभावकारी सिद्ध हुए है, क्योंकि इनके कुल वितरित किए गए अग्रिम में प्राय: 80-90 प्रतिशत भाग प्राथमिक क्षेत्र के संबंध में होते है। आज भारतीय बैंकिंग व्यवस्था तेज गति से ग्रामोन्मुखी होती जा रही है। रिजर्व तथा नाबार्ड के प्रयासो से वाणिज्य बैंक तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अपने वित्त प्रबंध को इस प्रकार की दिशा देने लगे है कि अधिकतम साख वित्त की पूर्ति ग्रामीण क्षेत्रो में लघु व सीमांत कृषक, भूमिहिन किसान, ग्रामीण कारीगर, कुटीर व ग्रामीण उद्योग तथा कमजोर वर्ग को की जा सके। वस्तुत: प्राथमिक क्षेत्र के विकास में व्यापारिक बैंकों की अपेक्षा ग्रामीण बैंकों की भूमिका मानी गई है।

कृषि विकास में ग्रामीण बैंकों की भूमिका - भारतीय अर्थव्यवस्था ग्रामीण होने के कारण देश के कृषि विकास का अत्यधिक महत्व है। ग्रामीण विकास के लिए अत्यधिक पूंजी की आवश्यकता होती है। इसके लिए सरकार ने विभिन्न प्रकार की वित्तीय योजनाएँ प्रारंभ की, ताकि ग्रामीण क्षेत्रो में पर्याप्त मात्रा में ऋण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सके। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था की ऋण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के माध्यम से हो रही है। प्राचीन समय में जब ग्रामीण को वित्त की आवश्यकता होती थी तो वे गांवो में रहने वाले साहूकार, महाजन द्वारा कर्ज लेते थे और जिसके बदले अधिक मात्रा में ब्याज देना पड़ा था, जिसके परिणाम स्वरूप ग्रामीणों का शोषण होता था। इस शोषण को रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा ग्रामीणों को वित्त व्यवस्था हेतु बैंकों की स्थापना पर जोर दिया गया, ताकि ये बैंक सस्ती ब्याज दरों पर ग्रामीणों के लिए ऋण उपलब्ध करा सके। आज सभी क्षेत्रों में बैंकों की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण बनती जा रही है। बैंकों का उद्देश्य कृषि, उद्योग, व्यापार और वाणिज्य क्षेत्रों के विकास तेज करना है। ये बैंक ग्रामीण बचतों को एकत्र करने और कृषकों को वित्तीय आश्यकताओं के साथ-साथ सहायक बैंकिंग सेवाएं, गोदामों का निर्माण, कृषि विपणन सहायता और क्षेत्रों के सम्पूर्ण सहायक बैंकों के रूप में कार्य करना है। बैंकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्गों को सहायता प्रदान करके अपने प्रमुख उद्देश्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। इन सभी सफलता को प्राप्त करने में बैंकों का योगदान सराहनीय हैं।

भारत सरकार के माध्यम से बैंकों द्वारा ग्रामीण विकास में अत्यधिक ऋण सुविधाएं प्रदान की जाती है, जो ग्रामीण विकास के लिए वरदान साबित हुई हैं, बैंकों द्वारा वर्तमान समय में निम्न ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। जैसे प्रत्यक्ष ऋण- इसके अन्तर्गत कृषि ऋण और पशुपालन। अप्रत्यक्ष ऋण- इसमें ग्रामीण कारीगरों को ऋण, लघु व्यवसायी को ऋण एवं अन्य ऋण सुविधा आदि।

क्रमांक-2 : ग्रामीण बैंक की स्थिति

पूंजी व दायित्व	अनुसूची	यथा 31/03/ 2014	यथा 31/03/ 2013
I पूंजी	1	50000	50000
अंश पूंजी जमा	1A	1112511	1112511
आरक्षित तथा अधिशेष	2	2846691	2018144
जमा	3	37402180	33336674
पुनर्वित्त (उधार)	4	7280530	5973583
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	5	1171378	902531
योग		49863290	43393443
II आस्तियां			
रोकड़ तथा भारतीय रिजर्व बैंक में जमा	6	1606279	1613751
बैंकों के साथ जमा एवं मांग तथा अल्प सूचना पर	7	9435825	11750111
निवेश	8	9347188	7428082
ऋण	9	28473926	21727026
स्थाई आस्तियां	10	69406	57478
अन्य आस्तियां	11	930666	816995
		49863290	73393443

स्त्रोत : नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक, वार्षिक प्रतिवेदन, 2013-2014.

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि आरक्षित तथा अधिशेष, जमा, पुनर्वित्त (उधार) निवेश और ऋण में 2013 की अपेक्षा 2014 में वृद्धि दर्ज की गई, जो कि विकास का सूचक है।

निष्कर्ष - ऋण दो धारी तलवार है। यदि इसका उपयोग ठीक तरह से किया जाता है, तो वह विकास और उत्पादन में मददगार सिद्ध हो सकता है और यदि इसका दुरूपयोग किया जाता है, तो वह बोझ बन जाता है। ऋणी कर्ज के दलदल में फस जाता है और वह गरीब होता जाता है। चूंकि विकास दर बढ़ाने का मूलतंत्र कृषि ही है। अतएव इस क्षेत्र के लिए ग्रामीण बैंकों को ठोस एवं प्रभावी नीतियों के क्रियान्वयन से ही सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था की धुंधली होती तस्वीर को उजला बनाना संभव है। हालाँकि इन प्रयासों की सफलता

कुछ क्षेत्रों तथा समूहों तक ही सीमित है। उम्मीद की जाती है कि बैंक की नीतियों से कृषि उन्नति की गति को बढ़ावा मिलेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुलाटी, राजेन्द्र और ब्राह्मणिया, विनायक (2014), ''सर्वांगिण ग्रामीण विकास में बैंकों की भूमिका' ISSN 2231-2951
2. मेहता, बसंत (2012), '' गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन में बैंकों की भूमिका ISBN 81-86026-26-08-8
3. Narmda Jhabua Gramin Bank- Annual Report 2013-14
4. सालोदिया, ए.के (2002), ''ग्रामीण विकास एवं बैंकिंग वित्त प्रबंधन' ISBN 81-85234-38
5. सिंहचरण, दाघीय सी.एल. एवं अनंत एस (2015), ''वित्तीय समावेशन और सामाजिक बदलाव' ISSN0971-8397
6. वर्मा सवलिया बिहारी, कुमार कमलेश एवं कुशवाह ज्योति (2011), ''ग्रामीण विश्व व्यापार संगठन एवं कृषि' ISBN978-81-7555-344-6
7. वर्मा सवलिया बिहारी, गुप्ता संजीव एवं पाठक अनिलचन्द्र (2011), ''ग्रामीण गरीबी उन्मूलन' ISBN978-81-7555-342-2

****

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का अध्ययन – बड़वानी जिले के संदर्भ में

डॉ. आशासाखी गुप्ता * डॉ. जयराम सोलंकी **

प्रस्तावना – सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीड़ीएस एक भारतीय खाद्य सुरक्षा प्रणाली है। भारत में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन तथा भारत सरकार द्वारा स्थापित और राज्य सरकारों के साथ संयुक्त रूप में भारत के गरीबों के लिए सब्सिडी वाले खाद्य और गैर खाद्य वस्तुओं को वितरित करता है। यह योजना 01 जून 1997 को भारत में लांच की गई थी। 1997 में वस्तुओं मुख्य भोजन में अनाज, गेहूँ, चावल, चीनी, और मिट्टी का तेल को उचित मूल्य की दुकानों (जिन्हें राशन की दुकानों के रूप में भी जाना जाता है) के माध्यम से वितरित किया गया। भारतीय खाद्य निगम सरकारी स्वामित्व वाली निगम है, तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर नियन्त्रण रखती है। खाद्य राशन की दुकानों द्वारा अनाज वितरित किया जाता है। वह गरीबों की खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है या घटिया गुणवत्ता का है। भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनाज की खपत का औसत स्तर प्रति व्यक्ति /माह केवल एक किलोग्राम है। आज भारत के पास चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा अनाज स्टॉक है, जिस पर सरकार 750 अरब रूपये (13.6 अरब $) प्रति वर्ष खर्च करती है। जो सकल घरेलु उत्पाद का लगभग एक प्रतिशत है, तब भी अभी तक 21 प्रतिशत कुपोषित है, आज की तारिख में भारत में 5 लाख उचित मूल्य की दुकाने है वही मध्यप्रदेश में 22422 व बड़वानी जिले में 361 उचित मूल्य की दुकाने है। राज्य सरकारों कों आवंटन और गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की पहचान, राशन कार्ड जारी करने, पर्यवेक्षण और एफपीएस के कामकाज की निगरानी सहित परिचालन की जिम्मेंदारिया भी है। पी.ड़ी.एस. योजना के अन्तर्गत महीनें 35 किलोग्राम चावल या गेहूँ के लिए पात्र है, लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक व मात्रात्मक सुधार हेतु पौष्टिक व पर्याप्त भोजन आवश्यक है।सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली की योजनाओं को सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित कर रही है। हमारी सामाजिक पृष्ठ्भूमि ही वर्तमान समय में आर्थिक आधारों पर टिकी है, कार्लमार्क्स का कथन है कि 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है लेकिन उससे पहले वह एक आर्थिक प्राणी है '

उद्देश्य – बड़वानी जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली के निम्न उद्देश्य होने चाहिए।

1. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत संचालित होने वाली सरकारी राशन की दुकानों की सतत् निगरानी की जानी चाहिए ताकि पात्र परिवारों को खाद्यान्न की सही मात्रा उपलब्ध हो।
2. सरकारी राशन की दुकानों की संख्या में वृद्धिध की जाना चाहिए।
3. राशन वितरण की ईकाई हितग्राही परिवार न होकर हितग्राही सदस्यों की संख्या होना चाहिए।

अध्ययन की परिकल्पना –

1. जिले के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति का सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा सर्वेक्षण करना।
2. प्रश्नावली के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रत्यक्ष संपर्क कर जानकारी प्राप्त करना।
3. शोध पत्र को विश्वसनीय बनाने हेतु प्रत्येक विकासखण्ड़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रत्यक्ष संपर्क कर जानकारी प्राप्त करना। प्रस्तुत शोध बड़वानी जिले के हितग्राहियों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की संतुष्टि से सम्बधित है, इसलिए साक्षात्कार अनुसूची के द्वारा उन तथ्यों को ज्ञात करने का प्रयास किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ जनता को वास्तव में प्राप्त हो रहा हैं क्या हितग्राही इस व्यवस्था से संतुष्ट है, ऐसे कौन–कौन से कारक है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यकुशलता को प्रभावित करते है। प्रस्तुत शोध पत्र में साक्षात्कार अनुसूची के उत्तरदाताओं के रूप में उद्देश्य परक प्रतिदर्श प्रणाली के आधार पर बड़वानी जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति हितग्राहियों के अर्न्तगत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का चयन किया गया है। जो तालिका क्रंमाक एक के द्वारा प्रदर्शित किया गया है–

तालिका क्र.01 (देखे आगे पृष्ठ पर)

तलिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण एवं शहरी कुल 400 हितग्राहिया सें साक्षात्कार लिया गया है। जिसका उल्लेख तालिका क्र.01 के द्वारा दिया गया है।

तालिका क्र.02
उचित मूल्य दुकान की स्थिति

क्र	उत्तर	उत्तरदाता	प्रतिशत
1.	हमारे ही ग्राम में	156	39
2.	पास के ग्राम में	244	61
	कुल योग	**400**	**100**

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि उचित मूल्य की दुकानों में 39.00 प्रतिशत उत्तरदाता का मानना है कि राशन की दुकान हमारे ही ग्राम में है। व 61.00 प्रतिशत का मानना है कि उचित मूल्य की दुकान पास के ग्राम में है।

इस आधार पर कहॉ जा सकता है कि आज भी राशन के लिए दूसरे ग़ांव में जाना पड़ता है। सरकार के द्वारा मिलने वाली सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना के बारे में जानकारी है या नही, इसका विवरण तालिका क

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत
* पी.डी.एफ., शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

03 के द्वारा दर्शाया गया है।

तालिका क्र 03

राशन संबंधी जागरूकता

क्र.	उत्तर	उत्तरदाता	प्रतिशत
1.	हॉ	345	86.25
2.	नही	55	13.75
	कुल योग	**400**	**100**

उपर्यक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्रामीण निर्धनों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी के पक्ष में 86.25 प्रतिशत उत्तरदाताओं को राशन संबधी जानकारी है व 13.75 प्रतिशत ऐसे उत्तरदाता है, जिनको सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी नहीं है। इस तथ्य के आधार पर कह सकते है कि अधिकाशत उपभोक्ताओं राशन की दुकान के नाम से जानते है, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (खाद्य सामग्री) के नाम से नही।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का अनुभवमूलक अध्ययन करने के बाद यह ज्ञात होता है कि भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अभी भी बहुत खामियॉ है। सभी उत्तरदाताओं का मानना था कि–

1. उचित मूल्य की दुकानों के मालिक खुले बाजार में राशन को बेचने के लिए भारी मात्रा में बोगस कार्ड़ बना लेते है।
2. इस प्रकार की गतिविधियों से गरीब लोगों को पोषित और सुरक्षित खाद्यान्न नहीं मिल पाता है, जिससे खाद्यान्न असुरक्षा पैदा होती है।
3. एफ.पी.एस. के कमजोर पर्यवेक्षण और जवाबदेयता के अभाव के कारण मध्यम वर्ग गरीब लोगों का फायदा उठा जाते है।
4. यह एक बहुत बड़ा कारण है पी.ड़ी.एस. के असफल होने का एक परिवार को जो वस्तुऍ मिलती है, वो एक साथ मिलती है, किस्तों में नहीं खरीद सकते है।
5. बहुत सारे बी.पी.एल. परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं होता क्योंकि या तो वे मौसमी मजदूरी है या फिर अवैध कालोनियों में रहते है।

वर्तमान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के इस तंत्र में सुधार के लिए उत्तरदाताओं के द्वारा प्रतिक्रियास्वरूप जो निम्न सुझाव निकलकर आए वे इस प्रकार है –

1. सिविल सप्लायी कारपोरेशन को उचित दर की दुकाने ग्रामों में ज्यादा से ज्यादा खोलनी चाहिए।
2. एफ.सी. आई. को वितरण के लिए अच्छी गुणवत्ता का खाद्यान्न उपलब्ध करवाना चाहिए।
3. एक निश्चित समय अन्तराल में विभिन्न जॉच और छापा ड़ालकर गलत, नकली और फर्जी कार्डो को पकड़ना चाहिए।
4. उचित दर की दुकानों के सामने ब्लैक बोर्ड़ पर चार्ट और उपलब्ध मात्रा लिखी होनी चाहिए।

प्रस्तुत अध्याय में बड़वानी जिले के 400 उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया के अनुसार इस तंत्र में अनेक समस्याओं और समाधान सामने निकलकर आई जो कि महत्वपूर्ण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रतियोगिता दर्पण –फरवरी 2017 पृष्ठ सं 19
2. नई दुनिया–मई 2017, पृष्ठ सं 04
3. कुरूक्षेत्र–फरवरी, 2017 पृष्ठ सं 17
4. रोजगार निर्माण –जनवरी –2016 पृष्ठ सं 15

तालिका क्र.01

(चयनित न्यादर्श)

क्र.	विकासखण्ड	अनुसूचित जाति			अनुसूचित जनजाति			अनुसूचित जाति/ जनजाति कुल उत्तरदाता
		ग्रामीण	शहरी	कुल उत्तरदाता	ग्रामीण	शहरी	कुल उत्तरदाता	
1	बड़वानी	15	05	20	30	14	44	64
2	पाटी	05	05	10	36	20	56	66
3	ठीकरी	20	10	30	18	06	24	54
4	राजपुर	15	05	20	40	20	60	80
5	सेंधवा	15	05	20	66	50	116	136
	कुल योग	**70**	**30**	**100**	**190**	**110**	**300**	**400**

****

जनजातीय वर्ग के विकास में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996 की भूमिका का अध्ययन

राकेश पटेल *

शोध सारांश – जनजातीय वर्ग एक ऐसे वर्ग का प्रतिनिधित्व करता हैं। जिसकी अपनी जीवन शैली है, इनके विशिष्ट रीति रिवाज हैं, सांस्कृतिक पहचान है तथा साथ रहने एवं विवादों का समाधान करने की प्रथाऐं हैं। यह वर्ग सादियों से अलगाव की स्थितियों में राष्ट्र की मुख्य धारा से पृथक रहे हैं। इस अलगाव ने इस वर्ग को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक दृष्टियों से पिछडा रखा तथा पारिणामत: यह वर्ग गरीबी, अज्ञान, शोषण, भूख एवं बीमारी का शिकार रहा। इन्होंने अपने देवता के रूप में पहाड़ों, भूमि, नदियों, जंगलों एवं प्रकृति को माना है।

अत: यह आवश्यकता सदैव महसूस की जाती रही कि अनुसूचित क्षेत्रों का संस्थागत ढाँचा आदिवासियों की आवश्यकताओं, उनकी प्रकृति एवं आदिवासी संस्थाओं, जिनसे कि यह सदियों से जुडे है ,के अनुरूप होना चाहिए। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996' बनाया गया हैं।

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र में जनजातीय वर्ग के विकास में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996' की भूमिका का अध्ययन किया गया हैं।

1995 में भूरिया समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसके आधार पर संसद ने संविधान के अनुच्छेद 243 (3) निर्दिष्ट पाँचवी अनुसूची क्षेत्रों और आदिवासी क्षेत्रों में लागू करने के लिए 'पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996' अधिनियमित किया। इस अधिनियम को संक्षिप्त रूप में 'पेसा अधिनियम 1996' कहा जाता है। पेसा अधिनियम अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत राज व्यवस्था को कुछ विशेष अधिकार प्रदान करता है। **साहित्य की समीक्षा –** यतीन्द्र सिंह सिसोदिया (1999) ने मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले की जनजातियों के सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं राजनीतिक चेतना के अध्ययन में स्पष्ट किया है कि सामाजिक–आर्थिक रूप से पिछड़े होने के बावजूद पिछले दो–तीन दशकों में जनजातियों की राजनीतिक चेतना में अभिवृद्धि हुई है।

महिपाल (1999) ने आठ राज्यों में 'पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996' के प्रावधानों के अन्तर्गत जनजातीय बहुल क्षेत्रों में ग्राम सभा की स्थिति को स्पष्ट किया है। इन्होंने अध्ययन में पाया कि इस अधिनियम में ग्रामसभा को अधिक अधिकार देने का उद्देश्य था किन्तु इस अधिनियम की कमियों का लाभ उठाकर कुछ राज्यों ने यह अधिकार पंचायतीराज की विभिन्न संस्थाओं को दे दिया हैं।

उपाध्याय (2010) ने 'शेडयूल एरियास ए फरेश लेगल पर्सपेक्टीव' में पेसा अधिनियम 1996 एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 द्वारा जनतातीय समुदायों को प्रदान किए गए अधिकारों की समीक्षा की है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उक्त अधिनियमों का पूर्ण लाभ प्राप्त करने हेतु पुन: वर्तमान कानूनी परिप्रेक्ष्य में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है ताकि जनजाति समुदायों को अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

पिछले दशकों में हुए अध्ययन हमें पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996' के प्रति जनजातीय वर्ग मे जागरूकता की कमी को दर्शाते है।

शोध पत्र का उद्देश्य एवं शोध प्रविधि –

उद्देश्य –

1. जनजाति विकास में 'पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996' की भूमिका का अध्ययन करना।
2. जनजातीय वर्ग के संदर्भ में 'पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम 1996' के प्रावधानों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – अध्ययन का समग्र मध्यप्रदेश का छिंदवाड़ा जिला है। छिन्दवाड़ा जिले के दो विकासखण्ड तामिया एवं जूब्बारदेव को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक चयनित विकासखंड से 5–5 ग्राम पंचायतों का स्तरीय यादृच्छिक प्रतिनिधित्व निदर्शन प्रणाली के आधार पर चयन किया गया है। ग्राम पंचायत की ग्राम सभा के जनजातीय वर्ग के सदस्य अध्ययन की इकाई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत से 10–10 उत्तरदाताओं को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। इस प्रकार निदर्शन का आकार 10 ग्राम पंचायत से 100 उत्तरदाता है। तथ्यों के संकलन हेतु प्राथमिक एंव द्वितीय स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक तथ्यों के संग्रहण हेतु साक्षात्कार अनुसूचियों का प्रयोग किया गया है। इस हेतु अवलोकन पद्धति का भी प्रयोग किया गया है। तथ्यों का विश्लेषण ।साक्षात्कार अनुसूची से प्राप्त तथ्यों को कम्प्यूटर से SPSS सॉफ्टवेयर के द्वारा विश्लेषित किया गया है। जो इस प्रकार है –

तालिका क्रमांक 01

उत्तरदाताओं की जनजाति

क्र.	जनजाति	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	गौंड	85	85%
2.	भारिया	09	09%
3.	मवासी	06	06%
	योग	100	100%

*शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) मध्यप्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, उज्जैन (म.प्र.) भारत

तालिका क्र. 01 में अध्ययन में सम्मिलित अलग–अलग जनजातियों की संख्या को दर्शाया गया है। तालिका क्र. 01 से स्पष्ट है कि 85 प्रतिशत उत्तरदाता गौंड जनजाति के है। इसी प्रकार भारिया एवं मवासी जनजाति के उत्तरदाताओं की संख्या क्रमश: 09 प्रतिशत एवं 06 प्रतिशत है। अत: अधिकांश उत्तरदाता गौंड जनजाति के है।

जनजातीय वर्ग अनेक जनजातियों में विभाजित है। जनजातीय वर्ग में शिक्षा का विशेष महत्व है। शिक्षा एक ऐसा कारक तत्व है, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास के द्वार खोल देता है। तालिका क्रमांक 02 में उत्तरदाताओं के शैक्षणिक स्तर को दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 02

उत्तरदाताओं का शैक्षणिक स्तर

क्र.	शैक्षणिक स्थिति	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	निरक्षर	21	21%
2.	साक्षर	20	20%
3.	प्राथमिक स्तर	16	16%
4.	माध्यमिक स्तर	28	28%
5.	उच्चतर माध्यमिक स्तर	13	13%
6.	स्नातक अथवा अधिक	02	02%
	योग	100	100%

तालिका क्र. 02 से स्पष्ट है कि निरक्षर उत्तरदाताओं की संख्या 21 प्रतिशत है। साक्षर एवं प्राथमिक शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं की संख्या क्रमश: 20 प्रतिशत एवं 16 प्रतिशत है। माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की संख्या 28 प्रतिशत है। जबकि उच्चतर माध्यमिक एवं स्नातक अथवा अधिक की संख्या क्रमश: 13 प्रतिशत एवं 02 प्रतिशत है। अत: कहा जा सकता है कि आज भी जनजातीय वर्ग में अशिक्षा का अभिशाप दूर नहीं हुआ है।

तालिका क्रमांक 03 में उत्तरदाताओं की पेसा अधिनियम 1996 के प्रति जागरूकता को दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 03

उत्तरदाताओं की पेसा अधिनियम 1996 के प्रति जागरूकता की स्थिति

क्र.	पेसा अधिनियम 1996 के प्रति जागरूकता	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	पेसा अधिनियम की जानकारी है	04	04%
2.	पेसा अधिनियम की जानकारी नही है	96	96%
	योग	100	100%

तालिका क्र. 03 से स्पष्ट है कि 04 प्रतिशत उत्तरदाताओं को पेसा अधिनियम की जानकारी है। इन्हें भी सिर्फ इतनी जानकारी है कि इस अधिनियम का सम्बन्ध अनुसूचित क्षेत्रों से है। जबकि 96 प्रतिशत उत्तरदाताओं को इस विषय में कोई जानकारी नहीं है। इस प्रकार अधिनियम के प्रावधानों की सामान्य जानकारी भी उत्तरदाताओं को नहीं है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि पेसा अधिनियम के प्रति जागरूकता की भारी कमी है। इसका प्रमुख कारण जनजातीय वर्ग का भोला–भाला होना, शिक्षा का स्तर कम होना तथा कानूनी मामलों के प्रति रूचि का अभाव है।

पेसा अधिनियम के द्वारा जनजातियों के आपसी झगड़ों या विवादों का समाधान परम्परागत आधार पर हल करने का अधिकार ग्रामसभा को दिया गया है। तालिका क्र. 04 में ग्रामसभा के माध्यम से विवादों के समाधान की स्थिति को दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 04

ग्रामसभा द्वारा परम्परागत न्याय के माध्यम से विवादों का समाधान

क्र.	ग्रामसभा द्वारा विवादों का समाधान	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	47	47%
2.	नहीं	53	53%
	योग	100	100%

तालिका क्र. 04 से स्पष्ट है कि 47 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ग्रामसभा के माध्यम से परम्परागत न्याय के आधार पर विवादों का समाधान किया जाता है। जबकि 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ग्रामसभा में विवादों का समाधान नहीं किया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि ग्रामसभा में केवल छोटे विवादों का समाधान किया जाता है जबकि बड़ें विवादों के लिये न्यायालय की शरण ली जाती है।

पेसा अधिनियम के माध्यम से ग्रामसभा को ग्राम पंचायत में संचालित स्थानीय योजनाओं पर नियंत्रण का अधिकार दिया गया है। तालिका क्र. 05 में ग्रामसभा के माध्यम से स्थानीय योजनाओं के स्त्रोतों एवं व्ययों पर नियंत्रण की स्थिति को दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक 05

ग्रामसभा के माध्यम से स्थानीय योजनाओं के स्त्रोतों एवं व्ययों पर नियंत्रण की स्थिति

क्र.	स्थानीय योजनाओं के स्त्रोत एवं व्ययों पर नियंत्रण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	94	94%
2.	नहीं	04	04%
3.	मालूम नहीं	02	02%
	योग	100	100%

तालिका क्र. 05 से स्पष्ट है कि 94 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ग्रामसभा के माध्यम से स्थानीय योजनाओं के स्त्रोत एवं व्ययों पर नियंत्रण रखा जाता है। 04 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि नियंत्रण नहीं रखा जाता है जबकि 02 प्रतिशत उत्तरदाताओं को इस विषय में जानकारी नहीं है।

अत: कहा जा सकता है कि अधिकांश ग्राम सभाओं के माध्यम से स्थानीय योजनाओं के स्त्रोत एवं व्ययों पर नियंत्रण रखा जाता है।

पेसा अधिनियम ग्राम पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत आयोजित बाजार एवं मेलों का प्रबंधन करने की शक्ति ग्रामसभा को देता है। तालिका क्र. 06 में ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम के बाजार तथा मेलों के प्रबंधन को दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक 06

ग्रामसभा के द्वारा बाजार एवं मेलों के प्रबंधन की स्थिति

क्र.	बाजार एवं मेलों का प्रबंधन	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	हाँ	10	10%
2.	क्षेत्र में बाजार तथा मेला का आयोजन नहीं होता है	90	90%
	योग	100	100%

तालिका क्र. 06 से स्पष्ट है कि 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम के बाजार तथा मेलों का प्रबंधन किया जाता है। जबकि 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उनके क्षेत्र में बाजार एवं मेलों का आयोजन नहीं होता है या इनका स्वरूप छोटे स्तर का

होता है। जिसमें ग्राम सभा की कोई आवश्यकता नहीं होती है।

अत: कहा जा सकता है कि अधिकांश क्षेत्रों में बाजार एवं मेला का आयोजन नहीं होता है तथा जिन क्षेत्रों में आयोजन होता है, उनका प्रबंधन ग्रामसभा द्वारा किया जाता है।

निष्कर्ष –विस्तृत अध्ययन से स्पष्ट है कि पेसा अधिनियम अनुसूचित क्षेत्रों की पंचायत एवं जनजातीय वर्गों के विकास हेतु नींव का पत्थर सिद्ध हुआ है। अध्ययन में तीन जनजातियाँ सम्मिलित हुई है। जिसमें सबसे ज्यादा गौंड़ उत्तरदाता है।

जनजातीय वर्ग की शिक्षा का स्तर आज भी निम्न है। दो–तिहाई उत्तरदाता की शिक्षा का स्तर प्राथमिक विद्यालय या इससे कम है, जिसमें इक्कीस प्रतिशत उत्तरदाता पूरी तरह निरक्षर है।

पेसा अधिनियम के प्रति उत्तरदाताओं में जागरूकता की भारी कमी है। मात्र चार प्रतिशत उत्तरदाता को पेसा अधिनियम की बहुत कम जानकारी है। शेष के लिए यह अधिनियम अनसूना है। इसका एक बड़ा कारण जनजातीय वर्ग की नियम कानून के प्रति उदासीनता है।

परम्परागत न्याय के माध्यम से विवादों के समाधान के मामले में लगभग आधे उत्तरदाताओं का मानना है कि ग्रामसभा के माध्यम से विवादों का समाधान किया जाता है। जबकि आधे से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि ग्रामसभा में आपसी विवादों का समाधान नहीं किया जाता है। परिचर्चा में पाया गया कि छोटे विवादों को ही ग्रामसभा के माध्यम से सुलझाया जाता है। जबकि बड़े विवादों के समाधान में न्यायालय का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

पेसा अधिनियम ग्रामीण बाजारों पर नियंत्रण का अधिकार ग्रामसभा को प्रदान करता है। जहाँ बाजार एवं मेला का आकार सामान्य है, वहाँ पर अधिकांश ग्रामसभा द्वारा उन पर नियंत्रण रखा गया है।

ग्राम पंचायत में संचालित स्थानीय योजनाओं के स्त्रोत एवं व्ययों पर नियंत्रण का अधिकार ग्राम सभा को प्रदान किया गया है। अधिकांश उत्तरदाताओं का मानना है कि ग्रामसभा के माध्यम से स्थानीय योजनाओं के स्त्रोत एवं व्ययों पर नियंत्रण रखा जाता है।

पेसा अधिनियम के प्रावधान के अनुसार तीनों स्तर की पंचायतों के अध्यक्ष के पद जनजातीय वर्ग के लिए आरक्षित है, जिससे की पंचायत राज व्यवस्था में जनजाति वर्ग की सहभागिता में वृद्धि हुई है।

सुझाव – जनजातीय वर्ग का शैक्षणिक स्तर कम है। अत: इस वर्ग के महत्व के प्रति जागरूक करना आवश्यक हो गया है। इस वर्ग को पेसा अधिनियम के प्रावधान की जानकारी नहीं है। अत: विशेष आयोजनों के माध्यम से अनुसूचित क्षेत्रों में इस अधिनियम के प्रति जागरूकता का प्रसार किया जाना चाहिए। विवादों के समाधान हेतु ग्रामसभा स्तर पर विवाद समाधान शिविर की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे कि यह वर्ग अनावश्यक कोर्ट कचेरी के चक्कर लगाने से बच सके। स्थानीय योजनाओं के स्त्रोत एवं व्यय पर नियंत्रण में और अधिक पारदर्शिता लानी चाहिये। ग्रामसभा को अपने स्तर पर ग्रामीण बाजार विकसित करने की कोशिश करनी चाहिए। इससे ग्रामीण जन की शहरों पर निर्भरता में कमी आएगी। ग्रामसभा को संवैधानिक रूप से पर्याप्त शक्तियाँ प्राप्त है। जरूरत है, तो सिर्फ उनके सफल क्रियान्वयन की।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सिसोदिया, यतीन्द्र सिंह (1999) – 'पॉलिटिकल कंशसनेस अमंग ट्राइवल्स', राव पब्लिकेशन्स, जयपुर।
2. महिपाल (1999) – 'पांचवी अनुसूची क्षेत्रों में ग्रामसभा के अधिकार एवं शक्तियाँ', कुरूक्षेत्र, नई दिल्ली, अक्टूबर।
3. उपाध्याय, संजय(2010) – 'शेडयूल एरियास नीड ए फ्रेश लेगल पर्सपेक्टीव', इकॉनामिक एण्ड पालिटिकल वीकली 09 अक्टूबर।
4. सिसोदिया, यतीन्द्रसिंह एवं आशीष भट्ट (2011), 'मध्यप्रदेश में पंचायत राज व्यवस्था – विविध आयाम', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
5. http://pesadarpan.gov.in/en.

****

अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु म.प्र. शासन द्वारा आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के रूप में - एक विश्लेषण

डॉ. मीनाक्षी पँवार *

प्रस्तावना - आज़ादी के एक लम्बे अन्तराल के बाद बहुत समय पहले से ही अनुसूचित जाति, जनजातियों की आर्थिक व्यवस्था के बारे में राजनीतिज्ञों, योजनाकारों ने मानवीय धरातल पर इस समाज के विकास के लिए स्वप्न बुने है, जब चारों ओर से विकास की बात कही जा रही हो, तब किसी समाज का पिछड़ जाना निश्चित ही मानवशास्त्रियों और शासन के लिए एक कलंक की बात है। संकुल रूप में आर्थिक उन्नयन के इस युग में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों का भी विकास हो और वे भी जन सामान्य व्यक्ति की तरह अर्थ-व्यवस्था के व्यापक धरातल से जुड़ सके, ऐसे प्रयास होने चाहिए, इसलिए सत्ता और शासन के सद्प्रयासों के द्वारा अनुसूचित जाति/जनजातियों के विकास के लिए जो कार्यक्रम निश्चित किए जाते है, वे ही उन्हें विकास की राह दिखलाते है। इसी संदर्भ में मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस सामज के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती रही है ताकि यह समाज भी विकास के बिन्दु को छू सके।

वर्तमान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/जनजातियों के लिए शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत चलायी जा रही विकास की योजनाओं में छात्रवृत्ति के रूप में आर्थिक सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

अध्ययन का उद्देश्य - प्रदेश सरकार द्वारा योजनाएँ, कार्यक्रम, नीतियाँ तैयार की जाती है तथा उनके सफल क्रियान्वयन के प्रयास किए जाते है, जिसके सुखद परिणाम प्राप्त होते है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति/जनजातियों के विद्यार्थियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता जो छात्रवत्ति के रूप में प्रदान की जाती है, के परिणाम सामने आते हैं।

1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना।
2. मध्यप्रदेश शासन द्वारा उच्च शिक्षा हेतु दी जाने वाली छात्रवृत्तियों का अध्ययन करना।
3. यह शोध पत्र छात्रवृत्ति की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाने में सफल होगा। इस जानकारी से अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थी इसका लाभ लेने के लिए आगे आएगे और प्रदेश के विकास में अपना सक्रिय योगदान दे सकेंगे।

शोध प्रविधि - छात्रवृत्ति सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करने के लिए शोध की प्रविधि में साक्षात्कार, प्रश्नावली, म.प्र. शासन की योजनाओं का अध्ययन विश्लेषण विधियों को अध्ययन में शामिल किया गया तथा विषय से सम्बन्धित ग्रंथों का अध्ययन भी उपयोग में लाया गया हैं।

- महाविद्यालयों में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति/ जनजातियों के विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त की गई।
- विद्यार्थियों के अभिभावकों से सम्पर्क कर चर्चा की गई।
- महाविद्यालयों के छात्रवृत्ति प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी से ली गई जानकारी।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के रूप में - तकनीकी शिक्षा -

पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति - सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं जिसमें आयुर्वेदिक, इंजीनियरिंग और चिकित्सा शिक्षा भी सम्मिलित है, में अध्ययन करने वाले अनूसचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निम्नानुसार पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जाती है -

समूह	विषय	दी जाने वाली छात्रवृत्ति की दर (रू. में)	
		छात्रावास	गैर छात्रावास
वर्ग-1	चिकित्सा, इंजीनियरिंग ओर साईंस वित्त प्रबंधन समूह	1500	550
वर्ग-2	आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी विज्ञान में डिप्लोमा ओर अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम	820	530
वर्ग-3	इंजीनियरिंग, प्रोद्योगिकी, कृषि चिकित्सा विज्ञान, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम	570	300
वर्ग-4	सामान्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का सामन्य प्रथम वर्ष	380	230

रोजगारोन्मुखी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना -

उद्देश्य - सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति/ जनजाति के युवक-युवतियों को उच्च तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षित कर उनके लिए रोजगार सुनिश्चित करना।

पात्रता - इस प्रशिक्षण के लिए युवक-युवतियों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना और हायर सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। महिलाओं और नि:शक्तजनो के लिए आरक्षण है।

प्रक्रिया - पात्र युवाओं को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों एवं भारत-जर्मन तकनीकी सहयोग से बनी संस्था सेन्टर फॉर रिसर्च एण्ड इण्डस्ट्रीयल स्टॉफ परफार्मेन्स (क्रिप्ट) में

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षणार्थियों को विशेष पठन-पाठन सामग्री और 500 रू. प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रशिक्षण के बाद व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् का प्रमाण पत्र भी दिया जाता है।

ग्रामीण इंजीनियर योजना –

उद्देश्य – योजना के अन्तर्गत ग्रामीण इंजीनियर उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

पात्रता – एक गांव से एक उम्मीद्वार का चयन किया जाता है, जिसकी आयु 30 वर्ष से अधिक न हो और हायर सैकण्डरी उत्तीर्ण हो। अजा और अजजा के दसवीं उत्तीर्ण उम्मीद्वारों को भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रक्रिया – औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण संचालित किया जाता है। प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जाता है। इसमें प्रत्येक गांव के चयनित एक युवा को 110 दिन की अवधि में तीन व्यवसाय मेंसन, इलेक्ट्रीशियन और प्लम्बर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। दक्षता आधारित इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को 500 रू. प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रशिक्षण के बाद राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् का प्रमाण-पत्र दिया जाता है।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र –

उद्देश्य – अनुसूचित जाति/जनजाति के स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पी.एम.टी., पी.ई.टी., पी.ए.टी. आदि के लिए प्रशिक्षित करना।

पात्रता – विज्ञापन द्वारा आवेदन पत्र बुलाए जाते है तथा संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य प्रावीण्य सूची के अनुसार विद्यार्थियों का चयन करते है। यह प्रशिक्षण केन्द्र म.प्र. के भोपाल, ग्वालियर, रीवा, मुरैना, सागर, जबलपुर, इंदौर में संचालित है।

प्रक्रिया – परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों भोपाल, ग्वालियर, सागर, रीवा, मुरैना, जबलपुर, इंदौर संभागों में प्रशिक्षण अवधि में प्रत्येक प्रति शिक्षणार्थियों को शिष्यवृत्ति एवं छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाती है।

अनुसूचित जनजाति के विधि स्नातकों को छात्रवृत्ति –

उद्देश्य – विधि स्नातकों को विधि व्यवसाय में सुप्रशिक्षित कर स्वावलम्बी जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करना।

पात्रता – विधि स्नातकों के आवेदन-पत्र जिसमें बार कौंसिल का प्रमाण पत्र विधि परीक्षा की अंकसूची संलग्न हो, का परीक्षण जिला कार्यालय में किया जाता है तथा हितग्राही का चयन किया जाता है।

प्रक्रिया – मध्यप्रदेश के सभी जिलों में अनुसूचित जाति के विधि स्नातकों का परीक्षण कर 200 रू. प्रतिमाह एक वर्ष के लिए स्वीकृत किए जाते हैं।

उच्च शिक्षा –

गाँव की बेटी योजना –

उद्देश्य – ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभावान बालिकाओं की शिक्षा का स्तर बढ़ाने एवं उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना।

पात्रता –

1. छात्र को गाँव का निवासी होना चाहिए।
2. 12वीं कक्षा गाँव में रहकर गांव की पाठशाला से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए।
3. जिस सत्र में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो उसी सत्र में उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश लेना आवश्यक होगा।
4. नवोदय विद्यालय से पढ़कर 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रायें अगर उपरोक्त शर्ते पूर्ण करती है, तो पात्र होगी।
5. 12वीं कक्षा के पश्चात् शासकीय शैक्षणिक संस्थाए, अनुदान प्राप्त अशासकीय शैक्षणिक संस्थाए जिनकी फीस शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के अनुसार होना आवश्यक है।
6. छात्रा निरंतरता के साथ आगामी कक्षा में प्रवेश लेना आवश्यक होगा।

प्रक्रिया –

1. प्रत्येक पाठशाला प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्राओं की एक मैरिट सूची तैयार कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को प्रेषित करेगी। कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की अध्यक्षता में गठित समिति प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई छात्राओं को गांव की बेटी का प्रमाण पत्र जारी करेगी।
2. छात्रा द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, सरपंच द्वारा हस्ताक्षरित गांव का मूल निवासी प्रमाण पत्र, जनपद पंचायत द्वारा जारी किए जाने वाले गॉव की बेटी के प्रमाण पत्र के साथ अध्ययनरत् महाविद्यालय में आवेदन देना चाहिए।

लाभ –

1. पाठयक्रम के लि निर्धारित शुल्क में छूट।
2. छात्रावास में प्रवेश के लिए प्राथमिकता।
3. परम्परागत् पाठ्यक्रम हेतु 500/- प्रतिमाह की दर से सालाना छात्रवृत्ति।
4. तकनीकी शिक्षा तथा चिकित्सा शिक्षा में अध्ययन करने वाली छात्रा को रू. 750 प्रतिमाह सालाना छात्रवृत्ति।

प्रतिभा किरण योजना –

उद्देश्य – गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली शहर की मेघावी छात्राओं को बालिकाओं की शिक्षा का स्तर बढ़ाने एवं उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना।

पात्रता –

1. गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नगरीय क्षेत्र निवासी परिवार से आने वाली 12वीं परीक्षा में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्रा जिन्होंने 12वीं कक्षा शहर में रहकर उत्तीर्ण की हो।
2. जिस सत्र में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो उसी सत्र में उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश लेना आवश्यक होगा।
3. स्नातक स्तर पर छात्रा का नियमित अध्ययनरत् होना तथा निरंतरता से अगली कक्षा में प्रवेश लिया जाना आवश्यक होगा।
4. 12वीं कक्षा के पश्चात् शासकीय शैक्षणिक संस्थाए, अनुदान प्राप्त अशासकीय शैक्षणिक संस्थाए जिनकी फीस शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के अनुसार होना आवश्यक है।
5. छात्रा को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना आवश्यक होगा।

प्रक्रिया – संबंधित छात्रा द्वारा प्रतिभा किरण योजना के अन्तर्गत प्रारूप में आवेदन, नगर निगम/नगर पालिका द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्रा की अंकसूची को महाविद्यालय के छात्रवृत्ति प्रभारी को समयावधि में देना होगा।

लाभ –

1. शिक्षण शुल्क में छूट की पात्रता।

2. छात्रावास में प्रवेश में प्राथमिकता।
3. छात्रावास शुल्क में छूट।
4. पाठ्यक्रम हेतु छात्रा को प्रतिमाह 500 रू. वार्षिक। तकनीकी तथा चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम हेतु 750 रू. प्रतिमाह (अधिकतम 10 माह) प्रति शैक्षणिक सत्र वार्षिक।

एकीकृत छात्रवृत्ति योजना –

उद्देश्य – उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न नियमित विद्यार्थियों को पात्रता के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान कर आर्थिक सहयोग दिया जाता है।

पात्रता – मा.शि. मण्डल म.प्र. तथा म.प्र. के विश्वविद्यालयों में अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को ही आवेदन प्रस्तुत करेन की पात्रता होगी। एकीकृत छात्रवृत्ति हेतु अभिभावकों की वार्षिक आय **25000/–** रू. से अधिक न हो। वेतनभोगी अधिकारी/ कर्मचारी/अभिभावकों को आहरण संवितरण अधिकारी का आय प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। अन्य वर्गीय व्यक्तियों को प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा सत्यापित आय घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

प्रक्रिया – वर्तमान में संचालित विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियाँ और उनका कोटा निर्धारित है। शोध, एम.फिल. स्नातकोत्तर योग्यता, सह–साधन, खेलकूद, स्नातक योग्यता, सह–साधन, संस्कृत छात्रवृत्तियाँ, फिल्म एवं दूरदर्शन संस्थान पूणे, राष्ट्रीय अनुसंधान कला नई दिल्ली, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, म.प्र. के सैन्य महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों को छात्रवृत्ति। इच्छुक विद्यार्थी अपने शैक्षणिक संस्थानों से आवेदन पत्र प्राप्त कर संस्था प्रमुख के माध्यम से कार्यालय, आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन भोपाल को भेज सकते हैं।

शोध हेतु छात्रवृत्ति –

उद्देश्य – अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को शोध हेतु छात्रवृत्ति।

पात्रता –

1. अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति छात्र छात्राए।
2. म.प्र. का मूल निवासी।
3. किसी विश्वविद्यालय में शोध हेतु पंजीकृत हो।
4. स्नातकोत्तर उपाधि में न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त हो। समान अंक के मामलों में एम.फिल. उपाधि को वरियता।
5. परिवारिक आय आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक न हो।
6. निजी व्यवसाय/सेवा में कार्यरत् न हो।
7. अन्य किसी संस्था से अन्य कोई छात्रवृत्ति प्राप्त न कर रहा हो।

लक्ष्य – अनुसूचित जाति के कुल 44 विद्यार्थियों के लिए तथा अनुसूचित जनजाति के कुल 56 विद्यार्थियों के लिए।

प्रक्रिया – संकायवार स्नातकोत्तर मेरिट के आधार पर चयन सूची के क्रमानुसार संचालनालय द्वारा चयन किया जाता है।

लाभ –

1. छात्रवृत्ति पंजीयन तिथि से तीन वर्ष अथवा शोध कार्य विश्वविद्यालय में जमा होने तक जो पहले हो।
2. प्रतिमाह रू. 8000/– छात्रवृत्ति
3. नवीनीकरण हेतु गाईड से प्रगति प्रतिवेदन हर छ: माह अतिरिक्त संचालन को प्रस्तुत करना होगा।

विकलांग विद्यार्थियों को शोध छात्रवृत्ति –

लक्ष्य – 10 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष।

उद्देश्य – विकलांग विद्यार्थियों को शोध अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने तथा विशिष्ट विषय में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने एवं सामाजिक क्षेत्र में ख्याति प्राप्त करने के उद्देश्य से योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना वर्ष 2009–10 से प्रारंभ की गई है।

पात्रता –

1. म.प्र. का मूल निवासी।
2. किसी विश्वविद्यालय में पंजीयन।
3. स्नातकोत्तर में निर्धारित प्राप्तांक।
4. पलक आय सीमा 1 लाख तक।
5. विकलांगता प्रमाण पत्र।
6. अन्य कोई छात्रवृत्ति नहीं।

पात्रता – स्नातकोत्तर स्तर पर मेरिट सूची के आधार पर स्नातकोत्तर में नंबर एक जैसे हो तो एम.फिल को वरीयता।

लाभ –

पंजीयन पर	10,000 रू.
अनुसंधान प्रगति 60 प्रतिशत होने पर	30,000 रू.
अनुसंधान कार्य पूर्ण होने पर	60,000 रू.
कुल	1,00,000 रू.

नि:शक्त छात्रवृत्ति –

उद्देश्य – प्रदेश के नि:शक्त विद्यार्थियों को शिक्षण प्रशिक्षण के क्षेत्र में आर्थिक रूप से मदद देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करना।

पात्रता – ऐसे नि:शक्त विद्यार्थी जो बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., स्नातकोत्तर तथा व्यावसायिक स्नातक परीक्षाएँ प्रतिवर्ष लगातार उत्तीर्ण कर रहे हो।

प्रक्रिया – नि:शक्त छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित आवेदक अपनी नि:शक्तता दर्शाते हुए फोटोग्राफ के साथ निशक्तता प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किए जाते है। सक्षम अधिकारी द्वारा परीक्षण के बाद छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है।

व्यावसायिक शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति –

उद्देश्य – मध्यप्रदेश के भूमिहीन कृषि श्रमिकों के बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियाँ प्रदान कर आर्थिक सहयोग दिया जाता है।

पात्रता – ऐसा उम्मीद्वार जो म.प्र. का मूल निवासी हो तथा भूमिहीन कृषक मजदूर के पुत्र/पुत्री हो। छात्र/छात्राओं के पालकों की आय 25000 रू. से अधिक न हो। आय प्रमाण पत्र तहसीलदार का मान्य किया जाएगा।

प्रक्रिया – व्यावसायिक पाठ्यक्रम में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लिया हो। व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत तकनीकी/चिकित्सा शिक्षा, सामन्य शिक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम/संकाय सम्मिलित है। इन छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थियों का चयन एक समिति द्वारा समय सीमा में योग्यता के आधार पर अर्थात मैरिट के आधार पर उस वर्ष की अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में से किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को 2500/– रू. वार्षिक पाठ्यक्रम समाप्ति तक अर्थात स्नातक अंतिम वर्ष तक देय होगी।

निष्कर्ष –

1. मध्यप्रदेश के आर्थिक नियोजनकारों ने सामाजिक परिदृश्य को देखकर आर्थिक सहायता की सुविधाएँ प्रदान की है। उनमें छात्रवृत्तियों का

महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इससे सम्पूर्ण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का विद्यार्थी लाभान्वित हो रहा है, क्योंकि आर्थिक सहायता के द्वारा ही उत्कर्ष के परिणाम परिलक्षित होते हैं।

2. प्रदेश सरकार द्वारा इन वर्गों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं की समग्र जानकारी से छात्र-छात्राए पूर्ण रूप से अवगत होकर लाभन्वित हो रहे हैं।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना जैसे कार्यक्रम क्रियान्वित हुए, जिसमें यह महसूस किया जाने लगा है कि इनका विकास पिछली योजनाओं की अपेक्षा अधिक अच्छी स्थिति में देखा गया है।
4. अनुसूचित जाति/जनजातियों के विद्यार्थियों के मन में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक ललक उत्पन्न हुई है।
5. विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रूझान बढ़ा है।
6. विद्यार्थी उच्च शिक्षा, मेडिकल तथा इंजीनियरितंग महाविद्यालय तक की शिक्षाएँ प्राप्त कर रहे हैं।
7. छात्र-छात्राओं के पालकों में भी शिक्षा के प्रति रूझान इतना अधिक देखा गया है कि लगभग पालक अब अपने लड़के/लड़कियों को शिक्षित करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ खड़े हुए है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. मीनाक्षी पँवार - जनजातियों के विकास में राजनीतिक परिस्थितियों का प्रभाव, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2014
2. छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल।
3. व्यक्तिगत सर्वेक्षण के आधार पर।

****

भारत में महिलाओं की सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति – एक अध्ययन

साधना खराड़ी * डॉ. निशा वशिष्ठया **

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र भारत में महिलाओं की सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति के अध्ययन पर आधारित है। इसके अन्तर्गत महिलाओं की वैदिक काल से आधुनिक काल तक की जो समाज में स्थिति है उसका उल्लेख इसमें किया है। यह महिलाओं के राजनीतिक पहलुओं, लोकसभा एवं विधानसभा में महिला प्रतिनिधियों की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

प्रस्तावना – आज विकसित एवं विकासशील सभी देशों में महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक स्थिति में सुधार करने तथा उनकी स्थिति को सुदृढ़ करने के प्रयास हर स्थान और हर स्तर पर किए जा रहे है। परिणामस्वरूप आज सभी स्थान एवं क्षेत्रों में महिलाओं को समुचित विकास के लिए अनुकूल वातावरण विकसित हो रहा है। महिलाओं को प्रशासन एवं राजनीति में समानाधिकार प्रदान करने में अग्रणी देश अमेरिका, फ्राँस व ब्रिटेन है। इन देशों के साथ ही साम्यवादी देश रूस, ईरान जैसे कट्टरपंथी राष्ट्र, अल्पविकसित एवं विकासशील राष्ट्रों में महिलाओं को राजनीतिक दृष्टि से शक्ति सम्पन्न बनाया जा रहा है। महिलाए वैश्विक राजनीति में अपनी प्रभावशाली भूमिका दर्ज कराने में सफल हो रही है। विश्व के अधिकांश देशों में आज महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर अपनी अन्तनिहित क्षमता के बल पर ऊँचाईयों को छू रही है। अपने आत्मविश्वास और साहस के साथ नीति–निर्माणक संस्थाओं में नेतृत्वकारी भूमिका का निर्वहन कर रही है।

महिलाओं में नेतृत्व के गुण जन्मजात रूप से पाए जाते है। परिवार के कुछ मसलों पर महिलाएँ स्वयं ही निर्णय लेती है। आवश्यकता इस बात की है कि महिलाएँ अपने निर्णय लेने की क्षमता का प्रयोग परिवार के साथ–साथ समुदाय में भी करे। संगठन अथवा महिला विकास के उद्देश्यों में से अधिकाधिक सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि उनकी सक्रिय सहभागिता हो।

भारत पहले ही प्राथमिक स्कूल प्रवेश में लैंगिक समानता हासिल कर चुका है। बजट 2016–17 में वित्तामंत्री ने 'बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ' जो कि विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन विभाग की संयुक्त पहल है, 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। जो कि स्वागत योग्य है, 'बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं' द्विआयामी योजना है। जिसका उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार करना और बेटियों को पढ़ाना है।

अध्ययन का उद्देश्य –

1. भारत में महिलाओं की सामाजिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. भारत की राजनीति में महिलाओं की स्थिति का अध्ययन करना।

अध्ययन की शोध प्रविधि –प्रस्तुत शोध पत्र का विषय 'भारत में महिलाओं की सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति का अध्ययन करना है। अध्ययन से संबंधित आँकड़ों का संकलन द्वितीय समंकों पर आधारित है। द्वितीय स्त्रोत से संबंधित पुस्तकें, पत्र–पत्रिकाएँ, शोध एवं जर्नल, शासकीय प्रकाशन, समाचार पत्र, पूर्व शोध अध्ययन आदि से संकलन किया गया है।

भारत में महिलाओं की सामाजिक स्थिति – भारत में महिलाओं का विकास तथा उनकी उन्नति समय के अनुसार धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों से प्रभावित होती रही है। वैदिक युग से लेकर आज तक की महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन हुआ है। प्राचीन भारतीय समाज में महिलाओं को विशेष स्थान प्राप्त था, उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। कहा जाता है कि – 'कोई भी समाज जितना सुसभ्य व सुसंस्कृत होगा, महिलाओं की स्थिति वहाँ पर उतनी ही श्रेष्ठ होगी।' महिलाओं की सामाजिक स्थिति के मामले में वैदिक युग को स्वर्ण काल की संज्ञा दी जाती है। लेकिन इसके बाद के काल में महिलाओं की सामाजिक व धार्मिक स्थिति में परिवर्तन आना शुरु हो गया। इस समय सतीप्रथा, बाल–विवाह तथा बालिका हत्या जैसी कुरीतियों का जन्म हुआ।

भारत में अंग्रेजों के आगमन ने अंग्रेजी शिक्षा के प्रारम्भ ने समाज को विचारों, मनोवृत्तियों व मूल्यों को काफी प्रभावित किया। साथ ही स्त्री–पुरुष की समानता को महत्व दिया जाने लगा। भारत में ऐसे अनेक कानून बने है, जो मूलत: स्त्रियों के अधिकार से संबंधित है। विशेष विवाह अधिनियम 1954, हिन्दु विवाह तथा विवाह विच्छेद अधिनियम 1955, दहेज प्रतिबंध अधिनियम 1961, अस्पृश्यता अधिनियम 1955 तथा वेश्यावृत्ति (निवारण) अधिनियम 1956 इत्यादि। स्त्रियों की समस्याओं एवं समाधान हेतु एक अखिल भारतीय संगठन भी है। विभिन्न राज्यों में विकास निगमों की स्थापना की गई है। जो महिलाओं को तकनीकी परामर्श देने तथा बैंक व अन्य संस्थाओं से ऋण दिलाने एवं बाजार की सुविधा दिलाने का प्रयत्न करते है।

भारत में महिलाओं की राजनीतिक स्थिति – महिला विकास भारतीय राजनीति एवं समाज का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। महिलाएँ लोकतांत्रिक व्यवस्था में समान एवं सहभागी इकाई है। अत: विधायी अभिकर्ता अर्थात् महिला विधायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं को सत्ता के स्वरूप निर्धारण तथा उसमें सहभागिता के लिए वैधानिक समानता एवं स्वतंत्रता प्राप्त है। किन्तु व्यावहारिक स्तर पर यह समानता एवं स्वतंत्रता दृष्टिगत

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

नहीं होती है। भारत की केन्द्रीय प्रतिनिधि सभा लोकसभा में महिलाओं को मात्र 10.68 प्रतिशत प्रतिनिधित्व प्राप्त है। महिलाओं को सार्वजनिक जीवन में सहभागिता से वंचित रखा गया। महिलाओं के लिए राजनीतिक क्षेत्र वंचित तथा पुरुषों के एकाधिकार का क्षेत्र माना गया।

महिला एवं पुरुष के अनुभव भिन्न-भिन्न होने के कारण राजनीतिक विषयों के संदर्भ में उनकी पृथक-पृथक प्राथमिकताएँ होती है। इस सन्दर्भ में यह माना जाता है कि विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व में वृद्धि से महिला विधायक महिलाओं के हितों के पक्ष में विधायन करेगी जिससे महिलाओं की राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार संभव हो सकेगा।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा महिलाओं के विकास हेतु 27 से भी अधिक योजनाओं की शुरुआत की गई है। ये योजनाएँ भारत सरकार के विभिन्न विभागों तथा मंत्रालयों जैसे - ग्रामीण विकास, श्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान व तकनीकी कल्याण, महिला व बाल विकास इत्यादि के द्वारा चलाए जाते है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता वाले कार्यक्रमों के लिए अतिरिक्त 1000 करोड़ रुपये मुहैया कराती है।

निष्कर्ष - भारतीय समाज में महिलाओं की लगभग आधी आबादी है। देश की आधी आबादी को राजनीति तथा विकास की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित किए बिना देश की समृद्धि, सुदृढ़ सामाजिक संरचना एवं सर्वांगीण विकास की कल्पना करना नितान्त ही अव्यवहारिक होगा। नारी चेतना को जागरूक कराने हेतु राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं महिला संगठनों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत में महिला उद्यमिता में भी प्रगति हुई है और आज अनेक महिलाएँ अपने स्वयं के कारखाने एवं उद्योग चला रही है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. मौर्य शैलेन्द्र (2011), महिला राजनैतिक नेतृत्व एवं महिला विकास, पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर
2. महावीर सुनिल (2013), भारत में महिला सशक्तिकरण विविध आयाम और चुनौतियाँ, आविष्कार पब्लिकेशन, जबलपुर
3. राउन एन. यू. (2013) : 'महिला सुरक्षा एवं समाज', सत्यम पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रिब्यूटर्स, जयपुर
4. सारस्वत स्वप्निल, सिंह डॉ. निशांत (2004), 'समाज, राजनीति और महिलाएँ (दशा और दिशा)', राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली - 110002
5. योजना पत्रिका (मार्च 2016)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

भारतीय सामाजिक समरसता में अंग्रेजी शिक्षा का प्रभाव

मनीषा दीक्षित *

प्रस्तावना – सन् 1707 में औरंगजेब की मृत्यु के उपरान्त् मुगल साम्राज्य का पतन प्रारम्भ हो गया। राजनैतिक अराजकता की स्थितियाँ हर तरफ व्याप्त हो गयी। इसी कारण सें भारतीय समाज असुरक्षा एवं अस्थिरता की जाल में फसता चला गया।[1] जनप्रचलित हिन्दू धर्म अपने नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों, उदान्तता तथा पवित्रता से वंचितप्राय था। समाज एवं धर्म में अंधविश्वास,पाखण्ड,कुरीतियों कुप्रथाओं का बोलबाला था।

बालिकावध, बालविवाह, बहुविवाह, सतीप्रथा जैसे अनेक कुप्रथाऐं भारतीय समाज में विद्यमान थी। इसी प्रकार जातपात, अस्पृश्यता, महिलाओं को पर्दे में रखना तथा गुलाम जैसी सामाजिक प्रणालियाँ शास्त्रोचित समझी गए इसीलिए उन्हें विधिसम्मत तथा गौरव की बात मान लिया गया, जिनका आधार अंधविश्वास तथा अज्ञानता थी। सारा सामाजिक ढांचा अन्याय तथा असमानता पर आधारित था। समाज भंयकर रूप सें पिछड़ गया उसकी शक्ति क्षीण हो चुकी थी तथा वह दिशाहीन था।[2] परन्तु ऐसी विषम परिस्थितियों में भी कुछ ऐसी ऐतिहासिक शक्तियाँ सक्रिय थी जिनके कारण से भविष्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन आने वाले थे। ब्रिटिश सत्ता के स्थापित होने के फलस्वरूप भारत में पाश्चात्य उद्देश्य का भी प्रचार हुआ। अंग्रेज राजनीतिज्ञो ने भारत में पाश्चात्य उद्देश्य का प्रारम्भ केवल ऐसे वर्ग को उत्पन्न करने के लिए किया जो बाहरी रूप में तो भारतीय हो लेकिन अन्दर से उसकी मनोवृत्ति तथा संस्कृति पूरी तरह से पश्चिमी हो क्योंकि उन्हें अपने साम्राज्य की रक्षा हेतु ऐसे दब्बू वर्ग की आवश्यकता थी।[4] यद्यपि लार्ड मैकाले ने भारतीय सभ्यता को घटिया बताकर भूल की, लेकिन वह आत्मा से चाहता था कि भारत के लोग पाश्चात्य विज्ञान और चिन्तन से अच्छी तरह परिचित हो। 1857 में मद्रास ,बम्बई तथा कलकत्ता में विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। इसके पूर्व दिनांक 2 फरवरी 1835 का मैकाले के मिनिट्स तथा 9 जुलाई 1854 के चार्ल्स वुड के डिस्पैच द्वारा भारत में पाश्चात्य उद्देश्य प्रणाली की शुरूआत हुई।[5]

अंग्रेजो की राजनीतिक गतिविधियों प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा आर्थिक शोषण के साथ ही साथ भारतीय जनजीवन में पश्चिम के तमाम आधुनिक विचारों एवं ज्ञान का भी प्रवेश हुआ। भारतीय समाज पर उनके प्रबुद्ध एवं विकसित विचारो का तुरन्त ही असर हुआ तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागृति का भी श्री गणेश प्रारम्भ हुआ। पाश्चात्य उद्देश्य ने भारत में एक नये प्रकार के बौद्धिक और राजनीतिक जीवन की नीव डाली। आधुनिक बंगाल के निर्माताओं में यदि सब नहीं तो अधिकांश ऐसे है। जिन्होंने पाश्चात्य शिक्षण संस्थाओं से उद्देश्य पायी थी। राजा राम मोहन राय, अरविन्द, विवेकानन्द, जे.सी तथा पी.सी.राय आदि सभी ने पाश्चात्य उद्देश्य से उच्च उपाधियाँ प्राप्त की।

यही बाते महाराष्ट्र में प्रतीत होती है आर.के भण्डारकर,महादेव गोविन्द रानाडे, तिलक,आगरकर,तथा गोखले इत्यादि अंग्रेजी उद्देश्य की उपज थे। गांधी जी ने पाश्चात्य उद्देश्य की ऊँचे स्वर से निन्दा की, लेकिन उनके पास भी लंदन की विधि उपाधि थी। नेहरू जी तो पाश्चात्य उद्देश्य के बीच ही पले बढ़े थे। अंग्रेजी भाषा के प्रति किया गया निर्णय दोनों हेतु अच्छा रहा। इसका प्रत्यक्ष लाभ जहाँ शासन को हुआ वही अप्रत्यक्ष लाभ भारतीय पुनर्जागरण को भी प्राप्त हुआ। अंग्रेजी उद्देश्य एवं साहित्य के सम्पर्क में आनें सें भारतीयों को अन्य देशों के राष्ट्रीय विचारों को पढ़ने समझने का सुअवसर प्राप्त हुआ।[6] उन्होंने मिल,हरबर्ट स्पेन्सर मिल्टन लॉक और रूसो आदि को पढा, इससे ये राष्ट्रीयता और लोकतंत्र के महत्व को समझने में सफल हुऐ। अंग्रेजों की संसदात्मक व्यवस्था विधि शासन एवं लोकतांत्रिक अधिकारो की स्थिति को आत्मसात् किया।[7] वे फ्रास की राजक्रान्ति से भी प्रेरित हुये। अमेरिका की स्वतंत्रता ने उन्हें नवीन दृष्टि प्रदान की। वे रूस की साम्यवादी क्रान्ति से लाभान्वित हुए। आयलैण्ड की गृहयुद्ध ने उन्हें अपने स्वराज्य की प्राप्ति हेतु उकसाया। भारतीयो ने अनुभव किया कि यदि जर्मनी तथा इटली के लोग अपनी स्वतंत्रता और एकता को प्राप्त कर सकते है, तो वे भी वैसा ही कर सकते है। उन देशों के जीते जागते आदर्श ने भारतीयो के मन में अपने देश की स्वतंत्रता हेतु लड़ने की भावना उत्पन्न की। अंग्रेजी शासन ने भारत को एकता के सूत्र में बांधकर भावी राष्ट्रीय जागृति का मार्ग प्रशस्त किया।[8]

पाश्चात्य उद्देश्य ने समाज एवं धर्म में अनेक वांछित सुधारों को प्रेरित किया। भारतीय संस्कृति से आधारभूत रूप सें भिन्न मानी जाने वाली, विश्वास की अपेक्षा तर्क बुद्धि को श्रेष्ठ मानने वाली तथा व्यक्ति की भावना को बाह्य बन्धनों से अधिक महत्व प्रदान करने वाली पश्चिमी संस्कृति सभ्यता ने सामाजिक न्याय तथा राजनीतिक अधिकारों की नयी चेतना को जन्म दिया जिसके फलस्वरूप भारतीयो ने, असंगत परम्परावाद एवं अन्धविश्वास पर आधारित, सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक प्रथाओं परम्पराओं को मानने से इन्कार किया और उन्हें अब तर्क तथा बुद्धि की कसौटी पर कसने लगे।[9] भारतीय सभ्यता धर्म और समाज व्यवस्था से उनका विश्वास उठने लगा और एक समय ऐसा भी आया जब यह प्रतीत होने लगा कि सम्पूर्ण भारत पश्चिमी सभ्यता का दास हो जायेगा, परन्तु यह स्थिति अधिक समय तक नही रही। भारतीयों को अपने धर्म के वास्तविक स्वरूप के अन्वेषण की प्रेरणा भी प्राप्त हुयी। भारतीयों में अपने धर्म एवं संस्कृति की महानता के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना पनपने लगी साथ ही इनमे आ गई बुराईयों को दूर करने की ओर भी प्रवृत्त हुए। भारतीयों का ध्यान अस्पृश्यता, असमानता, स्त्रियों की निम्न स्थिति, सती प्रथा, बहुविवाह, बालविवाह, पर्दाप्रथा, देवदासी प्रणाली, स्त्री उद्देश्य के अभाव, निरक्षरता, विवाह विच्छेद

* शोधार्थी (इतिहास) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

आदि सामाजिक बुराईयों की ओर आकृष्ट हुआ और इसके विरूद्ध आन्दोलन चलाए गए। नये ज्ञान के प्रकाशन में ईश्वर द्वारा आदेशित माने जाने वाले अनेक सामाजिक दोष मनुष्य की मुर्खता के रूप में देखे जाने लगे। मानवतावादी दृष्टिकोण ने समाज एवं धर्म सुधार आन्दोलन को प्रेरणा प्रदान की।[10] राजा राम मोहन राय व ब्रह्म समाज का इसमे अग्रणी स्थान है, इस आन्दोलन ने जातिपाति के भेद को दूर करने के साथ एकेश्वरवाद का समर्थन एवं मूर्ति पूजा का खण्डन एवं सती प्रथा का अन्त भी किया।[11] संसदीय लोकतंत्र अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पाश्चात्य उद्देश्य का वरण एवं न्यायिक तथा प्रशासनिक सुधारों के समर्थन में उन्होने अपने मौलिक विचार प्रस्तुत किये।

धर्म एवं समाज सुधार आन्दोलन के अध्ययन में दूसरा प्रमुख नाम स्वामी दयानन्द सरस्वती का है। अपने गहन संस्कृति ज्ञान द्वारा उन्होंने वेदों की पुन: प्रतिष्ठा की तथा जनमानस में भारतीय संस्कृति धर्म एवं प्राचीन साहित्य के महत्व को स्थापित किया। वे राष्ट्रभाषा हिन्दी के उन्नायक थे और विदेशी धर्म तथा विदेशी राज्य की दासता के घोर विद्रोही थे।[12] समाज सुधार की दृष्टि से उन्होने जातिप्रथा विरोध, विधवा विवाह समर्थन तथा हरिजनोद्धार का प्रगतिशील कार्य किया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय सामाजिक तथा राजनीतिक चितंन में उग्र राष्ट्रवाद का समावेश किया। उनका ध्येय भारतीयों के मानस में आत्मविश्वास उत्पन्न करना था ताकि वे स्वतंत्रता का वरण कर सके। उन्होंने वेदान्त तथा उपनिषद् के दार्शनिक तत्वो को साधारण जनता तक पहुँचाया तथा भारतीय संस्कृति के मग्न स्तम्भों का नवीनीकरण किया।[13] श्री मती एनी बेसेन्ट ने थियोसोफिकल सोसायटी द्वारा भारत के प्राचीन गौरव एवं सम्मान का भाव भारतीयों में जागृत किया। पाश्चात्य सभ्यता एवं साहित्य की अंधभक्ति द्वारा भारतीयों में अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जो ग्लानि एवं अचेष्टा उत्पन्न हो गयी थी। उसको श्री मती बेसेन्ट ने दूर कर सनातन हिन्दू सिद्धान्तों में अपनी एवं देश विदेश के सहस्त्रो नरनारियों में निष्ठा उत्पन्न की।[14]

ईसाई मिशनरियों ब्रह्मसमाज, रामकृष्णमिशन आर्य समाज, थियोसोफिकल सोसायटी ,दलितवर्ग मिशन तथा गाँधी जी के हरिजन उद्धार आन्दोलन और सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों ने दलित के उत्थान में सहायता पहुँचायी। ये सारे आन्दोलन अंग्रेजी उद्देश्य की ही देन थे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. यदुनाथ सरकार, हिस्ट्री ऑफ औरंगजेब खण्ड–5 पृ0 264
2. शैलेन्द्र प्रसाद पॉदरी, आधुनिक भारतीय नवजागरण पृ0
3. एन.एन.लॉ, प्रोमोशन ऑफ लर्निंग इन इण्डिया बाई अर्ली यूरोपियन सोटिलर्स पृ0 7–8
4. मैकाले मिनट बाई जिलानर, एजूकेशन इन इण्डिया पृ0 60
5. सिलेक्शन्स फ्रॉम एजूकेशनल रिकार्ड्स ऑफ गर्वनमेन्ट ऑफ इण्डिया खण्ड–1 पृ0 284–285
6. वी.पी. वर्मा, आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन पृ0 2
7. डॉ. कैलाशचन्द जैन, आधुनिक भारत पृ0 12
8. ए.आर. देसाई, सोशल बैक ग्राउड ऑफ इण्डियन नेशनलिज्म पृ0 209
9. जे. बी. ब्यूरी, हिस्ट्री ऑफ द फ्रीडम ऑफ थॉट पृ0 127–128
10. डी. एस.शर्मा, हिन्दूइज्मथू द एजेज पृ0 68
11. डॉ. तारा चन्द्र, हिस्ट्री ऑफ दी फ्रीडम मूवमेन्ट इन इण्डिया पृ0 96–97
12. सत्यार्थ प्रकाश, वैदिक यन्त्रालय अजमेर संस्करण 34 पृ0 12
13. स्वामी विवेकानन्द, मार्डन इण्डिया पृ0 21–75
14. दी बेसेन्ट स्पिरिट भाग–3 पृ0 103

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

Contemporary Challenges For Girls Education And Their Dropout Rate In Rural Areas - Specially Their Safety Issues In Education

Amita Joshi * Dr. Prarthana Nigam **

Abstract - this paper discusses how perception of personal safety, security, poverty and other extraneous variables impact on school dropout rate and enrollment of rural girls in India. It mainly focuses on threats of education spread in Indian rural society about girls' education. These security fears can include insecurity that girls suffer from as they go to school, may through the use of unsafe routes; insecurity that girls feel at school and the insecurity they suffer from their homes. Although poverty can be a source and/ or an indicator of insecurity, this paper does not focus solely on poverty. The paper relies on quantitative data collected in rural area of Rajgarh district in M.P. the paper analyses data from individual interview and questionnaire based on impact of education attainment. The conclusion in this paper is that insecure feeling may have a negative impact on schooling. As a result, enhanced accessibility of education in rural area, sensitization of parents about girls' education and safety issues handled by GOs, NGOs and public partnerships can also improve school strength.

Introduction - "The best thermometer of the progress of a nation is its treatment of its women." –Swami Vivekanand.

As we know that India is an independent country but still, the condition of girls is always been a matter of grave concern especially in rural areas. Time has changed but attitude toward girls have never been changed so far. In the era of modernization also girls have to fight for their equal rights.

It is very true that women in India are given a place of Goddess Laxmi in Indian society. However we also cannot ignore the negative aspect of women position in India. Every day and every minute of same woman of all walks of life (a mother, a sister, a wife, a young girl and girl baby children) are getting harassed, molested, assaulted and violated at various place all over the country. Areas like streets, public places, public transports have been the territory of women and girls hunters. Girl students studying in the school or colleges have to shield themselves through books or bags or they have to wear clothes which can cover them completely. In some cases a girl child is sale by her parents just to earn some money. Girls generally face acid attacks on streets and kidnapping for the sex purpose by strangers.

There's an African proverb which goes "If you educate a man you educate an individual but if you educate a woman you educate an entire Nation" and this is the single most important thing that our country needs to understand at this moment. In 2015, 3.7 million eligible girls were out of school and in rural areas girls receive an average of fewer than four years of education. In country where 21.9% of population is below its poverty limit, it does not come as a surprise that poverty is the major obstacle that limits education for girls.

But the poverty is not the only thing that is disrupting the fundamental right of education amongst Indian girls, there are many more contributing factors such as safety, distance of school form the corresponding villages, lack of sanitation facilities in schools, shortage of female teacher, gender bias in curriculum absence of support from their respective families and this list is never ending. There is a common belief among rural households that girls should stop schooling after reaching puberty because more often than not they are tested by boys throughout the long walk from their home to school. India has the number of child bride in Asia and inevitable there is this dogma surrounding young girls that educating them is a waste of time and money as they are borne only to be married off and manage the household. In rural households and especially amongst the poor, the girl child is a valuable resource for house work and in the fields, an additional hand that cannot be wasted away through an education with almost invisible gains and for too heavy a price that most rural and poor families cannot afford to pay.

Methodology -

Objectives –

1. To find out the issues of school dropouts in rural girls.
2. To know the attitude of parents towards their daughter's education.

Hypothesis - there in no significant relationship between girls' safety and their school dropout rate.

On the basis of objectives and hypothesis the

*Research Scholar (Social Work) Madhav College, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA
** Assistant Professor, Government Madhav Arts and Commerce College, Ujjain (M.P.) INDIA

investigator found it suitable to use descriptive survey method in the present study, non-probable purposive sampling was used in which the whole population was selected is easily accessible to the investigator, available subjects are simply entered into the dropout girls without any randomization. So that it solves the purpose of the researcher. In the present study data was collected from 50 respondent in which school dropout girls and the parents (especially mother) from rural area of district Rajgarh in M.P, in the equal proportion of 25:25. In order to collect data personal interview and questionnaire will be used and Chi- square test will be performed to test the hypothesis.

Findings and Discussion -

Causes of dropouts is perceived by parents

S.No.	Causes of dropout	Views (in %)
1	Safety	21.7
2	Poverty	19.0
3	Lack of interest	14.7
4	Parents death	10.3
5	H H chores	9.8
6	School at distance	8.0
7	Teacher attitude	5.3
8	Lack of free education	5.0
9	Migration	4.0
10	Lack of school	2.2

Source - completely based on field data.

The table above shows the reasons for girls leaving schools before the completion of primary, middle or secondary education. It is quite evident that safety is the dominant reason for girls dropping out from the schools. The cultural perceptions of society as parents do not want to sand their girls to school in the absence of proper safety or security. The culture is entrenched in the parents perception and 21.7 percent of them believed that girls leave school due to lack of safety. Another major reason is poverty. Parents remove their girl child from school because of their economic conditions and engage them in either domestic activities or make them work. As mentioned above it is a perception shared by many especially in rural areas that investment on boys' education benefits parents and family at large unlike on investment on girls' education which would not benefit parents.

More than 40% of parents believe that their girls are not interested in studies. One or both parents' death is also a factor that compels girls to leave school due to financial or psychological reasons.

More than 9% of the parents believed that enrollment in household activities force girls to leave school before completion of their education. They also felt that the girls always preferred to attend school close to home due to security reasons as discussed earlier.

Almost 8% of parents' stated that schools were located at vary long distances from home and girls were forced to stay at home, rather than continue their studies. Some parents said that the negative attitude of teachers, lack of free education, migration and unavailability of schools were also the contributing towards girls dropping out of school. However it should be mentioned that only 5% were of the view that lack of free education was a hindrance to girls' education.

Causes of drop out perceived by rural girls - The children are the recipients of education and therefore the focal point of the study on this issue. They are the one how are directly or indirectly impacted. Their views are therefore pivotal for the purposes of this study or any study on this topic. The figure below shows the responses on rural girls. **(Graph See in the last page)**

According to the girls the most compelling reason for not completing primary or secondary schooling was poor economic condition of their families which is 20.2%. parents also mentioned this as a major reason. There were numerous other reasons given which were held responsible for dropouts in rural girls. Prominent among these were 11.1% of lack of school facilities and 9.4% of involvement of household chores. 4.1 % of given girls held their brothers responsible for not sending them to schools. Girls also wanted to stop education because of they wanted to go an all-girls school instead of an co-education school is 4.7 %. Parents' illness and death is also contributed towards girls dropping out of school.

Hypothesis result - For testing hypothesis, researcher performed Chi-square test and following result is received- By performing X^2 test the calculated value of data is received 7.12, which has the table value of X^2 is 0.488 on the significance level of 0.5 and the degree of freedom of 4.

(Calculated value) 7.12 > 0.488 (Table value)

Hence null hypothesis that there is no significant deference between girls' safety and their school dropout rate, is rejected because safety of girls is dominant variable (reason) for dropping out rate in school in rural areas.

Readmission Effects - Despite the traditional reasons unearthed by the study, the majority of the parents wanted to send their girls to schools for primary or secondary education. Only 28% of parents did not want their girls to go to school because they wanted to involve them in household chores.

Table - Readmission Effects

No.	Re-admission effects	Views (in %)
1	Yes	72
2	No	28

Source- completely based on field data.

Conclusion - The study explores the reason behind dropouts in rural girls. The perception of the parents and girls were studied to find out possible reasons. The main reasons given by all parents for this were safety and security of girls and reason of low economic status of the family were given by both respondents (parents and girls) for continuing primary or secondary education. Other compelling reasons were the parents and child's interest in primary education, parent/s death, involvement in household chores and economic activities, low investment in girls' education is primarily due to perceived low returns

a described above. As is evident intra- household inequalities do exist and girls are victims of these.

Based on the findings the study proposes the following recommendations to improve rural girls' primary and secondary education -

- Parents must be sensitized regarding the investment on girls education.
- To address the safety and poverty education issues. NGOs, GOs and public partnerships must be established through fostering greater confidence of government on NGOs working in the education sector.
- Accessibility of education must be enhanced in rural areas, so that parents can send their girls to nearby schools without worrying about their safety.
- In the addition, the scope of incentives should not be limited only to the concession of the school fee on the girl students for low income families but should also be provided transport and lunch facilities for remarkable advancements in human development, in spite of serious internal conflicts and upheavals.
- In addition to providing for instructional materials it is necessary to invest in school structures including classrooms, libraries, gender sensitivities and providing a safe water supply in schools.

References:-

1. UNDP. 2010,½the millennium goal report ¼, United Nations Development programme , new york, USA.
2. UNICEF. 2007, ½ The State of the world's children 2008:child survival¼, United Nations Children's fund, new york USA .
3. National council of Educational Research and Training, 2000, ½ National curriculum Framework ¼, New Delhi.
4. Anandalakshmy, s (ed), 1994, ½ The Girl Child and the Family ¼, Department of women and child development , MHRD, Government of India, New Delhi.
5. Mathis .w, 2013, ½ Research Based Options for education Policy Making ¼, Dropout prevention , Boulder , CO : National Education policy centre.
6. American Psychological association, 2012, ½ Facing the School Dropout Dilemma ¼ washington D.C., author, Retrieved from www.apa.org/families/resources/school-dropout-prevention.aspz
7. Davies P.T,, Harold, GoekeMorey, M.c., and Cumminhs, E.M., 2002, ½ Child Emotional Security and Interpersonal Conflict.¼ Monographs of the Society foeResearch in Child Development, 67pp.1-113.
8. Government of India, 2010, select Educational Statistics,2008-09 (pp.III,XIX,12,61,85), ministry of human Resources Development, Department of higher Education.



Source:- completely based on field data.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

अनुसूचित जनजाति बालिकाओं के शैक्षणिक विकास में शासकीय योजनाओं की भूमिका' – खरगोन जिले के विशेष सन्दर्भ में

मनीषा सावले * डॉ. प्रार्थना निगम **

शोध सारांश – बालिकाओं की शिक्षा सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण सूचक है। इसलिए ज्योतिबा फूले ने कहा है कि 'यदि एक लड़का शिक्षित होता है, तो केवल वह स्वयं ही शिक्षित रहता है परन्तु एक लड़की शिक्षित होती है, तो वह दो परिवारों को शिक्षित करती है।' वर्ष 2009 में शिक्षा के अधिकार का विचार देते हुए इसे मौलिक अधिकार बना दिया गया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा भी की गई। उसके बाद नीति निर्माताओं में सर्व शिक्षा अभियान और मध्याह भोजन योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया है।

प्रस्तुत शोध – पत्र में अनुसूचित जनजाति बालिकाओं के शैक्षणिक विकास में शासकीय योजनाओं की भूमिका का अध्ययन किया गया है। केन्द्र एवं राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं की शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए तथा उनमें शैक्षणिक विकास हो तथा शैक्षणिक असमानता और सामाजिक भेदभाव मिटाने के लिए अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

प्रस्तावना – जीवन को सांस्कृतिक एवं विवेकशील बनाने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षा मानव जीवन का सबसे आवश्यक संस्कार, सामाजिक परिवर्तन का आधार एवं आर्थिक उन्नति का एक सशक्त माध्यम है। संविधान की स्थापना करते समय राज्य की नीति निर्देशक सिद्धान्तों में सबके लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा को शामिल किया गया। साथ ही सामाजिक भेदभाव मिटाने की सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करना।

साहित्य समीक्षा – योजना, जनवरी 2016 – एस श्री निवासराव ने वंचितो के लिए शिक्षा, चिंताएं, चुनौतियाँ और भावी योजनाओ से संबंधित यह स्पष्ट किया कि बच्चो की स्कूली शिक्षा जारी रखने और उन्हें स्कूली पढ़ाई अधूरी छोड़ने से रोकने के लिए सरकारो, स्कूलों और समुदायों के लिए यह बहुत आवश्यक है कि वे समस्त बच्चों विशेषकर अनुसूचित जनजातीय बच्चों को स्कूलो में भेदभाव रहित वातावरण उपलब्ध कराए।

कुरूक्षेत्र, सितम्बर 2004 – रमेश नैयर ने जनजातीय क्षेत्रों में बालिका शिक्षा की विवेचना की गई, जिसमें स्पष्ट किया कि जनजातीय क्षेत्रो में बालिकाओ की शिक्षा में उचित परिवर्तन नहीं हुआ है। जनजातीय क्षेत्रो में कई सरकारी प्रयास किए जा रहे है, जिससे बालिकाओं की शिक्षा में सुधार हो।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत शोध – प्रबंध में अध्ययन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक समंको का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक समंको का संकलन अवलोकन, साक्षात्कार अनुसूचि के माध्यम से किया गया है। साक्षात्कार – अनुसूची के माध्यम से शोध क्षेत्र खरगोन जिले की अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति की 80 बालिकाओं का चयन दैव निदर्शन पद्धति द्वारा किया गया।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. जनजातीय बालिकाओं को प्राप्त शासकीय योजना के लाभो का अध्ययन करना।
2. शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका एवं शैक्षणिक विकास में योगदान का अध्ययन करना।
3. शासकीय योजनाओं के फलस्वरूप अध्ययन क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा में निरन्तरता, कक्षाओं में उपस्थित एवं उनमें शैक्षणिक विकास का अध्ययन करना।
4. शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों का अध्ययन करना।
5. शासकीय योजनाओं के प्रति अभिभावकों के दृष्टिकोण का अध्ययन करना।

अनुसूचित जनजाति बालिकाओं के शैक्षणिक विकास के लिए वर्तमान में चल रही योजनाएँ प्रमुख है –

1. **गणवेश वितरण योजना** – शालाओं में नामांकन सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रायमरी एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं की बालिकाओं को नि:शुल्क गणवेश उपलब्ध कराए जाते है। इस प्रकार प्रारम्भिक शिक्षा की सभी बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा गणवेश उपलब्ध हो रही है।
2. **शालाओं हेतु पुरस्कार** – बालिका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली शालाओं हेतु पुरस्कार दिए जाते है।
3. **राज्य छात्रवृत्ति योजना** – अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े तथा पढ़ाई में उनकी रूचि बना रहे, इस उद्देश्य से छात्रवृत्ति दी जाती है।
4. **प्रावीण्य छात्रवृत्ति –** अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान छात्रा को आर्थिक सहायता देकर अधिकतम प्रावीण्यता अर्जित करने हेतु प्रोत्साहित करना।
5. **साक्षरता प्रोत्साहन –** ऐसी बालिकाएं जो कक्षा 6, 9 एवं 11 में प्रवेश लेती है, उनके प्रवेश लेने पर क्रमश: 500, 1000 एवं 3000

* शोधार्थी (समाजकार्य) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (समाजकार्य) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

रूपये प्रतिवर्ष की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह राशि छात्रवृत्ति के अतिरिक्त देय होती है।

6. अनुसूचित जनजाति के छात्रावास और आश्रम शालाएं –

इस योजना के तीन भाग है –

a. **प्रीमैट्रिक छात्रावास –** इन छात्रावासों में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है। छात्र – छात्राओ को प्रतिमाह शिष्यवृत्ति प्रदान की जाती है।

b. **आश्रम शालाएं –** आश्रम शालाएं छात्राओं के लिए कक्षा 1 से 8 तक संचालित है।

c. **पोस्टमैट्रिक छात्रावास –** कक्षा 11वी एवं उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं को पोस्टमैट्रिक छात्रावास में प्रवेश दिया जाता है।

7. **मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम –** इसका उद्देश्य शिक्षा का लोक व्यापीकरण, विद्यार्थियों के पोशण सार में सुधार और छात्र – छात्राओं की दर्ज संख्या में वृद्धि और उपस्थिति में निरन्तरता लाना।

8. उत्कृष्ट छात्रावास योजना – 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 9 से 12 तक के मेधावी छात्राओं का गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

9. नि:शक्त छात्रवृत्ति योजना

शासकीय योजना के लाभो से संबधित –

तालिका क्र. 1

शैक्षणिक स्थिति सुधारने संबंधी विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	नियमित स्कूल जाती है।	61	76.25
2.	नियमित स्कूल नही जाती है।	19	23.75
	योग	**80**	**100**

विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं में से 76.25 प्रतिशत उत्तरदाओं को योजनाओं का लाभ मिला है जिससे इनमें शैक्षणिक स्थिति को सुधारने में बालिका विद्यालय जाने के लिए प्रेरित हुई है, जबकि 23.75 प्रतिशत नियमित उत्तरदाताओं की शैक्षणिक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। इनकी संख्या कम पायी गयी।

तालिका क्र. 2

सर्वशिक्षा अभियान से शिक्षा में सुधार संबंधी शिक्षकों की भूमिका का विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	सकारात्मक अन्तर	49	61.25
2.	नकारात्मक अन्तर	31	38.75
	योग	**80**	**100**

विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 61.25 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि सर्वशिक्षा अभियान जब से शुरू हुआ तब से लेकर वर्तमान तक शिक्षा में काफी सुधार हुआ है। जबकि 38.75 प्रतिशत उत्तरदाताओ ने कहा कि सर्वशिक्षा अभियान से शिक्षा में सुधार नही हुआ है, उन्हे आज भी शिक्षा संबंधी समस्या होती है। क्योंकि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार एवं परिवर्तन की आवश्यकता है।

तालिका क्र . 3

योजनाओ के लाभ से शाला में बालिकाओं ने प्रवेश लिया है, संबंधी विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	शाला में प्रवेश लिया	61	76.25
2.	शाला में प्रवेश नही लिया	19	23.75
	योग	**80**	**100**

विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 76.25 प्रतिशत उत्तरदाताओं को योजनाओं का लाभ से शाला में प्रवेश लिया है 23.75 प्रतिशत उत्तरदाताओं को योजनाओं के लाभ से शाला में प्रवेश नही लिया।

'शासकीय योजनाओं के फलस्वरूप अध्ययन क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा में निरन्तरता कक्षाओं में उपस्थिति एवं उनमें शैक्षणिक विकास का अध्ययन संबंधी' –

तालिका क्र. 4

शिक्षा में सकारात्मक अन्तर दिखाई दिया संबंधी विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	उपस्थिति ज्यादा होना	24	30
2.	शिक्षा का स्तर ज्यादा होना	12	15
3.	भेदभाव कम होना	05	6.25
4.	उपरोक्त सभी	39	48.75
	योग	**80**	**100**

विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 48.75 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उपरोक्त सभी में अन्तर दिखाई दिया। जबकि 15 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि शिक्षा के स्तर में ज्यादा अन्तर दिखाई दिया।

तालिका क्र . 5

शासकीय योजनाओ के क्रियान्वयन में बाधा संबंधी विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	क्रियान्वयन में बाधा हुई	46	57.5
2.	क्रियान्वयन में बाधा नही हुई	34	42.5
	योग	**80**	**100**

विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि उत्तरदाताओं मे से 57.5 प्रतिशत उत्तरदाओं को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन मे बाधा होती है तथा जबकि 42.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा नहीं होती है।

तालिका क्र. 6

शासकीय योजनाओं के प्रति अभिभावको की जागरूकता संबंधी विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	अभिभावक जागरूक है	35	43.75
2.	अभिभावक जागरूक नहीं है	45	56.25
	योग	**80**	**100**

विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 43.75 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि शासकीय योजनाओ के प्रति अभिभावकों में जागरूकता है तथा 56.25 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रति अभिभावक जागरूक नही है।

तालिका क्र. 7

शासकीय योजनाओं के प्रति अभिभावको की रूचि संबंधी विवरण

क्र.	विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	योजनाओं में रूचि है	54	67.5

2.	योजनाओं मे रूचि नहीं है	26	32.5
	योग	**80**	**100**

विश्लेषण – उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं में से 67.5 प्रतिशत उत्तरदाताओ को योजनाओं के प्रति रूचि रखते है तथा 32.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं को योजनाओं के प्रति रूचि नही है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध सर्वेक्षण के आँकड़ो से प्राप्त शोध अध्ययन में यह देखा गया कि शासकीय योजनाओं के लाभों से बालिकाओं की शैक्षणिक स्थिति मे सुधार हो रहा है यह बालिकाएं नियमित स्कूल जाती है। जिनका प्रतिशत 76.25 अधिक पाया गया। साथ ही साथ अनेक छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं का लाभ ले रही है। और प्रोत्साहन राशि भी मिल रही है। चुकि अनुसूचित जनजाति की बालिका दूर दराज क्षेत्रो में निवास करती है जिससे वे अपनी शिक्षा पूर्ण करने में असमर्थ होती है। इसके लिए वे छात्रावास सुविधा पाकर अपनी शिक्षा पूर्ण कर रही है।

सर्वशिक्षा अभियान से शिक्षा मे सुधार हुआ है। जिसका प्रतिशत 61.25 देखा गया। कि 63.75 प्रतिशत उत्तरदाताओ ने कहा कि शासकीय योजनाओं के लाभ से इनके परिवारों मे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। बालिकाओं की शिक्षा मे निरन्तरता कक्षाओ में उपस्थिति संबंधी सकारात्मक अन्तर दिखाई दिया, जो कि 71.25 प्रतिशत है।

सुझाव

1. वर्तमान में शिक्षा नीति रोजगारपरक न होने से प्रत्येक बच्चों को किताबी ज्ञान तक सीमित कर दिया जाता है। शिक्षा नीति ऐसी होनी चाहिए जिससे रोजगार से मुक्त बाते निहीत हो जिसे बच्चे पढ़कर, सीखकर छात्राएं स्वय अपना रोजगार खोल सके।
2. स्कूलो में खेल हेतु मैदान व खेल सामग्री की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बच्चों की शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास संभव होगा।
3. प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलो में खाद्यान योजना पहुँचाने की व्यवस्था अध्यापक को ने देकर विकासखण्ड स्तर के किसी कर्मचारी या अधिकारी को सौंपकर इसे अधिक सफल किया जा सकता है चूँकि अध्यापक को यह जिम्मेदारी शिक्षा विभाग द्वारा देकर शिक्षक बच्चो को पढ़ाने में कम रूचि लेता है।
4. अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं शैक्षणिक विकास के लिए सभी योजनाओं की जानकारी शिक्षको व अभिभावको को होनी चाहिए साथ ही शिक्षको को सभी योजनाओं संबंधी प्रशिक्षण होना चाहिए, जिससे इनके योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा न हो।
5. जनजातीय क्षेत्रो में जहाँ माध्यमिक शाला तक की सुविधा नहीं है, ऐसे क्षेत्रों में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल तक की व्यवस्था होनी चाहिए साथ ही साथ शिक्षको की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गिरी कुसुम (1977) – 'शिक्षा का समाजशास्त्र' रावत पब्लिकेशन, जयपुर एवं नई दिल्ली।
2. नैयर रमेश (2004) – 'जनजातिय क्षेत्र में बालिका शिक्षा' कुरूक्षेत्र मासिक पत्रिका, *पेज. न. 34*
3. राव एम. श्री निवास (2016) – 'वंचितो के लिए शिक्षा – चिंताएं, चुनौतियां और भावी योजनाएं' योजना मासिक पत्रिका, *पेज न. 58*
4. सदगोपाल अनिल (2000) – 'शिक्षा मे बदलाव का सवाल' उत्तम नगर, नई दिल्ली।
5. आगे आये लाभ उठाये, (2011) – जनसंपर्क विभाग, भोपाल, मध्यप्रदेश।

****

महिलाओं के सामाजिक एंव आर्थिक विकास में म. प्र. सरकार की योजनाओं का अध्ययन

प्रो. मीना जैन * हेमा परमार **

प्रस्तावना – सृष्टि की जन्मदात्री महिला ही है इसलिए पूर्वजों ने ऋषियों और स्मृतियों में महिला पूजा का विधान रखा तथा 'या देवी सर्व भूतेषू, शक्ति रुपेण संस्थिता' कहकर महिला की गरिमा को बढ़ाया। महिलाओं के प्रति सम्मान की परम्परा हमारे इतिहास से चली आ रही है, भारतीय संस्कृति का इतिहास महिलाओं के त्याग, बलिदान, कर्त्तव्यनिष्ठा, कार्य के प्रति समर्पण से भरा है। महिला पृथ्वी की तरह सहिष्णुता की मूरत है।

महिलाओं को मानव के सृजन में ही नही वरन् समाज निर्माण में भी महत्वपूर्ण स्थान है। महिला और पुरुष मिलकर परिवार का निर्माण करते है। अनेक परिवारों से समुदाय और अनेक समुदायों से मिलकर एक समाज निर्मित होता है। यदि हम विश्व इतिहास पर दृष्टि डाले तो हमें यह पता चलता है कि संस्कृति की नींव डालने का श्रैय सर्वप्रथम महिलाओं को ही दिया जाता है। परन्तु महिलाओं की प्रस्थिति सभी समाज में एक नहीं है। किसी समाज में यदि महिलाओं को पुरुषों के बराबर का दर्जा दिया है, तो किसी समाज में उन्हें पुरुषों की तुलना में बहुत कम अधिकार प्राप्त है। विभिन्न क्षेत्रो नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न धर्मों और जाति समूहों में महिलाओं की सामाजिक प्रस्थिति और उससे जनित समस्याएँ बहुत विभिन्नताएँ रखती है। भारतीय समाज में महिला विकास समय के साथ–साथ उतार चढ़ाव से परिपूर्ण रहा है।

महिलाओं के विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित योजनाएं :

1. **रोजगार –** शिक्षित बेरोजगारों जिसमें महिलाएं भी शामिल है इसमें प्रधानमंत्री रोजगार योजना और दीनदयाल रोजगार योजना में उद्योग, व्यवसाय शुरु करने के लिए ऋण राशि उपलब्ध कराई जाती है। रानी दुर्गावती अनुसूचित जाति,जनजाति स्वरोजगार योजना भी शिक्षित बेरोजगारों को खुद का रोजगार शुरु कराने के लिए है। ये तीनों योजनाएं उद्योग विभाग संचालित करता है।

2. **स्व सहायता समूह –** स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना में ब्लाक स्तर पर गठित स्व सहायता समूहों में से 50 प्रतिशत केवल महिलाओं के लिए है। महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित स्वयंसिध्दा योजना में तेरह जिलों के 36 विकासखण्डो में 3600 स्व सहायता समूह गठित किये जा चुके है। अब तक गठित समूहो में 41,000 महिलाएं सदस्य बनाई गई है।

3. **पुरस्कार–** राज्य की महिलाओं के लिए पुरस्कार योजना शुरु की गई है। इनमें एक रानी अंवतिबाई वीरता तथा दूसरा पुरस्कार राजमाता श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार है । योजना में पुरस्कृत महिला को 1 लाख रुपए की नकद राशि प्रतीक, चिन्ह प्रशस्ति, पत्र दिए जाते है।

4. **किशोरी बालिका दिवस –** आंगनवाड़ी केन्द्रों पर प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को किशोरी बालिकाओं को संतुलित आहार, प्राथमिक स्वास्थ्य की देखभाल तथा गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाती है।

5. **गांव की बेटी–प्रतिभा किरण योजना–** गांव की प्रतिभाशाली बेटी की उच्च शिक्षा की जिम्मेदारी सरकार ने ली है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। 'गांव की बेटी योजना' के तहत गांव के स्कूल से 12 वीं कक्षा सर्वश्रेष्ठ अकों से उत्तीर्ण करने वाली बालिका को लाभ मिल रहा है। पात्र बालिका को 500 रुपये प्रतिमाह यानी कुल 5 हजार रुपये प्रतिवर्ष की राशि उपलब्ध कराई जाती है।

6. **बेटी बचाओ अभियान–** बेटी बचाओं अभियान मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के व्यक्तिगत नेतृत्व के तहत मध्यप्रदेश सरकार द्वारा की गई पहल है। लड़कियों के लिंग अनुपात में जारी गिरावट को रोकना और उससे जुडे सामाजिक असर और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव को दूर करना इस अभियान का उद्देश्य है।

7. **गणवेश–** अनूसुचित जाति की कक्षा एक से पांचवी तक बालिकाओं को नि:शुल्क गणवेश प्रदान किए जा रहे हैं पात्र हितग्राही बालिकाएं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी या पास के स्कूल से सम्पर्क कर योजना का लाभ उठा रही है।

8. **लाड़ली लक्ष्मी योजना–** महिला सशक्तिकरण के ठोस प्रयासो का परिणाम है, लाड़ली लक्ष्मी योजना। इस योजना में बालिका को 6 वीं कक्षा में 2 हजार रुपये और 11वी कक्षा में प्रवेश पर 7500 रुपये तथा उसके बाद 11–12 वीं की पढ़ाई के दोरान दो सौ रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे है।

9. **जन्म दिवस–** आंगनवाडी केन्द्रों पर माह विशेष में पड़ने वाले सभी बच्चों का सामुदायिक जन्मदिन मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालक –बालिकाएं लाभान्वित हो रहे है।

10. **महिला डेयरी परियोजना**– महिला दुग्ध सहकारी का गठन,डेयरी व्यवसाय में महिला भागीदारी के लिए प्रोत्साहन, दूध संकलन, संसाधन और विपणन का प्रभावी संचालन तथा दूध उत्पादकों को उचित मूल्य के भुगतान के लिए पशु पालन विभाग द्वारा इस योजना को संचालित किया जा रहा है। इसका लाभ महिला सहकारी दुग्ध समिति की ऐसी महिलाएं जो पशुपालन एंव डेयरी व्यवसाय में रुचि रखती है।

11. **उषा किरण योजना–**घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु उषा किरण योजना लागू की गई है।योजना के तहत पीड़ित महिलाओं को परामर्श सेवा व विधिक

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) मा.ला.च. शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, खण्डवा (म. प्र.) भारत
** शोधार्थी (समाज विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म. प्र.) भारत

सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

12. स्वधारा योजना– स्वधारा योजना कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करने वाली महिलाओं को आश्रय,कपडे,पोषण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनके पुनर्वास के लिए चलाई जा रही है। मध्यप्रदेश में नौ आश्रय गृह एंव 61 हेल्पलाइन के प्रस्तावों पर स्वधारा योजना के संचालन हेतु केन्द्र सरकार द्वारा सहमति दी गई है।

13. कानूनी सहायता– कानूनी सहायता की जरुरत वाली उत्पीड़ित महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त गैर सरकारी संगठनों से विपत्तिग्रस्त महिलाओं को कानूनी सलाह दी जाती है।

14. खेलकूद– महिलाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ाने एवं प्रतिभाओं का आयोजन किया जाता है। इसके लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

15. सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना– सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत रोजगार के अवसर सुरक्षित रखने का प्रावधान है। क्योंकि बाढ़, सूखा या अन्य प्राकृतिक आपदा के कारण बेरोजगार हो जाने की स्थिति में सबसे ज्यादा विपरीत प्रभाव महिलाओं व बच्चों पर ही पड़ता है। इस योजना में नगद राशि व अनाज दी जाती है।

16. दीनदयाल अंत्योदय उपचार योजना –गरीबी रेखा के नीचे के परिवार को योजना के तहत नि:शुल्क उपचार का लाभ दिया जाता है । प्रति परिवार के मान से 20000 रुपये की सीमा तक जांच एंव उपचार नि: शुल्क कराया जाता है।

17. राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना–गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का ऐसा सदस्य जो कि कमाई करता हो ,की मुत्यु हो जाने पर सरकार द्वारा दस हजार रुपए की एक मुश्त सहायता राशि उपलब्ध करायी जाती है।

18. समस्याग्रस्त महिलाओं की सहायता – सामाजिक या आर्थिक रुप से गरीब महिलाओं को राज्य सरकार एंव गैर सरकारी संगठनो द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।

सरकारी संस्थाओं में प्रमुख नारी निकेतन संस्थाए है, जो इन्दौर, जबलपुर, सतना ,ग्वालियर में चलाई जा रही है। यहां कोई भी संकटग्रस्त या निराश्रित महिला आकर रह सकती है, जहां उसकी सुरक्षा खान पान इलाज प्रशिक्षण और पुनर्वास की नि:शुल्क व्यवस्था है।

19. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना – गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को स्वरोजगार के लिए ऋण एंव अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्येक विकासखण्ड पर गठित स्व–सहायता समूहों में से 50 प्रतिशत केवल महिलाओं के होते है।

20. इन्दिरा आवास योजना – योजना के तहत ग्राम क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों, विशेषकर महिलाओं को नि:शुल्क आवास उपलब्ध कराए जाते है। इन आवासों में स्वच्छ शौचालय, और धुंआ रहित चूल्हों का निर्माण कराया जाता है।

21. विपत्तिग्रस्त महिलाओं के कानूनी सहायता – कोई भी उत्पीड़ित महिला या बच्चें जिन्हें कानूनी सहायता की जरुरत है, वह इस योजना का लाभ ले सकते हैं। विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।

22. महिला जाग्रति शिविर– महिलाओं के कानूनी अधिकार शासकीय योजनाओं की जानकारी देने और योजनाओं का लाभ देने के लिए सभी विकासखण्डों में जाग्रति शिविर लगाए जाते है। इसका लाभ सभी महिलाएं ले सकती है।

23. विपदाग्रस्त महिलाओं की पुन: स्थापना के लिए प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना–वे आश्रित महिलाएं जो गरीबी रेखा में आती है। उन्हें योजना के तहत आवास, सुरक्षा, भोजन,स्वास्थ्य एंव रोजगार प्रदान किया जाता है। यह गैर सरकारी संगठनो से चलायी जाती है।

24. उषा किरण योजना – घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत मध्यप्रदेश में पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु उषा किरण योजना लागू की गई है। योजना के तहत पीड़ित महिला को परामर्श सेवा से विधिक सहायता उपलब्ध कराई जावेगी।

25. समेकित बाल विकास परियोजना – प्रदेश में 367 समेकित बाल विकास परियोजनाएं तथा 238 आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित है। प्रदेश के सभी ग्राम तथा नगर पंचायतों में आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कई सुविधाएँ और सेवाएँ दी जा रही है। हर मां एंव बच्चा स्वस्थ रहे इसके लिए शहर व गांव में आंगनवाडी केन्द्रो के माध्यम से सरकार द्वारा कई सरकारी योंजनाओं का संचालन किया गया है।

26. जननी सुरक्षा योजना –गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जननी सुरक्षा योजना चलाई जा रही है। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली गर्भवती महिला यदि अस्पताल में प्रसव कराती है तो ग्रामीण क्षेत्रों में 1400 रुपये तथा शहरी क्षेत्रों में 1000 रुपए नकद दिए जाते है।

27. अन्नप्राशन योजना – अन्नप्राशन योजना आँगनवाड़ी कार्यकर्ता को मातृ शिशु दिवस पर गांव की सभी महिलाओं को आंगनवाड़ी केन्द्र पर आंमत्रित करती है। केद्रों पर 6 माह पूर्ण करने वाले बच्चों को ऊपरी आहार की शुरुआत की महत्ता एंव परिवार के अन्य सदस्यों को परामर्श दिया जाता है।

28. तेजस्विनी योजना – महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण करने के लिए तेजस्विनी योजना महिलाओं को समाज में सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।

29. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना – महिलाओं के आर्थिक एंव सामाजिक विकास करने के लिए यह योजना सरकार द्वारा प्रत्येक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित की गई है।

30. मुख्यमंत्री महिला सशक्तीकरण योजना – सशक्त महिलाएं, समृद्ध समाज द्वारा ही महिलाओं का विकास किया जा सकता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यही है।

सुझाव – महिलाओं के विकास हेतु शासन ने अनेक योजनाएँ क्रियान्वित की है लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुछ सुझाव निम्नानुसार है –

1. महिलाओं के साथ होने वाले सभी प्रकार के भेदभावों के उन्मूलन के उद्देश्य से कानूनी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है।
2. सभी स्तरों पर स्वास्थ्य की देखभाल, स्तरीय शिक्षा, जीविका तथा व्यावसायिक मार्ग दर्शन रोजगार, समान पारिश्रमिक, व्यसायिक, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा सार्वजनिक पदों इत्यादि में महिलाओं की समान पहुंच हों।
3. राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी तथा निर्णय स्तर तक समान पहुँच हो।
4. राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा सिविल सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ समान आधार पर महिलाओं द्वारा समस्त

मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वंत्रताओं का सैद्धान्तिक तथा वस्तुत: उपयोग करना।

5. महिलाओं की पूर्ण क्षमताओं के प्रति महिलाओं के पूर्ण विकास हेतु सकारात्मक सामाजिक, आर्थिक नीतियों के माध्यम से वातावरण का सृजन करना।

निष्कर्ष – वर्तमान सूचना एवं तकनीक युग में जहाँ महिलाओं के विकास एंव सशक्तिकरण की मांग को प्रशस्त किया है,वही इन्हें विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बदला है, वही अपने कार्य संचालन में भी तमाम समस्याओं और बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। आज का दौर महिलाओं के लिए चुनौती भरा दौर है, क्योंकि जितना संघर्ष महिलाओं के लिए किया जावेगा उतना ही उनको अधिकारिक तौर पर मजबूत बनाया जाएगा जिससे महिलाओं की स्थिति को और अधिक सुधारा जा सके।

अब समय आ गया है कि पुरुष और महिलाएं थोपी गई परम्पराओं से बाहर निकलकर कन्धे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़े। समानता पर आधारित पारिवारिक व सुव्यवस्थित सामाजिक प्रणाली विकसित करनी होगी, जिससे महिलाएं भेदभाव रहित व उत्साहवर्धक वातावरण पाकर अपनी निहित क्षमताओं का उपयोग करके वास्तविकता में सशक्त बने। इस प्रकार महिला उत्थान द्वारा समाज कल्याण का राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, सुरेन्द्र एंव वर्मा, आर. वी. एस, 2001 'भारत में समाज कार्य के क्षेत्र' न्यू रायाला बुक कम्पनी लखऩउ।
2. राधा मुखर्जी: चिन्तन परम्परा जनवरी– जून 2015 समाज विज्ञान संस्थान बरेली (उ. प्र.) पृ क्र. 29
3. शोध छात्रा, श्री अग्रसेन कन्या स्वायत्तशासी पी.जी.कालेज, परमानदपुर वाराणासी–चन्द्र बाहदुर सिंह, प्र.क्र. 87
4. नईदुनिया, 29 नवंबर 2016. पृ क्र. 2

****

स्वयं सेवी संगठनों की भूमिका – झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में

नवनीता तिवारी *

प्रस्तावना – इस कथन में बिल्कुल संदेह नहीं हैं कि एक उत्तम सामाजिक विकास के लिए अंत: प्रेरणा से जो कार्य होते हैं, वे निश्चित ही व्यवहारिक एवं सकारात्मक परिणाम दायक होते हैं। जब मानव स्वयं सेवा हेतु तत्पर होता है तो उसकी आत्म शक्ति मुखर एवं उर्जावान होकर प्रबल हो उठती है, क्योंकि इसमें जन कल्याण की भावना निहित होती हैं जो कि पारमार्थिक कार्य है।

भारतीय संस्कृति अनादि काल से ही नि:स्वार्थ सेवा परायण रही है। भारत में ऐच्छिक समाज सेवा कार्यों की एक समृद्ध परम्परा रही है। हमारी सभ्यता और संस्कृति मूलत: अध्यात्मवाद तथा मानव कल्याण को संबंधित करने वाले प्रयासों को पोषित करती थी।

स्वयं सेवी संगठन जमीन से जुडकर कार्य करती है, तथा समानता व सामाजिक न्याय के सिद्धांत को स्वीकार करती है। उपलब्ध प्रमाणों से यह स्पष्ट है, कि मानव कल्याण के लिए स्वयंसेवी संगठन झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र के सामाजिक विकास के सहायक की भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

झुग्गी झोपडी का विकास तीव्र औद्योगिकरण तथा बढती हुई जनसंख्या का परिणाम है। धीरे–धीरे यह क्षेत्र झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में परिवर्तित होने लगता है। औद्योगिक क्रांति के फलस्वरूप झुग्गी झोपड़ी प्राय: प्रत्येक नगर का एक भाग बन गयी है।

19वीं शताब्दीं के बाद से ही स्वयं सेवी संगठनों ने व्यवस्थित रूप से कार्य करना प्रारंभ किया, प्रशिक्षित कर्मचारियों को रखा। आज ऐच्छिक सामाजिक कल्याण के व्यक्तिगत प्रयास स्वभावत: कम हो चुके है, ठीक इसके विपरीत पंजीकृत स्वयं सेवी संगठनों की संख्या स्वतंत्रता के बाद निरंतर वृद्धि पर हैं, क्योंकि आज अधिकांश कार्य स्वयं सेवी संगठनों के माध्यम से संपादित हो रहे है।

आज स्वयं सेवी संगठनों द्वारा इन क्षेत्रों में बाल श्रमिक विद्यालय, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के साथ–साथ इस क्षेत्र के रहवासियों को स्वयं से भी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रहे है। स्वयं सेवी संगठन द्वारा झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते है। जिसके कारण पुरूष व महिलाएं घरेलु कामकाज के अलावा, अन्य कार्य भी कर रही है, और घर की आर्थिक व्यवस्था में अपना सक्रिय सहयोग दे रही हैं।

झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में स्वयं सेवी संगठन द्वारा सभी क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार–प्रसार संबंधी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इनमें बच्चों, बडों, महिलाओं, प्रोढों सभी के लिए समावेशित शिक्षा के कार्यक्रम चलाए जा रहे है।

स्वयं सेवी संगठनों द्वारा इन क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड नाटकों के साथ–साथ इन क्षेत्रों में बालश्रमिक विद्यालय, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम आदि कार्यक्रम चलाये जा रहें है। शिक्षा ज्ञान का प्रसार करती है, समाज में व्याप्त पाखण्ड, समस्याओं, बुराईयों, कुरीतियों एवं रूढियों से लोगों को मुक्ति दिलाती है और उनके स्थान पर वैज्ञानिक विचारों की स्थापना करती है। इससे समाज में सुधार और परिवर्तन आता है तथा स्वस्थ सन्तुलित और संगठित नवीन समाज की स्थापना होती है।

झुग्गी झोपडी क्षेत्र में स्वयं सेवी संगठनों के माध्यम से शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा हैं, जो भी कार्यक्रम स्वयं सेवी संगठनों के द्वारा चलाए जा रहे हैं, उसका फंड उन्हें शासकीय योजना अंतर्गत मिलता हैं। जिससे वह कार्यक्रमों का संचालन करते हैं।

स्वयं सेवी संगठन द्वारा झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में व्यक्तियों में बचत की आदत को प्रोत्साहित कर रहे हैं, उन्हें इस विषय में जागरूक बना रहें हैं। साथ ही स्वयं सहायता समूह बनाकर उन्हें ऋण आदि की सुविधा भी उपलब्ध करवाते हैं, एवं नि:शुल्क रोजगार प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोडने का प्रयास कर रहे है। जिससे इन क्षेत्रों के रहवासी स्वयं से आगे बढने को प्रेरित हो रहे हैं।

अत: स्पष्ट होता है कि राज्य सरकारें सामान्य जन नागरिकों के लाभ और कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाती है और अपनी साधन सीमा में उनका क्रियान्वयन करती हैं, लेकिन प्राय: यह देखा जाता है कि उनके अथक प्रयासो के बावजुद न तो वह सारी योजनाएं और कार्यक्रम सभी तक पहुंच पाते हैं और न ही व्यापक रूप उनका लोगों को लाभ मिल पाता है। एक तरफ इधर लोगों में भी असंतोष और राज्य सरकारों के प्रति उपेक्षा उत्पन्न होती है, तो दुसरी तरफ सरकारें भी अपनी विफलता के कारण क्षुब्ध रहती है। चाहे इसके कितने भी कारण, जिसमें अपर्याप्त अथवा दोषपूर्ण योजना निर्माण , घटिया क्रियान्वयन अथवा संप्रेषण अयोग्य निष्पादनकर्ता वर्ग आदी शामिल है, रहते हों पर इन सबका एक मूल परिणाम यह हैं कि राज्य सरकारों की भावनानुकूल उसके प्रयास और कार्यक्रम लोगों तक नहीं पहुच पाते। संभवत: इस स्थिति ने ही अराजकीय संस्थाओं अथवा निजी स्वयंसेवी संस्थाओं को जन्म दिया हैं अथवा यदी यह कहे कि उपर्युक्त समस्याओं के कारण ही एन.जी.ओ. एवं पी.वी.ओ. की उत्पत्ति हुई है, जिनका मुख्य ध्येय ऐसी संकटमय स्थितियों से लोगों को छुटकारा दिलाना हैं, तो कोई त्रृटिपूर्ण नहीं है। स्वयंसेवी संगठनों के कार्य की सार्थकता तभी है जबकि सरकारी तंत्र से सहयोग सकारात्मक प्राप्त होता हैं। सातवी पंचवर्षीय योजना में स्पष्ट रूप से लिखा है– विभिन्न विकास कार्यक्रमों को तैयार करने और उन्हें लागु करने में स्वयंसेवी संगठनों को शामिल करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाएगे। इसी कारण वर्तमान परिपेक्ष्य में स्वयं सेवी संगठनों की भूमिका हर सामाजिक क्षेत्र में बढी है।

अत: स्पष्ट है कि स्वयंसेवी संगठन महज सेवी ही नहीं देती है, बल्कि

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

इन कमजोर समुहों को भीतर से मजबूत करने का काम करती है। ताकि वे अपने मुद्दों को उठा सकें और अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। चेतना ही झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र के निवासियों की जीवन निर्वाह के लिए मार्गदर्शक बन जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आप्टे गोपाल नारायण – एन.जी.ओ. कार्यप्रणाली, सिद्धांत व्यवहार कल्याणी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली।
2. डॉ. कटारिया सुरेन्द्र पेज न. 184,185 – सामाजिक प्रशासन आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स।
3. डॉ. मिश्रा अनिल दत्त – कुरूक्षेत्र पेज न. 39 फरवरी 1988 ग्रामीण विकास में गैर सरकारी संगठनो की भूमिका।
4. डॉ. सक्सेना आभा – मलिन बस्ती की महिलाए अपराध और पुलिस क्लासिक पब्लिकेशन नई दिल्ली।
5. तिलारा कुंवरसिंह – समाज कार्य सिद्धांत और व्यवहार प्रकाशक केन्द्र, लखनउ।
6. पाण्डेय तेजस्कर, श्री ओजस्कर पाण्डेय – समाजकार्य भारत प्रशासन, लखनउ।

****

जालौर जिले की चितलवाना पंचायत समिति में मानव गरीबी का स्तर : एक ग्राम पंचायत स्तरीय भौगोलिक अध्ययन

सिद्धार्थ कुमार गौरव * दिलभाग **

शोध सारांश – देश के ग्रामीण क्षेत्रों में मानव विकास में प्रादेशिक असमानता को कम करने के लिए नब्बे के दशक में नियोजित विकास के मॉडल को अपनाया गया, लेकिन वर्तमान समय में आजाद भारत कई दशक गुजर जाने के बाद भी ग्रामीण समुदाय की परिस्थितियों में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं आया हैं। आज भी देश के कुछ ग्रामीण हिस्सों को छोड़कर अधिकांश हिस्सों में ग्रामीण आबादी गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, अशिक्षा, कुपोषण, भ्रष्टाचार, सामन्तवाद, स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी जैसी कई समस्याओं से जूझ रही हैं। इन ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, पशुपालन, उद्योग, एवं रोजगार के अवसर, बेहतर शिक्षा–स्वास्थ्य सुविधा, संचार एवं परिवहन के साधनों के अभाव के कारण गरीबी का स्तर सर्वोच्च हैं। क्षेत्र में मानव गरीबी सूचकांक के स्तर का आंकलन करने पर ज्ञात होता है कि चितलवाना पंचायत समिति की खेजरियाली ग्राम पंचायत में मानव गरीबी का स्तर उच्च, जबकि केरीया ग्राम पंचायत में सबसे निम्न पाया जाता हैं।

शब्द कुंजी – नियोजित विकास, सामन्तवाद, गरीबी रेखा, कुपोषण, बेरोजगारी।

प्रस्तावना – गरीबी मूलत: वंचन से संबंधित हैं। गरीबी से तात्पर्य जीवन की कुछ निर्दिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति से वंचित रहने से है। भारत में गरीबी रेखा का निर्धारण करने के उद्देश्य से कई समितियों का गठन किया गया, जिसमें लकड़ावाला तथा तेन्दुलकर समिति प्रमुख हैं, लेकिन सामान्यत: भारत में गरीबी रेखा का निर्धारण एवं गरीबी का आंकलन करने के लिए नीति आयोग (पूर्व योजना आयोग) के मापदंड को अपनाया जाता है। यह आयोग राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (NSSO) द्वारा पांच वर्ष के अंतराल पर निर्धनता अनुमान लगाता है। भारत में गरीबी के मापन के लिए न्यूनतम कैलोरी उपभोग तथा प्रति व्यक्ति प्रतिमाह व्यय दो मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं। इन मापदंडों के आधार पर भारत में गरीबी का पहला अनुमान 1962 में योजना आयोग द्वारा लगाया गया था। विश्व बैंक के अनुसार विकासशील एवं अल्पविकसित देशों के ऐसे व्यक्ति को गरीबी की श्रेणी में रखा जाता है जिनकी प्रतिदिन की आय 1.25 अमेरिकी डॉलर से कम हो जबकि विकसित देशों के लिए यह 2 डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन है। भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक न्यूनतम कैलोरी ऊर्जा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2400 कैलोरी तथा शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2100 कैलोरी है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को संयुक्त कर सम्पूर्ण देश के लिए न्यूनतम कैलोरी ऊर्जा प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2250 कैलोरी निर्धारित की गई है। राजस्थान में ग्रामीण गरीबी हेतु निर्धारित गरीबी रेखा 755 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिमाह तथा 25.16 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन और शहरी क्षेत्रों में 846 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिमाह तथा 28.2 रूपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन निर्धारित की गई है। राजस्थान के पश्चिमी भाग में स्थित मरूस्थलीय जिले सामाजिक–आर्थिक विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। अत: इन जिलों में रहने वाले लोगों में गरीबी का स्तर उच्च पाया जाता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जहां कृषि, उद्योग एवं रोजगार के अवसरों की कमी के कारण इन क्षेत्रों में गरीबी की प्रवृत्ति कई गुना बढ़ जाती हैं। प्रस्तुत अध्ययन में जालौर जिले की चितलवाना पंचायत समिति के ग्रामीण क्षेत्रों में मानव गरीबी सूचकांक के स्तर का आंकलन किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन मानव गरीबी के स्तर का आंकलन करने के लिए जालौर जिले की चितलवाना पंचायत समिति का चयन किया गया है। यह पंचायत समिति पूर्णतया: ग्रामीण एवं नव सृजित पंचायत समिति हैं। जो मानव विकास की दृष्टि से अत्यन्त पिछड़ी हुई हैं। यह पंचायत समिति राजस्थान राज्य के दक्षिण–पश्चिम भाग गुजरात राज्य की सीमा पर स्थित है। इस पंचायत समिति के उत्तर में भीनमाल पंचायत समिति, पश्चिम में बाड़मेर जिला पूर्व में सांचोर पंचायत समिति तथा दक्षिण में गुजरात राज्य का बनासकांठा जिला अवस्थित हैं। इसका कुल भौगोलिक क्षेत्र 1807 वर्ग किलोमीटर है, जो कि जिले के कुल क्षेत्रफल का 16.98 प्रतिशत है। पंचायत समिति की कुल जनसंख्या 210636 है। चितलवाना पंचायत समिति में 125 गांव एवं 31 ग्राम पंचायत है जिसमें 37594 परिवार रहते हैं।

मानचित्र : 1 अध्ययन क्षेत्र की स्थिति (देखे आगे पृष्ठ पर)

शोध के उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन चितलवाना पंचायत समिति में मानव गरीबी के स्तर का आंकलन करने के लिए निम्नलिखित उद्देश्यों का निर्धारण किया गया।

1. पंचायत समिति में मानव गरीबी के स्तर का विश्लेषण करना।
2. पंचायत समिति में मानव गरीबी के स्तर के स्थानिक प्रारूप एवं वितरण का वर्णन करना।
3. पंचायत समिति में मानव गरीबी के लिए जिम्मेदार कारणों एवं उसके उचित समाधानों की खोज करना।

स्रोत एवं शोध विधि – यह अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित हैं। प्राथमिक आंकडे एकत्रित करने के लिए 31 ग्राम पंचायतों में से 31 ऐसे गांवों का चयन किया गया, जिसमें आधे से अधिक परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं। इन 31 गांवों में से प्रत्येक गांव से 10

* शोधार्थी (भूगोल) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

परिवारों का सर्वेक्षण कर निरक्षरता का प्रतिशत तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच के आंकडे एकत्रित किए गए। बी.पी.एल. परिवारों के आंकडे बी.पी.एल. जनगणना 2002 से लिए गए हैं।

इस अध्ययन में गरीबी का स्तर ज्ञात करने के लिए परिवारों के जीवन स्तर, शैक्षणिक योग्यता एवं लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत का समग्र गरीबी स्तर का आंकलन निम्नलिखित तीन कारकों के आधार पर किया गया।

1. बी. पी. एल. परिवारों का प्रतिशत
2. बी. पी. एल. परिवारों की निरक्षरता का प्रतिशत
3. बी. पी. एल. परिवारों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का प्रतिशत

उपर्युक्त तीनों कारकों के आधार पर निम्न सूत्र की सहायता से समग्र गरीबी सूचकांक का आंकलन कर परिणाम को पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया हैं।

$$x = \frac{\text{Actual Value} - \text{Lowest Value}}{\text{Highest Value} - \text{Lowest Value}}$$

Where
x = Factor Value

अंत में प्रत्येक ग्राम पंचायत का HPI मूल्य का आंकलन निम्न सूत्र के द्वारा किया गया।

$$HPI = \frac{\sum x}{n}$$

Where
x= *Factor Value*
n =*Number of Factor*

पंचायत समिति में मानव गरीबी का स्तर – पंचायत समिति में मानव गरीबी के स्तर का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि देश के अन्य क्षेत्रों की भांति चितलवाना पंचायत समिति में गरीबी का स्तर उच्च हैं। पंचायत समिति की खेजरियाली ग्राम पंचायत में मानव गरीबी का स्तर सर्वोच्च हैं जबकि केरीया ग्राम पंचायत में सबसे निम्न पाया जाता हैं। अध्ययन से स्पष्ट है कि पंचायत समिति की पांच ग्राम पंचायतों में मानव गरीबी का स्तर उच्चतम, 15 ग्राम पंचायतों में मध्यम, 7 ग्राम पंचायतों में निम्न तथा 4 ग्राम पंचायतों में निम्नतम हैं।(सारणी–2) अत: पंचायत समिति के अधिकांश परिवारों में गरीबी का स्तर सर्वोच्च हैं। पंचायत समिति में मानव गरीबी के स्तर का निम्नलिखित चार श्रेणियों में विश्लेषण किया गया है। (सारणी 2)

सारणी– 1 – चितलवाना पंचायत समिति में मानव गरीबी सूचकांक

क्र. सं.	ग्राम पंचायत	X1	X2	X3	HPI
1	खेजरीयाली	0.706	1.000	1.000	0.848
2	सुराचन्द	0.843	0.706	0.886	0.812
3	काछेला	1.000	0.412	0.942	0.785
4	गोमी	0.800	0.588	0.857	0.748
5	केसूरी	0.743	0.617	0.228	0.729
6	भीमगुडा	0.643	0.588	0.676	0.636
7	डूंगरी	0.856	0.323	0.714	0.631
8	निम्बाऊ	0.357	0.823	0.617	0.599
9	टांपी	0.557	0.529	0.686	0.591
10	भाटकी	0.586	0.352	0.800	0.579
11	सूंथरी	0.486	0.414	0.828	0.576
12	होतीगांव	0.643	0.470	0.600	0.571
14	झाब	0.586	0.266	0.800	0.557
13	ढूठवा	0.557	0.441	0.657	0.552
15	गुडा हेमा	0.543	0.353	0.743	0.546
16	रनोदर	0.743	0.088	0.800	0.544
17	डावल	0.643	0.294	0.657	0.531
18	जानवी	0.500	0.294	0.800	0.531
19	चितलवाना	0.614	0.382	0.571	0.522
20	जोड़ादर	0.457	0.529	0.594	0.500
21	परावा	0.357	0.382	0.743	0.494
22	सिवाड़ा	0.643	0.117	0.600	0.453
23	सेसावा	0.486	0.206	0.600	0.431
24	आकोली	0.300	0.206	0.657	0.388
25	इटादा	0.143	0.176	0.743	0.354
26	विरावा	0.257	0.235	0.457	0.316
27	देवड़ा	0.314	0.176	0.441	0.310
28	जोधावास	0.229	0.294	0.371	0.298
29	हाड़ेचा	0.643	0.235	0.000	0.293
30	डी.एस. ढाणी	0.428	0.000	0.428	0.285
31	केरीया	0.000	0.382	0.428	0.270

Source - Calculate by Authors

1. **उच्च मानव गरीबी स्तर –** चितलवाना पंचायत समिति की पांच ग्राम पंचायतों खेजरीयाली, सुराचंद, काछेला, गोमी, एवं केसूरी में मानव गरीबी का स्तर उच्च हैं, इन ग्राम पंचायतों का मानव गरीबी सूचकांक 0.700 से ऊपर हैं। अत: इन ग्राम पंचायतों को उच्च गरीबी स्तर में शामिल किया गया है। ये सभी गाँव निम्न लूणी नदी बेसीन में स्थित हैं। इस क्षेत्र में पुरातन जलौढ़ मिट्टी पाई जाती हैं लेकिन वर्षा की मात्रा बहुत ही कम होने के कारण इसमें कृषि करना सम्भव नहीं हैं। जिससे लोगों को कोई रोजगार नहीं मिल पाता है। इसलिए इन ग्राम पंचायतों में गरीबी स्तर उच्च पाया जाता हैं।
2. **मध्यम मानव गरीबी स्तर**– मानव गरीबी सूचकांक 0.699 – 0.500 मान रखने वाली 15 ग्राम पंचायतों भीमगुडा, डूंगरी, निम्बाऊ, टांपी, भाटकी, सुथडी, होतीगांव, ढूठवा, झाब, गुडाहेमा, रनोदर, डावल, जानवी, चितलवाना, एवं जोड़ादर, को गरीबी स्तर की माध्यम श्रेणी में रखा गया हैं। इन ग्राम ग्राम पंचायतों में भी रोजगार के कोई अवसर उपलब्ध नहीं हैं लेकिन कई गांवों में सिंचाई हेतु कम मात्रा में जल उपलब्ध हो जाने के कारण लोग सब्जियां की कृषि करते हैं, जिन्हें कुछ समय रोजगार मिल जाता हैं।
3. **निम्न मानव गरीबी स्तर –** पंचायत समिति की परावा, सिवाड़ा, सेसावा, आकोली, ईटादा, विरावा, तथा देवड़ा ग्राम पंचायत में मानव गरीबी का स्तर निम्न हैं। इन ग्राम पंचायतों का मानव गरीबी सूचकांक 0.499–0.300 के मध्य पाया गया हैं। इन ग्राम पंचायतो के अधिकांश गांवों में भूमिगत जल अन्य गाँवो की तुलना में सिंचाई के योग्य एवं मात्रा में उपलब्ध हैं। वहीं दूसरी ओर ये गाँव नर्मदा मुख्य नहर इन गांवों से होकर गुजरती हैं। अत: किसानों को वर्ष भर सिंचाई के लिए जल उपलब्ध रहता हैं। इसलिए इन ग्राम पर्याप्त पंचायतों में लोगों का जीवन स्तर अन्य गांवों की तुलना में उच्च होने क कारण मानव गरीबी का स्तर निम्न पाया जाता हैं।
4. **निम्नतम मानव गरीबी स्तर** – चितलवाना पंचायत समिति की जोधावास, हाड़ेचा, डी.एस.ढाणी, केरीया ग्राम पंचायत में मानव गरीबी

का स्तर निम्नतम पाया गया। इन ग्राम पंचायतों का मानव गरीबी सूचकांक 0.299 से नीचे हैं। इन गांवों में सरकारी कर्मचारी अधिक हैं जिससे गरीबी का स्तर निम्न है। हाड़ेचा गाँव पंचायत समिति का सबसे विकसित गाँव है जो सुविधा संपन्न हैं लेकिन साक्षरता की कमी है। इन ग्राम पंचायतो में बेहतर रोजगार के साथ–साथ अवसंरचनात्मक विकास अच्छा होने के कारण गरीबी का स्तर निम्नतम हैं।

सारणी– 2 व मानचित्र 2 – (देखे आगे पृष्ठ पर)

निष्कर्ष एवं सुझाव – पंचायत समिति में मानव गरीबी के स्तर का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि देश के अन्य क्षेत्रों की भांति चितलवाना पंचायत समिति में गरीबी सर्वोच्च स्तर पर हैं। इस पंचायत समिति की 31 में 20 ग्राम पंचायतों में गरीबी का स्तर उच्च है। अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि इस क्षेत्र में गरीबी का प्रमुख कारण ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की कमी हैं। अत: इस में कृषि, उद्योग, परिवहन एवं सांचार के साधनों का बेहतर विकास कर लोगों को पर्याप्त मात्रा में रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकता हैं। नर्मदा नहर परियोजना चितलवाना पंचायत समिति के विकास में रीढ़ की हड्डी हैं लेकिन इसमें कई खामिया होने के कारण क्षेत्र के विकास मे गौण साबित हो रही हैं। इस परियोजना में सुधार कर लोगों तक जल पहुंचा कर लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता हैं। साथ ही क्षेत्र में मानव विकास में प्रादेशिक असमानता कम करने के लिए चितलवाना पंचायत समिति के सभी गाँवो के सतत विकास पर जोर देना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. BPL Census Survey 2002 Government of Rajasthan, Jaipur
2. District Census Handbook 2011, District Jalore, Rajasthan
3. Doi, R. D. and Singh, V .V, (2001). Levels of Development in Moti Sagar Watershed (Banas Basin, Tonk District) Based on Infrastructure Development Facilities, Studies in Geography, Vol.19 pp.7-18.
4. Joshi, Hemlata. (2005). Human Poverty Index at Panchyat Samiti Level Rajasthan- 2001 Indian journal of Regional Science. Vol. 37 No. 1. pp 47 – 62
6. Naseer, Yasmeen (2004). Levels of Development: A Case Study of Western Plain of Uttar Pradesh. Geographical Review of India. Vol.66 No. 4, pp. 350-60.
6. Nayak, L.T. and Narayankar, D.S. (2009). Identification of Regional Disparities in levels of development in Bellary District-Karnataka Indian Journal of Regional Science, Vol. 41, No.1, pp.37-47.
7. Swarnakar Premlata & Gauav Shhidarth Kumar (2017), चितलवाना पंचायत समिति में मानव गरीबी सूचकांक 2016,International research journal of multidisciplinary studies Vol. 3, No. 7, P.P. 1-7

मानचित्र – 1 अध्ययन क्षेत्र की स्थिति



Source: Calculate by Authors

सारणी– 2 – चितलवाना पंचायत समिति में मानव गरीबी के स्तर का वितरण

क्र. सं.	श्रेणी	ग्राम पंचायत
1.	High HPI 0-700 Above5 ग्राम पंचायत	खेजरीयाली, सूराचन्द, काछेला, गोमी, केसूरी
2.	Medium HPI 0.699 - 0.50015 ग्राम पंचायत	भीमगुडा, डूंगरी, निम्बाऊ, टांपी, भाटकी, सुथडी, होतीगांव, दूठवा, झाब, गुडाहेमा, रनोदर, डावल, जानवी, चितलवाना, जोड़ादर,
3.	Low HPI 0.499 - 0.300 ग्राम पंचायत	परावा, सिवाड़ा, सेसावा, आकोली, ईटादा, विरावा, देवड़ा
4.	Very Low HPI 0-299 Below 4 ग्राम पंचायत	जोधावास, हाड़ेचा, डी.एस.ढाणी, केरीया

Source - Calculate by Authors



****

मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के दर्शनीय स्थलों का भौगोलिक परिचय

डॉ. फरखन्दा नूरीन फिरदौसी *

प्रस्तावना – 15 अगस्त 1947 ई0 को देश को अंग्रेजी शासन से आजादी मिलने के बाद रीवा रियासत बुन्देलखंड की 34 रियासतों को मिलाकर विन्ध्यप्रदेश का गठन किया गया। उमरिया जिला रीवा रियासत का एक भाग था तथा रीवा राज्य के 22 वें प्रशासक विक्रमादित्य के शासन के मध्यकाल तक उमरिया रीवा राज्य की राजधानी रही हैं। वर्ष 1952 ई0 को बाद उमरिया में स्थित समस्त सरकारी मुख्यालय धीरे-धीरे शहडोल को स्थानांतरित होते रहें। 1 नवम्बर 1956 ई0 को मध्यप्रदेश राज्य का गठन हुआ और उमरिया को शहडोल जिले में शामिल किया गया। 6 जुलाई 1998 ई0 को उमरिया को जिले का दर्जा मिला।

उमरिया पूर्व में तीन तहसीलों मानपुर, पाली एवं बांधवगढ़ (करकेली) में विभाजित थी। चौथी तहसील के रूप में चंदियां एवं पांचवी तहसील के रूप में नौरोजाबाद को शामिल किया गया है। इस प्रकार उमरिया जिलें में वर्तमान में 5 तहसीलों (मानपुर, पाली, बांधवगढ़, चंदिया,नौरोजाबाद तथा 3 विकास खण्ड) बांधवगढ़, पाली और मानपुर है। 14 जून 2008 ई0 को मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य के 10 वें संभाग के रूप में शहडोल संभाग बनाया गया है। शहडोल संभाग के अन्तर्गत शहडोल, उमरिया, अनूपपुर तथा डिंडौरी जिलों (कुल 4 जिले) को सम्मिलित किया गया है। इस प्रकार वर्तमान में उमरिया जिला शहडोल संभाग के अन्तर्गत आता है।

प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल – उमरिया जिले के प्रसिद्ध दर्शनीय एवं पर्यटक स्थलों में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, बांधवगढ़ का किला, मणिबाग, मंदिर, सागरेश्वर मंदिर, बिरासिनी मंदिर, ज्वालामुखी मंदिर, तथा डमरार जलाशय प्रमुख है। उमरिया जिले के उपर्युक्त दर्शनीय स्थलों का विवरण निम्नानुसार है -

1. **बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान –** उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी विख्यात राष्ट्रीय उद्यान है। उमरिया रेल्वे स्टेशन से 33 कि0मी0 की दूरी पर उमरिया-रीवा सड़क मार्ग पर स्थित बांधगवढ़ राष्ट्रीय उद्यान सफेद बाघों (White Tiger) के लिए विश्व विख्यात है। 437 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैले इस राष्ट्रीय उद्यान में सफेद बाघों के अतिरिक्त तेन्दुआ, चीतल, साँभर, नीलगाय, हिरण आदि वन्य जीव तथा कई विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते है। भारत सरकार द्वारा 1968 ई0 में स्थापित इस राष्ट्रीय उद्यान को 1993 ई0 में प्रोजेक्ट टाईगर में शामिल किया गया है। यह राष्ट्रीय उद्यान 32 छोटी-बड़ी पहाड़ियों के समूहों से घिरा हुआ है। राष्ट्रीय उद्यान में प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख पर्यटक आते हैं, जिनमें से लगभग 75 हजार विदेशी तथा 25 हजार देश के पर्यटक/सैलानी होते है। बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में प्रति 8 कि0मी0 में एक बाघ (Tiger) पाया जाता है। वर्षा ऋतु के अतिरिक्त अन्य दिनों में यह राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों के लिए खुला रहता है।

2. **बांधवगढ़ का किला –** उमरिया रेल्वे स्टेशन से लगभग 40 कि0मी0 की दूरी पर उमरिया-रीवा सड़क मार्ग पर स्थित बांधवगढ़ किला एक प्राचीन किला है। समुद्रतल से 2662 फिट की ऊँचाई पर बांधव नामक पहाड़ी पर स्थित यह किला 32 अन्य छोटी-बड़ी पहाड़ियों से घिरा हुआ है। आम लोगों के लिए यह किला रामनवमी तथा जन्माष्टमी पर्वो पर खोला जाता हैं, तथा विशेष अनुमति लेकर भी इस किले के नाम पर ही उमरिया जिले की एक तहसील का नाम बांधवगढ़ रखा गया हैं।

बांधवगढ़ का किला देश के प्राचीन किलों में से एक माना जाता है। यह किला चारों ओर से घने जंगलों के बीच में स्थित हैं। किले तक पहुंचने के लिए सीधी एवं खड़ी चट्टानों को पार करते हुए सावधानी पूर्वक चलना पड़ता हैं तथा किले तक पैदल पहुँचने के लगभग 2 घंटे का समय लगता हैं। बांधवगढ़ के किले के समीप ही ताला नामक ग्राम स्थित हैं, जो कि मानपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत आता हैं।

बांधवगढ़ का यह क्षेत्र प्राचीनकाल में मद्यवंशीय राजाओं की राजधानी थी। बांधवगढ़ में बघेल राजाओं का शासन 13वीं शताब्दी से प्रारंभ माना जाता है। गुजरात के राजा कर्ण का विवाह हयवंशी त्रिपुरी के कल्चुरी शासक सोमदत्त की पुत्री पद्मकुंवर से हुआ था, और बांधवगढ़ का दुर्ग राजा कर्ण को दहेज में प्राप्त हुआ था। बाद में तत्कालीन गहोरा के राजा रामचंद्र बघेल ने 1562 ई0 में अपनी राजधानी गहोरा से स्थानांतरित कर बांधवगढ़ बनाई। बांधवगढ़ का किला प्राचीन एवं अमेद्य था, इसलिए अन्य शासक भी इसे जीतना चाहते थें, परन्तु वे सफल नहीं हो सके। 1597 ई0 में मुगल सम्राट अकबर ने बांधवगढ़ के इस प्रसिद्ध किले को जीत लिया तथा 1602 ई0 तक यह किला मुगलों के अधिकार में रहा, फिर यह किला पुन: बघेल राजाओं को मुगलों ने दे दिया। 16 वीं-17वीं शताब्दीं में बांधवगढ़ के तत्कालीन राजा विक्रमादित्य ने अपनी राजाधानी बांधवगढ़ से हटाकर रीवा कर लिया। जनश्रुति के अनुसार यह किला भगवान श्री राम के भाई लक्ष्मण ने बनवाया था। परन्तु आधुनिक इतिहासकार ऐसा नहीं मानते है। आधुनिक इतिहासकार इस किले को 9-10 वीं शताब्दीं में निर्मित कल्चुरी कालीन किला मानते है। किले के रास्ते में जाते समय मार्ग में पत्थरों को काटकर बनाया गया अस्तबल हैं, जहाँ पर पत्थरों के स्तंभों में छेद करके घोड़ों को बांधा जाता था। यह अस्तबल अभी भी अच्छी हालत में है। कुछ दूर आगे चलने पर चट्टानों को काट कर बनाई गई कचेहरी (अदालत) हैं, जिसमें मुकदमों का निपटारा किया जाता था। इसके आगे भगवान विष्णु की शेषशाई प्रतिमा है जो कि विशाल पत्थर को काटकर बनाई गई है। इसकी लम्बाई 34 एवं चौड़ाई 14' है। प्रतिमा के हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म सुशोभित हैं,

* (भूगोल) वार्ड नं. 15 घरौला मोहल्ला, शहडोल (म.प्र.) भारत

जिसे हिन्दू मान्यताओं के आधार पर भगवान विष्णु की प्रतिमा कहा जाता हैं। प्रतिमा के पैर से एक पतली जलधारा प्रवाहित होती हैं, जिसे स्थानीय लोग 'चरण गंगा' कहते हैं। प्रतिमा के पास ही एक शिव लिंग भी है। इस प्रतिमा का निर्माण कल्चुरी राजा युवराज देव के मंत्री गोल्लक ने 10वीं शताब्दी में कराया था। किले के अंदर प्रवेश करने का एक ही रास्ता है। किले के मुख्य द्वार को कर्णपोल दरवाजा कहा जाता , क्योंकि स्थानीय लोगों का ऐसा मानना है कि इस दरवाजे का निर्माण हैं हयवंशी कल्चुरी राजा कर्ण ने करवाया था। किले के अन्दर भगवान विष्णु की वामन अवतार प्रतिमा हैं, जो लगभग 19 फुट ऊॅची हैं। किले के अन्दर ही पत्थरों पर बड़ी सी कच्छप (कछुए) की प्रतिमा हैं, जिसे भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। इस प्रतिमा से कुछ ही दूरी पर मत्स्य प्रतिमा हैं, जो विशाल पाषाण से निर्मित है। मत्स्य प्रतिमा से थोड़ी दूरी पर वाराह की मूर्ति हैं, जो एक ही चट्टान को काटकर बनाई गई है। उक्त दोनों प्रतिमाएं कल्चुरी कालीन हैं, जो लगभग 10वीं शताब्दी में बनवाई गई थी। बांधवगढ़ राजा रामचन्द्र द्वारा लगभग 1662-65 ई0 के मध्य निर्मित मोतीमहल तथा बांधवाधीश मंदिर हैं। मोतीमहल राजा का निवास स्थल या तथा बांधवाधीश मंदिर बघेल राजाओं के कुलदेवता का मंदिर है। इस मंदिर में भगवान राम की मूर्ति है। किले के अन्दर उक्त प्रतिमाओं के अतिरिक्त अन्य कई दर्शनीय मूर्तियां हैं। किले में कई सरोवर थें, जिनमें से वर्तमान समय में 3-4 सरोवर ही ऐसे हैं, जिनमें साफ जल रहता हैं, बाकी सूख गए हैं। इस तरह प्राचीन किले को देखने हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते है। साथ ही प्राकृतिक वातावरण का आनंद तथा वन्य जीव के अवलोकन हेतु यह बहुत ही अच्छा स्थल है।

3. सगरा मंदिर – उमरिया रेल्वे स्टेशन के समीप ही यह भगवान शंकर का प्राचीन मंदिर है। मंदिर के मुख्य दरवाजे पर खजुराहों शैली में निर्मित मूर्तियों की नक्काशी की हुई है। मंदिर से लगा हुआ तालाब तथा कब्रगाह है।

4. ज्वालामुखी मंदिर – उमरिया रेल्वे स्टेशन से लगभग 1 कि.मी. की दूरी पर ज्वालामुखी देवी का मंदिर है। यहाँ रामनवमी के अवसर पर जवारें रखे जाते हैं। इस देवी के नाम पर ही उमरिया शहर की एक कॉलोनी का नाम ज्वालामुखी कॉलोनी है।

5. मणिबाग मंदिर – उमरिया रेल्वे स्टेशन से लगभग 8 कि0मी0 की दूरी पर उमरिया-शहपुरा मार्ग पर स्थित यह भगवान शंकर का मंदिर हैं, जो कल्चुरी कालीन मंदिर है। उमरिया शहर से दूर घने जंगल के बीच में स्थित इस मंदिर के बाहरी भाग में अंकित आकृति खजुराहों मंदिरों की शैली की याद दिलाती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार इस मंदिर का निवासियों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण पांडवों ने किया था तथा कुछ लोग इसे चंदेल वंश के शासकों द्वारा निर्मित मानते हैं। एकांत स्थान एवं घने जंगल के मध्य स्थित यह मंदिर हजारों लोगों की आस्थाओं का प्रतीक हैं। प्राकृतिक वातावरण से पूर्ण यह मंदिर मन को शांति प्रदान करता है। इस मंदिर को देखने विदेशी पर्यटक काफी संख्या में आते हैं।

6. बिरासिनी मंदिर – उमरिया से 33 कि0मी0 की दूरी पर जिले के पाली विकासखण्ड में स्थित यह मंदिर बिरसिंहपुर पाली नगर के मध्य में स्थित है। यह अत्यंत प्राचीन मंदिर हैं, जिसमें 9-10 वीं शताब्दी में कल्चुरी कालीन बिरासिनी देवी की प्रतिमा है। बिरासिनी देवीं की प्रतिमा अत्यंत भव्य एवं मनोहरी हैं। जिले का यह सर्वाधिक धार्मिक प्रसिद्ध स्थल है। दशहरा एवं रामनवमी त्यौहरों के समय यहाँ विशाल जवारें का जुलूस निकलता है। जिसमें लाखों की संख्या में जवारे लिए औरतें/लड़कियाँ सड़कों पर निकलती हैं। इस जुलूस पर पाली की सड़को पर दूर-दूर तक जवारे की हरियाली दिखाई देती है। पाली का जवारे का जुलूस देशभर में प्रसिद्ध है।

7. संजय गाँधी ताप विद्युत केन्द्र – उमरिया जिले के पाली विकास खण्ड में पाली नगर से 7 कि0मी0 की दूरी पर मंठार में स्थित संजय गाँधी ताप विद्युत गृह है। जिसमे ताप एवं जल दोनों प्रकार से विद्युत का उत्पादन किया जाता है। इसे देखने काफी संख्या में लोग जाते है।

8. उमरार जलाशय – उमरिया जिले के बांधवगढ़ करकेली तहसील के अन्तर्गत उमरिया से 8 कि0मी0 की दूरी पर उमरिया शहपुरा मार्ग में कारीमाटी गांव के समीप उमरार नदी पर यह जलाशय बनाया गया है। 9 मई 1973 को म0प्र0 के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री प्रकाशचंद्र सेठी ने इस बांध का शिलान्यास किया था तथा यह बांध 1977-78 में बनकर तैयार हुआ । 197.37 लाख रू0 की लागत से निर्मित यह बांध अत्यंन्त विशाल हैं, बांध से कई नहरें निकाली गई है। वर्षा ऋतु में यह जलाशय लबालव भरा रहता है। एकांत स्थल पर निर्मित इस जलाशय को देखने काफी संख्या में लोग आते है। उमरिया नगर के लोगों के लिए यह एक पिकनिक स्थल है। यहाँ गर्मियों के दिनों में शाम के समय भारी संख्या में लोग आते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शहडोल जिले का गजेटियर ।
2. जिलाध्यक्ष कार्यालय उमरिया म.प्र. से प्राप्त जानकारी ।
3. शोधार्थी द्वारा सर्वेक्षण ।

****

इक्कीसवी सदी में स्त्रीत्व के मानचित्र का औचित्य

सुधा जैन *

प्रस्तावना – स्त्री के बिना हमारा जीवन अधूरा है। क्योंकि स्त्री न केवल परिवार वरन् समाज की भी धुरी होती है। ईश्वर प्रदत्त मातृत्व क्षमता ने उसे जीवनदायिनी होने के पवित्र गौरव से महामान्वित किया है। सृष्टि के प्रारम्भ काल से ही वह भिन्न–भिन्न रूपों में समाज एवं परिवार को आकार एवं दिशा देती चली आ रही है। वर्तमान इक्कीसवी सदी में स्त्री को लेकर चारों ओर चर्चाएं चल रही है, अधिवेशन बुलाए जा रहे है, सेमिनार हो रहे है। समस्त विश्व में स्त्री के लेकर चिन्तन–मनन एवं विचार–विमर्श किया जा रहा है। नये–नये नियम कानून बनाए जा रहे है। वस्तुत: 21वीं सदी में नारी के उत्थान, उसके विकास, समानाधिकार आदि की आवाजे विचारक, सुधारक, राजनेता इत्यादि उठा रहे है। महिला सशक्तीकरण 21वीं सदी में एक ज्वलंत मुद्दा बन गया है।

21वीं सदी में महिला कितनी समक्ष है, कितनी त्रस्त है यह शोध का विषय है। फिर भी इतना अवश्य कहा जा सकता है कि इस सदी में दुनिया में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा मिली है। शिक्षित होकर स्त्री ने अपने अधिकारों को समझकर स्वालम्बन के रास्ते अपनाए हैं। फिर भी इक्कीसवीं सदी के 15 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी स्त्री की स्थिति में ऐसे परिवर्तन नहीं हुए हैं जिनके आधार पर यह कह सके की स्त्री पूर्ण रूप से स्वतंत्र एवं सुरक्षित है। हमारा समाज स्त्री के बगैर अधूरा है। स्त्री–पुरूष रथ के दो पहिए है, जो एक के बिना दूसरा नहीं चल सकता। अर्थात् समाज निर्माण के लिए स्त्री एवं पुरूष दोनों के अस्तित्व का होना जरूरी है। स्त्री हमें माँ, बेटी, पत्नी आदि के रूप में मिलती है। इस संबंध में निर्मला पुतुल अपनी कविता में लिखती हैं –

'क्या तुम जानते हो
पुरूष से भिन्न
एक स्त्री का एकान्त ?
घर, प्रेम और जाति से अलग
एक स्त्री को उसकी अपनी जमीन
के बारे में बता सकते हो तुम ?
बता सकते हो
सदियों से अपना घर तलाशती
एक बेचैन स्त्री को
उसके घर का पता।'

समाज में स्त्री को पूर्ण रूप से मुक्ति कब मिलेगी ? यह विचारणीय प्रश्न है। आजाद परिन्दे की तरह वह कब उड़ेगी ? अपने अस्तित्व को कब बचा पाएगी ? इन सब के लिए सभी को आगे आना होगा और सबसे पहले स्त्री को ! 21वीं सदी में स्त्री की दशा एवं दिशा में कुछ परिवर्तन दृष्टिगोचर होते है। महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन किया गया है। स्वयं सेवी संगठन भी महिलाओं के उत्थान के लिए सक्रिय भूमिकाएँ निभा रही है। अत: समाज एवं राष्ट्र के संतुलित विकास के लिए स्त्रियों का योगदान आवश्यक है। स्वामी विवेकानन्द ने भी इस संबंध में कहा है – 'स्त्रियों की स्थिति में सुधार लाए बिना विश्व का कल्याण सम्भव नहीं है। एक पंख से समाज रूपी चिड़िया उड़ान नहीं भर सकती।'[53] नारी को अपना अधिकार जानने के लिए सामने आना होगा इसके लिए आवश्यक हो कि वह जागरूक हो यह तभी सम्भव है, जब वह शिक्षित हो। उद्देश्य के बिना वह अपना अस्तित्व नहीं बचा सकती।

नारी प्रेम की प्रतिमूर्ति है। वह शारीरिक बल से चाहे पुरूष से कम रहती हो पर आत्मिक, नैतिक, करूणा, सहनशीलता, भावुकता आदि में ज्यादा होती है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नारी को अनेक यातनाएँ सहन करनी पड़ रही है, दिन–प्रतिदिन उसका शोषण बढ़ रहा है। सामाजिक अत्याचार हो रहे हैं। ऐसे में महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में विचार–विमर्श करना अत्यन्त जरूरी है। आज नारी समाज में यौन–शोषण, दहेज प्रथा, लिंगानुपात, बलात्कार आदि से ग्रस्त है, दूसरी तरफ कहा जाता है कि 21वीं सदी में नारी स्वतंत्र है, वह अपने अधिकार के प्रति जागरूक है। लेकिन वास्तविकता कुछ और है। समाज में प्रत्येक नारी तब स्वतंत्र होगी जब वह शिक्षित होगी, और वह अपने अधिकार के प्रति जागरूक होगी –

'एक स्त्री यथार्थ में
जितना अधिक घिरती जाती है इससे
उतना ही अमूर्त होता चला जाता है,
सपने में वह सब कुछ अपनी कल्पना में हर रोज
एक ही समय में स्वयं को
हर बेचैन स्त्री तलाषती है
घर प्रेम और जाति से अलग
अपनी एक ऐसी जमीन
जो सिर्फ उसकी अपनी हो।'

आज के परिवेश में स्त्री अपने महत्व को पहचानने में सफल हो रही है, किन्तु समाज में नारी के प्रति शोषण एवं उत्पीड़न की घटनाएँ निरन्तर बढ़ रही है। आज नारी अपने आप में असुरक्षित महसूस कर रही है। फिर भी आज देखा जा रहा कि महिलाएँ शासन, प्रशासन के क्षेत्र में कार्य कर रही है, महिलाएँ वायुयान चला रही है, अंतरिक्ष में भी जा चुकी है। कुल मिलाकर देखा जाए तो आज की महिलाओं में जोश है, उत्साह है, ताजगी है और दृढ़ इच्छा है, आगे बढ़ने की, स्वाबलम्बी बनने की। वह पुरूष से किसी भी दृष्टि से कम नहीं है फिर भी वह समझ लेना की वह स्वतंत्र है, गलत है क्योंकि हम

* जैन भवन बुढ़ार रोड, शहडोल (म.प्र.) भारत

ऐसे समाज में रहते है, जहाँ सिखाया जाता है कि स्त्री भले ही जहाज उड़ाने लगे लेकिन उसे घर के कार्य करने पड़ेंगे। समाज में इस पितृसत्तात्मक और रूढ़ मानसिकता से स्त्री की मुक्ति 21वीं सदी में भी नहीं हो पा रही है। आज भी समाज में पुत्री की अपेक्षा पुत्र के जन्म को अधिक महत्व दिया जाता है। किसी ने भी कभी स्त्री के भीतर खौलता उसका इतिहास पढ़ा है। उसके जीवन का अनुभव किया है, उसकी मासुमियत, उसकी संवेदना को जाना है कि कितनी सहनशील होती है स्त्री ! इस संबंध में निर्मला पुतुल ने अपनी कविता में लिखा है –

'तन के भूगोल से परे
एक स्त्री के मन की गांठे खोलकर
कभी पढ़ा है तुमने उसके भीतर का खौलता इतिहास ?
अगर नहीं !
तो फिर क्या जानते हो तुम
रसोई और बिस्तर से परे
एक स्त्री के बारे में।'

आज 21वीं सदी में महिला सशक्तकरण ने महिलाओं को स्वतंत्रता या मुक्ति की ओर अग्रसर किया है। वे अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को प्रकट कर सकती है और अपने तौर तरीकों से जवीन–यापन कर सकती है। आवश्यकता है। उसमें उत्साह, जोश और दृढ़ता होनी चाहिए। साथ ही जरूरत है मानसिक सशक्तिकरण की। दरअसल नारी को अपनी सोच में भी बदलाव चाहिए यही वजह है कि वह आज भी अबला है, असहाय है, विवश है।

कामकाजी महिलाओं की स्थिति आज के संदर्भ में कुछ हद तक संतोषजनक मानी जा सकती है। लेकिन सर्विस–पेशे के दौरान किन–किन परिस्थितियों से उसे दो–चार होना पड़ता है, इसे नजरअन्दाज भी नहीं किया जा सकता। इस संबंध में प्रभा खेतान का वक्तव्य है – 'बाहरी दुनिया में काम करते हुए अधिकतर स्त्रियों की मुख्य समस्या है गृहिणी और बच्चों के साथ स्वयं का सामंजस्य बैठाना। स्वाभाविक है कि किसी भी भूमिका का सही तरह से पालन न कर पाने के कारण वे अपराधबोध से ग्रस्त होती है। न वे अच्छी माँ बन पाती है और न कार्य जगत में एक कुशल पेशेवर। उसकी इस कमजोरी का फायदा व्यवस्था उठाती है। स्त्री के संदर्भ में प्रबन्धन कह देता है कि अपने कमतर एवं हीन स्थिति के लिए स्त्री स्वयं जिम्मेदार है। आप यदि आधे मन से काम करोगी तो पूरा पैसा कैसे मिलेगा ? व्यवस्थाकारों को सोचना होगा कि यह नैसर्गिक कारण है। एक स्त्री का माँ बनने के साथ–साथ पारिवारिक जिम्मेदारी को भी निभाना पड़ता है। आज स्त्री को चाहिए कि वह स्वयं आँखे खोले और अपनी बेहतरी के लिए स्वयं सामाजिक सांख्यिकी का निर्माण करे। मृदुला गर्ग का विचार है – 'आज हर प्रबुद्ध स्त्री के सामने चुनौती यह है कि, वह केवल स्त्री सम्बन्धी अन्याय का नहीं, पूरी राष्ट्रीय नीति का आंकलन करें। शिक्षित व समर्थ स्त्रियों के लिए पुरूषों के बराबर हम मांगने तक सीमित न रहें। आम औरत को अपने बराबर का हक दिलवाने के लिए भी तैयार हो और उसके लिए उपर्युक्त सामाजिक वातावरण बनाए। वर्ना हम इस भ्रांति में पड़े रहेंगे कि इक्का–दुक्का स्त्री के पहाड़ पर चढ़ लेने से पहाड़ स्त्री के अधीन हो गया है। वास्तविक सत्ता प्राप्त करने के लिए भ्रामक सत्ता का नशा छोड़ना होगा। वास्तविकता तो यह है कि किसी भी राष्ट्र का विकास बिना आधी आबादी को साथ लिए सम्भव ही नहीं है। स्त्री और पुरूष दोनों विकास के दो पहिये हैं और जब तक दोनों पहिये समान रूप से आगे नहीं बढ़ेंगे तब तक किसी देश या राष्ट्र के विकास की परिकल्पना करना महज कोरा बकवास सिद्ध होगा।

नारी को जरूरत है मुक्ति की गाँवों से शहरों तक रूढ़ियों से, अंधविश्वासों से, सड़ी–गली परम्पराओं से, दहेज से, पर्दा प्रथा से, विधवा, तलाक, बलात्कार जैसी संगीन समस्याओं पर सोच–विचार करने की और अनाचारी को न्यायालय तथा समाज से उचित दंड दिलवाने की तभी स्त्री समाज एवं परिवार में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर पाएगी।

स्त्री को सार्वजनिक जीवन में भी एक नागरिक रूप से पुरूषों के बराबर रहना चाहिए। अगर वास्तव में उन्हें पुरूषों के बराबर आना है, तो वहां लेडीज फर्स्ट कह कर स्वयं को कमजोर करने या महसूस करने का प्रयास न करें। धार्मिक रूप से महिलाओं को मानसिक दृढ़ता दिखानी चाहिए। जैसे शमशान में जाना एवं जहाँ उन्हें रोका जाता है, वहाँ भी जाने के लिए या जिन कार्यो में उन्हें प्रतिबंधित किया जाता है, उन कार्यो को करने के लिए मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए। शादी की रस्में में भी बहुत–सी बुराईयाँ है। जैसे उपवास करना, जूठा खाना, कन्यादान करना आदि भी नारी को सदियों पीछे धकेलती है। इसके अलावा अगर हम अपने देश के विकास के प्रति चिन्तित है, तो सर्वप्रथम हमें समाज में लड़कियों के गिरते हुए अनुपात को तथा उनके साथ किए जा रहे भेदभाव पर चिन्तन करना चाहिए। पंडित जवाहर लाल नेहरू का भी यही कहना था कि – 'जब स्त्रियाँ आगे बढ़ती है तो परिवार आगे बढ़ते है, गाँव आगे बढ़ते है और राष्ट्र भी अग्रसर होता है।'

सही मायने में यदि हम थोड़ा त्याग करे तो बहुत पाएगे। दो कदम तुम चलो दो कदम हम चले तभी समानता आएगी और बुमन लिबरेशन की लड़ाई आधी रह जायेगी। तभी हम गर्व से कह सकेंगे –

'नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग पग तल में।
पीयूष स्त्रोत–सी बहा करो, जीवन के सुन्दर समतल में।।'

यदि वास्तविक रूप से देखा जाए तो 21वीं सदी में नारी सशक्तिकरण का अर्थ है – नग्नता, उच्छंखलता और बाजारूपना यह सब हम विज्ञापनों, फिल्मों, टेली फिल्मों आदि में देख सकते हैं और जिसका व्यापक प्रभाव आज की पीढ़ी पर तेजी से हो रहा है। संस्कारों से दूर नारी बाजारू और बिकाऊ वस्तु के रूप में प्रस्तुत की जा रही है। आज की कुछ नारियाँ इसी को सशक्तिकरण का रूप मान रही है। आज जरूरत है, नारी को अपनी कल्पनाएँ, दूरदर्शिता, व्यवहारशीलता के साथ मध्यम मार्ग को चुनना होगा, अपने आप को अतिवाद से बचाना होगा। तर्क, तथ्य एवं परिणाम पर ध्यान देकर अपना वर्चस्व सिद्ध करना ही सही रूप से सशक्तिकरण होगा। देखा जाए तो नारी, पुरूष प्रधान समाज में हर तरफ से समकक्ष एवं सक्षम है। उन्हें अपनी भूमिकाओं को समझकर एक स्वस्थ समाज की रचना में अपनी भागीदारी निभानी होगी। फिर कोई शोषण नहीं होगा केवल सम्मान और शौर्य होगा। मानवीय गुणों को विकसित करना और तर्क संगत, न्यायपूर्ण समाज का निर्माण ही नारी सशक्तिकरण का लक्ष्य है।

आज के परिवेश में नारी को पुरूष के बराबर अधिकार मिले, उन्हें स्वतन्त्रता मिले, आर्थिक रूप से वे स्वाबलम्बी बने, अत्याचार एवं शोषण से मुक्ति मिले आदि समस्याओं के निदान के लिए निम्नांकित उपाय करने की जरूरत है –

1. महिलाओं के विरूद्ध होने वाले हिंसा, अत्याचार, बलात्कार, शोषण जैसे विभिन्न अपराधों पर प्रभावपूर्ण नियंत्रण और उसका अतिषीघ्रता से निष्पादन करने की जरूरत है। तभी महिलाओं में विधायी व्यवस्था एवं प्रशासन में विश्वास बढ़ेगा और वे समाज में अपने को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रत्येक क्षेत्र में भयमुक्त होकर अपनी सहभागिता सुनिष्चित कर सकेगी।

2. महिलाओं में अब जागृति उत्पन्न किया जाए और उनके आत्म विश्वास को जगाया जाए ताकि वे अपने अधिकारों को भलीभांति समझ सके। इसके लिए महिला उद्देश्य की ठोस व्यवस्था करने की आवश्यकता है।
3. उत्पीड़ित महिलाओं के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता की व्यवस्था होनी चाहिए।
4. दहेज प्रथा से मुक्ति के लिए कठोर कदम उठाना होगा। इसके लिए स्वयं नारियों को आगे आने की आवश्यकता है।
5. महिलाओं के प्रति समाज को अपनी मानसिकता बदलनी होगी।

समाज एवं राष्ट्र में नारियों की इतनी समस्याओं के बीच इतना अवश्य कहा जा सकता है कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी है। इसी सदी में महिलाएँ तेजी से शिखर पर आरूढ़ हो रही है। कामयाबी के साथ उसकी समाजिक एवं आर्थिक तस्वीर बदल रही है। समाज के सभी पुरूष वर्चस्व वाले क्षेत्रों में महिलाओं ने शानदार प्रवेश किया है। वर्तमान स्थिति में नारी ने जो साहस का परिचय दिया है वह आश्चर्यजनक है। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में उसका परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से प्रवेश हो चुका है। आगे आने वाला समय सिर्फ नारियों का होगा उनके कदमों को कोई नहीं रोक सकता। अत: 21वीं सदी में नारियों के उज्जवल भविष्य की सम्भावनाएँ सन्निहित है। इसी कामना एवं विश्वास के साथ .....

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. महिला सशक्तिकरण - डॉ. सरिता पाण्डे, पृष्ठ - 18 प्रकाशक आशा पब्लिशिंग कम्पनी आगरा, सन् 1913-14
2. साहित्येतिहास में स्त्री-विमर्श-सं. डॉ. शिवचन्द्र, पृष्ठ - 160, प्रज्ञा प्रकाशन पटना 2010
3. निर्मला पुतुल - नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृष्ठ - 9 भारतीय ज्ञान पीठ प्रकाशन नई दिल्ली 2005
4. हंस - सं. राजेन्द्र यादव, पृष्ठ - 42 अक्टूबर 2003, अक्षर प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. वसुधा - सं. स्वयं प्रकाश पृष्ठ - 69 नेशनल बुक ट्रस्ट नई दिल्ली।
6. चुकते नहीं सवाल - मृदुला गर्ग, सामयिक प्रकाशन नई दिल्ली।
7. कामायनी - जयशंकर प्रसाद, पृ. - 20 वाणी प्रकाशन नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

मन्नू भंडारी की कहानियों में चरित्र वैविध्य – नारी के संदर्भ में

डॉ. जगदीश चौहान * डॉ. मंजुला जोशी **

प्रस्तावना – कहानी गद्य की वह विधा है, जिसमें कहानीकार अपने विचारों को एक विशिष्ट शैली एवं भाषा – प्रवाह में अभिव्यक्ति प्रदान करता है। चूँकि साहित्य समाज के यथार्थ को व्यक्त करने की सामर्थ्य रखता है, इसलिए वर्तमान में घटने वाली घटनाएँ उसमें निश्चित रूप से प्रतिबिंबित होती है। साहित्य के पात्र समाज में क्रियाशील दिखाई देते हैं । साहित्यकार इन्हीं पात्रों को अपने साहित्य के ताने–बाने में सँजोकर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर देते हैं । उस साहित्य को पढ़कर पाठक आश्चर्य चकित हो जाता है कि यह सब तो हमारे आस–पास ही घटित हो रहा है। ये ही पात्र तो समाज में हमें चलते –फिरते व क्रियाशील दिखाई देते हैं।

कहानी या साहित्य की किसी भी विधा को जीवंत बनाने के लिये उस कहानीकार या साहित्यकार का मन–मस्तिष्क के साथ–साथ व्यक्तित्व भी उदात्त व प्रभावी होना चाहिए। वह अपने व्यक्तित्व की प्रभावशीलता से अपनी लेखन शैली व विचारार्थ व्यक्ति के चातुर्य से अपनी रचना को प्रभावी ढंग से साहित्य में प्रस्तुत कर सकता है।

मन्नूजी ने अपनी जीवन शैली जिस सादगी से बिताई है, उतनी सादगी उनकी कहानियों में भी मिलती है। जिस यथार्थ को उन्होंने भोगा है, वही उनके लेखन में भी अभिव्यक्ति पाता रहा है। उनके सादगीपूर्ण जीवन के संदर्भ में श्री गिरिराज किशोर ने अपने एक लेख में लिखा है कि – 'मन्नूजी की पहचान उस बिंदी से शुरू हुई थी और आज रचनाओं तक पहुँच गई है। ..... मन्नूजी को पहली बार देखकर यह प्रश्न जरूर मन में आया कि क्या ये ही वो हैं, जो कहानियाँ लिखती है ? महिला कहानी लेखिकाओं को देखने और इन्हें एक विशिष्ट रूप में स्वीकार करने की आदत के फलस्वरूप मन्नूजी कहानी लेखिका उतनी नजर नहीं आती, जितनी घरेलू स्त्री।'[1]

मन्नूजी मूलत: शिक्षकीय पेशे से जुड़ी रही हैं, इसलिए साहित्य पढ़ने व लिखने की प्रवृत्ति उनमें स्वाभाविक रही है। इस संबंध में उन्होंने अपनी स्व–संपादित 'अपने से पर'य किताब में साहित्यकार के लिए कर्त्तव्य निर्धारित करते हुए लिखा है कि – 'एक अच्छा कहानी लेखक बनने से पहले अनिवार्य है, एक अच्छा कहानी पाठक बनना ।'[2]

उनकी इस बात की प्रामाणिकता हेतु कि वे अपने इस वचन या कथन का पालन करती हैं या नहीं, डॉ. श्रीमती अनिता राजूरकर का यह कथन प्रमाण है – 'उनके कमरे की लायब्रेरी में प्रेमचंद ,यशपाल से लेकर अभिमन्यु अनंत तक की समस्त पुस्तकें उपलब्ध हैं। वहाँ जयशंकर प्रसाद, चन्द्रकांत बांदिवदेकर, रामनगरकर, ममता कालिया, मीनाक्षी पुरी, शीला रोहेकर, मृदुला गर्ग, दिनेश कामू आदि सभी नये पुराने चर्चित–अचर्चित साहित्यकारों की पुस्तके देखी जा सकती है। दान क्विक्जोट और भारतीय संस्कृति जैसी पुस्तके भी वहाँ मौजूद थी। मन्नूजी ने शरतचन्द्र, प्रेमचंद, यशपाल, अज्ञेय आदि का संपूर्ण साहित्य पढा है और उनसे प्रभावित भी हुई है।'[3]

जो साहित्यकार इतने साहित्यकारों के साहित्य को सतत् अध्ययन करता हो, उसके साहित्य से उसके गंभीर चिन्तन से समाज का कोई पक्ष अछूता रह ही नहीं सकता । मन्नूजी ने विशेषकर नारी पात्रों को लेकर उनके अन्तर्मन के अनछुए पहलुओं को स्पर्श किया। उन्हें गंभीरता से विचार कर समाज के सुधी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

नारी के विभिन्न रूपो व नातों को समाज के समक्ष रखकर उन्हें चिंतन के लिये विवश किया है। चाहे फिर वह बेटी हो या बहू, सास हो या माँ, पत्नी हो या प्रेयसी या कोई भी रिश्ता , नारी पात्र को पूरी शिद्दत के साथ रखा है।

माँ के हृदय की अतल गहराई में छिपे वात्सल्य को जिस अनूठे ढंग से मन्नूजी ने प्रस्तुत किया है, वह निश्चित रूप से श्लाघनीय है। माँ को जब अपने पुत्र के आने की सूचना भर प्राप्त होती है, तो उसकी मानसिक व शारीरिक दोनों ही अवधारणाएँ बड़ी विचित्र हो जाती है। 'मजबूरी' कहानी की माँ अपने पुत्र, बहू व पोते के आने के समाचार मात्र से अपने शारीरिक कष्ट को भी भूल जाती है –

'घूटने का दर्द मन के उत्साह में खो गया और बेटे पोते से मिलने की उमंग में मौसम की ठंडक भी जैसे जाती रही ।'[4]

माँ के वात्सल्य की ममता किसी से भी नहीं की जा सकती। 'नशा' कहानी की आनंदी को जब चिट्ठी के माध्यम से यह पता चलता है कि उसे उसका पुत्र लेने आ रहा है, तो उसकी जो दशा होती है, उसका चित्रण मन्नूजी ने बड़ी गहराई से किया है – 'कल किशनू आ रहा है, सचमुच ही किशनू आ रहा है और जैसे इतनी देर बाद उसे पहली बार बोध हुआ कि उसके जीवन में क्या कुछ घट गया। बारह साल बाद उसका बेटा आ रहा है– एकाएक चबूतरे पर बैठकर ही आनंदी फूट –फूटकर रो पड़ी। ऊपर से सदा ही शांत रहने वाली पर्वत के भीतर का ज्वालामुखी जब फूटता है, तो कोई भी शक्ति उस आवेग को रोक नहीं पाती ।'[5]

माँ की भाँति बहन भी त्याग व सहनशीलता की पूतिमूर्ति होती है। बहन के त्याग व सहनशीलता की एक सीमा है। जब उसकी सहनशीलता की सीमा से बाहर त्याग की बात आती है, तो फिर बहन उसे सहन नहीं कर पाती। 'घूटन' कहानी की मोना अपने छोटे भाई–बहनों व माँ के वृद्धावस्था के सुखमय जीवन के लिए तथा माँ की रूग्णावस्था को देखते हुए अरूण से प्रेम करते हुए भी विवाह नहीं करती, क्योंकि उसके विवाह कर लेने पर परिवार में जिम्मेदारी उठाने वाला कोई नहीं था। साथ ही उसकी माँ भी उसके विवाह करने के पक्ष में नहीं थी – 'पर मोना की माँ नहीं चाहती कि मोना उससे

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (हिन्दी) शासकीय शहीद भीमानायक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

(अरूण) ब्याह करे। मोना ब्याह कर लेगी, तो उसके छोटे भाई-बहनों को कौन पालेगा, बूढ़ी की तीस दिन में से उनतीस दिन रहने वाली बीमारी का खर्चा कहाँ से आएगा। ..... सौ -सौ बार हार चुका हूँ। वह रात-रात भर रोती है , दिन दिन घुलती और घुटती रही है, पर इसके आगे कुछ नहीं जब अरूण आता है, तो वीराने में हरियाली अवश्य छा जाती है, पर बड़ी क्षणिक होती है वह हरियाली, वह तरावट वह नमी इसलिये जीवन उसका सुखा का सुखा ही रह जाता है।'[6]

घर की समस्त जिम्मेदारियाँ पिता के पश्चात् पुत्र ही संभालते हैं , लेकिन मन्नूजी ने समाज के इस सत्य को अपनी कहानियों आकाश नाइं...., आते-जाते यायावर, एक कमजोर लड़की की कहानी के माध्यम से बताया है कि बेटियाँ तो पिता के जीवित रहते ही घर की सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करती है। परिवार के प्रति अपने कर्त्तव्य निर्वहन के बाद जब वह अपने विवाह के संबंध में सोचती है, तो घर वाले उससे नाराज हो जाते हैं। आकाश नाइं...., की सुषमा जब अपने विवाह की तारीख स्वयं तय कर लेती है, तो घर में कोहराम मच जाता है, तब सुषमा कहती है 'पिछले तीन साल से मैं केवल घर वालों के लिए मर-खप रही हूँ। नौकरी के साथ दो - दो ट्यूशन करके मैंने घर का सारा खर्च चलाया। अब पिंकी ने बी.ए. पास कर लिया, तो अपनी बात पर सोचना शुरू किया। पर इन लोगों से इतना भी नहीं होता कि मेरी हँसी खुशी में साथ दें।'[7]

नारी का सबसे कठिन कर्त्तव्य होता है, बहू के रूप में। हर सास चाहती है कि उसे अपने आदेशों का पालन करने वाली बहू मिले। उसकी बहू घर-परिवार व समाज की मर्यादा का ध्यान रखें।, 'नशा कहानी की आनंदी बहुत वर्षों तक पति की मार व अत्याचार सहती रही, लेकिन जब उसे बेटे व बहू की स्नेहभरी सेवा मिलती है, तो उसका मन प्रसन्नता से गदगद हो जाता है।

'देवी-देवता जैसे हैं, उसके बेटे-बहू कितना ख्याल रखते हैं उसका। जाने कौन-सा पुण्य किया था उसने, जो उसका बुढापा सुधर गया। एक ठंडी साँस उसके कलेजे से निकल गई, संतोष की या विषाद की, वह स्वयं नहीं समझ पायी।'[8]

मर्यादा में बँधकर संस्कारों को लेकर आने वाली बहू यदि शिक्षित भी हो , तो समाज में घर परिवार में निश्चित ही उसे सम्मान प्राप्त होता है। वैसे भी संस्कारी, व्यवहार-कुशल व विनम्र रहने वाली बहू सभी को प्राप्त नहीं होती।

एखाने आकाश नाइं... कहानी की नायिका लेखा एक आदर्शवादी व समन्वयवादी विचारधारा की बहू है, इसीलिए वह विचार करती है कि - 'वह गौरा (ननद) से बात करेगी। रमेश और सुरेश (देवर) को जैसे भी होगा, अपने पास बिठाएगी। वह इस परिवार के लोगों के साथ घुलेगी, मिलेगी। आखिर वह भी इस परिवार की एक सदस्या है।'[9]

मन्नूजी ने नारी के पत्नी रूप को भी अपनी विभिन्न कहानियों में परिस्थितियों के अनुरूप परिवर्तित रूप में प्रस्तुत किया है। वह परिवार के आधार की धुरी होती है। पत्नी अपने पति और परिवार को विषम परिस्थितियों में संबल, साहस प्रदान करती है, जब उसे ही अपने पति से उपेक्षा व धोखा मिले तो उसका मन टूट जाता है। उसका घर संसार व पति के प्रति अपना मोह समाप्त हो जाता है। 'बंद दराजों के साथ' कहानी की मंजरी इसी कारण अपने पति को त्याग देती है।

पत्नी को जब अपने पति से अपनत्व प्राप्त नहीं होता, जब वह धन कमाने में ही अपना सारा समय लगा देता है, तो पत्नी का अन्तर्मन विक्षिप्त हो जाता है 'कील और कसक कहानी की रानी अपने पति कैलाश से इसीलिए रूष्ट है।'

पश्चिमी संस्कृति ने भारतीय सभ्यता संस्कृति को किस स्तर तक गिराया है, इसका उदाहरण हमें मन्नू जी की कहानी 'ऊँचाई' में मिलता है। शिशिर की पत्नी शिवानी विवाह के पश्चात् भी अपने प्रेमी से शारीरिक संबंध रखते हुए भी स्वयं को पतिव्रता मानती है और अपने पति से कहती है कि - 'मेरे जीवन में तुम्हारा जो स्थान है, उसे कोई नहीं ले सकता, लेना तो दूर, उस तक कोई पहुँच भी नहीं सकता। किसी के कितनी ही निकट चली जाऊँ, चाहे शारीरिक संबंध भी स्थापित कर लूँ, पर मन की जिस ऊँचाई पर तुम्हें बिठा रखा है, वहाँ कोई नहीं आ सकता, किसी से उसकी तुलना करने में भी तुम्हारा अपमान होता है।'[10]

नारी प्रेयसी के रूप में भी अपने प्रिय के लिए समाज की मर्यादाओं की परवाह कभी नहीं करती। उस स्थिति में उसे अपना प्रिय और अपना प्रेम सबसे ताकतवर लगता है। वह अपने प्रेम के बल पर, अपने साहस के बल पर सारी दुनिया से लड़ने को भी तत्पर हो जाती है। मन्नूजी ने यही सच है, 'एक बार और', 'गीत का चुंबन, कील और कसक ' में नारी के इस रूप का चित्रण किया है। कहीं वह त्रिकोण प्रेम के जाल में फँसती है, तो कभी प्रेम की एकाग्रता के कारण अपने पूर्व प्रेम को विस्मृत नहीं कर पाती। यहीं सच है' की दीपा त्रिकोण प्रेम के कारण ही संजय की ओर, तो कभी निशीथ की ओर आकर्षित होती है। 'वहीं एक बार और' कहानी की बिन्नी कुंज से प्रेम करती है। जब कुंज किसी ओर से प्रेम करने लगता है, तो वह भी नंदन से प्रेम करने लगती है, लेकिन फिर भी कुंज के प्रेम को अपने मन से विस्मृत नहीं कर पाती।

'आज सबेरे से उसने कितनी बार कुंज का पत्र पढ़ा है।'[11]

तो कभी वह पत्नी बनने के बाद पति से प्रेम प्राप्त न होने पर प्रेयसी की भूमिका में आ जाती है। 'कील और कसक' कहानी की नायिका रानी विवाह के प्रथम दिन ही जब पति द्वारा उपेक्षित कर दी जाती है, तो वह शेखर के प्रति आकर्षित हो जाती है।'[16]

उक्त पात्रों के साथ नारी मामी, नानी, बुआ, भाभी, मौसी, देवरानी , जेठानी और अन्य अनेक रूपों में समाज में अपनी भूमिका निभाती है। हर रिश्ते नाते को वह बखूबी निभाने का प्रयास करती है। 'अकेली' कहानी की बुआ पूरे गाँव की बुआ के रूप में जानी जाती है। उनका मानना केवल यही था कि कोई प्रेम से बुलाए तो तुलसीदास की इस बात का समर्थन करती है कि-

'आवत ही हरषे नहीं, नैनन नहीं सनेह।
तुलसी तहँ ना जाइये, कंचन बरसत मेह ।।

जो उनसे प्रेम संबंध रखते हैं, वे उनके घर बिना बुलाए भी चली जाती है। उस संबंध में वे राधा भाभी से कहती हैं कि - ' मैं तो अपनेपन की बात जानती हूँ। कोई प्रेम न रखे, तो दस बुलावे पर नहीं जाऊँ और प्रेम रखे, तो बिना बुलाए भी सिर के बल जाऊँ।'[12]

संतान को माँ की भाँति वात्सल्य देने वाली मौसी होती है, इसीलिए उसे 'मा-सी' अर्थात् माँ जैसी कहा जाता है। मन्नूजी ने इस नारी पात्र का चित्रण भी अपनी कहानी यगीत का चुंबन में किया है। कनिका की माँ न होने पर उसे उसकी मौसी ही पालती है तथा अपनी संतान की भाँति वात्सल्य स्नेह प्रदान करती है - 'उस दिन वह इतना जान पाया कि बचपन में ही माँ के मर जाने से मौसी ने ही कनिका को पाला है, वे अपने बच्चों से अधिक प्यार करती हैं।'[13]

इसी तरह मन्नूजी ने दादी के हृदय को भी माँ जैसा वात्सल्य स्नेह से

युक्त बताया है। दादा-दादी का दुलार भी माता-पिता के स्नेह से कम नही होता। पोते पोतियों को भी अपने दादा-दादी से अधिक लगाव होता है। 'मजबूरी' कहानी में मन्नूजी ने दादी के स्नेह की व्यापकता व गंभीरता को अभिव्यक्त किया है - 'बीस दिन के बाद जब बहू ने अपनी माँ के घर प्रयाण किया, बेटू ने न जिद की, न वह रोया ही। माँ के कड़े नियंत्रण के बाद दादी के असीम दुलार में रहना जहाँ कोई बंधन नहीं, अंकुश नहीं, बेटू को बड़ा अच्छा लगा।'[14]

इस प्रकार मन्नूजी ने अपनी विभिन्न कहानियों में विभिन्न नारी पात्रों का चारित्रिक उद्घाटन किया है। ये पात्र आज भी हमें समाज के किसी-न-किसी वर्ग, संप्रदाय और अमीर गरीब में देखने को मिल जाते हैं। साहित्यकार युग-दृष्टा व युग-सृष्टा होता है। उसके चिंतन की गंभीरता इतनी होती है कि समाज में घटने वाली घटनाएँ उनकी कालम से कागज के कोरे पन्नों में उकेर दी जाती है। वे पात्र उनका चरित्र चित्रण स्वभाव विचार व चिंतन के साथ मन में उठने वाले भावों की अभिव्यक्ति भी हमें साहित्यकार के साहित्य में पढ़ने को मिल जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गिरिराज किशोर - मनोरमा - अक्टूबर 1977 ,6
2. देशबंधु - दैनिक पत्रिका - 28 जनवरी, 1977
3. अनिता राजूरकर - कथाकार मन्नू भंडारी,8
4. मन्नू भंडारी - मेरी प्रिय कहानियाँ - मजबूरी ,20
5. मन्नू भंडारी - यही सच है - नशा, 89-90
6. मन्नू भंडारी - तीन निगाहों की एक तस्वीर - घुटन, 63-64
7. मन्नू भंडारी - मेरी प्रिय कहानियाँ - एखाने आकाश नाइं 49
8. मन्नू भंडारी - यही सच है -नशा, 97-98
9. मन्नू भंडारी - मेरी प्रिय कहानियाँ -एखाने आकाश नाइं,65
10. मन्नू भंडारी - एक प्लेट सैलाब - ऊँचाई ,134
11. मन्नू भंडारी - एक प्लेट सैलाब - एक बार और ,70
12. मन्नू भंडारी - मेरी प्रिय कहानियाँ -अकेली,13
13. मन्नू भंडारी - मैं हार गई - गीत का चुम्बन,25
14. मन्नू भंडारी - मेरी प्रिय कहानियाँ - मजबूरी ,23

****

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कबीर के विचारों की प्रासंगिकता

डॉ. आई. के. बेक * डॉ. दीपक गुप्ता **

प्रस्तावना – आज भारत के साथ–साथ सम्पूर्ण विश्व अराजकता एवं अव्यवस्था के दौर से गुजर रहा है। फलस्वरूप सम्पूर्ण विश्व अशांति, आतंक और युद्ध के वातावरण में अपने आपको महसूस कर रहा है। जीवन मूल्य एवं मानवता पर खतरा मंडरा रहा है। मनुष्य के मानव मूल्यों के इस खतरे से केवल संतों की वाणी ही बचा सकती है। क्योंकि मानव मूल्यों का अपार भंडार संतों की वाणी में व्याप्त है। कुल मिलाकर कहे तो सम्पूर्ण विश्व को संत साहित्य ही बचा सकते है। संत साहित्य में केवल एक नाम हमारी सोच में सबसे पहले आता है, वह है कबीर। कबीर हमारे लिए एक अचूक औषधी है। उनका दिखाया गया मार्ग मनुष्यता के लिए वरदान है। वे मनुष्य के नैतिक एवं आध्यात्मिक चेतना के लिए प्रतिबद्ध है।

कबीर हमें किसी भी परिस्थितियों में हतोत्साहित नहीं करते वरन् निराश लोगों में आशा की ज्योति जगाते है और इस तरह हमें आत्मवान बनाते हैं। कबीर साधारण से साधारण इन्सान को आन्तरिक विकास की संभावनाओं से जोड़कर परमात्म स्थिति से भी आगे ऊपर की संभावनाएं दिखाते है –

कबिरा मन निर्मल भया जैसे गंगा नीर।
पाछे–पाछे हरि फिरै, कहत कबीर कबीर।।

आज लगभग सभी धर्म सम्प्रदाय अपनी मानवतावादी दृष्टि खो रहे हैं, ऐसे में कबीर के विचार अधिक आधुनिक, अधिक प्रासंगिक, अधिक मानवीय होकर समूचे विश्व को एक केन्द्र में रखकर उन्हें वैश्विक स्तर पर अद्धितीय और ग्राह्य बना रहे हैं। कबीर ने मानवतावादी, संवेदनशीलता, न्याय आदि की स्थापना इस दृष्टि से स्थापित कर दी कि उसके सामने किसी और का समाजदर्शन फीका लगने लगता है–

सुखिया सब संसार है, खावै और सोवै।
दुखिया दास कबीर है, रोवे और जागें।।

कबीर समाज सुधारक से पहले आत्म सुधारक है। वह व्यक्ति और उसकी आत्मा को सुधारना चाहते हैं क्योंकि व्यक्ति ही समाज है। व्यक्ति को सुधारने से समाज सुधर जाता है। इसलिए कबीर की वाणी व्यक्ति या समाज की वाणी नहीं आत्मा और अध्यात्म की वाणी है, जो समूची मानव सभ्यता के सुधार के आकांक्षी है।

एक साधै सब सधै, सब साधै सब जाए।

इतना ही नहीं कबीर दीन पर दया करने दुखी से सहानुभूति रखने की शिक्षा देते हैं 'केरि' और 'हाथी' तक को समान तथा परमात्मा की रचना कहते हैं, ताकि जीव दया का अपना दायित्व मनुष्य निभाना सीखे।

'साई के सब जीव है केरि कंजर दोया।'

मानव प्रेम, जीव–दया, समानता, भ्रातृ–भाव की नई धारा कबीर ने प्रवाहित करके समाज की चली आ रही कुरीतियों पर कठोर प्रहार किए। साथ ही नव समाज की रचना का मार्ग प्रशस्त कर मानव मात्र के नए सूर्योदय की अतुल संभावनाएं जगाई।

इस तरह सामाजिक क्षेत्र में कबीर के विचार बड़े क्रांतिकारी है। वे वर्ग, जाति और सम्प्रदाय के खिलाफ है। वे मनुष्य और मनुष्य के मध्य भेद नहीं करते वे तो समानता के पक्षधर है। ब्राम्हण क्षत्रिय वैश्य शूद्र आदि के भेदभाव को नहीं मानते। इस सम्बन्ध में व्यंग्य के साथ तर्क करते हुए कहते है –

'भूला भरमि परै जिनि कोई।
हिंदू तुरूक झूठ कुल सोई।।'

अत: मानव प्रेम, समानता, भातृभाव की नई धारा कबीर ने प्रभावित करके समाज की चली आ रही कुरीतियों पर जहाँ एक ओर तर्क और व्यंग्य के साथ कठोर प्रहार किए वहीं दूसरी ओर नये समाज की रचना का मार्ग दिखाकर मानव के लिए नये सूर्योदय की अतुल संभावनाएं जगाई।

आज विश्व के सामाजिक और अस्तित्ववादी, दार्शनिक पर जो बहस हो रही है, उसे कबीर ने छ: सौ वर्ष पहले कह दी थी। इस सम्बन्ध में डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी का कहना है – 'जातिगत, कुलगत, धर्मगत, संस्कारगत, विश्वासगत, शास्त्रगत, सम्प्रदायगत बहुतेरी विशेषताओं के जाल को छिन्न करके ही वह आसन तैयार किया जा सकता है, जहाँ एक मनुष्य दूसरे से मनुष्य की हैसियत से ही मिले। जब तक यह नहीं होगा तब तक अशांति रहेगी। महामारी रहेगी। हिंसा प्रतिस्पर्धा रहेगी। कबीरदास ने इस महती साधना का बीज बोया था।'

इस तरह कबीर के पास मानव के लिए गहरी सोच एवं संवेदना है। कबीर तो प्रेम एवं करूणा पर विश्वास करने वाले हैं। वे तो सभी प्राणी से प्रेम करने वाले थे।

वस्तुत: कबीर अपने औघड़, निर्भय, साहसी, चुनौतीपूर्ण, सत्यनिष्ठ मंच पर खड़े होकर जो वचन कहते हैं, वे समूची मानवता की धरोहर है। समाज के गरीब से गरीब या निरीह से निरीह व्यक्ति के लिए भरोसे और अवलम्बन का आधार है। सचमुच कबीर अद्भुत हैं, अनूठे हैं। उनमें भक्ति, ज्ञान और कर्म की त्रिवेणी समाई हुई है।

विश्व के सभी संतों एवं महापुरूषों के विचार कबीर की वैचारिकता के आगे फीके एवं अधूरे लगते है। कबीर ऐसे क्रांतिकारी हैं, जिनके समक्ष सभी क्रांतियाँ अधूरी और अपूर्ण हैं। इस सम्बन्ध में ये कहे तो गलत नहीं होगा कि कबीर के विचारों में आधुनिकता ही नहीं वरन् उत्तर आधुनिकताएं भी समाहित है। साम्यवाद, जनवाद, अस्तित्ववाद आदि विचारों के मूल्यों को ऐसे लगता है कि कबीर ने अपने समय पर खड़े होकर भविष्य की सदियों तक की वैचारिक

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढ़ार, जिला – शहडोल (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (हिन्दी) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढ़ार, जिला – शहडोल (म.प्र.) भारत

संभावनाओं का साक्षात्कार कर लिया है।

कबीर की लोगों से इस बात पर लड़ाई थी कि मनुष्य को मनुष्य की तरह जीना नहीं आया क्योंकि जब-जब समाज में मनुष्य के स्थान पर धर्म को विशेष महत्व दिया गया तब-तब मानवता के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगा और उसका स्वरूप विकृत हुआ। कबीर के शब्दों में –

'कबीरा आप ठगाइये और न ठगिए कोई।
आप ठगै सुख उपजै और ठगै दुख होइ।।'

कबीर ने व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए समाज में उपयुक्त वातावरण तैयार करने का प्रयास किया है। समाज की बुराइयों और कुरीतियों को समाज के सामने रखकर इन्हें दूर करने को कहा है, इसके अलावा मानव के अन्दर मानव धर्म एवं मानवीय चेतना के बीज बोये है। उनका स्पष्ट मानना था कि मन के विकार का त्याग प्रथम आवश्यकता है। यदि मन में विकार रहेगा तो उसमें मनुष्यता नहीं आ सकती। वस्तुत: यदि मनुष्य में अच्छाइयाँ होगी तो परिवार भी अच्छा होगा और यदि परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा बनेगा।

स्पष्ट है कि कबीर की मानवता पर प्रगाढ़ आस्था थी। वस्तुत: कबीर ने एक ऐसे मानवधर्मो को जन्म दिया जो देश, काल, जाति, वर्ण, धर्म, आदि किसी भी घेरे से परे हैं। उन्होंने मानव जीवन के विकासशील तत्वों को धर्म में स्थान दिया, उन्हें तर्क एवं बुद्धि का आधार प्रदान कर उस पर पड़े आडम्बर एवं अंधविश्वास के आवरण को हटाया। कुल मिलाकर उन्होंने मनुष्य के भीतर एक दिव्य ज्योति की कला आलौकित की।

कबीर की असाधारणता एवं अद्धितीयता को रेखांकित करते हुए विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर कहते हैं – 'भारतीय रहस्यवादियों के इतिहास में एक ही रोचक व्यक्तित्व है कवि कबीर ..... कबीर की मेधा के सर्वश्रेष्ठ गुणों में यह गुण है कि उन्होंने अपनी कविताओं में अद्धैतवाद और द्धैतवाद को घुला मिला कर एक कर दिया है ..... एक महान, धार्मिक सुधारक, इस पर भी एक रहस्यवादी कवि के रूप में कबीर हमारे लिए जीवंत हैं .....। विश्वविख्यात कवि दार्शनिक ओशों रजनीश भी कहते हैं 'मनुष्य जाति के इतिहास में कबीर के सूत्रों का कोई मुकाबला नहीं है। इससे सरल और सीधे स्पष्ट और साफ वचन पृथ्वी पर कभी भी बोले गए, यह तो दुर्भाग्य की बात है कि कबीर भारत के बाहर न के बराबर परिचित है अन्यथा झेन फकीर फीके पड़ जाएँ, हदीस फकीरों का नाम लोग भूल जाएँ, सूफियों की दया बिसात है ? कबीर के एक-एक वचन जैसे हजारों शास्त्रों का सार है। गीता होगी कितनी ही कीमती लेकिन कबीर के शब्द में समा जाए।'

कबीर ने अपने समय की संघर्षमूलक प्रवृत्तियों से सामना करने का मार्ग दिखाया और रूढ़िवादी विचारों को छोड़ने को कहा तथा मनुष्य को पारस्परिक प्रेम तथा सद्भावना का संदेश दिया तथा मिथ्या आडंबरों तथा पाखण्डों को चुनौती और जनता को विचार करने की शक्ति दी वे लोगों को लोगों के बीच प्रेम का संदेश देते है। उनके विचार से योगी और पंडित, राजा और रंक, वैद्य और रोगी में कोई विभेद नहीं है –

'जब थै आतम तत विचारा,
तब निरबैर भया सबहिन थैं काम क्रोध व गहि डारा।।
व्यापक ब्रह्य सबनि में ऐके, को पंडित को योगी,
कहैं कबीर गुणी, अरू पंडित, मिलि लीला जस गावैं।'

एक ही रूप से समस्त विश्व बना है फिर उनसे भेद कैसा ? – 'एक नूर तैं सब जग किआ, कौन भले कौन मंदे।'

इसी संदर्भ में कबीर ने हिन्दू-मुस्लिम के भेदभाव को दूर करने के उपदेश दिए है। दोनों धर्मो के बीच समन्वय पूर्ण वातावरण को निर्मित करने का प्रयास किया है। वे दोनों धर्मो के लोगों से कहते है –

'हिन्दू तुरक का करता एवं ता गति लखी न जाई'

कबीर ने 'ऊँच नीच सब गोरख धंधे, सब है अल्लाह के बंदेय' कहकर विविध जातियों एवं धर्मो में एकतत्व स्थापित करते हुए विश्व प्रेम का परिचय दिया है।

कई लोगों का कहना है कि कबीर की नजरों में नारी का सम्मान नहीं है वे उसे माया कहकर उसकी निंदा करते हैं, पर वास्तव में ऐसा नहीं है। कबीर को नारी निंदक कहने वालों को हमारा कहना है कि कबीर ने कभी नारी जाति की निंदा नहीं की, अन्यथा कबीर यह क्यों कहते –

'नारी जननी जगत की, पाल पोष दे तोष।
मूरख राम बिसार कर, साहि लगावै दोष।।'

वस्तुत: नारी जग जननी है। पाल-पोसकर बड़ा भी करती है। इस तरह कबीर की नजरों में नारी का विशेष महत्व है। वे नारी को सम्मान की दृष्टि से देखते है। वे हमेशा कहते थे कि पुरूष का दायित्व है कि वह अपनी पत्नी की आवश्यकताओं की पूर्ति करें।

इस तरह कबीर ने समाज में गृहस्थ जीवन को विशेष महत्व प्रदान किया है। गृहस्थी में अनासक्त भाव से कर्मरत मनुष्य का विशेष आदर होता है। आदर्श गृहस्थ के लिए स्त्री की धर्म निष्ठा, पतिव्रत धर्म के महत्व, पति के लिए परिवार और पत्नी के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह एवं दोनों की पारस्परिक निष्ठा का उल्लेख कबीर करते हैं।

कबीर के चिन्तन में एक छोर धरती से जुड़ा था दूसरा छोर अपर स्थिति से। एक ओर तो वे एक ही फूल में ब्रह्मा विष्णु और महेश को साकार मानते है तो दूसरी ओर फूल तोड़कर मूर्तियों पर चढ़ाने को मना करते है और अपने घर का पता बताते हुए कहते है –

'सुर नर मुनिजन, औलिया, ये सब उरसि तीर।
अल्लाह राम का गय नहि, तहाँ घर किया कबीर।।'

सुर, नर, मुनिजन औलिया विश्व के जैविक प्रवाह के उरले किनारे भौतिक जगत में विचर रहे है। अल्लाह और राम भी, जिन परिस्थिति चैतन्य संसार के भी पार की स्थिति को उपलब्ध नहीं कर सकते, कबीर का वहाँ निवास है।

इसी प्रकार कबीर ने सत्य पर केवल विचार हीं नहीं किया, उसे अनुभव भी किया है क्योंकि सत्य विचार से नहीं वरन् अनुभव से आता है। वह हमें बंधन में नहीं बाँधता बल्कि हमें स्वतंत्र करता है। अत: कबीर स्वयं सत्य होने के समान होने में निष्ठा रखते है। बनने में या बंधने में नहीं। कबीर की वाणी में सत्य कहीं भी बंधा हुआ नहीं मिलता। वह उन्मुक्त है। वह हमेशा था, हमेशा है, हमेशा रहेगा।

मूल रूप से कबीर ने ऐसे मानव धर्म की स्थापना की जिसकी विश्व में प्रासंगिकता है। उनका मानव धर्म देश, काल, जाति, धर्म, वर्ण आदि से दूर है। उन्होंने मानव जीवन के विकासशील तत्वों को धर्म में स्थान दिया। उन्हें तर्क एवं बुद्धि का आधार प्रदान कर उस पर पड़े आडम्बर और अंधविश्वास के पर्दे को हटाया। ऐसा करने में उन्हें वैश्विक परिस्थितियों से ही प्ररेणा मिली। उन्होंने मानव के भीतर एक दिव्य ज्योति की प्रभा आलोकित की। उन्होंने किसी धर्म की सैद्धांतिक रूप से निंदा नहीं की। केवल उसी ओर संकेत किया जिसे लोगों ने धर्म समझ लिया था और अंधेरे में भटक रहे थे। तब उन्होंने आवाज देकर अंधों को मार्ग दिखाया –

'प्रीतम नहीं बाजार में, वहै बजार उजार।

प्रीतम मिले उजार में, वहै उजार बजार।।'

कबीर ने अपने वात्सल्य, प्रेम एवं सहज भक्ति से समाज एवं विश्व के बीच द्वेष, घृणा हिंसा आदि के जहर को दूर कर सबके बीच प्रेम और स्नेह के परम व मधुर सम्बन्ध को प्रतिष्ठा की। मानव और मानव के बीच सम्प्रदाय धर्म जाति आदि के भेद को तुच्छ मानकर सबके अन्दर प्रवाहित विश्व प्रेम और सौहार्द भाव को देखा और पहचाना तथा उसे सहज भक्ति के द्वारा व्यक्त किया।

आज विश्वभर में जिसे पर्यावरण चेतना के नाम से प्रचार-प्रसार कर प्रचारित किया जा रहा है, उसे कबीर ने मानव का चैतन्य परिवेश माना और पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों को अपने समान प्राणवान मानकर उनकी रक्षा का बोध जगाया –

'बकरी पाती खात है, ताकी काढी खाल।
जे नर बकरी खात है, ताकौ कौन हवाल।।'

इसी प्रकार कबीर ने श्रम की महत्ता पर भी प्रकाश डाला जिससे समस्त श्रमिक वर्ग तथा निम्न वर्ग गौरवान्वित अनुभव करने लगा। कबीर ने स्पष्ट रूप से कहते थे कि ऊँचे कुल में जन्म लेने मात्र से कोई व्यक्ति समाज में ऊँचा नहीं बन जाता। ऊँचा व्यक्ति बनता है, ऊँचे सामाजिक कार्य से-

'ऊँचे कुल क्या जनभिया, जे करणी ऊँच न होय'

मूल रूप से देखे तो कबीर अपने ज्ञान, संवेदना, सहानुभूति और विवेक के बल पर इस संसार का झगड़ा निपटाना चाहते हैं। उन्होंने अपनी आँखों से इस संसार को जलते हुए देखा है। यहाँ हर कोई अनेक प्रकार से जल रहा है। दैहिक, दैविक, भौतिक तापों के अलावा ऊँच-नीच, जाति-वर्ण, हिन्दू-मुस्लिम छूत-अछूत आदि बुराइयों से जल-मर रहा है। इसे बचाने का प्रयास कबीर कर रहे हैं-

'आग लगी आकाश में, झटपट पड़े अंगार।
संत न होत जगत में, जल जाता संसार।।'

वस्तुत: कबीर का समय और समाज अनेक आधियों-व्याधियों में घिरा था। मुस्लिम शासकों के कारण सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक आदि स्थितियाँ गंभीर हो गई थी। गरीब शोषित, पीड़ित वर्ग अपमान की मार सह रहा था। जाति-पॉति का विष समाज में फैला हुआ था। ऐसे में कबीर ने लोगों को समझाते हुए कहा –

'जाति-पॉति पूछे नहिं कोई।
हरि को भजै सौ हरि का होई।।'

इस तरह पंडा, पुरोहित, मौलवी आदि के महत्व को नकार कर कबीर ने हरि को भजने और उसकी कृपा को प्राप्त करने का नया मार्ग खोल दिया। इसी प्रकार छुआ-छूत का विरोध करते हुए और हिन्दु मुसलमान के बीच भेदों पर प्रहार करते हुए उन्हें ललकारा –

'जौ तूँ बॉभन बाँभनी जाया।
तौ आन बाट हवै क्यों नहीं आया।।
जौ तूँ तुरूक तुरकानी जाया।
तौ भीतर खतना क्यों न कराया।।'

आज कबीर के चिन्तन का वैश्विक मूल्य प्रासंगिक हैं। उनके विचारों एवं दर्शन से व्यक्ति को अपनी मुश्किलों एवं कठिनाइयों से रास्ता मिल सकता है। वैसे कबीर को पूरा ग्रहण न करना कबीर चिन्तन के प्रति अन्याय है। मार्क्सवादी विद्धान कबीर को केवल समाज दर्शन के संदर्भ में ही ग्रहण करते है। वे अध्यात्म पक्ष को अनदेखा कर देते है। धर्म, सम्प्रदाय, जाति, वर्ण, वंश, नस्ल, देश, प्रदेश आदि के अनेकानेक भेदों से विदीर्ण मानव एकात्मता का अहसास आज जितना वक्र और विकट होकर सामने आ रहा है, कबीर उतना ही अनिवार्य होकर याद आ रहे हैं। समूचे विश्व को अपनी आध्यात्मिक अनुभूति और मानवीय संवेदनशीलता में पुन: बांधने वाले कबीर आज सर्वथा अपरिहार्य हो गए हैं। पूरा विश्व जो एक ओर भूमण्डलीय के नाम पर निकट आता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक लूट, हिंसक-विश्व युद्ध आदि बतीवों के कारण छिटककर पहले से भी अधिक शत्रुता में बंटकर दूर होता जा रहा है। ऐसे में कबीर के विचार एवं दर्शन विश्व को विकास के साथ एक होने का संदेश दे सकता है।

निष्कर्षत: कबीर अपने जैसे अकेले महापुरूष हुए है, भारत में, जिन्हें विश्व अभी पूरी तरह से नहीं जानता। साहित्यकार एवं विद्धान उन्हें क्रांतिदर्शी कवि मानते हैं, समाज राजनीति के लोग महान् समाज सुधारक कबीर पंथी अनुयायी ईश्वर का अवतार। धर्म अध्यात्म योग के क्षेत्र में वह स्वयंवेद या वेद की अवतारणा करने वाले अनन्य योगी और धार्मिक माने जाते है। हिन्दू उन्हें हिन्दू मानते हैं, मुसलमान उन्हें मुसलमान। कबीर स्वयं को न हिन्दू मानते हैं न मुसलमान। सिर्फ एक इंसान मानते है और दुनिया में उनका यही प्रमुख उपदेश है कि खुद को एक इंसान मानो और संसार में एक अच्छा इंसान सिद्ध करो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कबीर ग्रंथावली – सं. डॉ. श्याम सुन्दर दास।
2. संतवाणी अंक – कल्याण पत्रिका।
3. अक्खड व्यक्तित्व के धनी कबीर – अनिल कुमार 'सलिल'।
4. भारतीय संत परम्परा – बलदेव वंशी।
5. हिन्दी साहित्य का इतिहास – सं. डॉ. नगेन्द्र।
6. कबीर – हजारी प्रसाद द्विवेदी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

मालवा की कृष्ण भक्त लोक कवयित्री- नवनिधि कुँवर खांगारोत

डॉ. वन्दना जैन * कादम्बिनी जोशी **

शोध सारांश – मालवा में कृष्ण भक्ति की धारा मध्यकाल से आधुनिक काल तक निरन्तर बह रही है। इस भक्ति धारा को प्रवाह मान करने में मन्दसौर क्षेत्र के भाटखेड़ी (मनासा) रियासत की नवनिधि कुँवर खांगारोत का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बहुत से सरस गीत, भजन एवं दोहों की रचना की है। मान्यता है कि नवनिधिजी का जन्म सन् 1892 में जयपुर के जोबनेर रियासत में हुआ था। पाँच वर्ष की छोटी आयु में उनको भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो गये थे। तभी से उन्होंने डिंगल में काव्य रचना शुरू कर दी थी। उनका सारा साहित्य लोक में व्याप्त है, वे कृष्ण भक्ति प्रवाह की करुणामयी काव्य साधिका थी। जिस पर मालवा को हमेशा गर्व रहेगा।

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश के पश्चिम मध्य भाग में स्थित मालवांचल में कृष्ण भक्ति की धारा बही, जिसकी निष्पत्ति लोक कवयित्री नवनिधि कुँवर के पदों से लेकर मालवी लोक गीतों में हुई है। उनका सारा सृजित साहित्य लोक में व्याप्त है, जिसे महिलाएँ और भजन मण्डलियाँ खूब गाती है। नवनिधिजी कृष्ण भक्ति प्रवाह की करुणामयी काव्य साधिका थी।

रामपुरा(मन्दसौर) क्षेत्र के भाटखेड़ी (मनासा) रियासत की **माँ साहब नवनिधि कुँवर** एक राजपूत रमणी थी। विवाह होते ही उन्हें वैधव्य झेलना पड़ा। जिससे उनका लक्ष्य भगवान श्रीकृष्ण बन गए। नवनिधिजी पूर्णत: भक्ति साधना में लीन हो गई और उन्होंने बहुत से सरस गीत, भजन एवं दोहों की रचना की। उनका पितृगोत्र खांगारोत था। इसलिए उनका नाम भी नवनिधि कुँवर खांगारोत पड़ा।

मान्यता है कि नवनिधिजी का जन्म सन् 1892 में जयपुर के जोबनेर रियासत में हुआ था। पाँच वर्ष की छोटी आयु में उनको भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो गए थे। तभी से उन्होंने डिंगल में काव्य रचना शुरू कर दी थी। सन् 1908 में 16 वर्ष की छोटी उम्र में उनका विवाह रामपुरा के भाटखेड़ी (मनासा) रियासत के कुँवर सज्जनसिंह चन्द्रावत के साथ हो गया था। उस समय कुँवर सज्जनसिंह इन्दौर के डेली कॉलेज में पढ़ते थे। विवाह के तुरन्त बाद उन्हें राज्य के कार्य से इन्दौर जाना पड़ा। कहते हैं, वहीं उन्हें साँप ने डस लिया। साँप के डसने से सज्जनसिंह का देहान्त हो गया। विवाह के मात्र 19 दिनों के पश्चात् ही पति की मृत्यु ने नवनिधि कुँवर को बहुत विचलित कर दिया। जिसका बोध उनके पदों से प्राप्त होता है–

बालपणे चुइलो खण्डयो, रीति होई बाँह।
जद री थारे आसरे, आई थारी छाँह।
नागण सौतण ने डस्यों, म्हारो भाग सुभाग।
नागण जाया फुँफकरे, जदरा कारा नाग।
झट आओ रगसा करो, साँवरियाँ सरकार।

जिस समय सज्जनसिंह का देहान्त हुआ था। उस समय वे भाटखेड़ी रियासत के राजा थे। उनका कोई वारिस नहीं था। इस कारण से भाटखेड़ी रियासत होलकर स्टेट के अधीन हो गई, स्वयं नवनिधिजी ने इन्दौर जाकर तुकोजीराव होलकर से प्रार्थना की तथा अपनी रियासत एवं गोद लेने का हुकुमनामा दोनों प्राप्त किए। सन् 1912 में उन्होंने मनासा के पास चपलाना गाँव से विजयसिंह को गोद लिया। सन् 1937 में रावत विजयसिंह की भी मोतीझरा (टायफाइड) से मृत्यु हो गई। नवनिधिजी के पौत्र कुँवर प्रतापसिंह को गद्दी पर बैठाया गया।

नवनिधिजी ने भी अहिल्याबाई के समान अनेक राजनैतिक षडयंत्रो का सामना किया। राजनैतिक षड़यंत्रो से जूझते हुए उन्होंने अपनी रियासत को सुरक्षित रखा था। उन्हें **माँ साहब** पुकारा जाता था। पुत्र की मृत्यु ने नवनिधिजी को बहुत विचलित कर दिया। पति एवं पुत्र की मृत्यु का आघात असहनीय हो गया। तब उन्होंने स्वयं को पूर्णत: भक्ति साधना और साहित्य सृजन में लगा दिया। नवनिधिजी ने कृष्ण को अपना आराध्य मानकर भजनों की रचना की है। वे रोज सुबह स्वरचित भजनों को गाती थी और कृष्ण को याद करती थी। कहते हैं कि जब नवनिधिजी सुबह अपने मधुर भजन गाती थी, तो आस-पास की महिलाएँ अपने गीतों को भूलकर नवनिधिजी के मधुर भजनों के आधार पर घट्टी(आटा पीसने की हाथ चक्की) पीसती थी।

नवनिधिजी का सम्पूर्ण साहित्य लोक में व्याप्त है। उनके पद आज भी मालवा की स्त्रियों द्वारा गाए जाते हैं। नवनिधिजी के पदों में सूरदास, मीरा, चन्द्रसखी आदि के साक्ष्य पर कृष्ण की भक्त वत्सलता के वर्णन के साथ ही स्वयं के हृदय की पुकार भी सुनाई देती है। उन्होंने 19 पुस्तकों की रचना की थी। जिनमें प्रमुख मालवी काव्य कृतियाँ है- मीरा रो मरम, चन्द्रसखी म्हारी गोठण, गाया माया गीत, नान्ही सी चरकली, सीपी रो दरद, छब चितरावण क्रसन री आदि। उन्होंने हिन्दी में गद्य कृतियाँ भी लिखी हैं। जिनमें वीर-चित्रावली प्रमुख है। नवनिधिजी ने कृष्ण लीलाओं पर अनेक भजन लिखे और उन्हें सुबह शाम गा-गाकर लोक में प्रचारित किया। कन्हैया कानूड़ा की टेर उनका जीवन व्रत रहा। वे एक लोक न्याय करने वाली राजमाता रही, जो गाँव के लोगों के पारिवारिक झगडे, विवाद निपटाती और न्याय करती। सन् 1927 में उन्हें पक्षाघात हुआ। परिवार ने उनका कोई इलाज नहीं करवाया। उस समय उनके भाई नरेन्द्रसिंह ने उनका इलाज करवाया। उसी मानसिक, शारीरिक पीड़ा तथा पारिवारिक अनदेखी के भाव को उन्होंने

*विभागाध्यक्ष (हिन्दी) शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
**शोधार्थी (हिन्दी) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

काव्य रूप में व्यक्त किया है। आर्तआहें नामक एक लघु काव्य है, जिसमें उन्होंने अपनी पीड़ा को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। 23 मई सन् 1947 को मालवा की करुणामयी साधिका ने अंतिम साँस ली। नवनिधिजी कृष्ण भक्ति गीत रचते-रचते और गाते-गाते इस संसार से विदा हो गई। वे मारवाड़ से आयी थी और मालवा की होकर चली गई।

नवनिधिजी अत्यन्त सुरीली कंठ वाली राजपूत कन्या थी। वे अपने मीठे कंठ से स्वरचित कृष्ण भक्ति के गीत गाती और कानूड़ा-कानूड़ा करके कन्हैया को आवाज लगाती-

कानूड़ा चरण शरण में ले लो।
जतरो दुख-सुख लिख्यो भाग में, जस तस करता झेल्यो।
अब तो सहयो नी जावे कान्हा,
चरण शरण में ले लो।।

नवनिधिजी कहती हैं, कि हे कन्हैया जिस प्रकार द्रोपदी, मीरा, चन्द्रसखी, सूरदास आदि की पुकार सुनकर आप दौड़ते हुए चले आए थे उसी प्रकार आप मेरे हृदय की पुकार सुनकर मुझे दर्शन देने के लिए चले आइए। मेरी पीड़ा का हरण कर लिजिए। हे कृष्ण कन्हैया मेरी विनती सुन कर मुझे दर्शन देने के लिए जल्दी आ जाओ-

साँझ, सवेरे, दोपराँ थारोइ सुमरूँ नाम।
भीतर, बाअर तू रमें, थारोई अटल मुकाम।।
चन्द्रसखी रा वीरणा, मीरा रा भरतार।
रूकमण जी रा सहिबा, राधा रा सिंणगार।
नवनिधि की विपदा हरो, विपदा टारणहार।
विरधा उभर आ थगी, झट आओ करतार
हेला पाणू सांवरा, कद की ढाणी रार।
नवनिधि की झट सुण पुगो, कान्हा क्रसन मुरार।

नवनिधिजी का दोहा संग्रह **छब चितरावण क्रसन री** को उनके कामदार किशनलालजी पोरवाल ने उनकी बीमारी के समय लिखा था। उस समय वे लिख पाने की स्थिति में नहीं थी और उन्होंने कामदार जी को लिखने का आदेश दिया था, ऐसा आभास होता है। उन्होंने कहा है-

कामदार जी लीखियो, दे वाणी पे कान।
भूल चूक राखी नही, पूरो आखर ज्ञान।।
लिख्यो जो सब सुण लियो, हे मन में संतोस
आखर-आखर सोध्या, काढ़ दिया सब दोस।

उन्हीं दोहों को डॉ. पूरन सहगल ने किशनलालजी के पुत्र माणकलाल फरक्या पोरवाल से प्राप्त कर **मालवा की ऐतिहासिक लोक कवयित्रियाँ** ग्रंथ में शामिल किया है। **छब चितरावण क्रसन री** में 135 साखियाँ है। जिसमें उन्होंने विविध कृष्ण-लीला की चित्रावलियों का अंकन किया है। वे सृष्टि के चित्रकार से कामना करती हैं कि वे रंग संयोजना के अनुरूप सृष्टि का चित्रण करते हैं। मैं आपकी लीलाओं का चित्रण कर रही हूँ, आप मेरी भूलों को मत देखना और मेरी लाज रख देना। उन्होंने कृष्ण लीलाओं और सौंदर्य को अद्भुत एवं अनुपम शब्दों में प्रस्तुत किया है-

छब चितराऊँ आप री, कर आखर सिंणगार।
रंग भर दीजै सोवता, जग रा सिरजण हार।।
तू चितरावे सृष्टि ने, मू छब चितरणकार।
म्हारी लज पत राखजे, तू मोटो चितकार।।
बाल सखा रे खांद चढ़, माखन चोर लबार।
इण छब आ हिरदै रमौ, साँवरिया सिरकार।।
राधा ने सिणगारता, फूला गजरा हार।
इण छब आ हिरदै रमो, साँवरिया सिरकार।।
गोचारण कर आवता, धूर धूसरित गुवार।
इण छब आ हिरदै रमो साँवरिया सिरकार।।

नवनिधिजी रात के चौथे प्रहर जाग कर जब भी कृष्ण भक्ति के गीत गाती थी। तब आस-पास की महिलाएँ भी उनके साथ घट्टी पीसते हुए गाने लगती थी। वे जब भी गाती थी, तब उनका मुँह हमेशा कभी गोकुल की ओर तो कभी मथुरा-वृन्दावन की ओर होता था। अपने कानूड़ा के शहरों को पीठ देकर वे कभी भी नहीं गाती थी। नवनिधिजी कहती हैं कि राधा-कृष्ण उनके हृदय में बसे हुए हैं, उनके रोम-रोम में कृष्ण का अनुराग समाया हुआ है-

कन्हैया थन्ने मुरली मधुर बजाई।
पेले परोड़े मुरली वागी, मूँ सूती झट जागी।
आँख मूंद सूती री सूती, होण लगी रस पागी।।
रोम-रोम हरसावण लागो, मन होयो अनुरागी।
तन और मन बिंदराबन होया, कालिंदी हरसागी।
राधा संग कंदब रे रेटे, लसै रूप छवि भागी।
हिरदै में पधराई जोड़ी, नयणा ने हरसागी।
कन्हैया थन्ने मुरली मधुर बजाई।

नवनिधिजी के अनुसार श्री कृष्ण की छवि इतनी सुन्दर हैं कि उसे देखकर मनुष्य का मन हर्षित हो जाता है। कन्हैया का मोर-मुकुट और उनके कानों के कुण्डल सहज ही मन को हर लेने वाले हैं। मेरे कन्हैया की दोनों आँखे सूरज-चन्द्रमा के समान है। गले की वैजन्ती माला, गजरा, कजरा, लाली और बिंदी सभी मतवाला कर देने वाली है। कृष्ण का ऐसा मतवाला रूप चर, अचर सभी को मोहित कर देता है-

कान्हा थारी निरखण, अजब अनूप।
मोर मुकुट रा माणक मोती, झलमल आभा देवे।
काना कुण्डल झूल-झूमने, सहजाइ मन हर लेवे।
चन्दो सूरज दोई आँखाँ, साँरया ने सेवे।
गल मोतिन की माला सोभे, सुभ्र वैजंती माला।
भंवर कड़ी झलकारा देवे, बेसर मोतिन माला।
गजरा कजरा लाली बिंदी कर देवे मतवाला।
जड़ जंगल सब मोवित कर दे,
मोहन मुरली वाला।
कान्हा थारी निरखण अजब अनूप।
नवनिधि निरख-निरख हरशाये, अद्भूत थारो रूप।

नवनिधि कुँवर ने **आर्तआहें** नामक कृति की रचना उस समय की जब वे पक्षाघात से पीड़ित थी। उनका इलाहबाद में इलाज चल रहा था। इस लघु कृति में 66 पद है। इसका प्रकाशन झालरा की रानी देवी सौभाग्यवतीजी ने संवत् 1991 में करवाया था। इस संग्रह में उनकी कारुणिक आर्तआहें अविरल रूप से संकलित है। मानसिक और शारीरिक पीड़ा तथा पारिवारिक उपेक्षा के भाव को उन्होंने इस संग्रह में काव्य रूप में प्रस्तुत किया है। उनके इन पदों में आत्मव्यथा का अंकन हुआ है। वे कहती हैं -

हीनी रोग दबाय-पडियां दूखे पांसल्या।
हा! हा!! मारी हाय क्यो न सूणे, रे कान्हडा।
चसमो लोभ चढाया-कम सनेह परिजन कयो।
हा! हा!! मारी हाय-क्यो न सूणे रे कान्हाड़ा।
बालपणै विधवा हुई बढ़तो गयो विसाद।

नवनिधि ने आयो नहीं–सूख रो तनिक सवाद।
पुत्र और परिवार से–सब विधि भई निराश।
अब तो दुखिया हृद्य में–यदुपति तेरी आश।।

नवनिधि कुँवर का सारा साहित्य लोक में व्याप्त है। उनके द्वारा रचित भजनों को नारियाँ तथा भजन मण्डलियाँ खूब गाती है। उनके विवाह के पहले का साहित्य उनके भाई कुँवर नरेन्द्रसिंह खांगारोत के पास सुरक्षित रहा। नवनिधिजी के विषय में कोई भी सामग्री उनकी भाट्खेड़ी रियासत से न मिलकर उनके सम्पर्क में रहने वाले दूसरे समाजजनों से मिली। कहते हैं कि उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके भाई उनकी समस्त पोथियाँ अपने साथ ले गए थे।

नवनिधिजी मालवी लोक साहित्य की करुण रस की सिद्ध कवयित्री थी। उन्होंने अपने आराध्य श्री कृष्ण के अनेक भक्ति परक भजन लिखे और उन्हें रोज सुबह–शाम गा–गाकर लोक में प्रचारित भी किया। मृत्यु के दिन भी उन्होंने तीन–गीत गाए थे। पहला प्रभात में, दूसरा दोपहर पश्चात्, तथा तीसरा सूर्यास्त के समय। तीसरा गीत गाते–गाते उन्होंने अपनी आँखे बंद कर ली थी। अपने आराध्य कृष्ण की छवि को निहारते–निहारते सूर्यास्त के साथ ही उन्होंने स्वयं को कृष्ण में समाहित कर दिया। कृष्ण भक्ति की करुणामयी काव्य साधिका कृष्ण में विलीन हो गई।

वह तीसरा गीत जो उन्होंने अपनी मृत्यु के पूर्व गाया था–
कानूडा री रूप सूरूप छब न्यारी।।
मोर मुकुट पीताम्बर धारया, गल मोतिन री माला।
राधा रे संग सामे आयो, वृन्दावन रो लाला।।
बंसी बजातो, मंद मुलकातो, अजब गजब छब न्यारी।
जे निरखूँ वे एक रूप छब, ऊभा क्रसन मुरारी।।
चला चली री वेला आता, सुण ली अरजी म्हारी।।
नवनिधि ने खूद दरसन देवण, आया क्रसन मुरारी।।

यह गीत नवनिधिजी द्वारा मालवी लोक साहित्य को दिया गया आखिरी उपहार है। गीत गाते–गाते और रचते–रचते उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। वे आयी तो मारवाड़ से थी किंतु उन्होंने अपना सारा जीवन मालवा और अपने आराध्य कानूडा की भक्ति में बिताया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1 डॉ पूरन सहगल– मालवा की ऐतिहासिक लोक कवयित्रियाँ ।
2 डॉ शैलेन्द्रकुमार शर्मा– हिन्दी नाटक, निबन्ध तथा स्फुट गद्य विधाएँ एवं मालवी भाषा साहित्य ।
3 डॉ पूरन सहगल– मालवा के संत भक्त ।

****

अमृतराय कृत 'बीज' उपन्यास में राजनैतिक पक्ष

विद्या बिसेन *

प्रस्तावना – अमृतराय जी का रचना काल सन् 1936 से प्रारंभ होता है और तभी से हमारे देश में राजनीतिक उथल–पुथल भी अधिक तीव्र हो जाती है। इस समय तक ब्रिटिश शासन द्वारा दमन चक्र आरम्भ हो चुका था और दूसरी ओर गांधी जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आन्दोलन भी पूरे जोरों पर था। सन् 1935 में प्रान्तों में विधान सभाओं एवं विधान परिषदों का निर्माण हो चुका था। सन् 1936 में कांग्रेस का 49 वॉ अधिवेशन लखनऊ में हुआ। सन् 1936 के निर्वाचन में कांग्रेस को आशातीत सफलता मिली। उन्होंने नागरिको को स्वतंत्रता देने के प्रयत्न किए। सन् 1945 में सुभाषचन्द्र बोस का असामयिक निधन हो गया। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र तो हो गया किन्तु इस विभाजन के भीषण परिणाम हुए। साम्प्रदायिक दंगे, बेरोजगारी, शरणार्थी समस्या आदि का हमारी नवनिर्मित सरकार को भयंकर सामना करना पड़ा। इन्ही दंगों के परिणाम स्वरूप 30 जनवरी 1948 को गांधी जी की हत्या कर दी गई।

अमृतराय जी के साहित्य में इस राजनैतिक अस्थिरता की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। किसी भी साहित्यकार की रचना धर्मिता को आकार देने में उसके परिवेश और संस्कारों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रेमचन्द के पुत्र होने के नाते अमृतराय में प्रेमचन्द जी के गुणों का आना स्वत: है। इस दृष्टिकोण से हो सकता है कि दोनों के क्षेत्र समान रहे हो, किन्तु यह भी सत्य है कि अमृतराय की रचनाधर्मिता का अपना ही स्वतंत्र व्यक्तित्व रहा है। अपने समय की सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप उनके परवर्ती लेखन पर सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक प्रभावों की छाप स्पष्ट दिखलायी देती है। उन्हीं प्रभावों में सर्वोपरी है, राजनैतिक प्रभाव। 'हंस' के प्रकाशन के साथ–साथ ही अमृतराय जी का प्रथम उपन्यास 'बीज' सन् 1952 में प्रकाशित हुआ। प्रस्तुत उपन्यास के केन्द्र में है।आजादी के बाद की परिस्थितियॉ। 'बीज' उपन्यास की पृष्ठभूमि में तत्कालीन राजनीति का उल्लेख है। 'युद्ध है, जमाखोरी है और भुखमरी है मेहनत मजदूर है, उनका शोषण है, सफाई कर्मचारियों की हड़ताल है।'[1]

साम्यवादी विचारधारा के पोषक अमृतराय जी ने प्रस्तुत उपन्यास में तत्कालीन राजनीतिक हलचलों के जीवन्त चित्र उकेरे है। सन् 1942 की जनक्रांति, बंगाल का अकाल, शरणार्थी समस्या, स्वतंत्रता प्राप्ति, पाकिस्तान का निर्माण और स्वतंत्रता के पश्चात् भी देश की निरन्तर बढ़ती हुई दुर्दशा का विस्तृत उल्लेख 'बीज' में मिलता है।

उपन्यास का प्रमुख नायक है सत्यवान। सत्यवान के हृदय में देश के प्रति जितना गहरा प्रेम है, अंग्रजों से उतनी ही गहरी नफरत। वह जुलूस, नमक आन्दोलन, हड़ताल, प्रदर्शन आदि में सक्रिय रूप से भाग लेता है और इसी संदर्भ में '20 अगस्त 1942 को सत्य को 9 महीने की सजा होती है।'[2] जेल में ही उसकी मुलाकात एक राजनैतिक कैदी, वीरेन्द्र से होती है। सत्य की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका 'आजाद हिन्द फौज' की रही। जिससे संबंधित सभी मीटिगों में वह सहभागी होता है। स्वयं अमृतराय जी ने 'आजाद हिन्द फौज' के अनुशासन की प्रशंसा की है – 'एक लम्बे जमाने के बाद हिन्दुस्तान ने इस तरह के लाखों लोगों के जूलूस देखें और रैलियाँ देखीं जो बगावत के सैलाब की तरह थी, जिन पर डंडे–गोली का कोई असर नहीं था, जो डंडे खाकर उस वक्त तो तितर–बितर हो जाते थे मगर फिर चार अलग–अलग गलियों से होकर एक नुक्के पर जाकर मिल जाते थे और आगे बढ़ने लगते थे। शायद दूसरी गोली की बारिश के इन्तजार में। जिन्दगी और मौत की यह ऑख–मिचौनी, सिर पर कफन बांधे बहादुरों का ये मर्दाना खेल कलकत्ते ने बहुत देखा।'[3]

लेखक ने प्रस्तुत उपन्यास में बंगाल के अकाल का वीभत्स वर्णन भी किया है। जिसमें 30 लाख लोग कीड़े–मकोड़ों की तरह मर गए। अनेक भयंकर दृश्य उपस्थित हुए। यह स्थिति वास्तविक न होकर व्यापारियों द्वारा जानबूझ कर उत्पन्न की गई थी। जिससे एक ओर जनता फौज में नाम लिखाने पर विवश हो जाए तथा दूसरी ओर शेष इतने कमजोर हो जाए कि देश की आजादी की लड़ाई में कोई भी भाग न ले सकें। आढ़तियों ने हजारों मन अन्न भर लिया था और इसके मनमाने मूल्य वसूल कर रहें थे। एक ओर काला बाजार बढ़ रहा था, जिससें आर्थिक स्थिति डावाडोल हो रही थी और दूसरी ओर भूख के कारण हुई मृत्युदर दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी, स्थिति इतनी असहनीय हो गयी थी कि भूख से निजात पाने के लिए लड़कियॉ अपनी देह का व्यापार करने के लिए विवश हो गई।'[4]

आखिरकार 15 अगस्त 1947 को भारत अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्र हो गया। वर्षो की गुलामी की जंजीरें तो टूट गई पर स्थिति जस को तस ही बनी रही। जनता ये आशाएं लिए बैठी थी कि अब उनको भूख, गरीबी, जहालत और अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा मिल जाएगा। अब वह सुख पावेंगे। इसी कारण उसके स्वागत की तैयारी में चारों ओर 'शहनाईयॉ बज रही थी, ढोल और नगाड़े बज रहे थे, दीवालियॉ मनायी जा रही थी, जुलूस निकल रहे थे, कामनाओं के फूल खिल रहे थे।'[5] फिर भी अमृतराय जी के अनुसार साधारण जनता में वह उत्साह/उमंग नहीं था, जो वस्तुत: देश की आजादी के लिए होना चाहिए था। जनता केवल झंडाभिवादन, पकवान बनाने एवं दीए जलाने से ही संतुष्ट थी। 'क्योंकि कहीं दीवाली सज रही थी, कहीं होली जल रही थी, मकानों की, जिस्मों की, आबरूओं की।'[6]

यह वह समय था, जब एक ओर मार्क्सवाद का बोलबाला था तो दूसरी ओर प्रशासन उनको हथकड़ियॉ पहना रहा थी। उपन्यास का एक अन्य पात्र कम्यूनिस्ट अमूल्य पार्टी की सभा में बोलते हुए पकड़ लिया जाता है। उसके

*शोधार्थी (हिंदी) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

घर की तलाशी यह सोच कर ली गई कि 'जब इसका भाषण आपत्तिजनक था, तो जरूर उसके घर में आपत्तिजनक सामग्री भी होगी।'[7] वहीं अमूल्य का छोटा भाई ज्योति भी सड़क पर पोस्टर लगाते हुए पकड़ा जाता है। उसे जेल ले जाया जाता है और जेल में अनेक यातनाएँ दी जाती है। खानें के नाम पर खराब भोजन खाने को दिया जाता है। यही स्थिति सभी कैदियों की होती है। यहाँ तक कि कैदियों के माता–पिता को उनसे मिलने नहीं दिया जाता। ऐसी स्थिति में लेखक यह सोचकर अचरज में पड़ जाते है कि 'यह हालत है आजाद हिन्दुस्तान के मजिस्ट्रेटों की।'[8] लेखक के अनुसार देश की स्वतंत्रता के बाद भी जेल के अधिकारी सारी इन्सानियत खो बैठें है उसने तो– 'खिलवाड़ बनाया है, यह जेल है जेल। ज से जंट। ज से जल्लाद। ज से जेल।'[9]

इतना ही नहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बावजूद किसानों एवं निर्धनों को भी कुछ हासिल नहीं हुआ। इनकी भी स्थिति वैसी ही दीन–हीन बनी रही। जो स्वप्न इन लोगों ने देखा था, कि देश के स्वतन्त्र हो जाने के बाद उनको अपनी आवश्यकता की समस्त चीजें उपलब्ध हो जायेगी, शोषण से मुक्त हों जायेंगे। पर दुर्भाग्यवश 'सारी आशाएं धुआँ हो गयी।'[10] अमृतराय जी के समय में राष्ट्रीय आन्दोलन अपनी पराकाष्टा पर पहुँच चुका था। अत: राष्ट्र के महत्तर स्वार्थ के समक्ष अमृतराय जी निजी एवं परिवारिक स्वार्थो को गौण समझते हैं। इसका उदाहरण हमें उपन्यास की नायिका 'उषा' में देखने को मिलता है। उषा अपने परिवार और गृहस्थी की चिन्ता किए बगैर महतरों की लड़ाई में सहयोग देने के लिए कूद पड़ती है, 'जहाँ सब कुछ जल रहा है वहाँ जलने में ही सुख है। यह अग्नि महान है, सृष्टि के नवजन्म का कुण्ड है।'[11]

अमृतराय जी का 'बीज' स्वतंत्रता के एक दम बाद रचा गया उपन्यास है। अत: इसमें स्वतंत्रता पूर्व एवं स्वतंत्रता के पश्चात् की राजनीतिक घटनाओं एवं परिणाम स्वरूप उत्पन्न राष्ट्रीय चेतना का विस्तृत चित्रण मिलता है।

निष्कर्ष – इस प्रकार हम पाते है कि 'बीज' उपन्यास में राष्ट्रीय जीवन की विशिष्ट घटनाओं, असंगतियों, सत्ताधारियों के भ्रष्टाचार और अनाचार को सशक्त अभिव्यक्ति मिली है। स्वतंत्रता के कई वर्षो पश्चात् भी देश की स्थिति, अधिक विषम अधिक दुर्भाग्यपूर्ण होती जा रही है। आज देश की समस्त जनता भी लेखक के साथ जागरूक है। वे जानते है कि यदि देश को समृद्ध बनाना है, तो इन भ्रष्ट राजनीतिज्ञों को पद से विमुख कर, सम्पूर्ण जनता में स्वस्थ राष्ट्रीय भावना, राष्ट्रीय चेतना का संचार करना आवश्यक है। आज भी सत्य, वीरेन्द्र, अमूल्य, ज्योति और उषा जैसे युवाओं की इस देश को आवश्यकता है। जो देश की आम जनता के हृदय में क्रांति का शंखनाद कर उन्हे प्रेरित करते रहे। यही उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजली होगी, जिन्होंने आजाद भारत के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गिरिजा कुमार माथुर – एक अंतरंग बातचीत अमृत से पृ0 62
2. अमृतराय – बीज पृ0 29
3. अमृतराय – बीज पृ0 133 – 134
4. अमृतराय – बीज पृ0 48
5. अमृतराय – बीज पृ0 217
6. अमृतराय – बीज पृ0 217
7. अमृतराय – बीज पृ0 180
8. अमृतराय – बीज पृ0 296
9. अमृतराय – बीज पृ0 296
10. अमृतराय – बीज पृ0 219
11. अमृतराय – बीज पृ0 332

****

लोकदेवता देवनारायण एवं बगड़ावत गाथा

डॉ. मेधा मनीष तिवारी *

प्रस्तावना – मालवा के लोकजीवन में लोकदेवताओं का महत्वपूर्ण स्थान है । वैदिक और पौराणिक देवताओं के साथ-साथ ऐसे लोकदेवताओं की मान्यता भी समाज में प्रचलित होती जा रही है, जो मानव रूप में जन्म लेकर अपने असाधारण एवं लोकोपकारी कार्यो के कारण दैविक अंश के प्रतीक के रूप में स्थानीय जनमानस द्वारा स्वीकार किए गए हैं। जो यहाँ के जनमानस की धार्मिक आस्था जीवन मूल्यों एंव लोक विश्वासों का केन्द्र बिन्दु है।

ऐसी अटूट आस्था और विश्वास मालवाँचल में हर जगह दिखाई देता है। लोकदेवताओं के प्रति यहाँ जन-जन में अपार श्रद्धा है, ये गाँव-गाँव और घर-घर में स्थापित एवं पूजित हैं। भगवान से बढ़कर भी लोक में इनकी मान्यता है। इनमें प्रमुख है, गोगा जी, पाबूजी, रामदेवजी, तेजाजी, देवनारायण जी इनमें ऐसे अनेक गुण थे जिसके कारण ये श्रेष्ठ पुरूष लोकदेवता की श्रेणी में आए। यदि हम इनके जीवन पर दृष्टि डाले तो हम देखते हैं, कि ये सभी महान योद्धा थे, पराक्रमी योद्धा के साथ-साथ सभी उच्चकोटि के साधक भी थे।

साहस, निर्भयता, और वीरता के साथ-साथ सभी लोकदेवताओं ने योग साधना के द्वारा आध्यात्मिक सिद्धियाँ भी प्राप्त की थी, ये सभी आदर्श के लिए जिए और आवश्यकता पड़ने पर उसी के लिए बलिदान भी हो गए। ये लोकदेवता परोपकार, साहस गौ-रक्षा एवं स्त्री रक्षा, वचन निर्वाह आदि उदात्त गुणों से सम्पन्न होने के कारण आज भी लोकमानस में स्थापित है। विभिन्न अंचलों की लोककथा, गाथा और गीतों से लेकर विभिन्न लोकाचारों और लोकविश्वासों में इनकी प्रतिष्ठा है। लोकदेवताओं में भी देवनारायण महाराज को विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त है। देवजी को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। ये लौकिक-अलौकिक गुणों से सम्पन्न देवता माने गए हैं । इनका जीवन चरित्र बगड़ावत नामक वीरगाथा में समाहित है।

देवजी का जन्म बगड़ावत गौत्र में हुआ था, इसलिए इस गाथा को ''बगड़ावत गाथा'' या ''बगड़ावत भारत'' भी कहा जाता है। ''बगड़ावत'' शब्द का सामान्य अर्थ है, बिगड़ा हुआ। वस्तुत: ''बगड़ावत'' बाघराव के पुत्र थे, इसलिए वे बगड़ावत कहलाए। राजस्थान में पैतृक संबंध पिता के नाम के आगे ''वत्'' अथवा ''उत्'' लगाकर दिखलाया जाता है। अत: बाघराव के पुत्र बाघरावत कहलाए । ''घ'' का अल्प प्राणीकरण तथा ''र'' का ड़ होकर बगड़ावत बना है । आदि स्वर ह्रस्व होकर रूप हुआ है।

बगड़ावत – बाघराव + वत् = बाघरावत > बागड़ावत > बगड़ावत [1]

बगडा़वत गूजरों की एक शाखा है। वैसे सोंधिया जाति की एक शाखा ''बगड़ावत'' भी है।

''हीड़'' की आंतरिक पुष्टि से यही बात प्रतीत होती है कि बगड़ावतों की उत्पत्ति सूर्याराव से होती है, पाँचवी पीढ़ी में बाघरावत उत्पन्न हुए। जिनके यहाँ 24 भाई बगड़ावतों ने जन्म लिया इनमें सबसे बडे भ़ोजाजी थे जिनकी लोकप्रसिद्धि का कारण उनकी तपस्या एवं ''देवनारायण'' जैसे पुत्र की प्राप्ति है।[2]

मालवा में देवनारायण जी को लोकसाहित्य में पर्याप्त स्थान मिला है। मालवा के लोकजीवन में ''हीड़' लोककाव्य मौखिक परम्परा के रूप में प्रचलित है। जो एक वृहद महागाथा का रूप लिए हुए हैं। इस लोक काव्य की विषय वस्तु मुख्यत: राजस्थान से जुड़ी एक ऐतिहासिक घटना को आत्मसात किए हुए हैं । जिसका संबंध मालवा से भी रहा है। मालवा एवं राजस्थान की ''हीड़' नामक गीतकथा बगड़ावतों के जीवन से संबंधित है। वे तत्कालीन समय में अपने वैभव, पराक्रम एवं मंगलकारी कार्यो के लिए प्रसिद्ध हुए थे । जिनके कार्यो का गुणगान आज भी बड़ी संख्या में भारत के मालवा परिक्षेत्र का लोकहृदय मुख्यत: दीपावली के पर्व पर स्वछन्द रूप से करता है। इस लोकगाथा में मालवा के तत्कालीन समाज एवं संस्कृति के साथ-साथ पशुपालन परम्परा एवं कृषि का वर्णन मिलता है। बगड़ावतों के संबंध में मालवा के लोकजीवन में यह मान्यता है कि इनके पूर्वज तथा इनका प्रारंभिक जीवन अत्यन्त दयनीय था, जो अपने परिश्रम और पशुपालन के विकास से अपने आप को सम्पन्न बनाते हैं।

इस प्रकार इन्हें धन तथा वैभव प्राप्त होता है और वे उसका उपभोग करते हैं । इस सम्पन्नता का उपयोग वे अनुचित कार्यो के लिए करने लगे, वह अन्याय पर उतर आए और उनका विनाश हो गया ।

कालान्तर में उन्हीं के वंश में देवनारायण का जन्म होता है। जिनके अलौकिक एवं लोककल्याणकारी कार्यो से यह वंश उज्ज्वल होता है। देव जी बगड़ावतों में से प्रमुख भोजा की गूजर स्त्री साढूमाता के पुत्र थे ।

मारवाड़ की मर्दुमशुमारी रिपोर्ट 1894 के अनुसार देवनारायण का जन्म संवत् 1300 के आस-पास हुआ । देवजी संपूर्ण राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात के गूजर गायरी समुदाय के देवता है।[3]

इन्हें देव, धर्मराज तथा नारायण नाम से सम्बोधित किया जाता है। उदल और कृष्ण भी इन्हें कहा जाता है। मुस्लिमों में उदलदातार के नाम से इन्हें मान्यता प्राप्त है। उज्जैन जिलें में (फरनाखेड़ी) में इनका प्रसिद्ध मंदिर है। मालवा के प्राय: हर गाँव में देवजी के थानक मिलते हैं। इनकी पूजा, धूप, ध्यान देवरों में होती हैं। इनकी पूजा में नीम की पत्तियों को आवश्यक रूप से काम में लिया जाता है। नीम की पत्ती को पाँती की प्रतिष्ठा भी इन्होंने ही दी हैं। देवजी पुत्र प्रदाता है। नि:संतान औरतें आज भी देवनारायण के नाम का उनके देवरें में पालना बाँधकर मनचाही संतान प्राप्त करती है। लोकदेवता

* हिन्दी अध्ययन शाला विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

देवनारायण दिव्यपुरूष थे गौ–रक्षा, जल संरक्षक, वनसंपदा की रक्षा, जल स्त्रोतों की रक्षा आदि उन्हे लोकनायक बनाते हैं। देवनारायण बगड़ावत गाथा हमारी जातिय स्मृतियों, जीवन मूल्यों और इतिहास का दस्तावेज है। संपूर्ण बगड़ावत इतिहास में देवजी जैसा देवपुरूष और कोई नहीं हुआ। इनका यशस्वी जीवन अद्भूत कौशल और मानवीय उच्चादर्शो का अनुकरणीय उदाहरण है।

लोकदेवताओं की आराधना विभिन्न लोककलाओं के माध्यम से अभिव्यक्त होती है। राजस्थान और मालवा में प्रचलित पड़ वाचन इसी प्रकार का एक सशक्त माध्यम है। लोकदेवता देवनारायण की आराधना भी पड़ वाचन के द्वारा की जाती है। भोपा जाति के गायक गायिकाऐं पड़ वाचन के द्वारा अपना विशिष्ट स्थान बनाते हैं । ये भोपा राजस्थान में मुख्यरूप से देवनारायण जी, गोगाजी, पाबूजी, भेरूजी, माताजी, आदि के मिलते हैं। मेवाड़, मारवाड़, हाड़ौती, मालवा आदि अंचलो में देवनारायण जी के भोपे होते हैं। देवजी के भोपे लोकदेवता देवनारायण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को गाकर सुनाते हैं ।

पड़ों मे सबसे पहले देवनारायण की पड़ बनी यह पड़ 13 हाथ से लेकर 25 हाथ तक की लम्बाई लिए होती है। सबसे अधिक चित्रांकन तथा सबसे लम्बी गाथा इसी पड़ में मिलती है । इसे मुख्यत: गूजर लोग बाँचते हैं। इनके अतिरिक्त राजपूत गाडरी तथा बलाई जाति के भोपे भी इसका वाचन करते हैं। इसे दो अथवा तीन भोपे मिलकर बाँचते हैं। इसके साथ बजने वाला वाद्य जंतर होता है। जंतर के साथ साथ कहीं कहीं मंजीरा तथा चिपियाँ भी बजाया जाता है।

पड़ प्रारम्भ करने से पूर्व सर्वप्रथम कुंआरी कन्या से चौका दिलाया जाता है। पूरी पड़ चित्रित करने से पहले उसमें देवजी की आँख तथा वासक कोर दिया जाता है। संवत्, मिति, भोपे तथा देवरे का नाम खाली छोड़ दिया जाता है । जिसकी पूर्ति भोपे द्वारा पड़ ले जाते समय कर दी जाती है। राजस्थान में पड़ बाँचने की 500 वर्ष पुरानी लोक परम्परा प्रचलित रही है। यह लोक कला शाहपुरा भीलवाड़ा के पड़ चित्रकारों की एक अनूठी देन हैं।[4]

राजस्थान के ग्रामीण परिवेश से निकलकर आज यह कला अंर्तराष्ट्रीय बाजार में अपनी एक पृथक पहचान बना चुकी है। भीलवाड़ा के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सिद्धहस्त शिल्पकार श्री लाल जोशी ने इसे विश्व के अनेक देशों में लोकप्रिय बनाया है। यह विशुद्ध रूप से लोककला है, जो ग्राम्य जनजीवन से जुड़ी है। यह कपड़े और केनवास के साथ ही मंदिर और महलों की भीतरी दिवारों पर चित्रित की जाती है। इन चित्रों में लाल, पीले, हरे, बैंगनी, काले, सफेद और सुनहरे रंगो का विशेष प्रयोग किया जाता है। ज्यादातर पड़ पेटिग लोकदेवताओं की बनाई जाती है। इसमें भी देवनारायण, तेजाजी, पाबूजी, रामदेवजी, की पड़ प्रसिद्ध है। देवनारायण की पड़ सबसे लम्बी पड़ है। सबसे लम्बी गाथा भी इसी पड़ में मिलती है, इनकी जीवनगाथा पर आधारित एक बहुमूल्य पड़ चित्र आज भी जर्मनी के एक संग्रहालय में सुरक्षित रखा हुआ है। यह लोक कला गायन, वादन, नृत्य, मौखिक साहित्य चित्रकला का अद्भूत संगम है। पड़ ग्रामिणों के सरलतम विवरणात्मक व क्रमबद्ध कथन का सुन्दर प्रतीक है। यह हिन्दू धर्म से सम्बंधित है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दू धर्म के प्रचार प्रसार का एक सुन्दर माध्यम है। यह जीविकोपार्जन का भी एक रूचिकर एवं सशक्त माध्यम है।

शीत ऋतु की रात्रियों में ही इसका गायन किया जाता है। ग्रीष्म में इसे गाना श्रम साध्य है। गाथा के वीररस प्रधान होने से गायन करते समय गायक औज एवं उत्साह से आपूरित हो उठता है। परिणामत: परिश्रम भी अधिक करना पड़ता है। देवजी के भोपे देवनारायण की जीवनगाथा से चित्रित परदा प्रदर्शन स्थल पर तान देते हैं। इनका प्रदर्शन रात को होता है। इसमें गाने वाले केवल भोपा और भोपी ही होते हैं । ये बहुत ऊँचे स्वरों में देवजी के पवाडे गाकर सुनाते हैं। गूजर जाति के लोग अपनी मनोकामना की पूर्ति होने पर देवजी की पड़ करवाते हैं। देवजी और उनके पूर्वजों के जीवन की अनेक चमत्कारिक घटनाऐं बगड़ावत महागाथा में समाहित है । इन्हीं घटनाओं से चित्रित परदे का प्रदर्शन देवजी के पड़ के भोपे गायन, संगीत एवं नृत्य से करते हैं।

इस प्रकार यह गाथा केवल देवनारायण की गाथा ही नहीं है।यह असत्य के प्रति सत्य का संघर्ष भी है, सदाचार और अनाचार की लड़ाई है। इस गाथा में जो शिक्षा दी गई है। उसका महत्व हर मनुष्य के लिए है। हमें इन गाथाओं को नष्ट होने से बचाना है, और इनको सहेजना है, तभी हम इनके अंदर छिपी शिक्षाओं को जान पाएंगे । यह पूरी गाथा हमें जीवनमूल्य और जीवन दर्शन सिखाती है। देवनारायण की इस गाथा में सामाजिक–धार्मिक समरसता और सहिष्णुता के दर्शन होते हैं। और ऐसा हो भी क्यों न देवनारायण का चरित्र है, ही ऐसा वे जाति धर्म क्षेत्र सबसे ऊपर है, उन्होंने अपना सर्वस्व जन और जीव की रक्षा के लिए न्यौछावर कर दिया । उनकी गाथा संकेत देती है, महनीय विश्वास यही है कि चैतन्य सत्ता एक ही है, अलग–अलग नामों से पुकारे जाने पर भी सुनती है, बशर्त पुकार सच्चे दिल से निकली हो ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा : राजस्थानी लोकगाथा का अध्ययन, पृ.65
2. डॉ. प्रहलादचन्द्र जोशी : मालवी लोककथाऍं, पृ.467
3. डॉ. महेन्द्र भानावत : देवनारायण रो भारत, पृ.5
4. श्री धर्मेन्द्र भटनागर : वार्षिक संदर्भ ग्रंथ, राजस्थान 2004, पृ.640

****

डॉ. अम्बेडकर के विचार एवं उनके संविधान में दिए गए अधिकार

डॉ. निरूपमा व्यास *

प्रस्तावना – डॉ. अम्बेडकर का जन्म ब्रिटिश भारत के मध्य-भारत (अब मध्य प्रदेश में) स्थित नगर सैन्य छावनी महु में हुआ था। वे श्री रामजी मालोजी सकपाल और भीमा बाई की 14 वीं और अंतिम संतान थे। उनका परिवार मराठी था और वो आंबडवें गाँव जो आधुनिक महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में है, से सम्बंधित था। वे हिन्दू महार जाति से थे, उनके साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था।

स्कूली पढाई में सक्षम होने के बावजूद भीमराव को अस्पृश्यता के कारण अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, रामजी सकपाल ने स्कूल में अपने बेटे का उपनाम सकपाल की बजाय 'आंबडवेकर' लिखवाया, क्योंकि लोग अपना उपनाम गाँव के नाम से लगा देते थे, इसलिए भीमराव का मूल आंबडवें गाँव से आंबडेकर उपनाम में दर्ज किया। बाद में एक देशसत ब्राह्मण शाकिषक कृष्णा महादेव अम्बेडकर जो उनसे विशेष स्नेह रखते थे, उनके नाम से 'आंबडवेकर' हटाकर अपना सरल 'अम्बेडकर' उपनाम जोड़ दिया, जो आज अम्बेडकर नाम से जाने जाते हैं।

डॉ. भीमराव का सम्पूर्ण साहित्य एवं लेखन – डॉ. अम्बेडकर के ग्रन्थ भारत में नहीं बल्कि पूरे विश्व में बहुत प्रसिद्ध हैं और पूरे विश्व में पढ़े जाते हैं। उनके विचारों की पूरे विश्व में सरहाना की गयी। उनके लिखे हुए महान भारतीय संविधान को भारत का राष्ट्र ग्रन्थ माना जाता है, भारतीय संविधान किसी भी धर्म ग्रन्थ से कम नहीं है तथा वो विश्व के प्रमुख महानतम ग्रंथों में से एक है। भगवान बुद्ध और उनका धर्म ग्रन्थ भारतीय बौद्धों का धर्म ग्रन्थ है तथा बौद्ध देशों में बहुत मशहूर एवं महत्वपूर्ण है।

डॉ. अम्बेडकर बहुत प्रतिभाशाली एवं जुझारू लेखक थे। भीमराव को 6 भारतीय और 4 विदेशी, ऐसे कुल दस भाषाओं का ज्ञान था, अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, पाली, संस्कृत, गुजराती, जर्मन, फारसी, फ्रेंच और बंगाली ये भाषाए वे जानते थे। डॉ. अम्बेडकर ने अपने समकालीन सभी राजनेताओं की तुलना में सबसे अधिक लिखा है। सामाजिक संघर्ष में हमेशा सक्रिय और व्यस्त होने के बावजूद भी उनकी इतनी सारी किताबें, निबंध, लेख, एवं भाषणों का इतना बड़ा यह संग्रह वाकई 'अद्भुत' है। वे असामान्य प्रतिभा के धनी थे और यह प्रतिभा एवं क्षमता उन्होंने अपने कठिन परिश्रम से हाँसिल की थी। वे बड़े साहसी लेखक और ग्रन्थकर्ता थे। उनकी हर किताब में उनकी असामान्य विद्धत्ता एवं उनकी दूरदर्शिता का परिचय होता है।

धर्म परिवर्तन (बोद्ध धर्म में) – सन 1950 के दशक में भीमराव अम्बेडकर बोद्ध धर्म के प्रति आकर्षित हुए और बौद्ध भिक्षुओं व विद्धानों के एक सम्मलेन में भाग लेने के लिए श्रीलंका (तब सीलोन) गए। पुणे के पास एक नए बौद्ध विहार को समर्पित करते हुए डॉ. अम्बेडकर ने घोषणा करी, कि वे बौद्ध धर्म पर एक पुस्तक लिख रहे हैं, और जैसे ही समाप्त होगी वो औपचारिक रूप से बौद्ध धर्म अपना लेंगे।

1954 में अम्बेडकर ने म्यांमार का दो बार दौरा किया। दूसरी बार वे रंगून में तीसरे विश्व बौद्ध फेलोशिप के सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए। 1955 में उन्होंने 'भारतीय बौद्ध महासभा' या 'बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इण्डिया' की स्थापना की। अक्टुम्बर 1956 को नागपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वयं और उनके समर्थकों के लिए एक औपचारिक सार्वजानिक समारोह का आयोजन किया। डॉ. अम्बेडकर ने श्रीलंका के महान बौद्धभिक्षुओं महतथवीर चंद्रमणि से पारंपरिक तरीके से त्वरित ग्रहण और पंचशील को अपनाते हुए बौद्ध धर्म ग्रहण किया। भीमराव ने 15 अक्टूम्बर को नागपुर में अपने 2,00,000 अनुयायियों को बोद्ध धर्म की दीक्षा दी। इस तरह केवल भीमराव ने 10 लाख से अधिक लोगों को बौद्ध धर्म में परिवर्तित किया। 'उनके इन विचारों से प्रभावित होकर बौद्धदेशों में से कई अभिनंदन प्राप्त हुए।'

अम्बेडकर ने दीक्षा-भूमि नागपुर, भारत में ऐतिहासिक बौद्ध धर्म में परिवर्तन के अवसर पर 14 अक्टूम्बर 1956 को अपने अनुयायियों के लिए 22 प्रतिज्ञाए निर्धारित की। जो बौद्ध धर्म का एक सार या दर्शन है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा 10,00,000 लोगों का बौद्ध धर्म में रूपांतरण ऐतिहासिक था, क्योंकि यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक रूपांतरण था।

सन् 1927 में डॉ. अम्बेडकर ने छुआछुत के खिलाफ एक व्यापक आन्दोलन शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने सार्वजनिक आंदोलनों और जुलूसों के द्वारा, पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी लोगों के लिए खुलवाने के साथ ही उन्होंने अछूतों को भी हिन्दू मंदिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने के लिए भी संघर्ष किया। अम्बेडकर ने कहा कि उस हिन्दू तीर्थों में जहाँ उनको अछूत माना जाता है, जाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने अपनी इस बात को भारत भर में कई सार्वजनिक सभाओं में भी दोहराया।

'उन्होंने अस्पृश्य समुदाय के लोगों को गाँधी द्वारा रचित शब्द ''हरिजन'' पुकारने के कांग्रेस के फैसले की कड़ी निंदा की।' सन 1941 और 1945 के बीच में उन्होंने बड़ी संख्या में अत्यधिक विवादस्पद पुस्तकें और पर्चे प्रकाशित किए। जिसमें उनके विचारों ने लोगों को काफी प्रभावित किया।

डॉ. अम्बेडकर के विचारों में जाति व्यवस्था – डॉ. अम्बेडकर जी ने मुस्लिमों में व्याप्त बाल-विवाह की प्रथा और महिलाओं के उत्पीड़न की दमनकारी पर्दा-प्रथा की भी आलोचना की। उन्होंने कहा हल्का पर्दा हिन्दुओं में भी होता है, पर इसे धार्मिक मान्यता केवल मुसलमानों ने दी है। उन्होंने आगे लिखा कि भारतीय मुसलमान अपने समाज का सुधार करने में विफल रहे हैं, जबकि इसके विपरीत तुर्की जेसे देशों ने अपने आपको बहुत बदल दिया है।

डॉ. अम्बेडकर जी भारत के प्रथम कानूनी मंत्री, भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। उनके विचारों नें दलित बोद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया

* (हिन्दी साहित्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

और दलितों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया।

संविधान दिवस (26 नवम्बर) भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के निर्मात्री समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 125 वे जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को संविधान दिवस मनाया गया। डॉ. अम्बेडकर जी ने भारत के महान संविधान को 2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन, में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया।

अम्बेडकरवादी और बौद्ध लोगों द्वारा कई दशकों पूर्व से संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा पहली बार 2015 में डॉ. अम्बेडकर के इस महान योगदान के रूप में 26 नवम्बर को 'संविधान दिवस' मनाया गया। 26 नवम्बर का दिन संविधान के महत्त्व का प्रसार करने और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए चुना गया था ।डॉ. अम्बेडकर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। '1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न से सम्मानित किया गया है'। कई सार्वजनिक संस्थान का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। जैसे आंध्रप्रदेश का डॉ.अम्बेडकर मुक्त विश्विधालय, बी. आर. अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नागपुर में हैं, जो पहले सोनगाँव हवाई अड्डे के नाम से जाना जाता था। अम्बेडकर का एक बड़ा अधिकारिक चित्र भारतीय संसद भवन में प्रदर्शित किया गया है।

मुंबई में हर साल लगभग पंद्रह लाख लोग उनकी वर्षगांठ (14 अप्रेल), पुण्यतिथि (6 दिसंबर) और धर्म चक्र परिवर्तन दिन (14 अक्टूम्बर) नागपुर में, उन्हें अपनी श्रद्धांजली अर्पित करने के लिए इकट्टे होते हैं।

स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, बौद्ध धर्म, विज्ञानवाद, मानवतावाद, सत्य, अहिंसा आदि के विषय में आंबेडकर के कुछ सिद्धांत थे, जिसे अम्बेडकरवाद के नाम से जाना जाता है ।

शिक्षित और अनपढ़ – शिक्षित व्यक्ति की भाषा में व्याकरण का प्रयोग किया जाता है, इनकी भाषा व्याकरण सम्मत होती है, जबकि अशिक्षित व्यक्ति की भाषा में व्याकरण का प्रयोग शिक्षित की तुलना में कम किया जाता है। शिक्षित की भाषा विचार-प्रधान होती है, जबकि अशिक्षित की भाषा में भाव की प्रधानता होती है।

शिक्षित की भाषा में विचार की प्रधानता होने के कारण यह साहित्य से निकटता रखती है, विचारों का आदान-प्रदान होने से विचारों में परिपक्वता आती है। और लेखन शैली विकसित होती है, बिना विचारे व्यक्ति किसी भी कार्य में पुर्णत: सफल नहीं हो सकता। 'विचारों के माध्यम से वह आगे बढ़ता है और समाज में अपनी अहम् भूमिका निभाता है'। विचार अच्छे हों तो व्यक्ति समाज में प्रतिष्ठित होता है और विचार अच्छे न हो तो व्यक्ति को समाज में सम्मान प्राप्त नहीं होता।

विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में शिक्षित व्यक्ति द्वारा अध्यापन कराया जा सकता है, क्योंकि उनकी भाषा विचार प्रधान होती है। अपनी श्रेष्ठ भाषा के प्रयोग के द्वारा किसी दुसरे व्यक्ति को किसी भी विषय पर स्पष्टतया समझाया जा सकता है। 'इंजिनियर, डाक्टर, वकील की शिक्षा प्राप्त करने के बाद ही, ये उच्च पद प्राप्त किए जा सकते हैं, तो इन व्यक्तियों की भाषा समाज को नयी दिशा प्रदान करती है'। अशिक्षित व्यक्ति की भाषा स्वयं की ही अपरिमार्जित होती है, वह दूसरों का मार्गदर्शन नहीं करता है।

शिक्षित व्यक्ति विभिन्न सामाजिक बुराईयों से दूर रहता है तथा अन्य व्यक्तियों को भी इस हेतु प्रेरित करता है। भारत में प्राचीन काल से सुव्यवस्थित शिक्षा की परंपरा रही है। ब्रिटिश काल में इसके सीमित प्रयास किए गए अत: केवल 18 प्रतिशत लोग ही शिक्षित हो सके। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस दिशा में काफी प्रयास किए गए। किन्तु अभी भी भाषा में पर्याप्त सुधार नहीं हुआ है। अभी भी बड़ी संख्या में लोग अशिक्षित हैं। शिक्षित व्यक्ति न केवल सामाजिक बुराइयों से बच सकता है। बल्कि वह अपने अर्जित ज्ञान से विज्ञान व तकनीकी का प्रयोग करके उत्पादन क्षमता में वृद्धि कर सकता है। 'अत: शिक्षित व्यक्ति अपनी भाषा के प्रोयग द्वारा समाज के हर क्षेत्र में उन्नति करता जा रहा है'।

अशिक्षित की भाषा के विषय में कहा जा सकता है की –
साहित्य संगीत कला विहीन:, साक्षात पशु पुच्छ विषाण विहीन:
तृणम न खाद्न्नपि जीवमान:, तद भाग देयम परम पशुनाम 1)
अर्थात

जो मनुष्य साहित्य, संगीत अथवा किसी भी अन्य कला से विहीन है, वो साक्षात पुंछ और सींगो से विहीन जानवर की तरह है। यह जीव घास तो नहीं खाता पर अन्न से जीता रहता है। ऐसे मनुष्य को परम पशुओं की श्रेणी में रखना चाहिए ।

1. हिंदी निबंध और पत्र लेखन डॉ. रामविलास गुप्त, पृष्ठ संख्या 130

ग्रामीण और शहरी – ग्रामीण क्षेत्रों में प्राय: एक ही भाषा का प्रयोग किया जाता है, इन क्षेत्रों के लोग सामान्यत: आड़ी भाषा का प्रयोग करते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों के लोग कई तरह की भाषाओ का प्रयोग करते हैं। जिसमें खड़ी बोली का विशेष स्थान है, जैसे हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, मराठी, स्पेनिश आदि। क्योंकि शहरी क्षेत्रों में इन भाषाओं को सीखने के लिए कई शिक्षण संस्थाएं संचालित की जाती है, ताकि शहरी क्षेत्रों के बच्चे अन्य शहरों में जाकर उस शहर में वहीं की भाषा का प्रयोग कर सकतें हैं और वहाँ पर अपना व्यवसाय या रोजगार स्थापित कर सकतें हैं।

ग्रामीण के द्वारा अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग तोड़-मोड़ कर किया जाता है, जबकि शहर में रहने वाले व्यक्तियों के द्वारा अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग अधिक व स्पष्ट रूप से किया जाता है। ग्रामीणों की भाषा सीधी और सरल होती है। जबकि शहरी भाषा में बनावटीपन होता है। ग्रामीण भाषा मे अधिकतर कठे जई रिया, कई करी रिया, ऐसी भाषा के शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

इस प्रकार गांव में और शहर की भाषा में अंतर होता है, गाँव वालों को ज्यादा कहीं बाहर जाने का अवसर नहीं मिलता है। शहरों में अनेक विद्यालय, महाविद्यालय एवं शिक्षण संस्थाए होती हैं, जहाँ के लोग आपस में मिलते जुलते हैं, उनमें बातचीत होती है। एक दूसरे से परिचय बढ़ता है। इसी कारण एक दूसरे के संपर्क में आने के कारण कई भाषाओ का ज्ञान प्राप्त होता है । 'शहरीकरण और शहरों की दुर्व्यवस्था की प्रवृत्ति के कारणों से सरकारी नीतियों की अदूरदर्शिता भी विद्यमान हैं, किसी कार्यालय के मंत्रालय का सम्बन्ध विशुद्ध ग्रामीण व्यवस्था या कृषि जैसे कार्यों से ही क्यों न हों, उनकी अवस्थिति नगरों में ही रखी गई हों' ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय संविधान ।
2. सर्वोदय पुस्तक ।
3. डॉ. अम्बेडकर का सांहित्य ।
4. विभिन्न पत्र-पत्रिका ।
5. डॉ. अम्बेडकर के लेख ।

मेहरून्निसा परवेज की कहानियों का समकालीन कहानी लेखन के आधार पर स्त्री विमर्श

डॉ. रश्मि दीक्षित *

प्रस्तावना – साहित्य में मूल्यगत मर्यादा के विकास की एक सहज सुदीर्घ प्रकृति सदैव विद्यमान रही है । यह प्रकृति मूल्य संबंधी चिंतन की अनवरत परंपरा का परिणाम है । प्राचीन धर्म ग्रंथों ,वेद, उपनिषद्, पुराण, गीता एवं भारतीय दर्शन में मानवीय मूल्य चिंतन व्यापक रूप में परिलक्षित होता है। रामायण एवं महाभारत में भी मानवीय मूल्य संबंधी चिंतन विविध संदर्भों में प्रस्तुत है।

भारतीय दृष्टि चेतनावादी है। जिसमें जड- चेतन और प्राणी मात्र में कोई भेद नहीं रहता। सर्वत्र ही ईश्वरीय सत्ता की अभिव्यक्ति हैं। अत: भारतीय मनीषियों ने व्यक्ति में उदात्त गुणों और सात्विक प्रवृत्तियों की कल्पना करते हुए उसे ईश्वर का प्रतिरूप बताया है। सात्विक प्रवृत्तियों में करूणा, दया, प्रेम, सहानुभूति, त्याग, अहिंसा, सत्य, क्षमा, आत्मज्ञान, आत्मसाक्षात्कार, समस्त जड चेतन के मध्य तादात्मय, लोक मंगल की भावना, कर्त्तव्यबोध आदि उदात्त गुण है, जो मानवीय मूल्य का निर्धारण करते है। मूल्य सृजन की प्रक्रिया में मानवीय चेतना एवं अनुभूति महत्वपूर्ण है। इसका प्रकट पक्ष भारतीय जीवन दर्शन में उदात्तता, काल प्रवाह की निरंतरता मनुष्य जीवन के लक्ष्य एवं आस्था में है।

मानवीय मूल्य से उपजी मानवीय चेतना संकुचित विचारधाराओं में सीमित न होकर व्यापक क्षेत्र में विस्तृत हैं । ये सार्वभौमिक ,सार्वकालिक एवं शाश्वत् होते है। युगीन परिवेशगत भिन्नता होने पर इनका मात्र स्वरूप बदलता है। श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों में भेद नहीं होता।

समकालीन लेखन – विभिन्न कालों में मानवीय चेतना संबंधी चिंतन का विवेचन समसामयिक रचनाओं में प्राप्त होता है। आधुनिक काल में मानव अस्मिता के संकट के कारण साहित्य में मानवीय चेतना संबंधी चिंतन को प्रमुखता दी गई। आधुनिक काल में मूल्य संबंधी चिंतन का महत्व शताब्दियों की दासता से उपजी मानसिक विकृतियों, सामाजिक अव्यवस्थाओं, कुरीतियों, औद्योगिक क्रांति, वैज्ञानिक प्रगति एवं महायुद्धों से उपजे मानवीय संकट के परिणाम स्वरूप रेखांकित हुआ। मानव में आस्था के स्थान पर अनास्था का स्वर प्रमुख रूप से उभरा । चारों ओर अमानवीयता, असहिष्णुता तथा स्वेच्छाचारिता का वातावरण निर्मित हो गया। जहां व्यक्ति सबसे अधिक असुरक्षित होने लगा। परंपराओं की शाश्वत्ता को परखे बिना ही आधुनिकता बोध के नाम पर उन्हें त्याज्य मान लिया गया।

इन परिस्थितियों में आधुनिक काल के साहित्यकारों ने मानव की प्रतिष्ठा हेतु मानवीय चेतना संबंधी चिंतन का रचनात्मक रूप साहित्य की विविध विधाओं में रखने का प्रयास किया। विभिन्न कहानी संग्रहों तथा उपन्यासों में समसामयिक युगीन परिस्थितियों एवं समस्याओं को उभारा गया तथा समाज सुधार हेतु समाधान प्रस्तुत किए। युगीन समस्याओं का मानव की संवेदना के आधार पर मानवीय मूल्य एवं चेतना ,अस्तित्व संघर्ष, प्राचीन एवं नवीन मान्यताओं का संघर्ष एवं आदर्श का प्रतिपादन देखा जा सकता है।

प्राचीन काल से मनुष्य का मन जिज्ञासु रहा हैं। मनुष्य की जीवन अनुभूतियों का व्यापक क्षेत्र होने के कारण मनुष्य की जिज्ञासा उत्तरोत्तर बढती गई । जीजीविषा होने के कारण मनुष्य ने निरंतर जीवन के नये मार्ग खोजने के प्रयास किए है, उसकी इस खोज में कला साहित्य एवं संस्कृति अधिक उपयोगी सिद्ध हुए। साहित्य में मानवीय मूल्य संबंधी चिंतन की विशाल परंपरा है। मूल्य यद्यपि दर्शन का विषय है, तथापि साहित्य की कलात्मक अभिव्यक्ति में यह सहज रूप से उपलब्ध है। साहित्य के अतिरिक्त मानवीय मूल्य संस्कृति में भी उपलब्ध होते है। साहित्य और संस्कृति दोनों में मानव के उत्थान पतन ,उपलब्धियां और परिस्थितियां सुरक्षित होती है। अतएव मानवीय मूल्य की विवेचना साहित्य में अभिव्यक्त मनुष्य के सामाजिक परिवेश के माध्यम से संपन्न होती है।

मेहरून्निसा परवेज के प्रारंभिक कहानी संग्रहों की श्रेणी में 'आदम और हव्वा', 'उसका घर' आदि आते है। इन कहानी संग्रहों में लेखिका ने मानवीय मूल्यों के आधार पर अपने समयानुसार तथा परिवेशगत कहानीयों की रचना की है।' पाश्चात्य मानवीय मूल्य चिंतन का महत्व फ्रांस की क्रांति इंगलैंड की औद्योगिक क्रांति तथा प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् मुखर हुआ है। यहां यह स्पष्ट करना उचित होगा कि मानवीय अस्तित्व के संघर्ष के परिणाम स्वरूप मानवीय मूल्य संबंधी चिंतन एवं साहित्य अस्तित्व में आया। यद्यपि भारतीय तथा पश्चिमी जीवन में मूल्य चिंतन के धार्मिक तथा मिथकीय स्त्रोत पूर्व से विद्यमान थे तथापि इनका सुव्यवस्थित अध्ययन बीसवी शताब्दी की देन है

स्त्री विमर्श – सदियों से होते रहे स्त्रियों पर शोषण व दमन के प्रति स्त्री शक्ति ने ही स्त्रियों की स्थिति पर सोचने के लिए विवश कर दिया है। स्त्रियों के आत्म-सम्मान, गौरव, समता का अधिकार आदि को दिलाने की पहल की जा रही है। यह वस्तुत: स्वाधीनता की प्राप्ति के बाद की संकल्पना है लेकिन बीसवीं शती के बाद इसे आगे बढ़ने का वातावरण मिला।

नारी को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए विमर्श की आवश्यकता पड़ी। पुरूषों का एकाधिकार तथा फरमानशाही का माहौल ही स्त्री को बाहर लाने में समर्थ हुआ। स्त्री विमर्श का अर्थ है- अपनी अस्मिता की पहचान, 'स्व' की चिंता, अपने अस्तित्व का बोध और अपना अधिकार बताने की स्वतंत्रता। यह पुरूषों की सामाजिक व्यवस्था को तोड़ने का जरिया है। 'अहं' की चिंता ही स्त्री विमर्श की शुरूआत है। जब मन पर बुद्धि हावी हो जाती है, तो परंपराओं को तोड़कर आधुनिकता को अपना लिया जाता है। तभी स्त्री

* व्याख्याता, कर्मवीर विद्यापीठ, खंडवा (म.प्र.) भारत

शक्ति आगे बढती है। वर्तमान समय में आधुनिक स्त्री के बारे में प्रभा खेतान की मान्यता है कि 'आज स्त्री ने सदियों की खामोशी तोड़ी है। उसकी नियति में बदलाव है, उसके व्यक्तिगत जीवन का उद्देश्य दर्शन, उसका मन-मिजाज सभी बदल रहा है।'

समकालीन हिन्दी साहित्य में भी स्त्री विमर्श की अपूर्व पहल नजर आती है। यह सही है कि स्त्री जीवन हिन्दी की कहानियों का केन्द्रिय विषय भी रहा है। अनेक रचनाकारों ने अपनी कहानियों में स्त्रियों के विभिन्न रूपों का वर्णन किया है। चाहे मेहरून्निसा की 'फाल्गुनी' हो, या शिवानी की 'अपराधिनी', मृणाल पांडे की 'परिधी' की नायिका, सभी में नारी ही केन्द्रिय भाव में नजर आती है। इनमें स्त्री ही लोक जीवन की कथा का केन्द्र रही या अपनी कथा व्यथा सुनाती रही। अपनी अस्मिता, आत्मचेतना एवं अस्तित्व बोध के प्रति नारी की सजगता स्वतंत्रता के बाद की कहानियों में ज्यादा स्पष्ट दिखाई दी।

समकालीन हिन्दी कहानी में नासिरा शर्मा की 'औरत के लिए औरत', ममता कालिया का 'छुटकारा', उषा प्रियवंदा का 'कितना बड़ा', मालती जोशी 'आनंदी', मेहरूनिसा परवेज 'अम्मा' आदि में स्त्री विमर्श की पहल दिखाई देती है।

नारी अपने शरीर को बहुत बार स्वेच्छा से नहीं बल्कि अधिकांशत: मजबूरन बेचती है, कभी परिवार वालो के कहने पर, नहीं तो परिवार के भरण-पोषण के लिए उसे अपनी देह को कमाई का जरिया बनना पड़ता है। लेकिन इस सच्चाई को भी वह निडरता से व्यक्त करती है तथा खुलेआम अपने काम को स्वीकार करती है। मेहरून्निसा परवेज का 'खेलावड़ी' तथा 'ओढ़ना आदि कहानियाँ इसी पर आधारित है। 'खेलावड़ी' में नारी मजबूरीवश वेश्या बनी है जबकि 'ओढ़ना' में बनाई गई है।

वर्तमान नारी आर्थिक रूप से स्वयं पूर्ण बन रही है। वह अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेती है तथा पुरूषों पर आश्रित नही है। यहां तक की बिना पत्नी बने मातृत्व स्वीकारने में भी उसे कोई झिझक नहीं है। मेहरून्निसा परवेज की कहानी 'शनाख्त' में नायिका बिना अपने पति के साथ रहे अपनी पुत्री को पालती है। वह कहती है 'पति यदि अच्छा रहे तो ठीक नहीं तो चिथड़े का गुड्डा ही अच्छा है।' शराबी पति, निकम्मा और बहशी हो तो स्त्री कब तक उसे सहन करती रहेगी'।

हमारे समाज में नारी को घर-गृहस्थी का दायित्व संभालने के लिए प्रेरित तथा प्रशिक्षित भी किया जाता है, आधुनिक काल में भी पढ़ी-लिखी नारी को भी रसोई के कौशल में परिपूर्ण बनाया जाता है। लेकिन स्त्री-विमर्श के प्रभाव स्वरूप महिला वर्ग में कुछ ऐसे पात्र दिखाई देते है। जिनमें आत्मनिर्भरता की चेतना के फलस्वरूप हर मामले में पूर्ण बनने की धारणा विकसित दिखाई देती है। 'अयोध्या से वापसी' कहानी में भी नायिका की विद्धवत्ता का शोषण किया जाता है।

निष्कर्ष- स्त्री शक्ति, स्त्री विमर्श आदि कठिन शब्दों ने जहां नारी को पुरूषों के आगे ससम्मान बिठा दिया हो पर फिर भी नारी है तो कोमलांगी, उसके मन में भी कोमल मन है, वह अपने मन में अथाह समुद्र समेटे हुए है, दुख सुख परेशानियाँ सब सहते हुए जीती है, पर आवाज उठाना नही चाहती, अपने मन के भाव व्यक्त नहीं कर पाती। अपनी भावनाएँ, कुंठा, अवसाद आदि को किससे कहे, मन ही मन कुढती है, पति का साथ, असंतुष्टि की भावना, अतृप्ति सब सहन करती है। पर अपनी बेबसी किसी से नहीं कह पाती है। अपने अस्तित्व एवं आत्मचिंतन के परिणाम स्वरूप अब स्त्री इतनी स्वतंत्र है कि वह अपने को महज बच्चा पैदा करने की मशीन नहीं मानती। संस्कारों एवं समाज की खातिर वह अपने को चारदीवारी में कैद नहीं कर सकती है। 'स्व' के प्रति कर्मठता अपने अधिकार एवं अस्तित्व की चेतना स्त्री विमर्श की मुख्य शक्ति है, जो समकालीन कहानी साहित्य में दिखाई देती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मेहरून्निसा परवेज-सोने का बेसर (कहानी संग्रह) 1991
2. मोर्चे पर स्त्री-अंजु दुआ जेमिनी, 2008
3. साठोत्तरी महिला कहानीकार - डॉ. मंजु शर्मा, 1992

****

अम्बेडकरवाद की चुनौतियाँ और समाधान

डॉ. बिन्दु परस्ते *

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य में दलित लेखन का प्रादुर्भाव होने के पूर्व ही मराठी में दलित साहित्य लेखन की सुदीर्घ परम्परा थी। अत: हिन्दी का दलित साहित्य मराठी के दलित साहित्य से प्रेरित रहा।

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा 03.11.1920 को सम्पादित और प्रकाशित पत्र मूलनायक से दलित साहित्य का उद्‌भव माना जा सकता है क्योंकि डॉ. अम्बेडकर ने दलित समाज में जागृति लाने हेतु सर्वप्रथम समाचार पत्र को ही अपना माध्यम बनाया था। अपने विचारों, चिन्तन और उद्देश्य की क्रियान्विति हेतु इसी पत्र का सहारा लिया लेकिन तीन वर्ष तक प्रकाशन होने के पश्चात् डॉ. अम्बेडकर के विलायत चले जाने पर यह बंद हो गया। अप्रैल 1927 में इसका नाम परिवर्तन हुआ और वही समाचार पत्र बहिष्कृत भारत के पश्चात् 'समता' नामक मासिक पत्र जून 1928 को प्रकाशित होने लगा। सन् 1953 में औरंगाबाद के श्री सुखराम हिवराले की अध्यक्षता में दलित साहित्य परिषद का अधिवेशन हुआ।

दलितों के उत्थान में महात्मा गाँधी के अमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। गाँधीजी ने दलितों की समस्याओं का गहन चिंतन मनन किया। गाँधीजी इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि दलित ईश्वर के बनाए हुए मनुष्य हैं। हम सभी मनुष्य एक समान हैं, कोई छोटा या बड़ा नहीं है। गाँधीजी ने दलितों को 'हरिजन' नाम दिया जिसका अर्थ है हरि अर्थात ईश्वर के पुत्र।

इस प्रकार दलित साहित्य विविध पड़ावों को पार कर एक साहित्यिक आंदोलन का स्वरूप ले पाया। इस दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका डॉ. अम्बेडकर की प्रेरणा से 1974 में स्थापित 'दलित पैन्थर' के दलित साहित्यकारों ने तीखे शब्दों में अपनी रचनाओं के माध्यम से ब्राह्मणवादी व्यवस्था के विरूद्ध आक्रोश व्यक्त किया। वास्तव में दलित रचनाकारों की यह मान्यता है कि दलित लेखक द्वारा रचित साहित्य ही दलित साहित्य है, उनकी संकुचित मानसिकता का प्रमाण है।

'इस दृष्टि से तुलसीदास, अमृतलाल नागर, निराला, प्रेमचन्द, महादेवी वर्मा, नागार्जुन आदि के साहित्य की उपेक्षा नहीं की जा सकती है क्योंकि साहित्य में महत्व संवेदनाओं का होता है।'

दलित साहित्य पर विचार करते समय जो अन्य प्रश्न हमारे समक्ष उठता है, वह यह है कि सवर्ण लेखकों तथा दलित लेखकों के बीच साहित्य के सौन्दर्य-शास्त्र की कसौटी को लेकर विवाद बना हुआ है। क्या दलित साहित्य परम्परागत सौन्दर्य-षास्त्र की कसौटी पर खरा उतर सकता है? यदि नहीं तो दलित साहित्य में सौन्दर्य बोध के कौन-कौन से आधार हैं? क्या इस साहित्य की कला पक्ष की दृष्टि से समीक्षा आवश्यक है? इन सभी प्रश्नों पर विचार करते समय सर्वप्रथम यह देखना आवश्यक है कि सवर्ण लेखकों व दलित लेखकों के इस सम्बंध में क्या तर्क है? सवर्ण लेखकों का मानना है कि पाठक साहित्य को साहित्य के रूप में पढ़ता है चाहे वह किसी भी वर्ग द्वारा लिखा गया हो। दलित लेखक अपने साहित्य को अपनी कथा, वेदना, प्रश्न और समस्याओं की अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में देखता है लेकिन दलित साहित्य का पाठक लेखक की पुस्तक को 'साहित्य' के रूप में ही पढ़ता है। इस कारण लेखक और पाठक के बीच होने वाली समानधर्मिता टूट जाती है।

दलित्तेतर समीक्षकों की मान्यता है कि किसी भी कलाकृति का मूल्यांकन कलावादी दृष्टि व मूल्यों के आधार पर ही होना चाहिए। दलित साहित्यकारों द्वारा अलग समीक्षाशास्त्र की रचना करने का कोई औचित्य नहीं है। उनका साहित्य यदि महान होगा तो वह किसी भी कसौटी पर खरा उतरेगा, नकारने से मूल्य नष्ट नहीं होते। मूल्य नकार दिए जाएँ तो दलित साहित्य मूल्यांकन से वंचित होगा।

सवर्ण समीक्षक यह मानते है कि दलित साहित्य का मूल्यांकन रूढ़ व परम्परागत समीक्षाशास्त्र के आधार पर होना चाहिए। साहित्य के जो चिरन्तन मूल्य हैं, वे कभी नहीं बदलते। 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' की अवधारणा ही भारतीय साहित्य का आधार हैं।

इसके विपरित दलित साहित्यकारों की मान्यता है कि कला नामक संकल्पना अस्थिर और परिवर्तनशील होती है। बदलती संस्कृति के साथ साहित्य भी बदलता है। यदि ये कसौटियाँ बदलती नहीं है तो साहित्य और समीक्षा का सम्बंध टूट जाएगा। साहित्य की भाँति समीक्षा का स्वरूप भी बदलता रहा है।

दलित साहित्य का मंतव्य ही मानवता, समता, न्याय तथा स्वतंत्रता की स्थापना है। अत: इस साहित्य में कला मूल्य की तुलना में सामाजिक मूल्यों पर बल दिया गया। इस संदर्भ में दामोदर मोरे ने लिखा है – 'दलित सौन्दर्यबोध पूर्णता के साथ मनुष्य के निजत्व को पालने वाली अदम्य आकांक्षाओं को निरंतर बलवान करता है। वस्तुत: यह सौन्दर्यबोध संघर्ष का है, तो मनुष्य को दासवृत्ति, जड़ता, छुआछुत, ऊँचनीच, शोषण, उत्पीड़न आदि से जूझने की षक्ति प्रदान करता है।'

इसी तारतम्य में शरण कुमार लिंबाले कहते हैं – 'आनंद और सौन्दर्य के लिए दुनिया में कभी कोई क्रांति नहीं हुई। समता, स्वतंत्रता और न्याय को स्वीकार करने वाला साहित्य क्रांतिकारी होता है और वह मनुष्य और समाज को केन्द्र बिन्दु मानता है। स्वतंत्रता की भावना साहित्य का प्राण तत्व तो है ही उसमें सौन्दर्य तत्व के रूप में भी है। दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र (1) कलाकारों की सामाजिक प्रतिबद्धता (2) कलाकृति में जीवन मूल्य (3) पाठकों के मन में जाग्रत होने वाली समता, स्वतंत्रता, न्याय और भ्रातृभाव की चेतना मूल तत्वों पर टिका रहने वाला है।

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

उपर्युक्त विवेचनोपरांत स्पष्ट है कि सवर्ण समीक्षकों और दलित लेखकों को दलित साहित्य के सौन्दर्यशास्त्र के विवाद को आगे न बढ़ाकर परस्पर सौहार्द का मध्यम मार्ग अपनाना चाहिए। दलित वर्गों द्वारा रचित साहित्य परम्परागत सौन्दर्यशास्त्र द्वारा निर्धारित कलात्मक मूल्यों की कसौटी पर खरा नहीं उतर सकता क्योंकि सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक दृष्टि से शोषित वर्ग जो कटु यथार्थ का सामना आजीवन करता रहा है। उसके द्वारा अनुभूत कटु सत्य की अभिव्यक्ति तो हो सकती है जिसके कारण उनकी भाषा में विद्रोह और नकार का भाव प्रभावी है परन्तु उनसे उस सूक्ष्म व काल्पनिक तथा परिष्कृत भाषा की अपेक्षा नहीं की जा सकती है, जो प्राय: रंजनवादी सवर्ण साहित्य में दिखाई देती है। फिर भी इस वर्ग को अपने साहित्य को और बेहतर बनाने, अपनी भाषा को संयत व प्रभावी बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है। सवर्ण समीक्षकों को भी सौन्दर्य बोध की पृष्ठभूमि को देखते हुए दलित साहित्य की अनुभूति तीव्रता को देखते हुए उसमें सौन्दर्य को खोजने की दृष्टि लानी होगी।

आज हम सतह पर विचरण कर रहे हैं। इसकी मुख्य पृष्ठभूमि डॉ. अम्बेडकर ने बहुत पहले तैयार कर दी थी। डॉ. अम्बेडकर जिन्होंने दलित उत्थान में अपना जीवन समपर्ण कर दिया। उन्होंने ही हमें सिखाया कि समाज में आने वाली समस्याओं और उनसे जूझने की ताकत हम कैसे कर सकते हैं। अपनी सोई हुई शक्तियों को जाग्रत कर समाज में अपना स्थान कैसे बना सकते हैं। डॉ. अम्बेडकर के अमूल्य योगदान के लिए भारत देश उनका हृदय से ऋणी रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सामाजिक संचेतना और नासिका शर्मा वैश्वीकरण, स्त्री विमर्श, दलित चेतना - डॉ. (श्रीमती) मनीषा शर्मा।
2. दलित साहित्य आंदोलन - डॉ. चन्द्रकुमार वरठे।
3. दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र - डॉ. शरणकुमार तिम्बाले।
4. दलित चेतना - प्रणव बंधोपाध्याय।

****

हिन्दी एकांकी में आर्थिक जीवन की अभिव्यक्ति

डॉ. मनीषा सिंह मरकाम *

प्रस्तावना – वर्तमान आधुनिक समाज में एक बहुत बड़ा परिवर्तन लाने के लिए एकांकियों का विशेष महत्व है। इसके माध्यम से हम समाज में व्याप्त समस्याओं को विस्तारपूर्वक अध्ययन कर सकते हैं और उन समस्याओं को समाज के सम्मुख भी रख सकते हैं। समाज पर वर्तमान भविष्य पर किसी भी प्रकार से हो रहे अत्याचार अपनी रचनात्मकता के आधार पर दिखाकर हम अपने समाज के खोखलेपन उनके दोषों को बताकर अन्याय की संभावना होने पर उसे रोककर तत्कालीन राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक पक्ष को नई दिशा और आयाम दे सकते हैं। हमारे समाज में यूँ तो कई समस्याएँ हैं किन्तु यदि हम हमारी एकांकियों में निम्न वर्ग के लोगों की आर्थिक स्थिति पर बात करें तो उन लोगों का जीवन अत्यंत ही दुरूह है, सबसे पहले पिछड़ेपन का कारण उस वर्ग के लोगों में अशिक्षा का होना। अशिक्षा उनकी भूख, गरीबी, रहन–सहन के तरीकों को कई तरह से प्रभावित करती हैं। उनमें घुटन, संत्रास, मानसिक विकृतियों का बोलबाला है। निम्न वर्ग के लोगों का हर तरह से शोषण करने की प्रवृत्ति प्रबल थी। समाज दो वर्गों में बँटा था दास और स्वामी दास या गुलाम परिस्थितिवश आजन्म अपने स्वामियों का काम करते थे। आजकल समानता के प्रयास कि जा रहे हैं। पूँजीवादी परम्परा को समाप्त करने के उपाय सुझाए जा रहे हैं। एकांकियों के द्वारा समाज में एक ऐसी व्यवस्था को स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें कोई ऊँच–नीच, धनी–निर्धन, लिंगभेद नहीं हो, परन्तु यह विचार निस्संदेह काल्पनिक और अव्यवहारिक भी प्रतीत होते हैं। क्योंकि निम्न वर्ग के लोगों की आर्थिक एवं अन्य सभी प्रकार से दुर्दशा ही दुर्दशा है। वे बेहद लाचारी का जीवन जीने को आज भी विवश हैं। उच्च वर्ग उनके साथ सदाचार से पेश आए यह तो एक स्वप्न की भाँति लगता है। उनकी लाचारी के कई दृश्य लक्ष्मीनारायण लाल ने अपनी एकांकी 'औलादी का बेटा' में बताए हैं – दसिया एक भंगिन है। भीखी उसका बेटा है और क्याँरी उसकी बेटी। घर के सब लोग गाँव की सड़कों पर झाड़ना, नालियों को साफ करना आदि काम करते हैं। उन्हें कभी पेट भर खाना नहीं मिलता। घर में क्वारी बेटी है लेकिन बिना पैसे से उसका विवाह कैसे हो? इसलिए विवश होकर दसिया ऐसी जगह उसका रिश्ता पक्का कर देती है। जिसमें अदला–बदला है। अपनी बेटी उनके घर और उनकी बेटी अपने घर। रिश्ता पक्का करने जब मेहमान आते हैं, मेहमान दो दिन रूकते हैं, उन दो दिनों में उन पर मुसीबतों का पहाड़ टूट जाता है। मेहमानों को भोजन कहीं से मांग कर खिलाया जाता है। उन दिनों दसिया, भीखी और हिरिया तीनों को भूखा रहना पड़ता है। मेहमान की खातिरदारी में दसिया काम पर नहीं जाती, जमादार खूब गालियाँ देता है। जवान बेटे को मेहमानों के सामने जूते से मारता है। नौकरी से निकाल देने की धमकी देता है, परन्तु वे तो सदा से ही अपमानित, प्रताड़ित हैं। वे क्या कर सकते हैं? नौकरी चली जाने पर वे क्या खाएँगे। मेहमानों के सामने और अधिक बेइज्जती नहीं हो इसलिए दसिया और भीखी को ही जमादार के चरणों में झुक कर माफी माँगनी पड़ती है।

सुबह से शाम तन तोड़कर मेहनत करने पर भी उन्हें दो जून की रोटी और मनुष्यों का सम्मान नहीं मिलता। वह सिर्फ दिखने में जानवरी नहीं हैं इसलिए उसे सिर्फ मानव मान लिया गया है पर मानवोचित्त कोई भी एक अमीर, जमींदार, व्यापारी उस गरीब व्यक्ति के साथ नहीं करता। इसलिए उसका मन सदैव नैराष्यता से परिपूर्ण रहता है। मध्यमवर्गीय परिवारों की स्थिति भी कुछ अच्छी नहीं है। वे भी अधिकारियों एवं शोषकों द्वारा शोषित हैं। वे लोग भी अधिक कठिनाईयों का सामना करते–करते त्रस्त होकर आत्मबलिदान की स्थति को प्राप्त करते हैं। रामचन्द्र महेन्द्र द्वारा रचित 'कलम का एक मजदूर' एकांकी के माध्यम से वह सुनहरीलाल बाबू जैसे कई पीड़ितों की कहानी को बयाँ करते हैं।

सुनहरीलाल बीमार हैं और बीमारी की अवस्था में भी वह दफ्तर जाते रहते हैं परन्तु उनका बुखार बढ़ता ही चला जाता है और उन्हें लम्बे अरसे की छुट्टी लेने को मजबूर होना पड़ता है। अब उनके घर की स्थिति बड़ी विचित्र बन जाती है। सुनहरीलाल की पत्नी अपनी बेटी को रामरतन के यहाँ से चार आने लाने को कहती है। रामरतन की पत्नी कहती है – 'रोज–रोज पैसे मांगने आ जाती है। आप बीमार हैं तो हम क्या करें? यहाँ क्या कुएँ खुदे हैं या तुम्हारा कर्ज है जो उमर भर देते रहेंगे। आज तो दिए देती हूँ, आगे मत आना।' इन पंक्तियों से हमें यह सबक मिलता है कि अच्छे दिन में भी साथ देते हैं और बुरे दिन में सभी साथ छोड़ देते हैं। यह एकांकी हमें बतलाती है कि यदि एक नौकरी पेशा आदमी अपनी नौकरी से मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाता है तो फिर उससे त्याग, तपस्या, सच्चाई ईमानदारी की कल्पना करना व्यर्थ है। अपने सहयोगी साथियों, अधिकारियों की स्वार्थ सिद्धी से भी बेचारा शोषक निराश हो जाता है। अंततः सुनहरीलाल का हार्ट फेल हो जाता है, फिर भी मैनेजर अविश्वास व्यक्त करते हुए कहता है – 'हार्ट फेल हो गया। बहाना तो नहीं कर रहा है।' फिर कहता है – 'बैंक का फर्ज यह नहीं कि क्लर्क के मुर्दे जलाने का इंतजाम करे। यह नहीं हो सकता। इनके घर वालों को खबर दो कि मुर्दा उठा ले जाएँ।'

मध्यमवर्गीय परिवार में कोई सुखी नहीं है। धनवानों के जीवन में पैसों का बड़ा महत्व है। उनका मानना है कि रूपयों के बल पर दुनिया की हर चीज खरीदी जा सकती है। वे अपने द्वारा किए गए बुरे कार्यों को भी धन से धोना चाहते हैं। वह अपने धन के बल पर किसी के जीवन से खिलवाड़ भी कर सकते हैं, वे प्रेम की अपेक्षा पैसे को अधिक महत्व देकर प्रेम को खरीदने की कोशिश करते हैं, पैसों के घमंड में चूर–चूर होकर धनी लोग किसी को कुछ

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

भी नहीं समझते। विनोद रस्तोगी की एकांकी 'प्यार और पैसा' में कामना अपने प्रेमी की अवहेलना करती है – 'क्या तुम समझते थे कि तुम्हारे साथ नंगी–भूखी रहने के लिए शादी कर लूँगी? मेरी अपनी इच्छाएँ, अपने सपने हैं जो उन्हें पूरा कर सकेगा मैं उसी से शादी करूँगी।' इस एकांकी में लेखक के द्वारा यह दर्शाया गया है कि अमीरों में पैसों की चाह आत्मीयता और सहानुभूति को समाप्त कर देती है। अमीर और अमीर होता जा रहा है और गरीब और गरीब होता जा रहा है, जिससे शोषक–शोषित की समस्या और अधिक गम्भीर होती चली जा रही है। यह समस्या तब तक बरकरार रहेगी जब तक सामाजिक मूल्यों में भिन्नता सामाजिक अयोग्यता, राजनीतिक पक्षपात जैसी परिस्थितियाँ होगी, परन्तु वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह विचार योग्य प्रश्न है कि आर्थिक संरचना ही इस तरह के संघर्ष का मुख्य बिन्दु है, मानव मात्र समान है, हमें इस बात की ओर ज्यादा फोकस करना चाहिए। कुछेक परिस्थितियों को छोड़ दिया जाए तो हमारा समाज अब बदल रहा है, जब हमारे यहाँ जमींदारी प्रथा थी तब किसान और मजदूर वर्ग जमींदारों के अत्याचारों को सहन करते हुए अपना जीवन यापन करता था, किन्तु अब षोषित वर्ग भी चेतना सम्पन्न हो गया है, वे संगठित होकर मुकाबला करने को तैयार हो गये हैं।

मानवी जीवन में कुछ एकसी प्रवृत्तियाँ है. जो निम्न, मध्य या उच्च वर्ग की धरोहर नहीं हैं। अर्थ लोलुपता, काम भावना, रिश्वतखोरी, दया, घृणा, धन जमा यह सभी स्तर के लोगों में समान रूप से पाई जाती है। इस तरह से हमारे समाज में जीवन के आर्थिक पक्ष का दायरा बहुत विस्तृत है, हम जिन जीवन मूल्यों पर बल देते हैं, वे दृढ़ से दृढ़तर होने चाहिए। हमें अपने जीवन से विघटनात्मक मूल्यों को हटाकर नीति धैर्य की रक्षा कर तनाव कम करना चाहिए। मानव मन में जब अज्ञानता और अशिक्षा का शिकार होता है, तब असत्य को ही सत्य मान बैठता है। संसार में किसी भी अर्थ की स्थिति और सत्ता एक सी नहीं रहती। बदलती हुई सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थिति के कारण अर्थ का स्वरूप बदलता चला जा रहा है। समय के अनुसार अर्थ के स्वरूप को बदलना ही चाहिए। दुनिया उलझनों से भरी हुई है। पैसा रात–दिन मनुष्यों की नई–नई उलझनों को सुलझाने का काम करता रहता है। सुशिक्षितों और बेकारी का प्रश्न आए दिन गम्भीर होता जा रहा है। जिसका मुख्य कारण जनसंख्या में वृद्धि, अपूर्ण औद्योगिक विकास, दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली विश्वविद्यालयों की भरमार आदि अनेक ऐसे कारण हैं, जो समाज को पूर्ण विकसित नहीं होने दे रहे हैं। सभी एकांकीकारों ने कुमार्ग पर चलने वाले व्यक्तियों के जीवन में ठहराव लाने का प्रयास किया है। हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह् ही लगाया है बल्कि उसमें नैतिक दृष्टि से परिवर्तन करने का मार्ग भी सुझाया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. लक्ष्मीनारायण लाल – 'औलादी का बेटा' एकांकी।
2. रामचन्द्र महेन्द्र – 'कलम का एक मजदूर'।
3. विनोद रस्तोगी – 'प्यार और पैसा'।
4. राजेन्द्रकुमार शर्मा – 'कालिख और लाली'।

****

सितार वादन पर तराना शैली का प्रभाव

डॉ. अंकित भट्ट *

प्रस्तावना – गायन और वादन में पारस्परिक सम्बन्ध तराना गायकी में उपलब्ध होता है। सितार वादन में गायकी अंग की शैली से तात्पर्य उस वादन शैली से है, जिसमें गायन शैली की बंदिशें सितार पर बजाई जाती हैं। गायन शैली की बंदिशों से तात्पर्य ध्रुवपद, ख्याल, तराना, ठुमरी, टप्पा आदि से है। इस शोध पत्र में सितार वादन पर तराना शैली के प्रभाव को विस्तारपूर्वक वर्णित किया गया है।

तराना भी ख्याल के प्रकार की ही एक गायकी है। इसमें गीत के बोल ऐसे होते हैं, जिनका कोई अर्थ नहीं होता, जैसे – ता ना दा रे, तदारे, ओदानी, दीम, तनोम इत्यादि।

तराने के दो भाग होते हैं – स्थायी व अंतरा। तानों का इसमें खूब प्रयोग होता है। तराना में राग, ताल, लय का आनन्द है। इसमें शब्दों की ओर कोई ध्यान नहीं देता।[1]

तराने में निरर्थक पदों का (शब्दों) का यद्यपि कोई बुद्धिगम्य नियत अर्थ नहीं होता, फिर भी संगीत में उनकी विशेष ध्वनि व छन्द संयोजन मन को प्रभावित करने में सक्षम होती हे, जैसे– तोम् ताना नोम् आदि शब्दों से युक्त रागालाप या तराना इत्यादि।[2]

कुछ विद्धान तरानों के बोलों को निरर्थक नहीं मानते उनकी धारणा है कि तराना के शब्द या बोल फारसी के सार्थक शब्दों जैसे 'ओदानी' का अर्थ वह जानता है, 'त दानी' का तुम जानते हो तथा परमात्मा के लिए पर्यायवाची शब्दों जैसे अली, अला, अलहिला, लिल्ला, अललूम आदि द्वारा रचित तथा अर्थपूर्ण होते हैं।[3]

बहुत से नए एवं पुराने उस्तादों ने तरानों की रचना में योगदान किया। सेनिया घराने के बहादुर हुसैन खाँ (प्यार खाँ के भान्जे व दत्तक पुत्र) ने सैंकड़ों तरानों व सरगमों की रचना की। उ. अब्दुल करीम खाँ, उ. फैयाज खाँ, मुश्ताक हुसैन, कृष्णराव शंकर पंडित, उस्ताद आमिर खाँ आदि ने तराना गायकी को विशेष दिशा दी तथा वर्तमान काल में तराने को काफी तेज़ लय में गाने की एक शैली प्रचलित हुई है।[4]

डॉ.शंकरलाल मिश्रा ने एक साक्षात्कार में कहा कि गायन और वादन में पारस्परिक सम्बन्ध तराना गायकी में उपलब्ध है। कई तरानों पर आधारित गत की रचना की गई है और कई गतों पर आधारित तरानों की रचना की गई है। तराने के विषय में मैं यह बताना चाहूँगा कि इसके बोलों को लोग अर्थहीन मानते हैं किन्तु कुछ मुसलमान गायक इसके बोलों का संबंध फ़ारसी और अरबी भाषा से जोड़ते हैं। मैंने संस्कृत के अमर कोष में काफी समय लगाने के बाद प्रचलित तरानों के बोलों का सम्बन्ध संस्कृत भाषा से पाया। प्रचलित तराने के बोलों को संस्कृत के शब्दों को जोड़कर अर्थ सहित तरानों की रचना मैंने की है।[5]

कहा जाता है कि सितार वादन की रज़ाखानी गत का प्रचलन तरानों से ही हुआ। वाद्ययंत्र संगीत में जिस प्रकार भाषा के बदले बोलों के माध्यम से स्वर सुललित छंदो में ध्वनित होते हैं, कण्ठ में भी इन बोलों के समान तराना की वाणी का व्यवहार होता है।

तरानों के आधार पर ही वाद्ययंत्र संगीत में रजाखानी गत की सृष्टि हुई।[6] गुलाम रज़ा नामक एक अच्छे सितार वादक लखनऊ में 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में थे। इन्होंने बंदिशों की ठुमरी तथा तराने के आधार पर मध्य तथा द्रुत लय की गतें निर्मित की जो बड़ी आकर्षक थीं।[7]

गायन की अन्य शैलियों पर आधारित अन्य गतों की ही तरह गायकी की एक प्रमुख शैली तराने पर आधारित करके भी सितार की कई बंदिशों का निर्माण किया गया है। इन बंदिशों में मिजराब के बोलों द्वारा तराने के शब्दों का आभास कराया जाता है। तराना शैली पर आधारित बंदिशों में मिजराब की प्रधानता नहीं होती है बल्कि इस बात पर अधिक ध्यान दिया जाता है कि उस तराने के शब्द स्पष्टत: सितार पर उच्चारित हो सकें जिस पर कि वह बंदिश आधारित है। द्रुत लय का तराना तंत्र वादकों की द्रुत गत से निकट संबंधित है। इसमें लयकारियों व तिहाइयों आदि का प्रयोग होता है तथा मिजराब के बोलों की तरह झड़ी बांध दी जाती है। विभिन्न सितार वादकों ने तराना शैली पर आधारित अनेक बंदिशों की रचना की है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सितार वादन पर तराना गायन शैली का भी बहुत प्रभाव रहा है। विख्यात सितार वादक पंडित रविशंकर ने तो अपने गुरु बाबा अलाउद्दीन खान साहब के वादन शैली में गायन की सभी विधाओं के प्रयोग का उल्लेख इस प्रकार किया है 'Musician who follow Baba's example may now choose from a great many vocal and instrumental style-alap, dhrupad, dhamar, khayal, tarana, tappa, thumri and synthesize creating a whole new concept of interpretation and performance.'[8]

पद्म भूषण श्री देबू चौधरी के अनुसार नाद का उच्चारण सबसे पहले हुआ, भाषा बाद में आई। चाहे सितारियों ने तराना बनाया हो या तराने के बाद सितार की गत बनी हो। हमें दोनों ही मान लेना चाहिए। ग्वालियर घराने के जो तराने होते हैं, वह तंत्रकारी अंग के तराने होते हैं। कुछ तराने साज की बन्दिश पर बने और कुछ तरानों पर साज की बन्दिशें बनीं।[9]

तराना शैली की गतों को सितार वादकों ने अपनाकर तथा इस शैली पर आधारित नवीन बंदिशों की रचना करके सितार वादकों ने अपनी वादन शैली को और भी कलात्मक रूप प्रदान किया। भिन्न–भिन्न सितार वादकों ने ख्याल, ठुमरी, टप्पा व तराना आदि पर आधारित बंदिशों का अपनी रुचि अनुसार वादन किया। उनके वादन में जिस अंग की प्रमुखता रहती है, उन्हें

* सहायक प्राध्यापक, वनस्थली विद्यापीठ, निवाई टोंक (राज.) भारत

उसी शैली का वादक कहा जाता है। वर्तमान कालीन प्राय: सभी तंत्रकारी अंग के सितार वादक अपनी वादन शैली में गायकी अंग का समावेश मानते हैं।

प्रस्तुत है मिज़राब के बोलों के विवरण के साथ उपर्युक्त तराने की स्वरलिपि –

राग बिहाग 'द्रुतलय गत' ताल तीन ताल[10] (देखे)

गत समीक्षा–उपर्युक्त बंदिश राग बिहाग के तराने पर आधारित है, जिसे उस्ताद इनायत खाँ साहब ने सितार पर बजाया है। सम्पूर्ण गत में ष्दारा दारा बोल की प्रधानता दृष्टिगोचर होती है तथा गत का चलन भी सीधा व सरल है।

निष्कषर्त: तराना भी ख्याल के प्रकार की एक गायकी है। इसमें गीत के बोल ऐसे होते हैं जिनका कोई अर्थ नहीं होता, जैसे – ता ना दा रे, तदारे, ओदानी, दीम, तनोम इत्यादि। कुछ लोग अमीर खुसरो को तराना गायकी का जन्मदाता कहते हैं, तो कुछ लोग संस्कृत के आधार पर तरानों की उत्पत्ति बताते हैं। एक अन्य मतानुसार तराने की उत्पत्ति ध्रुपद गायन शैली से तथा सितार–सरोद जैसे तंत्रवाद्यों के बोलों से हुई है।

द्रुत तराना, तन्त्रवादकों की द्रुत गत से निकट से सम्बन्धित है। तीनताल में द्रुत गतों की तरह ही इसमें लयकारियों, तिहाइयों आदि का प्रयोग होता है तथा मिज़राब के बोलों की तरह झड़ी बाँध दी जाती है। कुछ गायक मध्य लय अथवा द्रुत लय में ख़याल गायन की तरह इसका विस्तार करते हैं।

तरानों की बंदिशों में ज़्यादातर गायकों और वादकों ने बंदिशों के अंतर्गत मूल स्वरावली वही रखी ,परंतु सितार के बोल युक्त करने हेतु कुछ परिवर्तन करने पड़े। प्रस्तुत है उस्ताद शाहिद परवेज़ द्वारा बजाया हुआ राग दरबारी का यह अति लोकप्रिय तराना।

राग दरबारी – ताल –एकताल (देखे आगे पृष्ठ पर)

उस्ताद शाहिद परवेज़ जी ने इस तराने को उस्ताद अमीर खाँ के गायन के आधार पर बजाया है, जो कि वर्णित स्वरलिपि से थोड़ा हटकर है। उस्ताद शाहिद परवेज़ जी ने यह उस्ताद अमीर खाँ की गायकी के आधार पर ही पूर्णत: बजाया है न कि स्वरलिपि के आधार पर।

इस तराने की दूसरी पंक्ति यानि 'माँझा' में उस्ताद शाहिद परवेज ने अपने तरीके से बजाया है। स्थाई में दूसरे पर ख़ाली पर के ध परदे से ध्र सा ऩी रे सा ऩी सा मींड़ एक ही परदे से ली है। यह तीन मात्रा की मींड़ है, जो बहुत सुंदर एवं कठिन तरीके से ली गई है; जो सितार पर गायन का प्रभाव उत्पन्न करती है।

केवल तराना गायन ही तन्त्रवादन से प्रभावित नहीं है, जिस प्रकार द्रुत ख़याल और ठुमरी पर आधारित गतों का वादन होता है, उसी प्रकार तराना की बन्दिशों पर आधारित द्रुत गतों को बजाया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गर्ग ,एल.एन. – संगीत विशारद – पृष्ठ सं. 147
2. शुक्ल , डॉ. शत्रुधन – ठुमरी की उत्पत्ति, विकास और शैलियाँ – पृष्ठ सं. 295
3. मिश्रा , अरूण – भारतीय कंठ संगीत और वाद्य संगीत – पृष्ठ सं. 106
4. जैन , डॉ. वीणा कुमारी – सैनिया घराने की शैली एवं परंपरा; शेध प्रबंध – पृष्ठ सं. 301
5. मिश्रा , अरूण – डॉ. शंकरलाल मिश्र जी से साक्षात्कार – भारतीय कंठ संगीत और वाद्य संगीत – पृष्ठ सं. 285
6. चौधरी , विमल कांत राय – भारतीय संगीत कोष – पृष्ठ सं. 66
7. वर्मा , डॉ. गौरी – तंत्री वाद्य सितार एवं वादनीय बंदिशें – पृष्ठ सं. 78
8. रॉय , डॉ. एस. सुदीप – जहाँ–ए–सितार – पृष्ठ सं. 88
9. मिश्रा , अरूण – भारतीय कंठ संगीत और वाद्य संगीत – पृष्ठ सं. 268
10. रॉय , डॉ. एस. सुदीप – जहाँ–ए–सितार – पृष्ठ सं. 88

राग बिहाग 'द्रुतलय गत' ताल तीन ताल[10]

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
स्थाई								सा	मम	गग	म	प	प	नी	सां
								दा	दिर	दिर	दा	दा	रा	दा	रा
नी	–	ध	प	ग	म	ग	सा								
दा	–	दा	रा	दा	रा	दा	रा								
								ऩी	प़	ऩी	सा	ग	म	प	नी
								दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	रा
सां	रें	संनी	धप	ग	म	ग	सा								
दा	रा	दिर	दिर	दा	रा	दा	रा								
अंतरा								ग	गग	ग	म	प	प	नी	सां
								दा	दिर	दा	रा	दा	रा	दा	रा
सां	नी	प	नी	सां	नी	सां	सां	प	नी	सां	गं	गं	रे	सां	नी
दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	रा
सां	नी	ध	प	ग	म	ग	सा								
दा	रा	दा	रा	दा	रा	दा	रा								
ग				2				0				3			

राग दरबारी – ताल –एकताल

स्थाई

रे	–	रे	रे	–	सा	धसा	नी	रेसा	ध	–	नि
दा	ऽ	रा	दा	ऽ	रा	दाऽ	ऽ	ऽऽ	दा	ऽ	रा
अंतरा										म	म
										दा	रा
प	–	प	ध	नी	प	सां	–	सां	–		
दा	ऽ	रा	दा	रा	दा	दा	ऽ	रा	ऽ		
										प	प
										दि	र
पनी	सारें	रें	रें	–	सां	ध	नि	प	–		
दिर	दिर	दा	रा	ऽ	दा	दा	रा	दा	ऽ		
										प	प
										दि	र
गं	गं	मं	रें	सां	–	ध	नी	प	–	पम	प
दा	रा	दा	रा	दा	ऽ	दा	रा	दा	ऽ	दिर	दा
पं	सां	सां	म	प	नी	ग	म	रेसा	ध	–	नी
दा	ऽ	रा	दा	रा	दा	दा	र	दिर	दा	ऽ	र
ग		0		2		0		3		4	

****

सांची स्तूप में अंकित नारीयाँ

सोनाली टोके * डॉ. अल्पना उपाध्याय **

प्रस्तावना – सांची मध्य भारत में लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है। यहां कई बौद्ध स्मारक है, जो तीसरी शताब्दी ई.पू. से बारहवीं शताब्दी के बीच के काल के है। सांची में रायसेन जिले की एक नगर पंचायत है। यही एक महान स्तूप स्थित है। लगभग ढाई सौ फीट ऊंची पहाड़ी पर तीन स्तूप है। इनमें से जो सबसे बडा अंडाकार स्तूप है। उसके तोरणों के शिल्प के कारण ही सांची को विश्वव्यापी ख्याति प्राप्त हुई है। प्रकृति देवी की गोद में सांची की श्री देखते ही बनती है। वर्षा में पहाडियां निखर जाती है। तब खिरनी के धुले हुए पत्तों की हरीतिमा भी मन को मोह लेती है। सांची में तीन स्तूप है, जिस स्तूप पर यह शिल्प–कृतियां आंकी गई है। वह मौर्य काल का है।[1]

सांची के तोरण क्रम से तैयार हुए थे। दक्षिण, उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम तोरण क्रमश: निर्मित हुए। तोरण के कारण सांची की बनावट अत्यंत सौन्दर्मय हो जाती है।[2] चारों तोरण द्वार अलंकरण में लगभग एक से हैं। लगता हैं कि इनका निर्माण काष्ठकारों ने किया था। इनके बीच में चौकोर शीर्षक तथा तीन छोटे स्तम्भ हैं। शीर्षकों के ऊपर पीठ से पीठ सटायें सिंहों का अग्रभाग एवं खड़े हुए हाथी या बौने बैठे दिखाए गए हैं। नीचे के सिरदल के सिरों को संभालती हुई वृक्षिकाएं, वृक्षदेवता, शाल, भंजिमाएं या पक्षियां खड़ी हैं। ऊपर की वृक्षिकाएं आकार में छोटी हैं। अन्य खाली स्थानों में अश्वारोही या गजारोही विद्यमान हैं। तोरणों को प्राचीन साहित्य में धनुषाकार और विचित्र लता–पत्रों से अलंकृत बताया गया हैं।[3]

सांची के प्रभविष्णु स्तूप और महान वेदिका युक्त तोरण द्वार, किन्तु सुन्दर गढ़ी हुई मूर्तियां भी उत्कीर्ण की गई। एक ओर वास्तु शास्त्र के नए विधान स्थिर किए गए, दूसरी ओर मूर्ति शिल्प में लालित्य और रूप विधान का भी विकास हुआ। जिसके फलस्वरूप यक्षी, सुदर्शन यक्षी जैसी सुन्दर स्त्री मूर्तियों की रचना की गई है, अनेक प्रकार के आभूषणों ओर वस्त्रों द्वारा सौन्दर्य विधान का बहुत अच्छा विकास मिलता है। इसी के साथ साथ शुंग कालीन कला में रसतत्व और आनन्द को भी विशेष स्थान दिया गया। स्त्री के मुखों पर प्रफुल्लता से भरा हुआ दिव्य आनन्द छलकता हुआ दिखाई देता है। कला में इस प्रकार का हंसतामुखी सौन्दर्य एवं मग्नानन्दी अंकन तभी होता है जब कलाकार शिल्पी हंसते–खेलते लोक जीवन के साथ तन्मय हो गया हो।[4]

यहां बुद्ध के जन्म का प्रतीकात्मक अंकन मायादेवी को स्वप्न में स्वर्ग से आकर एक श्वेत गज को गर्भ में प्रवेश करते हुए दर्शाया गया हैं। सांची की वेदिका पर गजलक्ष्मी का अंकन भी विशेष लोकप्रिय प्रतीत होता है जिसमें कमल पुष्प पर लक्ष्मी वस्त्राभूषण धारण किए हुए खड़ी हैं तथा दो हाथी उन्हें घड़े से उड़ेलकर स्नान कराते हुए अत्यन्त कलात्मक ढंग से प्रदर्शित किए गए हैं।[5] नायिका के अलंकारों को भी अनुभावों में सम्मिलित कर लिया गया है। नायिका की शारीरिक चेष्टाओं में तो भाव की प्रेरणा स्वीकार की जा सकती है। किन्तु भावना से असम्बद्ध सामान्य अलंकारों को भी अनुभावों में स्थान देना उचित नहीं कहा जा सकता।नायिका के अलंकारों को भी अनुभावों में सम्मिलित कर लिया गया है। नायिका की शारीरिक चेष्टाओं में तो भाव की प्रेरणा स्वीकार की जा सकती है। किन्तु भावना से असम्बद्ध सामान्य अलंकारों को भी अनुभावों में स्थान देना उचित नहीं कहा जा सकता।[6]

सांची स्तूप में शालभंजिका, सुर–सुन्दरी, नायिका, अप्सराओं की प्रतिमाएं वस्त्राभूषणों से अलंकृत उन्नत वक्ष, क्षीण कटि बड़े नितम्ब, और दीर्घ जंघा के माध्यम में, क्षेत्रीय रमणीय सौन्दर्य की कमनीय छवि के लिए हुए है। सांची स्तूप जिन यक्षिणी की आकृतिया खुदी है, उनके नितम्ब तथा वक्षस्थल स्थूल तथा भार सहित दिख पड़ते है। कला की सुन्दरता के अन्य नमूने अप्सराओं के अंग प्रत्यंग के विन्यास से उपलब्ध होते हैं। सांची स्तूप पर खुदी यक्षिणी स्वस्थ तथा मांसपेशियों सहित प्रदर्शित है। उन्हें वृक्ष के सहारे खड़ा रहना सुन्दरता का साधन समझते थे। इसलिए वृक्षिका (शालभंजिका) पत्र तथा शुंगकालीन कला में प्रदर्शित की गई थी।[7]

तारा मूर्ति द्विरथ चौकी के कमल पर खड़ी हैं। बाएं हाथ के कमल की नाल बाई और रखें कमल से निकलती हैं। यहां पट्ट दो भागों में विभाजित हैं। इसके आभूषणों में हीरकहार, मेखला, कड़े, पायल और कंकण उल्लेखनीय है। त्रिभंग में खड़ी यह मूर्ति कला का सुंदर उदाहरण हैं।[8]

स्त्रियों की सुन्दर मूर्तियां गढ़ने में उन्होंने विशेष रुचि दिखाई, जैसा वेदिका स्तम्भों से प्रकट है। उनके रुप और आकृतियों में बहुत लालित्य है और आभूषण एवं वस्त्रों का भी न्यूनतम प्रयोग किया गया है। वेदिका स्तम्भें की शालभंजिकाऐं उद्यान क्रीड़ा और सलिल क्रीड़ा की विविध मुद्राओं में दिखाई गई है। इन दृश्यों में सामाजिक संस्कृति का स्कुट अंकन है। स्त्री मूर्तियां पृष्ठभूमि से उर्ध्व निर्गम के साथ खम्भों पर गढ़–गढ़कर काढ़ी गई है।[9]

सांची की कृतियों में यक्षिणी के जिस सौन्दर्य का वर्णन मिलता है। कलाकारों ने तदनुरुप आकृति देने की भरपूर चेष्टा की।[10] इस आकर्षण से यौन–भावना ही नहीं अन्य अनेक भावावेग आविर्भूत होते हैं, जो एक दूसरे का समन्वय करते हुए अथवा संयुक्त होते हुए अत्यन्त मनोहारी प्रतीत होते हैं। यहीं कारण है कि संसार के सब सौन्दर्य श्रृंगार में सन्निहित हो जाते है।[11]

सांची शिल्पी भंगिमाओं द्वारा दृश्य में मोहकता ले आता हैं रस सृजन

* शोधार्थी (चित्रकला) माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** गाइड (चित्रकला) माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

के लिए जिन तत्वों का समावेश आवश्यक हैं, शिल्पकार उन सब को दृश्यों में ले आने की चेष्टा करता हुआ दिखाई देता हैं।[12]

संदर्भ ग्रंथ सुची :-

1. कला के प्राण बुद्ध - चन्द्र डॉ. जगदीश - मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद, पृ. 51
2. प्राचीन भारतीय स्तूप गूहा एवं मंदिर, उपाध्याय, डॉ. वासुदेव बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, पृ. 64
3. शिवराममूर्ति - एम.ए.एस. आई. (73), पृ. 10 ''दूराल्लक्ष्यं सुरपति धनुष्चारूणा तोरणेन'' (मेघदूत 2.15), ''तोरणै: काञ्चनैदिग्नां लतांपंक्ति विचित्रतै:'' (रामायण, 5/2/18)।
4. भारतीय कला - अग्रवाल डॉ. वासुदेवशरण - पृथिवी प्रकाशन वाराणसी, पृ. 155
5. भारतीय स्थापत्य एवं कला - उपाध्याय डॉ. उदयनारायण - तिवारी प्रो. गौतम, पृ. 71
6. भारतीय साहित्य में श्रृंगार रस - गुप्त डॉ. गणपति चन्द्र - नेशनल पब्लिशिंग हाउस, पृ. 21
7. प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान - उपाध्याय डॉ. वासुदेव - चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफिस, वाराणसी-1 पृ. 304
8. सांची - मिश्र भास्करनाथ - मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पृ. 62
9. भारतीय कला - अग्रवाल डॉ. वासुदेवशरण - पृथिवी प्रकाशन, वाराणसी पृ. 262
10. प्राचीन भारत का राजनीतिक वं सांस्कृतिक इतिहास - पाण्डेय डॉ. रामनिहोर - प्रामानिक पब्लिकेशन्स, इलाहाबाद पृ. 640
11. प्राचीन भारतीय साहित्य में नारी - शर्मा डॉ. गजानन, पृ. 30
12. कला के प्राण बुद्ध - चन्द्र डॉ. जगदीश - मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद, नागपुर, पृ. 76

****

Corporate Social Responsibility

Chirag Banthiya *

Abstract - August 29, 2013 was a red-letter day in the field of Indian corporate Law when the Companies Act 2013 was enacted with the aim of improving and simplifying corporate governance norms and legislate the role of whistle-blowers. One of the revolutionary provisions is that of mandating Corporate Social Responsibility (CSR) activities in India. The vision behind this move is this that a Corporation must not only achieve its economic goal but also adopt the principles of corporate social responsibility. Section 135 in the Act states that every company with the prescribed net worth or turnover must necessarily constitute a CSR Committee, with clearly defined composition ,activities to be undertaken ,budgets and responsibilities of the Committee, so formed. This would ensure that right steps are taken by companies in pursuance of the CSR provisions of the Act.

However, complying with this law may not seem to be an easy task due to some grey areas in the provision and its Rules which require clarifications because the fundamental argument arises as to how can the Companies act on behalf of the Government to uphold the spirit of the provision. Due to this, the Corporations in India have a mixed opinion about this move by the Centre. For example, some of the issues that have been brought to the fore are regarding the restrictive scope of activities mentioned under Schedule VII which will lead to the polarization of CSR resources. The limited geographical focus as provided under section 135(2) is another issue since it may subvert the idea of inclusive development in the society. On the other hand it can be argued that with the allowing CSR expenditure as a deduction, the funds allocated by companies for social development would voluntarily increase by leaps and bounds, obviating the need of a mandatory provision. Therefore, clarifications with respect to these, and many more Loopholes become the need of the hour to achieve the true purpose with which this provision was enacted.

Introduction - Corporate Social Responsibility (CSR) has been in existence for a long time and is almost as old as civilization. It is based on the Gandhian Principle of "trusteeship concept" whereby business houses are looked upon as trustees of the resources they draw from society and thus are expected to return them back manifold. CSR is extremely important for sustainable development of all stakeholders (all the people, on whom the business has an impact, including the society at large). Proponents of CSR argue that companies make more long term profits by operating with a perspective, while critics argue that CSR distracts from the economic role of businesses. Nevertheless, the importance of CSR cannot be undermined. Corporate social responsibility is also called corporate conscience, corporate citizenship, social performance, or sustainable business. It is a form of corporate self-regulation integrated into a business model. CSR policy functions as a built-in, self-regulating mechanism whereby a business monitors and ensures its active compliance with the spirit of the law ethical standard and international norms.

Companies Act of 2013, which has already been notified partially, gives the concept of CSR the importance it deserves. Section 135 of the Companies Act, 2013 contains provisions exclusively dealing with Corporate Social Responsibility. Schedule VII contains a list of the activities which a company can undertake as part of its CSR in initiatives.

Provisions Of Companies Act, 2013 On CSR

Applicability - Following companies to constitute CSR committee ·

1. Net worth of 500 crore or more
2. Turnover of 1000 crore or more
3. Net profit of 5 crore or more

CSR rules shall come into force on the date of their publication in the official gazette and shall be applicable from the financial year 2014-15.

CSR Committee - CSR Committee should consist of atleast 3 directors out of which atleast 1 director should be independent director. Some companies many not be mandatorily required to appoint independent directors as per provisions of Companies Act 2013 but CSR applicability may be there for those companies. How will this criteria of independent director be met in case of those companies need to be clarified. Board's Report to disclose composition of CSR Committee.

*Advocate, Ujjain (M.P.) INDIA

Functions Of CSR Committee:

1. Formulate and recommend to the Board, a Corporate Social Responsibility Policy which shall indicate the activities to be undertaken by the company as specified in Schedule VII of the Act.
2. Recommend the amount of expenditure to be incurred on the activities referred to in clause (a)
3. Monitor the Corporate Social Responsibility Policy of the company from time to time.
4. Prepare a transparent monitoring mechanism for ensuring implementation of the projects / programmes / activities proposed to be undertaken by the company.

Contents Of CSR Policy

CSR policy of the company should reflect the following:

1. Projects and programmes that are to be undertaken by the company in pursuit of CSR. · List of CSR projects/programmes which a company plans to undertake during the implementation year, specifying modalities of execution in the areas/sectors chosen and implementation schedules for the same.
2. A statement that surplus arising out of the CSR activity will not be part of business profits of a company.
3. A statement that the corpus would include the following:

a. 2% of the average net profits,
b. Any income arising there from
c. Surplus arising out of CSR activities.

Activities Which May Be Included By Companies In Their Corporate Social Responsibility Policies

Activities relating to :-

1. Eradicating extreme hunger and poverty;
2. Promotion of education;
3. Promoting gender equality and empowering women;
4. Reducing child mortality and improving maternal health;
5. Combating human immunodeficiency virus, acquired immune deficiency syndrome, malaria and other diseases;
6. Ensuring environmental sustainability;
7. Employment enhancing vocational skills;
8. Social business projects;
9. Contribution to the Prime Minister's National Relief Fund or any other fund set up by the Central Government or the State Governments for socio-economic development and relief and funds for the welfare of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, other backward classes, minorities and women; and
10. Such other matters as may be prescribed.

Other Important Points Relating To CSR ·

1. Tax treatment of CSR spend will be in accordance with the IT Act as may be notified by CBDT.
2. A Company may set up an organization which is registered as a Trust or Section 8 Company, or Society or Foundation or any other form of entity operating within India to facilitate implementation of its CSR activities in accordance with its stated CSR Policy.
3. A company may also conduct/implement its CSR programmes through Trusts, Societies, or Section 8 companies operating in India, which are not set up by the company itself.
4. Companies may collaborate or pool resources with other companies to undertake CSR activities and any expenditure incurred on such collaborative efforts would qualify for computing the CSR spending.
5. Only such CSR activities will be taken into consideration as are undertaken within India.
6. Only activities which are not exclusively for the benefit of employees of the company or their family members shall be considered as CSR activity.
7. Company shall give preference to the local area and areas around it where it operates, for spending the amount earmarked for Corporate Social Responsibility activities.
8. Format of annual report on CSR initiatives to be included in the board report by qualifying companies has been prescribed under draft Rules.

Voluntary CSR Initiative V/S Mandatory Provision - Before the statutory provision of mandating CSR initiatives in the Indian corporate sector was introduced, it is said that CSR was already textured in the activities of various corporations and business groups in India.

For example, IBM had joined hands with the Tribal Development Department of Gujarat as a part of its Corporate Service Corps Programme aiming at upliftment of the tribals in the Sasan area of Gir forests the Tata Group had a range of projects which is based on CSR activities like providing health services, family planning, endorsing sports as a part of life by establishing football and archery academies. The Business group also organized several relief programmes for natural disasters and has contributed towards the field of education as well. Another notable company voluntarily undertaking CSR activities is Infosys which is involved in various community programmes to a large extent and has created a not-for-profit trust named Infosys Foundation to which it contributes up to 1% of profits after tax annually. Their Management team has also taken various initiatives in areas of education, research, community service, programmes for generating employment, promoting & providing healthcare and education for poor. Reliance Industries Ltd, being a corporate giant in India, has launched a "Project Drishti" which is a countrywide initiative to help the visually challenged people belonging to economically weaker section of the society in restoring their eye-sight.

Apart from this, the provision, along with Rules has several loopholes which have raised concerns. Many Indian Companies and Businesses see this provision as impractical and unnecessary as the Government has failed to show any specific purpose or objective for adoption of this model for which such expenditure must be made by any Company. The companies wish such initiatives to remain a voluntary step since it is believed that mandating CSR would lead to meddling by the implementing officers

in the operations of the company and would ultimately defeat the very purpose of CSR initiatives with which these are actually adopted. No clear guidelines or instructions have been put in place which shows how vague this model/ provision seems to be. A valid point has been made in this regard that when a tobacco company would comply with section 135 it would be at the same footing as any company with produces eco-friendly products for the society, with respect to corporate social responsibility. Such questions remain unanswered by this new provision.

It also affects the fundamental right guaranteed under Article 19(1)(g) of the Indian Constitution which provides the right to freely practice any profession, or to carry on any occupation, trade or business . However, the Government may argue that clause (6) of the very same article of the Constitution allows the Government to impose reasonable restrictions for the benefit of the general public. Here, it is questioned whether such a restriction is reasonable at all because this would mean imposing the burden of charity by the Government on the Indian companies.

Conclusion - Companies Act, 2013 has introduced the concept of CSR in the Act itself and even though the Act advocates it strongly but it has still prescribed a "comply or explain" approach only. This means as per the new norms, the two per cent spending on CSR is not mandatory but reporting about it is mandatory. In case, a company is unable to spend the required amount, then it has to give an explanation for the same

References :-

1. Rajeev Prabhakar and Ms. Sonam Mishra , A Study of Corporate Social Responsibility in Indian Organization: An-Introspection , Proceedings of 21st International Business Research Available at: http://www.wbiworld conpro.com/uploads/canada-conference 2013/ management/1370168444_430-Sonam.pdf
2. Nishith Desai Associates, Corporate Social Responsibility & Social Business Models in India- A Legal & Tax Perspective, November 2013,
3. Sanjay Kumar Sharma , A 360 degree analysis of Corporate Social Responsibility (CSR) Mandate of the New Companies Act 2013 , Global Journal of Management and Business Studies, ISSN 2248-9878 Volume 3, Number 7 (2013), pp. 757-762, available at:http://www.ripublication.com/gjmbs_spl/gjmbsv3n 7_09.pdf
4. Gahlot Sushmita , Corporate Social Responsibility: Current Scenario, Research Journal of Management Sciences, Vol. 2(12), 12-14, December (2013) , ISSN 2319–1171, available at : http://www.isca.in/IJMS/ Archive/v2/i12/3.ISCA-RJMS-2013-105.pdf
5. P. Paramashivaiah and Puttaswamy, CSR for sustainable development: an empirical study on the corporate social responsibility focus of top listed companies of BSE, AL-SHODHANA, Vol.-I, No.2, July 2013,
6. Handbook on Corporate Social Responsibility in India, Confederation of Indian Industry, available at: http:// www.pwc.in/en_IN/in/assets/pdfs/publications/2013/ handbook-on-corporate-social-responsibility-in-india.pdf

****

A Comparative Study of Religious Interest of Secondary School Students

Sangeeta Aggarwal * Dr. Ritu Bala**

Abstract - The present study aims to determine the religious interest of secondary school students. The research was carried out on random sample of 800 students of Rural & Urban secondary schools from Sri Ganganagar district. The researcher use standardised tools for the study. Statistical Techniques of t-test was used to analyse the religious interest of secondary school students. The result indicated that there was significant difference in the religious interest of Rural & Urban Secondary school students.

Introduction - "Interest may refer to the motivating force that impels us to attend to a person, a thing or an activity or it may be the effective experience that have been stimulated by the activity itself". In other words "interest can be the cause of an activity & the result of participation in the activity". We may say that we attend to such objects which interest us.

In educational psychology, the concept of educational interest is interpreted as a content specific motivational variable that can be investigated & theoretically constructed an important analysis lies in the manifold interelations between educational interest, learning & human development. There are many students who pass the examination, yet they fail to achieve as much as they could have in terms of their ability. Many parents & teachers have the concept that the failing students lack intelligence but the fact is that failing students have sufficient intelligence but they are unable to reach the desired level of success due to certain non-cognitive factors as educational interest, self concept, parental involvement & adjustment.11

Educational interest is intimately related with child's acquisition of knowledge, understanding & skills which actually forms the basis for his educational choice. The educational interest plays very significant role in educational guidance.

Religious Interest - Family is the only institution where religious interest of the child can be ensured. In a secular state like India, it is the duty of family alone to impart religious education to the child. In the religious environment of the family, the child learns to follow the principles of a particular religion with the result that religions, moral & ethical values develop in him without any difficulty. Students receive religious education through religious books religious tales & other religious activities.

Religion plays an important role in their lives. Some students are more spiritual & some are less spiritual. Students do not leave their personal values & faith wherever they go. In their journey through school, students seek out valid ways of knowing for themselves, seek a place to stand in the midst of uncertainty around them & develop relationships that evolve from strong dependence upon authority figure to an interdependence amongst their peers.

They cultivate social relationship with others whose personal values & religious perspectives differ from their own. In terms of religious interest, they develop new form of religious & spiritual engagement. Many students find that their form of worship evolve from the traditional ones of their youth into a more inclusive & diverse set of meditation practice.

What influences the religious interest of students - Social & cultural environment influence the growth & development of students we divided environment into four major domains in which student development take place - culture, curriculum, co-curriculum & community.

Culture - Culture of a house & neighborhood exerts significant influence on the spiritual journey of students. In general, those children whose family environment is religious have developed a deeper sense of spiritual growth than children have lived without religious environment. Rituals & ceremonies are conducted in families promotes religious interest of students.

Curriculum - Academic programs also influence student's understanding of religion & the role of spirituality in providing a forum for self discovery as well as academic development. Student enrollment in religious courses has helped students develop a more complex understanding of who they are & what they believe But students do not always find sufficient support in their guest to find meaning & purpose in life in their academic pursuits. Students are assisted in matters of faith & religion but a students religious interest is regarded

*Research Scholar, Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA
**Associate Professor (Faculty of Education) Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

largely as a private matter & thus, its development & practice is primarily fostered & developed in non-academic setting by other institutions. Students are enrolled in courses that emphasize different worldviews in which students are instructed to not only understand the various theological foundations but also to take note of the implications in their lives & to practice those that are most appealing to them in their journey of faith development. Students in the interviews often referred to their own religious perspective when speaking about their self development & described how they are developing & expanding their understanding of their religious commitments & their engagement both as academic students & contributing members of society.

Co-curriculum - Students who participate in religious activities are more apt to have stronger religious interest than who are not as involved. Students who are engaged in religious activities are also more apt to be engaged in other school activities. Their religious engagement is considered to be helpful in having a positive attitude towards life. The program is designed to take into account the full development needs of the students. An atmosphere of safety & openness is created for students as they are pushed beyond what they think they can do while also providing a safe & sacred place for them to change.

Community - Community is the most effective in fostering student religious interest when students regard it as a community for support & challenge. A sense of community is an important factor in how students evaluate their journey through life. The relationship they develop with other fellow students, faculty & professionals play an important role in providing the often necessary social support for students.

Statement of the Problem -

"A Comparative Study of Religious Interest of Secondary School Students"

Objectives -

1. To study the Religious Interest of Rural & Urban secondary school students.
2. To study the Religious Interest of Rural Private and Rural Government secondary school students.
3. To study the Religious Interest of Urban Private and Urban Government secondary school students.

Hypothesis -

1. There is no significance difference in the Religious Interest of Rural & Urban secondary school students.
2. There is no significance difference in the Religious Interest of Rural Private and Rural Government secondary school students.
3. There is no significance difference in the Religious Interest of Urban Private and Urban Government secondary school students.

Methodology -

Method of Study - In the study, Survey method is used and information will be obtained from students.

Tools - Multiphasic Interest Inventory by Dr. (Mrs.) S.K. Bhawa.

Sampling in the Present Study -

Students (800)

Rural (400) Urban (400)

Private (200) Govt. (200) Private (200) Govt. (200)

Statistics to be Used in the Study -

1. Mean
2. Standard Deviation
3. T-Test

Analysis & Interpretation - (See in the next page)

Major Findings of the Study -

1. There is significant difference in the Religious Interest of Rural & Urban Secondary School Students.
2. There is significant difference in the Religious Interest of Rural Private and Rural Govt. Secondary School Students.
3. There is No Significant Difference in the Occupational Interest of Urban Pvt. and Urban Govt. Secondary School Students.

Conclusion - In the present study, it was revealed that :

1. Religious Interest of rural & urban secondary school students is different on both levels of t-table value.
2. Religious Interest of Rural Pvt. & Rural Govt. is different on both levels of t-table value.
3. Religious Interest of Urban Pvt. & Urban Govt. is same on both level of t-table value.

Educational Significance -

1. It is beneficial for policy makers to formulate policies according to the religious interest of students.
2. It is beneficial for teachers and management.
3. Parents should create such type of atmosphere in their homes, so their child develop religious interest.

References :-

1. Ainley M. Hidi, S & Bernadorff D (2002), Interest, Learning & the Psychological Process that Mediate their relationship, Journal of Educational Psychology, 545-561.
2. Bhatnagar A.B., Meenkakshi & Anurag (2007), "Advanced Educatioal Psychology Meerut : International Publishing House".
3. Hidi S & Baird W. (1988), "Strategies for Increasing Test-based interest & students recall of expository text Reading Research Quality 23/465-483.
4. Sankhala D.P. (2007), "Research Methodology in Education", New Delhi, Adhyayan Publication.

Analysis & Interpretation -

1. There is no significance difference in the Religious Interest of Rural & Urban secondary school students.

Dimension	Area	No.	Mean	S.D.	T-value	Remarks
Religious Interest	Rural	400	23.75	13.81	3.31	0.05 Level Significant Difference
	Urban	400	27.07	14.56		0.05 Level Significant Difference

2. There is no significance difference in the Religious Interest of Rural Private and Rural Government secondary school students.

Dimension	Area	No.	Mean	S.D.	T-value	Remarks
Religious Interest	Rural Private	200	22.06	13.39	2.49	0.05LevelSignificant Difference
	Rural Govt.	200	25.45	13.78		0.01LevelSignificant Difference

3. There is no significance difference in the Religious Interest of Urban Private and Urban Government secondary school students

Dimension	Area	No.	Mean	S.D.	T-value	Remarks
Religious Interest	Urban Private	200	26.34	16.69	1.000	.05 LevelNo Significant Difference
	Urban Govt.	200	27.80	12.07		0.01 LevelNo Significant Difference

****

उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन

डॉ. स्मिता भवालकर * सोनाली कदम **

प्रस्तावना – बालक कुछ सहज योग्यताऐं लेकर जन्म लेता है। उसकी ये योग्यताऐं अपने प्राकृतिक रूप में विकसित होती हैं। उचित वातावरण न मिलने पर उसके मन को स्वस्थ वायु नहीं मिलती तो उसकी जीवन शक्ति के मर्म पर आघात होता है। बालक में किसी भी प्रकार की संभावनाऐं और योग्यताऐं क्यों न हों , जब तक उसे उचित वातावरण नहीं मिलेगा तब तक उसका समुचित विकास नहीं हो सकता । वातावरण के साथ अनुकूलन हेतु डार्विन ने 'योग्यतम की उत्तरजीविता का सिद्धांत' दिया है। जो इस तथ्य पर प्रकाश डालता है कि जो जीव वातावरणीय परिस्थितियों के अनुसार स्वंय को ढाल लेता है, वह प्रकृति के साथ संघर्ष में विजयी होकर जीवन यापन कर लेता है किंतु इसके विपरीत स्वंय को प्रकृति के अनुरूप न बदल पाने पर उस जीव का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है। मानव जीवन भी चुनौतियों तथा संघर्षों से परिपूर्ण है। मूलभूत आवश्यकताओं के अतिरिक्त भी हम जीवन में बहुत कुछ चाहते हैं और वही चाह हमें प्रतिपल संघर्ष के लिए प्रेरित करती है। जो जिस सीमा तक उचित प्रकार से यह जीवन संघर्ष करता है, वह उतनी ही सफलता से जीवन यापन करता है। स्वंय को परिस्थितियों के अनुकूल बना लेना ही इस सफलता का आधार है। वास्तव में यही समायोजन है। जीवन में सदैव वांछित उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हो पाती है । ऐसी परिस्थिति में एक क्षेत्र में असफलता के बाद दूसरे क्षेत्र का चुनाव करना तथा अपने लक्ष्य की ऊँचाई को अपनी योग्यता तथा परिस्थितियों के अनुसार घटा देना ही उचित है। इस प्रकार के संशोधित तथा परिवर्तित व्यवहार को ही 'समायोजन' की संज्ञा दी जाती है। 'समायोजन' एक प्रक्रिया है,एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा सुखी तथा संतोषप्रद जीवन यापन संभव है। एक भलीभाँति समायोजित व्यक्ति की विशेषताओं पर दृष्टिपात किया जाए तो उसकी निम्न विशेषताएं सामने आतीं हैं –

1. शारीरिक दृष्टि से समायोजित,
2. संवेगात्मक रूप से समायोजित,
3. स्वंय की अच्छाइयों तथा कमजोरियों का ज्ञान,
4. स्वंय तथा दूसरों का सम्मान,
5. सामाजिक रूप से समायोजित,
6. महत्वाकांक्षा का उचित स्तर,
7. मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति,
8. आलोचक नहीं ,
9. व्यवहार का लचीलापन,
10. अपने हालातों से संतुष्टी,
11. हालातों से संघर्ष करने की क्षमता।

एक व्यक्ति का संसार जहाँ उसके अपने शारीरिक,मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण पहलुओं के इर्द गिर्द घुमती है, वहीं उसे विभिन्न क्षेत्रों में समायोजन करने की आवश्यकता पड़ती है यथा –

1. व्यक्तिगत समायोजन,
2. सामाजिक समायोजन,
3. व्यावसायिक समायोजन

समायोजन की क्षमता तथा योग्यता का विकास बालक में धीरे–धीरे होता है, जब वह परिवार,समाज तथा विद्यालय के वातावरण में विकसित होता जाता है। विद्यालय की भूमिका इसमें सर्वोपरि हो जाती है, क्योंकि विद्यालय ही ऐसी सम्यक स्थितियाँ उपलब्ध करवाता है। जिनमें बालक में वांछित गुणों का विकास हो सके। एक कक्षाकक्ष में उपलब्ध परिस्थितियाँ,वातावरण तथा संसाधनों का शिक्षण प्रक्रिया व उसके परिणामों को उपयुक्त तथा अनुपयुक्त दिशा प्रदान करने में बहुत बड़ा हाथ होता है। कक्षाकक्ष में उपलब्ध ये परिस्थितियॉ, विद्यार्थी तथा शिक्षक की अंत:क्रिया ही 'कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी' है। यह ठीक उसी तरह है, जिस प्रकार कि पर्यावरण तथा पर्यावरण के विभिन्न घटकों का संबंध 'पारिस्थितिकी' कहलाता है। एक कक्षाकक्ष के विभिन्न घटक परस्पर प्रभावित होते रहते है तथा प्रभावित करते रहते है। कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी में शिक्षक,छात्र व कक्षा के भौतिक तत्व एवं परिस्थितियाँ तीन घटक हैं, जिनकी परस्पर अंत:क्रिया से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होती है एवं शिक्षकीय कार्य हेतु अंतर्संबंधित प्रक्रिया चलती है।

एक शिक्षक द्वारा निर्मित वातावरण शिक्षण क्रिया तथा विद्यार्थियों को पूर्णत: प्रभावित करता है। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति एवं विकास के साथ साथ उनकी संवेगात्मक स्थिति एवं विकास को भी प्रभावित करती है। संवेगात्मक विकास मानव वृद्धि और विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ और अनुकूल वातावरण द्वारा बच्चों को अपना भावात्मक संतुलन बनाए रखने और अपना उचित समायोजन करने में आसानी होती है। एक बालक को प्रभावी अधिगम एवं कक्षाकक्ष की परिस्थितियों में समायोजन हेतु दो वातावरण प्रभावित करते हैं, एक 'स्व–वातावरण' एवं दूसरा 'बाह्य वातावरण' एक बालक के विकास एवं अधिगम को कक्षाकक्ष का वातावरण जितना प्रभावित करता है,उतना ही उसका 'स्व वातावरण' भी। क्योंकि एक बालक का 'स्व' जितना विकसित होगा, उसका कक्षाकक्ष की परिस्थितियों में उतना बेहतर समायोजन हो सकेगा। समायोजन क्षमता के विकास में विद्यालयीन तथा कक्षाकक्ष की परिस्थितियॉ अति महत्वपूर्ण भूमिका अदा

* प्राचार्य, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, न्यू ईरा शिक्षा महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत

करती हैं। इन सभी तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए 'उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का उनके समायोजन पर प्रभाव का शोधकार्य हेतु चयन किया गया।

उद्देश्य – उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का उनके समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

परिकल्पना – उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी ,लिंग एवं इनकी अंत:क्रिया का उनके समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है।

प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन सर्वेक्षण विधि पर आधारित है। प्रस्तुत अध्ययन सर्वेक्षण विधि पर आधारित है। इस अध्ययन में न्यादर्श के रूप में देवास शहर के तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 10 के कुल 90 विद्यार्थियों का चयन किया गया। एक शासकीय विद्यालय महारानी राधाबाई उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला (बालिका शिक्षा तथा हिन्दी माध्यम) एवं दो अशासकीय विद्यालयों,विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर (सहशिक्षा एवं अंग्रेजी माध्यम) एवं मिशनरी द्वारा संचालित सैंट मैरीज कॉन्वेंट विद्यालय (सहशिक्षा एवं अंग्रेजी माध्यम)। इन विद्यालयों में क्रमश: 30 बालिकाओं, 20बालकों तथा 10 बालिकाओं,15 बालकों तथा 15 बालिकाओं को न्यादर्श के रूप से सम्मिलित किया गया। अध्ययन हेतु न्यादर्श के रूप में लिए गए विभिन्न विद्यालयों में सर्वप्रथम क्षीरसागर(2012) द्वारा निर्मित 'कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी परीक्षण' प्रशासित किया गया। इस परीक्षण की सहायता से कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी से संबंधित 03 आयामों का अध्ययन किया गया छात्र-छात्र अंत:क्रिया,शिक्षक-छात्र अंत:क्रिया तथा मनोसामाजिक वातावरण। कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का मापन प्रमाणित विवरण पुस्तिका की सहायता से परीक्षण की जॉच करके किया गया। प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंकों के रूप में कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का मापन किया गया। प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण Analysis of Variance (ANOVA) द्वारा किया गया। प्राप्त परिणाम तालिका क्रमांक – 01 में दिये गये हैं।

तत्पश्चात् श्री ए.के.पी.सिन्हा तथा श्री आर.पी.सिंह द्वारा निर्मित Adjustment Inventory for school students का उपयोग किया गया। इस परीक्षण की सहायता से समायोजन से संबंधित 03 आयामों – भावात्मक, सामाजिक तथा शैक्षणिक समायोजन का अध्ययन किया गया। समायोजन का मापन प्रमाणित विवरण पुस्तिका की सहायता से परीक्षण की जाँच करके किया गया। प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त किए गए कुल अंकों के रूप में समायोजन का मापन किया गया। प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण 2x2 कारकीय अभिकल्प प्रसरण का विश्लेषण (2x2 Factorial Design ANOVA) द्वारा किया गया। प्राप्त परिणाम तालिका क्र. 01 में दिये गये हैं

तालिका क्रमांक 01 : उच्चतर माध्यमिक स्तर के विभिन्न विद्यालयों के समायोजन पर कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी,लिंग एवं इनकी अंत:क्रिया के प्रभाव के अध्ययन के लिए 2x2 कारकीय अभिकल्प प्रसरण के विश्लेषण का सारांश

Sources of Variance	df	SS	MSS	F-Value
Classroom Ecology	1	1.36	1.36	0.0065
Sex	1	27.53	27.53	0.133
Classroom Ecology & Sex	1	0.64	0.64	0.0031
Error	86		206.33	
Total	89			

उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन पर कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी के प्रभाव का अध्ययन

तालिका क्रं – 01 के अनुसार कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी के लिए F का मान 0.0065 पाया गया, जो किसी भी स्तर पर (0.01 तथा 0.05) पर सार्थक नहीं है। यह मान प्रदर्शित करता है कि कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का विद्यार्थियों के समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया। इस संदर्भ में अध्ययन की शून्य उपपरिकल्पना 'उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के समायोजन पर कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का सार्थक प्रभाव नहीं है' निरस्त नहीं की जाती है।

उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन पर लिंग के प्रभाव का अध्ययन –

तालिका क्रं – 01 के अनुसार लिंग के लिए F का मान 0.133 पाया गया जो किसी भी स्तर (0.01 तथा 0.05) पर सार्थक नहीं है। यह मान प्रदर्शित करता है कि लिंग का विद्यार्थियों के समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया। इस संदर्भ में अध्ययन की शून्य उपपरिकल्पना 'उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के समायोजन पर लिंग का सार्थक प्रभाव नहीं है' निरस्त नहीं की जाती है।

उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन पर कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी, लिंग तथा इनकी अंत:क्रिया के प्रभाव का अध्ययन।

तालिका क्रं – 01 के अनुसार कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी एवं लिंग की अंत:क्रिया के लिए F का मान 0.0031 पाया गया जो किसी भी स्तर पर (0.01 तथा 0.05) पर सार्थक नहीं है। यह मान प्रदर्शित करता है कि कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी,लिंग तथा इनकी अंत:क्रिया का विद्यार्थियों के समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया। इस संदर्भ में अध्ययन की शून्य उप-परिकल्पना 'उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन पर कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी ,लिंग तथा इनकी अंत:क्रिया का सार्थक प्रभाव नहीं है, निरस्त नहीं की जाती है।

प्राप्त परिणामों से स्पष्ट होता है कि उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी का उनके समायोजन पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया। संभवत: इस पर अन्य कारक भी अपना प्रभाव डालते है। जिनका अध्ययन किया जाना आवश्यक है। फिर भी विद्यालयीन वातावरण तथा कक्षाकक्ष पारिस्थितिकी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में नींव का कार्य करते हैं। अत: सकारात्मक तथा सार्थक वातावरण प्रदान करके उनके व्यक्तित्व को उत्तरोत्तर उन्नत किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गेरेट,एच.ई.(1972),'शिक्षा एवं मनोविज्ञान में सांख्यिकी', हरियाणा : कल्याणी पब्लिशर।
2. लिन्ग्रेन,हैनरी क्ले, अनुवाद देवसरे हरिकृष्ण(1972-73),'कक्षा अध्यापन में शिक्षा मनोविज्ञान, 'भोपाल,मध्यप्रदेश :हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
3. माथुर,एस.एस.(2001),'शिक्षा मनोविज्ञान,'आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
4. श्रीवास्तव,पंकज (2007),'पर्यावरण शिक्षा,'भोपाल,मध्यप्रदेश: हिन्दी ग्रंथ अकादमी।

श्रीमद्भगवद् गीता में निहित मानव की व्यवसायात्मिका बुद्धि के सन्दर्भ में विद्यार्थियों के व्यवसाय चयन का विश्लेषण

लक्ष्मी चौहान *

प्रस्तावना – भगवान श्री कृष्ण 'श्रीमद्भगवद् गीता' के द्वितीय अध्याय में 'व्यावसायात्मिका बुद्धि' निरुपित करते हुए कहते है –

'व्यावसायित्मका बुद्धिरेकेह कुरूनन्दन।
बहुशाखा ह्यनन्तश्च बुद्धयोऽव्यवसायिनाम।।
(अध्याय–2/1)

हे अर्जुन! – इस कर्मयोग में निश्चयात्मिका बुद्धि एक ही होती है, किन्तु अस्थिर विचार वाले विवेकहीन संकाम मनुष्यों की बुद्धि निश्चय ही बहुभेदों वाली और अनन्त होती है।

'श्रीमदभगवद् गीता' के सन्दर्भ में महाभारत में दो ही पात्र महत्त्वपूर्ण है – महारथी, महायोगी श्री कृष्ण और मनुष्यों में श्रेष्ठ कौन्तेय, पार्थ, धनुर्धर अर्जुन। व्यावसायित्मका बुद्धि के सन्दर्भ में महाभारत का संशयग्रस्त अर्जुन, द्रौण शिष्य के रूप में अपने लक्ष्य संधान में कितना दृढ़ निश्चयी और स्पष्टदर्शी है। वह केवल अपने लक्ष्य पर दृष्टि केन्द्रित करता है। पुन: श्रीकृष्ण उसे इसी निश्चयात्मिका बुद्धि की ओर आमन्त्रित करते है और धनुर्धारण करने का आह्वान करते है।

शोध अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्त्व – महर्षिवेदव्यास द्वारा रचित विश्व की महानतम् काव्य रचना 'महाभारत' के भीष्म पर्व की अंग स्वरूपा 'श्रीमदभगवत् गीता' सचमुच एक कालजयी कृति है। कालजयी कृति मनुष्य जीवन और वैश्विक जीवन के सम्बन्धों – अन्तर्सम्बन्धों के परिप्रेक्ष्य में नवीन प्रश्न उठाती है ओर युगीन सन्दर्भो में अपनी प्रासंगिकता को अक्षुण्ण बनाए रखती है।

शोध अनुसंधान का औचित्य –

ज्ञान, भक्ति एवं कर्म का समन्वय की दृष्टि से – गीता में मानव जीवन के विभिन्न पक्ष संनिहित है, तथा कर्म, ज्ञान, भक्ति, संयम, ईश्वर, सांख्य योग, ब्रह्म, जीव, मानव प्रकृति, मोक्ष–सन्यास योग आदि। इन पक्षों पर अनेक दार्शनिकों, विचारकों, आदि द्वारा अनेक भाष्य लिखे गए है।

समस्या कथन – श्रीमद्भगवद्गीता में निहित मानव की व्यवसायात्मिका बुद्धि के सन्दर्भ में विद्यार्थियों के व्यवसाय चयन का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।

प्रस्तावित शोध अध्ययन के उद्देश्य –

1. उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों की व्यावसायात्मिका बुद्धि का अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्राओं की व्यावसायात्मिका बुद्धि का अध्ययन करना।
3. उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों एवं छात्राओं की व्यावसायात्मिका बुद्धि की तुलना करना।

शोध परिकल्पना –

1. उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् छात्रों एवं छात्राओं की व्यावसायात्मिका बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

शोध परिसीमन एवं न्यादर्श –

परिसीमन – प्रस्तुत शोध अध्ययन में रतलाम जिले के विकास खण्डों के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों तक ही सीमित रखा गया।

न्यादर्श – विकास खण्ड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रत्येक विद्यालय के कुल विद्यार्थी **(सारिणी देखे आगे पृष्ठ पर)**

प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्रयुक्त विधि – शोधकर्त्री ने प्रस्तुत शोध में आदर्शमूलक सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरण

स्वनिर्मित उपकरण

(i) व्यावसायात्मिका बुद्धि अभिवृत्ति प्रमापनी (विद्यार्थियों के लिए)
(ii) साक्षात्कार अनुसूची (प्राध्यापकों के लिए)

शोध निष्कर्ष –

1. सांख्योग–व्यवसाय चयन करने से पहले सुख–दुख को ध्यान में रखना, व्यवसाय में धन लगाने से पहले लाभ–हानि का ध्यान रखना, जीवन में कोई ऐसे व्यवसाय का चयन नहीं करना, जिससे पाप लगता हो तथा अच्छे व्यवसाय चयन का परिणाम अच्छा होता है तथा गलत व्यवसाय चयन का परिणाम गलत होता है में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की अभिवृत्ति अधिक पायी गयी।

2. कर्म योग–निष्काम भाव से (कर्म) व्यवसाय करना, प्रत्येक मनुष्य को अपने किए गए कर्मो का फल भोगना पड़ता है, धन इकट्ठा करने के लिये अनैतिक कार्य करने का परिणाम बुरा होना, व्यवसाय को सत्य एवं धर्म को ध्यान में रखकर करना तथा वसुदैव कुटुम्बकम् की भावना से कार्य करने में छात्रों की तुलना में छात्राओं की अभिवृत्ति अधिक पायी गयी।

3. ज्ञान कर्म–सन्याय योग – सच्चा ज्ञान प्राप्ति पर मनुष्य अच्छे–बुरे का निर्णय लेने में सक्षम होना, अज्ञानी व्यक्ति हमेशा अन्तर्गत तरीके से धन कमाने की चेष्ठा करना, जीवन–यापन के लिये भीख मांगना, चोरी करना, लूट–खसोट करना को व्यवसाय नहीं मानना तथा व्यवसाय प्रारम्भ करने से पूर्व हवन–पूजा पाठ, वेदों का अध्ययन, पर्यावरण की शुद्धता के लिये जरूरी है, कथनों में लगभग समान अभिवृत्ति पायी गयी।

4. दैवी और असुर सम्पद विभाग योग – जीविकोपार्जन करते हुए जीवों के प्रति दयाभाव रखना, व्यवसायी का कर्त्तव्य है, व्यवसायी में कभी भी अहम–घमण्ड, मैं की भावना नहीं होनी चाहिए, छोटी–छोटी बातों पर झगड़ा करने वाले व्यवसायी जनता की निगाहों से गिर जाते है तथा जो

* शोधार्थी (शिक्षा) पेसिफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत

व्यवसायी काम, क्रोध, मोह, लोभ में उलझे रहते है, उन्हें कभी भी सफलता नहीं मिलती है, कथनों पर छात्रों एवं छात्राओं की अभिवृत्ति लगभग समान पायी गयी।

5. श्रद्धात्रय विभाग योग – जिस व्यवसायी की कर्मो में आसक्ति नहीं रहती है, वह कभी भी 'मैं' और 'मेरा' अर्थात् घमण्ड नहीं करता है तामसी प्रवृत्ति वाले व्यवसायी कर्मशील नहीं होते है, उत्तम व्यवसायी श्रद्धा से अपना लक्ष्य प्राप्ति में तल्लीन रहते हैं कथनों पर छात्रों एवं छात्राओं की अभिवृत्ति लगभग समान पाई गई।

6. मोक्ष सन्यास योग – किसी भी व्यवसाय को चयन करने से पहले व्यवसायी स्थान, साधन, अलग–2 चेष्ठाएँ एवं लक्ष्य को ध्यान में रखता है, व्यवसायी की सफलता या असफलता का श्रेय स्वयं, सहकर्मी, साधन, वातावरण आदि पर निर्भर करता है, परोपकारी व्यवसायी प्राणी मात्र में एक ही आत्मा को पहचानता है, बुद्धिमान व्यवसायी अनेकता में एकता' की पहचान रखते है तथा व्यवसाय करने वाले को कोई भी कार्य करने से पहले उसे मन में निश्चय करना जरूरी है। कथनों पर छात्रों एवं छात्राओं की अभिवृत्ति लगभग समान पाई गई।

परिकल्पना का सत्यापन – व्यावसायात्मिका बुद्धि के सभी घटकों का मध्यमान क्रमश: 157.66 व 161.88 प्राप्त हुआ, मानक विचलन क्रमश: 3.85 व 5.60प्राप्त हुआ। टी' का मान 9ण्802 आया, जो टी' के सारणी मूल्य से अधिक है। अत: अन्तर सार्थक कहा जा सकता है। अर्थात् परिकल्पना संख्या 1 को स्वीकृत किया जाता है।

शैक्षिक निहितार्थ –

शैक्षिक दृष्टि से – गीता शिक्षा का अनन्त भण्डार है, गीता की शिक्षा सम्पूर्ण शैक्षिक जगत के लिये महत्त्वपूर्ण है। विद्यार्थियों से यही अपेक्षा की गई है कि वह अपने शिक्षकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुने, उस पर मनन करे और अपने जीवन में व्यावहारिक रूप से अंगीकार करें। क्योंकि एक श्रेष्ठ गुरू ही अपने ज्ञान से विद्यार्थियों के जीवन सुसंस्कारित बना सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्वामी प्रभुपाद ए.सी. भक्ति वेदान्त – श्रीमदभगवदगीता, मुम्बई, भक्ति वेदान्त बुक ट्रस्ट, हरे कृष्ण धाम। जुहू, 1990
2. तिलक, बालगंगाधर 'श्रीमदभगवद्गीता रहस्य, नारायण पेठ केसरी ऑफिस, पूना सिटी, महाराष्ट्र।
3. गुप्ता, वासुदेव (2011) 'गीतामृत', तरूण प्रकाशन, जयपुर–3

Research -

1. Singh, Anup (2014) "A comparative study of vocational interest of secondary level students".
2. Chauhan, Manju and Singh, R.P. (2014) "A study of parental aspiration anxiety and of senior secondary school students of Navodaya Vidhyalaya and Public School Meerut, Mandal".



****

बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की जनसंचार माध्यमों के प्रति जागरूकता एवं शिक्षा पर प्रभाव का अध्ययन

महेश कुमार शर्मा *

प्रस्तावना – जनसंचार की अवधारणा – जनसंचार का मूल कार्य जनअभिवृत्ति को प्रभाववित करना होता है, लेकिन 'जन' (पब्लिक) विश्वरूपी है। यथा व्यापारिक क्षेत्र में 'जन' का अर्थ उपभोक्ता, शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थी, शासन की दृष्टि जनता तथा सांगठनिक क्षेत्र में इसका आशय संबद्ध कार्मिक तथा उससे संबद्ध जनता के रूप में किया जाता है। जनसंचार के विभिन्न आयामों का विश्लेषण प्रस्तुत करने से पूर्व इसकी परिभाषा, प्रकृति एवं स्वरूप आदि से सम्बद्ध विवेचन करना समीचीन तथा प्रासंगिक होगा। जनसंपर्क अवधारणा में आए 'जन' शब्द से तात्पर्य जनसाधारण जनता, विद्यार्थी अथवा लोकसमूह से होता है। दूसरे शब्दो में 'जन' उर्दू के 'आम' का समानार्थी शब्द है। संचार शब्द अंग्रेजी के शब्द से बना है, जिसकी उत्पत्ति लैटिन शब्द से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ है, एक समान। संदेशों का आदान–प्रदान लिखित, मौखिक अथवा सांकेतिक हो सकता है। माध्यम बातचित, विज्ञापन, रेडियों, टेलीविजन, समाचारपत्र, ई–मेल, पत्राचार आदि कुछ भी हो सकता है। संचार को संदेशवाहन, संप्रेषण अथवा संवहन आदि समान अर्थ वाले शब्दों से भी पुकारा जाता है।

संचार एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जाता है। इससे व्यक्तियों, समूहों एवं विभागों के बीच सूचनाओं का आदान–प्रदान होता है। अत: संचार शब्द का अर्थ सम्बन्ध स्थापित करना भी होता है।

सामान्य भाषा में इस युग्म जनसंपर्क को जनता/जनसाधारण से सानिध्य अथवा सम्बन्ध स्थापित करना या निकटता बनाए रखना कहा जा सकता है। अभी तक बौद्धिक जगत में 'जनसंचार' अवधारणा की कोई सर्वमान्य भाषाशास्त्रीय व्याख्या उपलब्ध नहीं है। विभिन्न विद्वानों ने इसे अपने–अपने विवेकानुसार परिभाषित किया है तथा कोई भी दो परिभाषाएं एकसमान नहीं है। इतना होते हुए भी वे परिभाषाएं अपने सिमित अर्थो में महत्वपूर्ण है, पर उनमें से एक परिभाषा के आधार पर जनसंचार जैसे बहुआयामी महत्व के विषय को विश्लेषित नही किया जा सकता है। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक सुधार द्वारा मान्यता प्राप्त एनसाइक्लोपिडिया ऑफ साशल साइंसेज की परिभाषा प्रस्तुत करना तर्कसंगत होगा जिसके अनुसार **'जनसंचार' किसी उद्देश्य के लिए सूचनाएँ संप्रेषित करते हुए जन अभिवृत्ति रूझान को उस उद्देश्य की तरफ परिवर्तित करने के एक संगठित प्रयास का नाम है।**

ब्रिटेन के जनसंचार संस्थान ने जनसंपर्क को एसी प्रक्रिया माना है, जिससे **सुविचारित, सुनियोजित तथा सतत् प्रवाहमान प्रयासो के माध्यम से किसी संगठन तथा उससे सम्बद्ध जनता के मध्य आपसी सहमति को संस्थापित करने के प्रयास किए जाते है।** प्रस्तुत परिभाषा में जनसंचार के कतिपय कार्य निर्धारित किए गए है। इसके अनुसार 'जनसंचार' कोई सामयिक/स्थायी प्रकृति की क्रिया नहीं है, यानी इसकी भूमिका मात्र किसी संगठन की जनता में छवि अच्छी बना देना ही पर्याप्त नही है, बल्कि उस छवि को श्रेष्ठ रखने के लिए स्थायी तौर पर प्रयत्नशील भी रहा जाए। अत: यह कहा जा सकता है कि 'जनसंचार' के लिए निरन्तरता का तत्व भी विद्यमान होना भी आवश्यक है।

भारतीय विद्वान प्रो. बलदेवराज गुप्ता के मतानुसार जनसंचार एक व्यवहार शास्त्र है, जो कि संगठन तथा उसकी जनता के मध्य संप्रेषण विभेद को पाटने तथा उसके मध्य एक सेतुबंध की स्थापना के रूप में कार्य करता है, ताकि उनके मध्य विश्वास तथा सद्भाव की भावना स्थापित करने में समर्थ हो सके। इस परिभाषा में किसी संगठन तथा उससे सम्बद्ध व्यक्तियों के मध्य संप्रेषणात्मक नेकट्य स्थापित करके उन दोनों में सद्भाव स्थापित करने वाले व्यवहार शास्त्र के रूप में जनसंपर्क को देखा जा सकता है।

जनसंचार माध्यमों का इतिहास एवं महत्व – जनसंचार माध्यमों का महत्व पूर्वकाल आदिम समाज से ही रहा हैं। पूर्व में समाज में मुखिया/गणपति अपने अनुयायियों या जनसाधारण को बल, धौंस, आंतक, भय अथवा अन्य रिंझानें के साधनों से नियंत्रित या प्रभावित करते थे।

जनसंचार के साधनों एवं प्रकार्यो में सामाजिक परिवर्तन तथा मानव सभ्यता के विकास के साथ–साथ क्रमश: विस्तार होता चला गया। जनसंचार के विकासक्रम को जनसंचार माध्यमों के क्रमिक विकास से सम्बद्ध करके यदि देखा जाए, तब यह ज्ञात होगा कि जैसे–जैसे इन माध्यमों का विकास हुआ है, वैसे–वैसे ही जनसंचार के कार्यक्षेत्र/प्रभाव क्षेत्र का भी विस्तार हुआ। आज का मानव सांकेतिक/वाचिक या भावाभिव्यक्ति, संभाषण या संवाद कला, मुद्रणालय की सहायता से लेखनकर्म के चरणो से चलता हुआ रेडियों, टेलीविजन तथा उपग्रह सूचना माध्यम के नवयुग में प्रवेश कर गया है। इस प्रकार इस विकास यात्रा में जनसंचार के जितने साधन जुड़ते गए, सभी का उपयोग विचाराभिव्यक्ति तथा आम राय या जनमत को प्रभावित करने के लिए अनवरत रूप से किया जाता रहा।

संभवत: मानव ने ईसा से लगभग 3500 वर्ष पूर्व लिपि का आविष्कार किया। यह घटना जनसंपर्क के इतिहास की एक क्रांतिकारी घटना थी। इस आविष्कार के फलस्वरूप मानव सभ्यता को जनमत को प्रभावित करने का स्थायी तथा सुव्यवस्थित प्रकृति वाला एक साधन प्राप्त हुआ।

मेसोपोटामिया (इराक), मिश्र, चीन तथा सिंधु घाटी की प्राचीन मानवीय सभ्यताओं के आदिकाल से ही जनमत को नियंत्रित करने तथा प्रभावित किए जाने के लिए जिन प्रयासो का सूत्रपात हुआ, उनका प्रचार एवं प्रसार क्रमश: सभ्यता की विकास यात्रा के साथ होता रहा। इस विकास यात्रा के इतिहास में जनसंचार के महत्व को रेखांकित करने अथवा प्रभावित करने के प्रयास यूनान, रोम, फिलिस्तीन, भारत तथा ब्रितानीया में होते रहे तथा

*शोधार्थी (शिक्षा) पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

इसके लिए इन सभ्यताओं, संस्कृतियों अथवा राष्ट्रो के अनेक सिद्ध पुरूषों, पैंगबरों, धर्मसुधारकों, समाजसुधारकों, सुधारकों, दार्शनिकों अथवा सम्राटों ने जनसंपर्क प्रयासों के क्षेत्र में एक दिशाबोधक भूमिका का निर्वाह किया है।

जनसंचार के आधुनिक युग का श्रीगणेश पुनर्जागरण आंदोलनकाल के प्रारम्भ से माना जाता है, जो कि 1300 ई. के लगभग प्रारम्भ हुआ। पुनर्जागरण आंदोलन के युग में अनेक विचारकों, समाज-सुधारकों, कलाकारों, साहित्यकारों, वैज्ञानिकों, प्रचारकों, इतिहासकारों, दार्शनिकों आदि के प्रयासों से न केवल मानव जीवन दर्शन में परिवर्तन आने लगा था वरन् इसके साथ ही जनमत को प्रभावित तथा वांछित दिशा में प्रेरित करने की दिशा में एक नवीन चिंतन का भी सुत्रपात हुआ। इसके लिए एसी युक्ति का आविष्कार किया जाना आवश्यक था, जो कि जन-जन तक विचार, साहित्य, अथवा सूचनाओं को पहुँचाने में सहायक हो सके।

बीसवीं शताब्दी के प्रथम चरण में सैद्धांतिक आधार जनसंपर्क को जनमत बनाने, वांछित दिशा में जनअभिवृत्ति को प्रभावित करने तथा जनसमर्थन प्राप्त करने के लिए अपरिहार्य समझा जाने लगा था। इस काल तक जनसंपर्क के लिए आवश्यक, महत्पूर्ण जनसंचार साधनों का भी प्रादुर्भाव हो चुका था। जहॉ विगत में मुद्रण कला के आविष्कार के कारण पुस्तकें, समाचार-पत्र, पत्रिकाऍ तथा प्रचार सामग्री व्यवहार में आने लगी, वहॉ वर्तमान शताब्दी के प्रारम्भ से पॉचवे दशक तक तार, टेलीफोन, रेडियों तथा टेलीविजन के क्रमिक विकास ने जनसम्पर्क अभियान को जनसम्पर्क अभियान को एक नवजीवन प्रदान किया।

भारत में जनसंचार के प्रसंग में जनमत के महत्व को स्वीकार किए जाने की परंपरा के प्रमाण वैदिक कालीन सभ्यता से ही प्राप्त होने लगते है।

रामायण तथा महाभारत काल में भी जनमत को अपने पक्ष में रखने के लिए राजाओं को विद्धतजनों द्वारा शिक्षा दी जाती थी तथा इसके लिए राजाओं को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता था। अत: कहा जा सकता है कि इस काल में भी जनमत को अपने पक्ष में करने के लिए जनसंपर्क साधनों को अपरिहार्य पूर्ण आवश्यकता माना जाता था।

जनसंचार के माध्यम – जिस विधा को आधुनिक युग में जनसंचार कहा जाता है, उसके माध्यम जनसंचार के विविध साधन होते है। जनसंचार के माध्यमों में देश, काल, परिस्थितियों के अनुसार वैज्ञानिक उन्नति तथा सामाजिक परिवर्तन के कारण भिन्नता हो सकती है, लेकिन इन साधनो को जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में वाचिक तथा प्रकाशित, साहित्य, दृश्य, श्रव्यसाधन, प्रचार-प्रसार सामग्री, चलचित्र, रेडियों, टेलिविजन आदि को गिनाया जा सकता है। जनाभिवृत्ति के परिवर्तन के लिए जनसंपर्क मात्र एकपक्षीय भूमिका का निर्वाह नही करता है, यानी जनसंपर्क का कार्य केवल सूचना देने मात्र से पूर्ण नहीं होता है, वरन् उसे जनता की भावनाओं, आकांक्षाओं का भी पता लगाना होता है। जनसंचार एक द्विपक्षीय प्रक्रिया का नाम है। जनसंचार एक प्रकार की मोहिनी विधा है, जो 'जन' को मोहित करते हुए लक्ष्यों, उद्देश्यों की और स्वेच्छा से आकर्षित होने के लिए प्रेरित करती है।

अत: जनसंचार माध्यमों के द्वारा आवश्यक सूचना, ज्ञान तथा जानकारी में गुणात्मक वृद्धि करते हुए एक ही समय में असंख्य लोगों तक सूचना पहुॅचाई जा सकती है।

जनसंचार माध्यम निम्न प्रकार के होते है-जैसे टी.वी., रेडियो, समाचार पत्र, टेलीविजन, टेलीफोन, इन्टरनेट, ईमेल, मोबाइल फोन, वायरलेस, टेलिकॉफ्रेसिंग, फेक्स, पत्र-पत्रिकाएं, शिक्षण मशीन आदि।

जनसंचार माध्यमों की आवश्यकता एवं उपयोग – लोकतंत्र में जनसंचार माध्यमों का विशेष महत्व है। आज प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास देश-विदेश में होने वाली घटनाओं के बारे में जानने को जिज्ञासु रहता है। उसकी जिज्ञासा शांत करने के विधि संचार साधन ही है।

शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नूतन परिवर्तन होते जा रहे है। नित्य नये नये आविष्कारों से शिक्षा का रूप अत्याधुनिक होता जा रहा है। आज की परिस्थितियों में निम्न तकनिकों का नवीन तकनिकों के अंतर्गत सम्मिलित किया जा सकता है- जैसे टी.वी., रेडियो, समाचार पत्र, टेलीविजन, टेलीफोन, इन्टरनेट, मोबाइल फोन, वायरलेस, फेक्स, पत्र-पत्रिकाएं आदि।

कम्प्यूटर का शैक्षिक उपयोग – (Educational usage of Computer) आधुनिक युग के महत्वपूर्ण आविष्कारों में कम्प्यूटर का स्थान सर्वप्रथम है। कम्प्यूटर का सभी यौगिक, आर्थिक, मूल्यांकन संबंधी कार्यो को बहुत शीघ्र किया जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर एक नूतन नवाचार है। जब से शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर का प्रयोग प्रारंभ हुआ है तब से शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित कार्यो में तीव्रता आ गई है। यह शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली जटिल समस्याओं का समाधान अत्यंत तिव्र गति से करता है। साथ ही साथ यह शैक्षिक संस्थाओं के प्रशासनिक कार्यो को भी करने में समर्थ है।

शिक्षा में इण्टरनेट का प्रयोग (Usage of Internet In Education) – वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में इण्टरनेट का प्रयोग आवश्यक हो गया है। शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो या वाणिज्य का, खेल का क्षेत्र हो या मनोरंजन का समस्त क्षेत्रों में इण्टरनेट की आवश्यकता को महसूस किया जाने लगाा है। इण्टरनेट द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ कक्षाओं के लिए श्रेष्ठ तथा अत्याधुनिक शैक्षिक सामग्री की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो रही है। इण्टरनेट का प्रयोग कर छात्र व शिक्षक प्रत्येक विषय से सम्बन्धित नवीनतम घटनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। अधिगम में आने वाली कठिनाइयों को इण्टरनेट द्वारा समाप्त किया जा सकता है। भारत में इग्नू विश्वविद्यालय एवं आई.आई टी. जैसी संस्थाओं ने इण्टरनेट आधारित कार्यक्रम शुरू कर दिए है।

शिक्षा में जनसंचार – विद्यार्थियों को जनसंचार माध्यमों के प्रति जागरूक बनाने के लिए सबसे पहले शिक्षकों को इनके प्रति जागरूक बनाना होगा। जिसके लिए इनको प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ही इनके महत्व को समझाकर जागरूक बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जनसंचार माध्यमों की सही जानकारी प्रदान कर शिक्षा व शिक्षण में इनका उपयोग किया जा सकता हैं। लोकतंत्र में शिक्षा के क्षेत्र में जनसंचार माध्यमों का महत्व और भी बढ़ जाता है। आज छात्र एवं शिक्षक अपने आस-पास, देश-विदेश में होने वाली घटनाओं के बारे में जानने को जिज्ञासु रहता है। उसकी जिज्ञासा शांत करने के विधि साधन जनसंचार के माध्यम ही है। जैसे टी.वी., रेडियो, समाचार पत्र, टेलीविजन, टेलीफोन, इन्टरनेट, मोबाइल फोन, वायरलेस, फेक्स, पत्र-पत्रिकाएं आदि आदि।

उपरोक्त जनसंचार माध्यमों का शिक्षा की दृष्टि से महत्व और भी बढ़ जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक, शिक्षक-प्रशिक्षणार्थी एवं विद्यार्थी जनसंचार माध्यमों का उपयोग कर इनका लाभ ले सकते है। शिक्षक-प्रशिक्षणाथी इन माध्यमों का निम्न प्रकार इनके बारे में जानकारी प्राप्त कर व इनका शिक्षा के क्षेत्र में उपयोग कर नये आयाम स्थापित कर सकतें है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

वर्तमान परिदृश्य में शांति शिक्षा की आवश्यकता

डॉ. श्रुति तिवारी * मधु यादव **

प्रस्तावना – राष्ट्रीय अभिलाषाओं एवं सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप देश के भावी नागरिकों का निर्माण के अनुरूप देश के भावी नागरिकों का निर्माण करने की दिशा में शिक्षा की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। जब भी समाज में अवांछनीय असामाजिक तत्व सामाजिक व्यवस्था के समक्ष एक चुनौति बनकर खडे होते है, तब समाज की सामाजिक व्यवस्था एवं शांति को बचाने का एक मात्र तरीका हमें शिक्षा व्यवस्था दिखाई पड़ता है। शिक्षा तत्कालिक आवश्यकताओं के अनुरूप। अपना रूप परिवर्तन कर किंचित नया स्वरूप धारण कर उस चुनौति का उत्तर देने के लिए सक्षम हो जाती है। हिंसा घृणा व आंतकवाद से पीडित वर्तमान 21 वीं शताब्दी के युग में शिक्षा इस चुनौति के समक्ष सामाजिक जुडाव बढ़ाने हेतु शांति शिक्षा का स्वरूप लेकर आ खड़ी हुई हैं।

मुख्य बिन्दु–

1. शांति शिक्षा की अवधारणा
2. शांति शिक्षा की आवश्यकता
3. शांति शिक्षा के स्तम्भ
4. शांति शिक्षा का स्वरूप
5. शांति शिक्षा में प्रदान करने में शिक्षक की भूमिका

वर्तमान युग वैचारिक क्रान्ति युग है। आज का मानव शांति की खोज में इधर–उधर भटक रहा है। आज मानव के पास धन है, वैभव है, ऐश्वर्य है, और भौतिक संसाधन भी है। लेकिन शांति नहीं है। वर्तमान में हमारा समाज ऐसी स्थिति में है जहाँ वह असुरक्षा व निराशा का जीवन व्यतीत कर रहा है। आज का मानव मानसिक अशांति व क्लेश से पीड़ित है। जब समाज भ्रष्टाचार अनाचार व अत्याचार की व्याधियों से ग्रस्त हो जब राजनीति मनुष्य के जीवन को उभारने वे संवारे की बजाय नष्ट भ्रष्ट कर रही हो, जब विज्ञान मनुष्य की स्मृद्धि को बढ़ाने की बजाय सम्पूर्ण वातावरण में जहर घोल रहा हो, तब हमें निश्चय ही इस बात पर चिन्तन व मनन करना होगा कि किस तरह इस तिमरान्छन की स्थिति को छिन्न–भिन्न कर समाज में शांति की स्थापना की जा सकती है।

शांति प्राप्ति/शांति शिक्षा पर चिन्तन करते ही हमारे मस्तिष्क में निम्नलिखित प्रश्न उभरते हैं–

1. शांति एवं शांति शिक्षा क्या है?
2. शांति शिक्षा की आवश्यकता क्यों हैं?
3. शांति शिक्षा कब व कैसे प्रदान की जाए?
4. शांति शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों की भूमिका।

1. शांति एवं शांति की शिक्षा क्या है? – मनुष्य की वह मानसिक अवस्था जो उसे सकारात्मक दिशा में ले जाये और व्यक्ति प्रसन्नता का अनुभव करें।

थोरेसा. एस.वे. एवं ग्वेलडोलिन यू टर्नर (1995) के अनुसार 'शांति एक व्यवहार है, जो व्यक्ति की अन्त: क्रिया में बोलने व सुनने में सदभावना को बढ़ाता है, और उन क्रियाओं को हतोत्साहित करता है, जो एक दूसरे को नुकसान पहुँचाती है, नष्ट करती है और ठेस पहुँचाती है।

वस्तुत: शांति मन की एक अवस्था है, जिसे युनेस्कों के संविधान की प्रस्तावना में खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया गया है:–Since wars begin in the minds of men. It is in the mind at men that the defense of peace must be constructed.

यूनेस्कों ने शांति शिक्षा को परिभाषित करते हुए लिखा है–

'शांति शिक्षा का तात्पर्य उस प्रक्रिया से है, जो उन ज्ञान कौशलों, अभिवृत्तियों तथा मूल्यों को विकसित करती हैं, जो बच्चों, युवाओं व व्यस्कों को बाह्य व आन्तरिक संघर्षो व हिंसा से रोके तथा स्वयं की आन्तरिक शांति, आपसी समूहों तथा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति की स्थापना हेतु उचित वातावरण का निर्माण कर सके।'

अर्थात शांति वो नहीं है, जो संधियों व समझौतों में होती है। शांति मन का आभूषण है, जो मानव को जीवन जीने का कौशल सिखाती है। शांति प्रमुख रूप से तीन प्रकार की होती है–

1. आन्तरिक शांति
2. सामाजिक शांति
3. प्रकृति वातावरण के प्रति शांति

2. शांति शिक्षा की आवश्यकता – अन्नन्त काल से शांति मानव जीवन की प्राथमिक आवश्यकता नहीं है। विभिन्न देशों, समाजों संस्कृतियों, धर्मो एव जातियों में शांति संस्कार के रूप में विद्यमान थी। आध्यात्म के अनुसार भी आत्मा का मौलिक गुण शांति ही है। वेदों, उपनिषदों एवं सभी प्रकार के साहित्य में प्राणीमात्र से प्रेम को महत्व दिया है। यूनेस्कों ने शांति को विकास की पहली शर्त माना है, तथा शांति शिक्षा को विभिन्न मानवीय मूल्यों एवं अभिवृत्तियों का आधार माना और 'अम्ब्रेला कॉन्सेप्ट' की संज्ञा दी जिसके अन्तर्गत त्याग, दया, प्रेम, सहयोग, अहिंसा, न्याय, मानवाधिकार आदि उच्च नैतिक मूल्य व्यक्ति को शांति के केन्द्र की ओर ले जाते है। परन्तु जब हम वर्तमान परिदृश्य पर दृष्टिपात करते है, तो देखते है कि आज सम्पूर्ण समाज सभ्यता के समक्ष यदि कोई सर्वाधिक जवलन्त प्रश्न है, तो वह यही है कि हम परिवार, पड़ोस, समाज और अंतत: विश्व शांति को किस प्रकार मूर्तिमान करें क्योंकि वर्तमान में दो राष्ट्रों के मध्य सामंजस्य का अभाव

* प्राचार्य (शिक्षा) सुरेश ज्ञान विहार, विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (शिक्षा) सुरेश ज्ञान विहार, जयपुर (राज.) भारत

नजर आता है। व्यक्ति व्यक्ति के मध्य टकराव नजर आता है। यहाँ तक कि व्यक्ति के अन्तर्मन में भी विभिन्न विचारों का महाभारत निरन्तर चलता रहता है।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा (2005) की पृष्ठ संख्या 69 में शांति शिक्षा की आवश्यकता को महसूस करते हुए लिखा है–

'हम अभूतपूर्व हिंसा के दौर में जी रहे है। इस दौर में असहिष्णुता कट्टरवाद, विवाद और विस्वरता की निरन्तर आशंकाए है। नैतिक कार्य शांति का कल्याण कार्यो के सामने नई चुनौतियाँ पेश आ रही है। शांति स्थापित करने की दीर्घ कालीन प्रक्रिया में शांति शिक्षा एक महत्वपूर्ण आयाम है।'

3. शांति शिक्षा कब व कैसे प्रदान की जाए– सामान्य विद्यालयी शिक्षा व्यक्ति के जीवन के उन वर्षो से संबंध रखती है, जब उसके व्यक्तित्व का निर्माण हो रहा होता है। यह नये संस्कारों को ग्रहण करने के लिए सर्वथा अनुकूल स्थिति होती है। इस अवस्था में रखी गई नीव पर ही बालक के जीवन के पूर भवन का निर्माण होता है। इसके पश्चात् हमारे संस्कार क्रमश: परिपक्व एवं स्थाई होते चले जाते हैं।

महात्मा गाँधी ने कहा था– 'अगर हम संसार में वास्तव में शांति चाहते है तो उसकी शुरूआत हमें विद्यालयों के विद्यार्थियों से करनी होगी'

अत: यदि बालक को सही तरीके से चिन्तन की प्रक्रिया सिखाई जाए, सही व गलत में उचित अन्तर करना सिखाया जाए तो वह न केवल सरलता से इसे सीख लेगा वरन् आत्मसात भी कर लेगा। यूनेस्को की हैण्डबुक में शांति शिक्षा के लिए दस विशेषताओं के प्रतिमान को बताया गया है। इसे इशिकावा ने फिशबोन संरचना के रूप में निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत किया है–



शांति के इन दस केन्द्रीय मूल्यों की स्थापना शांति शिक्षा को एक अलग विषय के रूप में पढ़ा कर या अन्य विषयों के साथ सम्बन्ध स्थापित कर दी जा सकती है एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं के माध्यम से भी दी जा सकती है। योग, ध्यान, आसन, प्राणायम आदि विचारों की शुद्धता एवं इन्द्रियों के नियंत्रण के प्रमुख साधन है, जिसका प्रशिक्षण बालक को बाल्यावस्था से ही शुरू किया जाना चाहिए ताकि उनमें सकारात्मक चिन्तन, आत्मा के शुद्धिकरण, विचारों की पवित्रता एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने ही अभिवृत्ति विकसित की जा सके।

4. शांति शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों की भूमिका – किसी भी राष्ट्र के निर्माण में वहाँ की शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान होता है। देश की शिक्षा व्यवस्था जैसी होती है, उस देश का विकास भी वैसा ही होता है। किसी देश की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षा नीती, शैक्षणिक संस्थानों एवं शिक्षकों पर निर्भर करती है। शिक्षण व्यवस्था के प्रमुख तीन आधार स्तम्भ होते है–

1. शिक्षक 2. शिक्षार्थी 3. पाठ्यक्रम

नि: सन्देह शिक्षक शिक्षण व्यवस्था का आधार स्तम्भ होता है। शिक्षक ही विद्यार्थियों। शिक्षार्थियों में ज्ञान, संस्कार, मूल्य, दृष्टिकोण व अभिवृत्तियों का संचरण करने वाला होता है। शिक्षक ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी उत्तरदायी होता है। शिक्षक शांति शिक्षा में मुख्य रूप से अपना योगदान निम्न प्रकार दे सकता है–

1. अपने आचरण के माध्यम से
2. कक्षा शिक्षण के माध्यम से
3. पाठ्यसहगामी क्रियाओं के माध्यम से

इस दृष्टि से शांति शिक्षा में शिक्षकों की भूमिका के लिए यही कहा जा सकता है कि जब तक शिक्षक शांति शिक्षा हेतु प्रयास नहीं करेंगे, शांति शिक्षा के प्रसार हेतु अग्रणीय भूमिका नहीं निभाएगे, तब तक हम शांति शिक्षा को उसकी जड़ों तक पहुँचाने में सफल नहीं होंगे।

महान विचारक जे. कृष्णमूर्ति भी यही मानते थे कि शांति एवं ज्ञान सम्पन्न समाज के निर्माण का उत्तरदायित्व शिक्षक पर ही है।

अत: विश्व समुदाय के शिक्षकों का यह कर्तव्य है कि वह समूचे विश्व की जनता में जो कि विद्यार्थी के रूप में उसके सामने है, उसमें शांति शिक्षा का प्रचार प्रसार करे और उन्हें शांति के महत्व को समझायें।

उपसंहार – सारांशत: यही कहा जा सकता है कि वर्तमान में चहुँ ओर हिंसा व अशांति का साम्राज्य दृष्टिगोचर होता है। स्वयं को समस्त चराचर में परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ घोषित करने वाला मनुष्य स्वयं ही इस हिंसा व अशांति के ताण्डव के लिए उत्तरदायी है। उसने ईश्वर प्रदत्त विलक्षण उपहार, अपने मस्तिष्क का उपयोग शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के लिए ना करके संघर्ष का विनाशकारी मार्ग अपने लिए वरण किया है। अत: शांति शिक्षा की आवश्यकता एवं क्रियान्वित अत्यंत आवश्यक है।

सचमुच शांति शिक्षा के लिए एक ही विचार की सर्वाधिक आवश्यकता है और वह है, हमारा ईमानदार, शक्तिशाली व आत्मविश्वास से भरा एक कदम तो आइये यह कदम हम आज ही क्यों ना उठायें।

****

Sports Ground/Court (Indore & Outdoor) in India

Dr. Ramneek Jain *

Abstract - Competitors are utilizing the most refined supplies and innovation keeping in mind the end goal to draw out the best execution with slightest consumption of vitality and time. At each progression new innovation has been presented. Correspondingly radical change has happened in Physical Environment incorporating into play ground and surfaces of donning exercises on which entertainers are making execution. Presently, aside from the dirt, grass and solid, engineered and furthermore logical play ground surfaces are being utilized. There are for the most part two sorts of engineered surfaces-Turf framework and Track System. Engineered grass has many preferences over common turf, for example, - no watering and safe playing surface and low support expenses. Manufactured turf frameworks, frequently alluded to as Astroturf, are transcendently utilized for Football and hockey. Three unique sorts of track surface are Solid Polyurethane Systems, Porous System and Sandwich Systems are based on similar establishments yet each offers contrasting execution and expenses. Diverse Synthetic surface are utilizing for indoor movement and also for open air action. With regards to picking indoor games surfaces, the primary decision that weaving machines wood versus manufactured. Specialists educate to utilize regarding extensive variety of synthetics, Synthetics, for the most part fall into three classes:
(1) Urethane, (2) Rubber and (3) PVC. Synthetics additionally can be introduced three distinctive ways:
(1) either poured on as a fluid, (2) taken off in long sheets or (3) set up together like a confuse as interlocking tiles.

Introduction - The execution in any focused games occasion rely on upon such components as physical wellness, strategy, strategies and aptitude despite the fact that the relative commitment of these variables clearly differs from game to brandish. Furthermore, some different elements like constitution, body structure and mental qualities of the entertainer additionally assume a fundamental part on performance With the modernization of games condition, the advancement of preparing strategies and procedures of games preparing are vital considers winning. For better and higher exhibitions standards of a few fundamental sciences and innovation has realized a progressive change from games entertainer to be a game excellent. Today competitors are prepared after logical standards of instructing and preparing, utilizing the most refined supplies and innovation keeping in mind the end goal to draw out the best execution with minimum consumption of vitality and time. Sports execution is enhancing, by games preparing as well as, likewise misusing sports science and innovation. At each progression new innovation has been presented. So also radical change has happened in Physical Environment. There is a radical change in play ground and surfaces of brandishing activities. As playing surface for the most part we consider such surfaces which are made of earth, grass or cement. In Indian games situation these surfaces are for the most part utilized. Presently, aside from these short of surfaces some current and logical play ground surfaces are being utilized.

There are for the most part two sorts of engineered surfaces:

1. Turf and Track framework

Turf Systems: Synthetic grass is presently broadly utilized as a part of numerous nations. This is exceptionally helpful in all climates. Manufactured grass has many preferences over normal turf, for example,

- No watering, safe playing surface, Low support expenses

Simulated turf frameworks, regularly alluded to as Astroturf, are overwhelmingly utilized for Football and hockey despite the fact that we are finding a protected surface for their students to play on at all circumstances to forestall damage and conceivable lawful activity.

Track Systems - Three distinctive sorts of track surface are based on similar establishments however each offers contrasting execution and expenses.

Strong Polyurethane Systems - Solid PU frameworks offer unrivaled execution and are the decision for top rivalry tracks. These tracks offer a significantly quicker running surface due to their unbending nature, this additionally offer much preferable toughness over the milder track surfaces.
Permeable System: This track framework is greatly

* **Assistant Professor (Physical Education) Shri JJT University, Jhunjhunu (Rajasthan) INDIA**

improved suited to schools and universities due to its gentler qualities that will diminish the danger of damage; yet it is as yet reasonable for rivalry utilize.

Sandwich Systems - Sandwich framework offers a surface moderate in both execution and cost. By offering the gentler permeable base of our permeable System blended with the harder top layer of our Solid System this track Surface offers a less expensive option for preparing tracks.

Indoor and Outdoor Ground Surface facilities in Uttar Pradesh

INDOOR

Contemplations on wood - When it comes to picking indoor games surfaces, the fundamental decision that weavers wood versus engineered. Wood remains the best quality level for multipurpose spaces for an assortment of reasons. Wood is prized for its appearance, it's capacity to return vitality – the level of "skip"- and its toughness. In the event that appropriately kept up, it can last up to 70 years or more. It is known element along with history of execution. Also, the very appearance of wood can show a guarantee to athletics. On the opposite side of the record, however, wood requires exact, conferred support. It grows and contracts with mugginess and temperature changes, requiring a consistent ventilation framework; it ends up plainly harmed on the off chance that it gets wet; it requires ability in establishment; and as a hard material, it has no point-versatile, padding attributes.

Manufactured thoughts - While wood frequently appears the most evident decision for gym and multipurpose floors, it may not generally be the best arrangement. Specialists educate to utilize regarding extensive variety of synthetics, which can be a superior fit by and large. Synthetics, which cover anything aside from wood, for the most part fall into three classes:

(1) Urethane, (2) Rubber and (3) PVC (Polyvinyl chlorate).Synthetics additionally can be introduced three diverse ways: (1) either poured on as a fluid, (2) taken off in long sheets or (3) set up together like a confuse as interlocking tiles .If utilize the PVC sheet products, There may have been unimaginably solid and simple to clean-they run in there with a power washer.

Open air - On track : Outside, running tracks have voyage light years from the times of soot fiery remains or black-top and now for the most part highlight manufactured vulcanized elastic made of granules bound with polyurethane, or expelled vulcanized elastic. Like indoor surfaces, both poured-in –place and sheet-great frameworks are accessible.

Tennis surfaces: Outdoors and in, tennis surfaces offer an extensive variety of decisions. All in all, tennis courts are part in two classifications. (1) Traditional, delicate court outside surfaces incorporate dirt and grass, alongside counterfeit turf that imitates grass. (2) Hard-court surfaces, which contain around 70 percent of all courts, incorporate cement and black-top overlaid with a shading covering. This covering by and large is made out of finished latex, elastic or other engineered materials. In an inexorably prominent alternative, courts may contain a strong layer of padding 6mm to 13mm thick between the black-top or concrete and shading covering. At last, interlocking polypropylene tiles and sheet merchandise are two different frameworks being utilized progressively for tennis.

Fake turf - Artificial turf, which most makers now call engineered turf, has progressed significantly from its presentation in the 1960s, with a lot of biomechanical research. As a sign of how far turf has come, FIFA, the International Soccer Federation now states it is "especially in support" of the utilization of simulated turf. Grass filaments, which can be made of polypropylene, nylon or a mix of the two, can be amassed in a few ways. Manufactured turf requires no cutting, watering or preparing, it brings its own particular arrangement of support issues. The possibility of a story, at first glance, appears to be truly basic: something to remain on. Outside, it implied grass or earth. Include games and amusement into the psyche, and it moves toward becoming something to remain on, keep running on, hop on, sit on, move on, bob on, fall on, race on, move on, meet on More entangled yet, consistently appears to carry another game or wellness with new ground surface necessities: for reasons unknown, training and attentive arranging can decrease the cerebral pains and clear the way to the correct floor. Really, say the specialists, picking the floor is the last and now and again most effortless piece of the procedure. The crucial step lies in asking – and replying – the inquiries that prompt the correct floor. The many distinctive materials are coordinated by many diverse execution qualities best for various games, with a speedy lesson in material science and biomechanics vital for each. For most games surfaces, the objective is to decrease the measure of vitality lost to the surface. The Foundations for Flooring: There are the same number of various sentiments and choices on ground surface as there are frameworks and producers that may be, handfuls. However, the specialists all concur that game surfacing decisions must fulfill seven key variables:

Establishment - How troublesome is it to introduce the framework? Will's identity doing the introducing ? Does the producer offer its own particular establishment groups, or is your staff sincerely up to the assignment? How soon can the surface be utilized after establishment? Does it radiate any dangerous outgases or poisonous scents?

Bolster - How much and what sort of upkeep required? Are a couple of substances typically found at your site risky to the surface? Will your staff perform minor repairs or ought to the maker be called? Strength: How long does this surface last? Whatever degree do you require it to last? That is, might you genuinely want to go 40 years before supplanting the thing? What sorts of where does the thing show and by what means may it be settled? Does the kind of usage you mastermind impact robustness

Cost - Don't just look at frank costs, look at lifetime costs. What sum does foundation cost? What are the bolster

costs? What sum are the things key for support and how straightforward would they say they are to get? What does bolster cost in delegate hours?

Security - Does this floor meet the biomechanical needs of it expected vocations? Is there genuine cushioning for impact? Is it unnecessarily subtle? Not adequately hazardous? Does it oblige an extent of customers? Are there any lumps that can cause a risk?

Ranking System - To help resolve these issues use a ranking system, provide a sheet of flooring attributes furthermore, asking that the gathering number them arranged by importance. These include:

1. Toughness
2. Sound stifling
3. Clean ability
4. Versatility/stun penetrability
5. Ball bob/roll/execution
6. Coefficient to erosion (slip versus slide versus nonslip)
7. Shading
8. Establishment time
9. Smell amid/after establishment
10. Guarantee
11. Spike resistance
12. Execution/transportability.

Standard of Care - notwithstanding the science of synthetics terms and the material science of wood, floor purchasers must take in the letters in order soup of affirmations. As of now, there is nobody, brought together models framework that covers all parts of execution, establishment and plan for games surface, yet various associations cover segments of these issues.

Standard twisting - The profundity to which a story indents under a heap of weight.

Twisting control - The spread of a disfigurement, or the region it covers, when a story indents under a heap of weight. Sliding conduct: The separation a story can allow a competitor's foot to turn or deliberately slide, while as yet anticipating uncontrolled sliding. Commotion measures oblige floors to have a sliding separation of 0.4 to 0.6 meters. EDPM: Ethylene propylene dine monomer, a sort of engineered elastic ground surface that comes in granule shape. SBR: Styrene butadiene elastic, another granulized type of manufactured elastic. PVC: Polyvinyl chloride, a typical type of manufactured ground surface that, yes, is a similar stuff of which you're pipes funnels are made. Polypropylene: Another type of plastic, regularly utilized for games flooring squires or tiles. Pre-assembled sheet frameworks or sheet merchandise: Synthetic ground surface made off site and conveyed in rolls or sheets. Cast set up frameworks: Synthetic ground surface frameworks made nearby.

Basic phrasings identified with manufactured ground surface:

1. Point-flexible surface.
2. Range flexible surface.
3. Composite surface.
4. Versatility.
5. Dampness content.
6. Sleeper framework.
7. Board framework.
8. Tied down framework.

Acclimatization - Drive lessening. Ball bounce back. Standard miss happening. Disfigurement control. Sliding conduct. Cast set up frameworks.

Point-flexible surface - A surface that curves at the purpose of weight and ingests vitality. Most manufactured surface constitute this.

Territory versatile surface - An unbending, non-bending surface that yields bit by bit to weight and can return vitality, for example, wood floors.

Composite surface: A surface with qualities of both point and zone versatility, regularly a manufactured surface over wood.

Flexibility - A story's capacity to curve or give; engineered surfaces frequently have more prominent strength than wood Moisture content: The heaviness of water contained in wood flooring, as a rate of an oven dried specimen. Sleeper framework: Wood flooring framework where the wood strips are introduced on portions of wood studs.

Board framework - Wood flooring framework where the wood strips are introduced on sheets of other material, regularly plywood.

Moored framework: Wood flooring framework where the wood strips are introduced on sheets of different materials, frequently plywood, with 2-by-3 " sleepers" under the plywood.

References :-

1. www.wikipedia/ sports _ground_ science
2. www.egolfportableputtinggreen.info
3. www.google.com
4. website of Sports Authority of India.

****

आचार्य विनोबा भावे का व्यक्तित्व – एक विवेचन

डॉ. संदीप ठाकरे *

प्रस्तावना – आचार्य विनोबा जी का जन्म 11सितम्बर 1895 में गागोदा महाराष्ट्र में हुआ था। गांधी जी ने ज्ञानोबा तुकोबा की तरह से प्यार से उनका नाम विनोबा रख दिया था। विनोबा का बचपन का नाम विनायक था। इनके पिता नरहरि भावे बडोदा राज्य की सेवा में एक कार्यकर्ता थे। माता रूक्मिणी देवी भक्त हृदया स्त्री थी। विनोबा के बालजीवन पर उनकी धर्मनिष्ठ और प्रेममयी माता का बहुत गहरा प्रभाव पडा।

विनोबा जी बचपन से ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहें हैं। बचपन से ही विनोबा को किताब पढने का शौक था। किताबों के अध्ययन के लिए ये सार्वजनिक वाचनालयों का प्रयोग करते थे। गणित उनका प्रिय विषय था। वे कहते थे [1] – भगवान के बाद अगर कोई चीज मुझे सबसे अधिक प्रिय हैं, तो वह है गणित।

विद्यार्थी जीवन में विनोबा बहुत कम बोलते थे। प्राय: सारा समय वे मौन ही रहते थे। परंतु जब जरूरत होती तो वे जोश में बोलते और गंभीर विषयों पर घण्टो वाद – विवाद करते थे।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने एक बार विनोबा जी के विषयो पर कहा था – विनोबा हमारी प्राचीन संत परम्परा के आचार्य है। वह वास्तव में तुलसीदास, कबीर दास, नानकदेव, तुकाराम, ज्ञानेश्वर, नामदेव और समर्थ रामदास की कोटी के संत हैं। उनके व्यक्तित्व में संत आचार्य, और तपस्वी का ऐसा सुंदर समन्व्य है, जो किसी भी व्यक्ति को उनके सामने श्रध्दा से झुका देता हैं

उनमें गीता के कर्मयोगी स्थितप्रज्ञ और भक्त तीनों के लिए एक साथ दर्शन होते हैं। उनका प्रशांत और गंभीर मुख मंडल सीधी–सादी वेशभूषा, तेजस्वी ललाट, स्वप्न दृष्टा लोचन एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व किसी भी व्यक्ति पर अपना प्रभाव डालने में उसे उदात्त एवं निर्मल बनाने में सामर्थ हैं। विनोबा जी की आत्मचिंतन एवं आत्मोपलब्धि की साधना काफी ऊंचे स्तर की हैं। गीता का कर्मसन्यास उन्हें सहज ही सिध्द हो गया था। गांधीजी के एकादश व्रती को साधना विनोबा जीवन पर्यन्त करते रहें। जिस प्रकार गाधीजी ने दुनिया से विरक्त होकर हिमालय में जाकर एकान्त साधना और आत्मचिंतन की बात नहीं सोची। इसी प्रकार विनोबा की जीवन गंगा भी आस पास के समाज की उपेक्षा कर आगे नहीं बढी।

बचपन में घर से निकलने के बाद कुछ दिनों तक उनके मन में यह विचार अवश्य रहा कि वह हिमालय जाकर आत्मचिंतन करेंगें पर काशी हिन्दु विश्वविद्यालय के उद्घाटन के अवसर पर दिए गए गांधीजी के भाषण ने उनको इतना प्रभावित किया कि वह साबरमती आश्रम चले गए, और हिमालय जाने का विचार पीछे छूट गया। फिर तो उनकी यह मान्यता दृढ हो गयी हैं कि जीवन पानी की उस धारा के समान हैं, जो समुद्र (परमात्मा) से मिलने जा रही हैं। उस परमात्मा से एकाकार हो जाना ही उनका अंतिम लक्ष्य था। किन्तु जिस प्रकार से पानी की धारा रास्ते के गडढ़े भरती हुए आगे बढ़ती हैं, उसी प्रकार विनोबाजी अपने आस पास की कमियों, बुराईयों और विषमतायों के गड्ढे भरते हुए ही आगे बढते थे।

विनोबा जी अपने आस पास के छोटे से छोटे कहे जाने वाले कामों में भी इतनी तल्लीनता से जुट जाते हैं, जितनी तल्लीनता से बहुत से लोग बडे कहे जाने वाले कामो में भी नहीं जुटतें। वस्तुत: जब आसन्यास, दरिद्रता, अव्यवस्था, गंदगी , अनौतिकता, और असमानता का राज्य हो तब उनकी उपेक्षा कैसे कर सकतें हैं। फलस्वरूप लोकसेवा उनका धर्म बन गया है। और जगह जगह उन्हें आत्मसाक्षात्कार होने लगा, व्यक्ति व्यक्ति में उन्हें परमात्मा के दर्शन होने लगे।

विनोबा जी के व्यक्तित्व की एक विशेषता ये भी थी कि प्राय: मौन रहते थे। लेकिन जब भी वे बोलते उनकी वाणी गंगा की प्रवाह की तरह अपनी निर्मलता में श्रोताओं को डुबोए बिना नहीं रहती। धीमी आवाज में आरम्भ करके क्रमश: उनकी वाणी में ओजस्विता बझती जाती थी उपस्थित जन समूह उनके मौलिक चिंतन, ओजस्वी भाषा और शास्त्रों के गहन ज्ञान से एक नई चेतना और स्फूर्ति ग्रहण करता हुआ प्रतीत होता है। ऐसा प्रतीत होता हैं, मानो कोई प्राचीन ऋषि नवीनतम समस्याओं का अध्ययनपूर्ण शास्त्र सम्मत सरल एवं अचूक हल बताता जा रहा हैं। यह पूर्ण परम्पराओं से अपनी कडी इतनी सुन्दरता से मिला देते हैं कि पुरातन के प्रकाश में भविष्य का का पथ स्पष्ट होते हुए दिखाई देने लगता है। विनोबा जी के प्रत्येक प्रवचन में नवीनता प्रकट होती हैं। उनके शब्द हृदय की गहराई से निकलते हैं इसीलिए इनके प्रत्येक शब्द हृदय स्पर्शी होते हैं, गाधीजी, तुकाराम,ज्ञानेश्वर, तिलक, रामदास, मीरा आदी संतों का स्मरण करके किसी संत–ऋषि में पहुंचकर अथवा राम कृष्ण, बुद्ध, महावीर, मुहम्मद, ईसा, आदि महापुरूषों का ध्यान करके वे गदगद हो जाते थे। विनोबा जी के साथ उनका अपना वातावरण था। वह जहां भी जाते ज्ञान, कर्म ओर भक्ति का वातावरण निर्मित हों जाता था। इसलिए उनके प्रवचन से हर क्षण नई स्फूर्ति और नई चेतना प्राप्त होती। अनेक भाषाओं के ज्ञाता और शास्त्रों का ज्ञान होते हुए भी उनकी बुद्धि पर हृदय ने जो विजय प्राप्त की हैं, वह अद्वितीय हैं। ऐसा लगता है मानों शंकराचार्य की प्रखर बुद्धि और और महात्मा बुद्ध का कोमल हृदय उन्हें एक साथ मिल गया है।

विनोबा जी के व्यक्तित्व हमें सूक्ष्म तर्क के साथ मार्मिक रसिकता और गणित के साथ उच्चकोटी के काव्य का संयोग देखने को मिलता हैं, विनोबा एक अच्छे साहित्यिक भी थे। यद्यपि उन्होने स्वयं को कभी साहित्यिक नहीं कहा। विनोबा जी को हम समन्वयाचार्य भी कह सकतें हैं, गीता, ब्रम्हसूत्र,

* (योग) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातिय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (म.प्र.) भारत

शंकराचार्य, आदि के जमाने से चली आई समन्वय की भारतीय परम्परा हमें उनके हर कार्यों में देखने को मिलती हैं। उनका सारा साहित्य इसका साक्षी हैं। अलग- अलग जमाने में समन्वय के अलग अलग तरीके हो सकतें हैं आज के युग में सर्वोत्तम सार करना, यही समन्वय की प्रक्रिया हो सकती हैं। विनोबा जी ने दीर्घकाल अध्ययन, मनन चिंतन प्रयोग करके संसार के भिन्न भिन्न धर्म ग्रथों के जो सार निकाले हैं, वे इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।' मेरे जीवन के सभी काम दिलो को जोडने के एकमात्र उध्देश्य से प्रेरित हैं, ऐसा कहकर उन्होंने समन्वय के विचार को ही लोकभाषा में व्यक्त किया हैं। इस प्रकार विनोबा जी के व्यक्तित्व की बारीकियां समझने के साथ- साथ उनके व्यक्तित्व के विविध पहलुओं को निम्न प्रकार से स्पष्ट कर सकतें हैं -

विनोबा जी का व्यक्तित्व हिमालय जैसा विशाल था। उनके व्यक्तित्व के विविध आयाम हैं। प्रसिध्द वैज्ञानिक एडलर का विचार हैं कि - 'व्यक्ति का व्यक्तित्व जैविक मानसिक और सामाजिक कारकों से निर्धारित होता हैं। इन तीनो कारको का समग्र रूप में ही व्यक्तित्व को समझा जा सकता हैं।'

1. शिक्षक के रूप में विनोबा - विनोबा जी ने मुख्य रूप से, जीवन भर शिक्षण का ही कार्य किया हैं। उनका अपना अनुभव हैं कि जब वे किसी को पढाने बैठतें हैं, तो उनके अपने सारे दोष दूर हो जातें हैं। उनको अपने हृदय में पावनता की अनुभूति होती हैं। भूदान यज्ञ के समय भी वे नया कुछ न कुछ सिखाते रहतें थे। सीखना और सिखाना विनोबा जी के विनोबा जी के व्यक्तित्व का विशेष गुण हैं। साबरमती और सत्याग्रह आश्रम में भी वह विद्यार्थियों को पढाते थे। इसी गुण के कारण विनोबा जी अपने विचारों से विशाल साहित्य का सृजन करने में सफल हो पाए हैं।

2. कर्म, भक्ति और ज्ञानयोगी के रूप में विनोबा - विनोबा जी की आध्यात्मिक साधना जीवन के प्रत्येक व्यवहार के साथ घुली मिली है। साधना जीवन से विमुख बन कर करने की चीज नहीं। खेत में तिनके बीनने का काम उनके लिए ध्यान योग है। विनोबा जी ने ब्रम्हविद्या का प्रवेश मजदूरी और शरीरश्रम में भी किया। इस तरह विनोबा जी के लिए अपना सभी कर्म और ज्ञान अन्ततः ईश्वर की उपासना रूप ही था। वे साथ पूर्ण तादाम्य सिध्द करने के लिए प्रतिक्षण प्रयत्नशील रहते थे। ईश्वर निष्ठा और ईश्वर भक्ति, यह विनोबा के व्यक्तित्व का सार हैं। विनोबा की भिन्न भक्ति कोई साधना नहीं हैं।

'भक्ति का अर्थ हैं- भगवान को ग्रहण करना। इस प्रकार गुण ग्रहण, गुण वर्धन, गुण स्मरण और गुण भावन इसी को विनोबा जी ने भक्ति माना है।'

3. विश्वमित्र के रूप मे विनोबा जी - विनोबा एक नया मानव निर्माण का संदेश लेकर अवतरित हुए थे। जिसे ऋग्वेद में विश्वमानव शब्द से संबोधित किया हैं। विश्व मैत्री ही विश्वराज्य का आधार हो सकता हैं। इसके लिए विनोबा जी ने चतुर्विध योजना का संकेत दिया हैं -

1. विचारो का मुक्त आदान प्रदान हो।
2. वस्तुओं का भी आदान प्रदान होगा लेकिन प्रीति के भेंट के तौर पर और ऐसी वस्तुओं का जिनके बिना काम चल सकता हैं।
3. दुनिया के सारे विवाद तय करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय न्याय मंडल हो।
4. विश्व के जिस भूभाग में किसी प्रकार की सहायता की जरूरत हो शीघ्र सभी देश दौड़ जाए।

विश्वमैत्री का वैचारिक आधार विनोबा जी की सर्वोदय विचार धारा हैं, यही उनके जीवन का सर्वस्व रहा हैं। इसीलिए उन्होंने ब्रम्ह सत्यमं, जगत स्फूर्ति, जीवन सत्य शोधनमं। का वेदान्त मंत्र अपना जीवन मंत्र घोषित किया। आध्यात्मिक जावन में भी उन्होने सामूहिक साधना और सामाजिक समाधि का विचार दिया। विश्व प्रेम के कारण ही उन्होंने जय हिन्द से जय जगत की ओर कहा।

4. एक आदर्श शिष्य के रूप में विनोबा - विनोबा जी गांधी जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे। एकादशव्रतो की साधना विनोबा संपूर्ण जीवनपर्यंत करते रहें। वे गाांधी जी के प्रथम सत्याग्रही बने। गांधी जी विचार से ही प्रेरित होकर उन्होंने आश्रम जीवन को अपने जीवन की प्रयोगशाला बनाया गांधी जी के व्यक्तित्व से ही उन्हें बंगाल की क्रांति और हिमालय जैसी शीतलता पायी। विनोबा गांधी जी के शिष्य अवश्य थे, लेकिन उनकी कार्बन कॉपी नहीं। विनोबा के व्यक्तित्व में अनेकानेक मौलिकता थी। स्वाध्याय, शरीरश्रम, संयम अनुशासन, सजगता ब्रम्हचर्य, अपरिग्रह, समर्पण, दया, प्रेम, करूणा, सत्य, अहिंसा, आदि गुण, विनोबा के एक आदर्श शिष्य के रूप में स्थापित करते हैं।

5. गो भक्त विनोबा - गोमाता, ममतामयी और प्रेममयी, और वात्सल्यमयी होती हैं। गो का स्मरण दर्शन और स्पर्श भी पवित्र होता हैं। हमें गो सेवा की वैज्ञानिक दृष्टि विकसित करनी होगी। गाय मनुष्य समाज के लिए उपयोगी हैं और आर्थिक दृष्टि से लाभदायक भी हैं। ऐसी भावना से जब हम गाय की सेवा करेंगे तभी गो सेवा की वैज्ञानिक दृष्टि का विकास होगा। गाय और बैल भारत के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेती के लिए बैल और खाद अमृत समान हैं। गौ की रक्षा हेतु हमें गो वध कानून करना पडेगा। साथ ही गौ के लिए उत्तम भेजन, आवास, एवं उचित स्वास्थ्य हेतु गोसदन का निर्माण करना पडेगा। स्वयं विनोबाजी गौ सेवा करते थे। अतः गाय की तुलना की जा सकती हैं, तो केवल मा से ही की जा सकती हैं। अपने अंतिम दिनों तक विनोबा गायों का संवर्धन उचित पोषण, स्वास्थ्य गो रक्षा और गो सदन हेतु लोगों में जागृति लाने का कार्य करते रहे।

6. साहित्य के उपासक विनोबा - विनोबा साहित्य सृजन के द्वारा बहुत बडे लोकसंग्रह का काम किया गया। उनके साहित्य में भी गीताई और गीता- प्रवचन ये दो उनकी अमरकृतियां हैं विनोबा की अपनी श्रध्दा यह हैं कि गीताई के रूप में भगवान ने उनके हाथों उत्तम सेवा करवा ली हैं। गीताई के विषय में उनका कहना हैं कि - मुझे भूल जाईये केवल गीताई को याद रखिए। इनका सृजन एक विशिष्ट भावावस्था में हुआ हैं। विनोबा जी का अपना अनुभव यह हैं कि गीताई लिखते समय मैं केवल समाधिस्त था।[10]

श्रीमद् भागवतगीता कें विषय में विनोबा का कहना हैं - गीता के साथ मेरा सम्बन्ध तर्क से परे का सम्बन्ध हैं। मेरा शरीर मां के दूध से पुष्ट हुआ हैं, लेकिन उससे भी अधिक मेरे हृदय का और मेरी बुध्दि का पोषण गीता के दूध से हुआ हैं, गीता मेरे लिए प्राणतत्व के समान हैं।

इसके अतिरिक्त विनोबा के असंख्य प्रवचनों पर से संकलित और सम्पादित रूप में भी उनकी कई पुस्तके प्रकाशित हुई हैं। गीता प्रवचन मधुकर नारी महिमा, स्वराज्य, शास्त्र, तीसरी शक्ति, रामनाम, लोकनीति, शुचिता, समे आत्मदर्शन, स्थितप्रज्ञ, दर्शन, साम्योग, विज्ञान,अध्यात्म जैसी अनेकानेक पुस्तको का प्रकाशन हुआ। इस प्रकार विनोबा अपने अंतिम दिनों तक साहित्य सेवा करते रहें।

7. दार्शनिक विनोबा - विनोबा जी का दर्शन अथवा तत्व केवल दार्शनिक न होकर व्यावहारिक भी हैं। दर्शन का प्रयोग उन्होंने वैचारिक

जगत के साथ- साथ कर्मक्षेत्र में भी किया। जो दर्शन व्यवहार में उपयोगी नही हैं उस दर्शन का दर्शन काव जीवन में महत्व ही नहीं है। ऐसी विनोबा जी की मान्यता थी। [12]

विनोबा जी ने सभी धर्मो, ग्रथों का बारीकी से अध्ययन कर उनका सार संक्षेप में प्रकाशित किया। कर्म-भक्ति, ज्ञानयोग का विवेचन सगुण निगुण की चर्चा, द्वैत-अद्वैत का विवाद,स्थितप्रज्ञ दर्शन, वैज्ञानिक आध्यात्मवाद, आदि विषयों पर अपने विचार प्रकट किए। श्रीमद भगवत गीता को उन्होंने साम्योग का ग्रन्थ कहा इसी दर्शन चिंतन के फलस्व्रूप ब्रम्हविद्यामंदिर का निर्माण संभव हो पाया हैं। अत: दर्शन का व्यवहारिक प्रयोग और साम्य योग यह विनोबा जी के दाशनिक विचार का सार हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्रीमन्नारायण (1990), ऋषि विनोबा - (जीवन और कार्य) सर्व सेवा सर्व सेवा संघ वाराणसी पृ-29
2. संपादक (शिवाजी भावे, वियोगी हरि) (1971), विनोबा (व्यक्तित्व और विचार) सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन नई दिल्ली, पृ- 43
3. वही पृष्ट -267
4. विनोबा साहित्य - खण्ड 12 (साहित्य और आत्मज्ञान) के आमुख से पृ -5
5. डॉ, डी, एन, श्रीवास्तव (2003), आधुनिक असामान्य, मनोविज्ञान, पृ 210
6. कांतिशाह (2009) विनोबा : (जीवन और कार्य) सर्व सेवा संघ राजघाट वाराणसी पृ 20
7. वहीं पृ - 208
8. डॉ, रामजी सिंह (1998), विचार (दर्शन धर्म राजनीति और अर्थ नीति) मानक पब्लिकेशन दिल्ली पृ - 233
9. संपादक (शिवाजी भावे, वियोगी हरि) (1971) विनोबा (व्यक्तित्व और विचार) सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन नई दिल्ली, पृ-977
10. कांतिशाह (2009) विनोबा : (जीवन और कार्य) सर्व सेवा सर्व सेवा संघ राजघाट वाराणसी पृ 183
11. विनोबा (2006), गीता प्रवचन, सर्व सेवा संघ राजघाट वाराणसी पृ 20
12. चन्द्रशेखर धर्माधिकारी, विश्वात्म के ते जय जगत् पृ- 37

****

जेन प्रणाली में ध्यान का स्वरूप

डॉ. नीलम श्रीवास्तव *

प्रस्तावना – जेन परिपाटी चीन और जापान में विकसित हुई श्वसन नियंत्रण की भारतीय विधि है, जो कि छठवीं शताब्दी में चीन में पहुंची, और दो शताब्दी बाद जापान तक पहुंची। इस विधि में मनोविचारों को रोकने का प्रयास किया जाता है।[1] इसमें ऐसी दशा उत्पन्न की जाती है कि बाह्य प्रभाव आने बन्द हो जाते हैं और ज्ञेय के मनोजगत में दो रूप होने के स्थान पर एकरूपता आ जाती है। उस दशा में मस्तिष्क पर नियंत्रण का प्रयास भी समाप्त हो जाता है और सहजता आ जाती है। चीनी विचारक लाऊत्जू के शब्दों में 'मस्तिष्क में जो भी उठता है। उसे आने दो क्योंकि रोकने से उसकी प्रतिक्रिया भी उत्पन्न होगी, धीरे–धीरे करके वे स्वत: ही समाप्त नहीं जाते हैं।' और तब सहजावस्था आती है जिसे कि 'परा विचारावस्था (मैटाथौट) कहा गया है। इस 'सहजावस्था' में योगी कुछ भी नहीं सोचता अर्थात् सोचने और प्रयत्न निर्माण की क्रिया रूक जाती है। अर्द्ध चेतन और अचेतन में दबे हुए सारे प्रभाव नष्ट हो जाते हैं उस दशा में प्राणायाम स्वत: सिद्ध हो जाता है और ध्यान की अवस्था आ जाती है। भूत और भविष्य दोनों मन को प्रभावित नहीं कर पाते और अस्तित्ववादी स्थिति (इक्जिस्टेन्शियल स्टेट) 'अभी और यहां' (हियर एण्ड नाऊ) स्थिर हो जाती है। स्मृति प्रतिमाए नष्ट हो जाती है। ऐसी दशा में एकाग्रता की मात्रा असीमित हो जाती है। 'अहंम' का स्वरूप नष्ट हो जाता है। अलेन वेस्ट के अनुसार मनोचिकित्सा के शब्दों में वह ऐसी दशा है। जिसमें कि 'स्व' व्यक्त रूप से एवं 'स्व' बाह्य प्रकृति रूप से अलग हो जाते हैं। जिसे कि वाट्स ने 'टोटल साइकोलोजीकल इन्टीग्रेशन' अथवा तादात्म्य कहा है। (एण्ड ऑफ अलीयेनेशन)[2] कार्ल युंग ने इस दशा को 'सहज होना' (Letting Be) कहा है जिसे कि लाऊत्जू बी–बीई (We-wai) कहा है। यह शून्य दशा है परन्तु ऐसी दशा जिसमें कि मस्तिष्क शुद्ध रूप या बाह्य प्रभाव रहित (जौन लोक का 'टेबुला–रासा') जब ऐसी स्थिति आती है तो मनोक्षमताएं बढ़ जाती है और अनुभव की गहराई सहज ज्ञान उत्पन्न करती है, जिसमें कि बिना प्रयास के व्यक्ति सही निष्कर्षों पर पहुंच जाता है।[3] नारमन ब्राऊन और आल्वर्ट मारक्यूज ने भी इससे मिलती जुलती दशा का वर्णन किया है। इरिक इरिक्सन ने इस दशा को शु; स्वरूप कहां है ये ऐसी दशा है जिसमें कि सही–गलत का द्वन्द समाप्त हो जाता है।[4] इसी सम्बन्ध में इरिक्सन ने आगे कहा हे कि 'जेन साधना में सही और गलत का अन्तर्द्वन्द समाप्त हो जाता है, जो कि रोगी मस्तिष्क की निशानी है।'

चीनी छठे धर्मनायक हुई–नेग ने जेन विधि को 'अशब्द ज्ञान' कहा है[5] क्योंकि सोचने विचारने की प्रक्रिया रूक जाती है। प्रसिद्ध जर्मन मनोवैज्ञानिक कुल्पे ने प्रतिमाविहीन विचार (इमेजलेस थाट) का विवरण दिया है जो कि जेन की इस मनोदशा के समकक्ष की स्थिति है। हुई–नेग के अनुसार समाधि प्रज्ञा का सार है और प्रज्ञा समाधि की क्रिया है।[6] जेन साधना विधि केवल सहज, शान्त, चित्तवृत्ति रहित मनोदशा उत्पन्न करती है। जिसमें कि प्रज्ञा (अथवा यथार्थ ज्ञान) स्वत: प्रकट हो जाता है। प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्वान जॉन ब्लोफेल्ड ने अपनी पुस्तक 'दि पाथ टु सडेन अटेनमेन्ट' में इसी दिशा का वर्णन किया है। यह पुस्तक चीनी ग्रन्थ 'तनु–वु यओ मेन चुन' (युगपद वोध के मूल तत्व) का अनुवाद मात्र है। इस ग्रन्थ के लेखक आठवीं शताब्दी के धर्म नायक हुई–हाई थे।

पांचवे धर्म नायक धृतक ने अपेन शिष्य मिच्छक को गृह्य ज्ञान की दीक्षा देने हेतु यह गाथा (चीनी शब्द–मान्डो) कही थी।[7]

'मन के अन्तिम सत्य को वेधो,
फिर न वस्तुएं हैं और न अ–वस्तुयें ही,
बुद्ध ओर अ–बुद्ध दोनों समान है,
न मन है ओर न वस्तुये ही।'

उक्त धारणा भी अमन की दशा की ओर संकेत करती है जिसमें कि विचारणा की क्रिया समाप्त हो जाती है। शब्दों का संचार माध्यम टूट जाता है। तभी 'यथार्थ मन' प्रकट होने लगता है। भारत के निर्गुणी संतों ने इसे 'उन्मानी दशा' कहा है।

जेन सम्प्रदाय की मान्यता है कि 'हमारे मौन में सत्य बोलता है और जब हम बोलते हैं, तो वह (सत्य) चुप हो जाता है। इसी कारण जेन सम्प्रदाय के अनेक उच्च कोटि के साधकों ने कुछ भी नहीं लिखा, कुछ ने लिखकर भी नष्ट कर दिया। अनेकों ने अपने को समाज में प्रकट भी नहीं किया। यही दशा उच्च कोटि के भारतीय साधकों में भी पाई जाती है।

जेन परिपाटी में गुरू कोई उपदेश नहीं देता और न कोई विधि बतलाता है वरन् पूर्ण 'सान्तता' की मनोस्थिति का प्रयास किया जाता है। उनके अनुसार कुछ बताया जा ही नहीं सकता क्योंकि कोई समस्या ही नहीं है।[8] जेन सम्प्रदाय कोई 'वाद' नहीं है। इस प्रश्न पर कि 'मार्ग (ताओ) क्या है, और इसे कैसे पाया जा सकता है। इसका उत्तर जेन गुरू देते हैं कि 'यदि तुम मार्ग खोजते हो तो भटक जाते हो।'[9] इस प्रकार से जेन विधि एक यकायक मनोजागृति (सडेन अवेकैनिंग) की दशा है। जेन विधि का विद्यार्थी घण्टों तक प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करता है। इसके कई स्तर हैं प्रथम स्तर में एकाग्रता बढ़ाने और विचार प्रवाह को रोकने के लिए अपनी श्वसन क्रिया पर ध्यान देते हैं, प्रत्येक सास को गिनते रहते हैं। दूसरे स्तर में व्यक्ति सम्पूर्ण ध्यान किसी प्रश्न (कौआन) का उत्तर खोजने में लगाते हैं। इसमें सम्पूर्ण शक्ति लगा दी जाती है परन्तु यह विचारणा की क्रिया नहीं है वरन् मन में अन्तरतम से उठने वाली सहज क्रिया है। क्योंकि उत्तर बौद्धिक स्तर पर नहीं खोजा जाता है यह ऐसी दशा है। जिसमें कि गुरू शिष्य को ऐसा उलझा देता है। जिसमें कि गहन अन्त:क्रिया होती है, इसके कई लाभ है जो कि अलेन बाटस ने निम्नलिखित रूप में स्पष्ट किया है।[10]

प्रथमत: साधक अपने को अनावृत्त रूप में प्रकट करता है, जो कि उसका वास्तविक स्वरूप होता है और वह अपने चरित्र को अधिक सही रूप में अनुभव करने लगता है।

द्वितीयत: उससे कहा जाता है कि वह ऐसी सहज स्थिति बनावे जिसमें कि वह बिना किसी बाह्य अथवा आंतरिक प्रभाव के अपने को सहज

* (योग विज्ञान) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (म.प्र.) भारत

क्रियाशील कर सके।

तृतीयत: साधक से अपेक्षा की जाती है, कि वह किसी वस्तु पर विचारणहीन सहज एकाग्रस्ता लावे।

चतुर्थत: साधक की ऐसी मनोदशा उत्पन्न की जाती है जिसमें कि कौआन का उत्तर तो चाहिये परन्तु कोई विचारण न हो और व्यक्ति का मष्तिष्क प्रतिमा रहित (इमिज लैस स्टेट) बना सके, क्योंकि कोई भी शाब्दिक उत्तर जेन गुरू तत्काल अस्वीकार कर देगा।

पंचम दशा में उसे ध्यान अथवा परा मनोवस्था (ट्रान्स) में जाने से रोकते हैं जिसमें कि प्राय: साधक समस्या से भागने के कारण सामान्यत: पहुंचता है। इस दशा में अत्यन्त प्रबल इच्छा शक्ति के द्वारा सम्पूर्ण एकाग्रता केवल समस्या का कौआन पर केन्द्रित की जाती है। इस प्रबल प्रयास के द्वारा नई सहज सूझ उत्पन्न होती है, जो कि बिना प्रयास आती है और व्यक्ति अह्म का पूर्ण निषेध करता है। इस तरह विचारण शक्ति और अह्म दोनों का निषेध किया जाता है, और चेतना की सहज प्रकृति तक पहुंचा जाता है।

प्रसिद्ध ब्रिटिश जैव भौतिकी विद्वान एल.एल. ब्राइट ने अपनी पुस्तक दि नेक्स्ट डवलपमेन्ट इन मैन (1944) में मानव के विकास की ऐसी दशा की चित्रण किया गया है जिसमें कि शाब्दिक आधार पर उपलब्ध ज्ञान के स्थान पर सहज सूझ के द्वारा अंतिम निष्कर्ष अथवा 'सत्य' तक पहुंचा जा सकेगा। यह दशा मनोवैज्ञानिक द्वारा दर्शायी गई 'सूझ' से मिलती जुलती है, परन्तु उससे अधिक विकसित ज्ञान की स्थिति है।

कार्ल युंग अचेतन की सृजनात्मकता और असीम शक्ति पर जो विश्वास करते हैं परन्तु ऐसी चेतना मनोस्थिति नहीं मानते तो कि अहम् शून्य हो। उनके अनुसार अहम् शक्तिहीन किया जा सकता है, अन्य दिशा की ओर मोड़ा जा सकता है परन्तु उसे समाप्त नहीं किया जा सकता है। उनके अनुसार अहम् शून्यता की दशा योग की उच्च स्थितियों में भी होती ही नहीं है।[11] उनके अनुसार अहम् अस्थायी रूप से चेतनता की प्रारम्भिक अवस्था (प्रीमीटिव स्टेट) में उतर जाता है, जो कि अविभक्तिकृत (अनडिफनेन्सियेटिड अवेयरनेस) अनुभव दशा होती है। जो कि मानव की सभ्यतापूर्व की मनोस्थिति थी। प्रसिद्ध विद्वान लेवी ब्रूहल ने इसे 'पार्टीसिपेशन मिस्टीक' कहा है। इनके अनुसार प्राचीन पूर्वी संस्कृतियों के व्यक्ति इस अविभक्तिकृत अनुभव दशा को अवश्य पहुंच सकते हैं, क्योंकि उनमें परिपक्वता अधिक होती है, उनकी संस्कृतियां उन्हें अधिक पुष्ट अहम् संरचना प्रदान करती है, एवं उनमें मूल प्रवृत्तियों की पूर्ति में अधिक समाज नियंत्रित और क्रम पूर्ण प्रक्रिया होती है। इसी कारण लेवी बूहल ने पाश्चात्य निवासियों को योग साधना के लिये अधिक योग्य नहीं माना।[12]

पौर्वात्य विचारधारा में साधक को अपने भीतर झांकने (लुक विदिन) की प्रेरणा देते हैं। जिससे कि 'स्वं' का सही रूप ज्ञात हो सके इस विधि में स्व के ऊपर पड़े बाह्य प्रभावों को जिनसे कि 'अह्म' की सृष्टि होती है, धीरे-धीरे मिटाया जाता है। चायनीज जेन गुरू लिन-ची ने कहा है कि 'बाहर कुछ भी नहीं है, जो प्राप्त किया जा सके, इसलिए ऐसी त्रुटि मत करो।' इसी प्रकार ऐसी आशा मत करो कि अपने भीतर भी कुछ ऐसा मिलेगा जिसे पकड़ सको।[13]

जेन धर्म के प्रवर्तक बोधिधर्म ने सत्य में प्रवेश के दो द्वार बताए हैं। ये हैं-

1. उच्च अन्तर्बोध, एवं
2. कर्ममय या व्यवहारिक जीवन।

ये धारणाए भगवद्गीता के 'कर्मयोग' और 'प्रज्ञा रूप' प्रत्ययों के अत्यन्त निकट है। कर्ममय या व्यवहारिक जीवन के विषय में बोधिधर्म ने बताया कि उसमें चार कृत्य शामिल है। ये है (1) साधक को कठिनाईयों को समझकर झेलना चाहिए कि मैं अपने पूर्व कर्म के कर्मों का फल भोग रहा हूं। (2) उसे अपने भाग्य और परिवेश से सन्तुष्ट रहना चाहिए चाहे दुख हो या सुख, लाभ हो अथवा हानि। (3) उसको किसी वस्तु की तृष्णा नहीं करना चाहिए। (4) उसको धर्म के नियमों के अनुसार जिसका स्वरूप स्वभाव (सत्य) और शुद्धिमय हो, आचरण करना चाहिए।

बोधिधर्म ने अपने शिष्यों की आध्यात्मिक शंकाओं और प्रश्नों के उत्तर दिए थे, जो जेन प्रणाली को स्पष्ट करते हैं। इस प्रश्न की स्वाभाविक सरल मन क्या है और कृत्रिम, जटिल मन क्या है ? बोधिधर्म ने बताया कि 'शब्द और भाषण कृत्रिम' जटिल मन से आते हैं। जब मानव भौतिक (सांसारिक) और अभौतिक दोनों जगतों में सहज और भोले भाले ढंग से चलता है या ठहरता है, तो उसे उसके स्वाभाविक, सरल मन से उत्पन्न कहा जाता है। जब कोई व्यक्ति सुख या दुख से विचलित नहीं होता, तो इसे भी उसका स्वाभाविक सरल मन कह सकते हैं।

बोधिधर्म ने स्पष्ट किया कि 'यह मार्ग मन की शान्ति प्राप्त करने का है, यह मार्ग संसार में समुचित सहज व्यवहार करने का है, यह मार्ग तुम्हारे अपने परिपार्श्व के साथ सामंजस्य पूर्वक रहने का है, और यह उपाय अनाशक्ति का है।' इस प्रकार जेन मार्ग मनोस्वास्थ्य प्राप्त करने का परम्परागत मार्ग हैं

मनोदशाओं की बारीकियों का निरीक्षण करते हुए जैन धर्म नायक हुई-नेंग ने कहा कि 'मन को खाली रखना नहीं' क्योंकि यह रिक्तता जड़ता की ओर ले जाती है, वरन् मन में निर्विचारता की स्थिति उत्पन करना चाहिए। यही भारतीय मत भी है।

'न स्वचित प्रतिष्ठत् चित्तं उत्पादयितव्यम्'

अनाशक्ति को हुई-नेंग ने आत्म साक्षात्कार का सार कहा है। उनके अनुसार जो विचार हमें इन्द्रिय विषयों में फंसाता है, वह 'क्लेश' है और जो विचार हमें आशक्ति से विमुक्त करता है, वही 'बोधि' है।[14]

सारे मनोविकार और मनोरोग आशक्ति (वस्तुगत, विचारकगत अथवा कल्पनागत) से आते हैं और मन उनसे अनुबंधित होता चला जाता है। यदि अनाशक्ति और सहजता को हम जीवन में उतार लेते हैं, तो हम मनोविकारों की जड़ों को ही काट देते हैं। इस रूप में जेन साधना मनोस्वास्थ्य का सर्वोत्तम उपाय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अलेन डबल्यू. वाट्स साइकोथैरेपी इस्ट एण्ड वेस्ट (1973) नृठ 126
2. वही, पृष्ठ 128
3. कार्ल युग्ग दा इन्टीग्रेशन ऑफ पर्सनाल्टी (1939), पृष्ठ 31, 32
4. इरिक इक्विशन यंग्य मेन लूथर (1958) पृष्ठ 264
5. भरत सिंह उपाध्याय - ध्यान सम्प्रदाय (1964) नेशनल पब्लिशिंग हाऊस दिल्ली, पृष्ठ 57
6. वही, पृष्ठ 56
7. वही पृष्ठ 14
8. अलेन वाट, पृष्ठ 116
9. वही, पृष्ठ 116
10. अलेन वाट्स साइकोथैरेपी ईस्ट एण्ड वेस्ट (1973) पृष्ठ 119
11. सी.जी. युंग - साइकोलौजी एण्ड रिलीजन वेस्ट एण्ड ईस्ट पृष्ठ 504-5
12. अलेन वाट्स साइकोथैरेपी ईस्ट एण्ड वेस्ट, पृष्ठ 95
13. लिन-चलू, संदर्भ ग्रन्थ अलेन वाट्स, पृष्ठ 101
14. लेंग मो-लम् - दि सूत्र आफ वे-लेंग (1930) यू चिंग प्रेस शंघाई (ट्रान्सलेशन हफफ्री - दि सूत्र आफ वे लेंग (144) लन्दन)

Study of Zooplanktons from Ransai dam, Uran, Navi Mumbai, Dist. Raigad, Maharashtra

Aamod N. Thakkar*

Abstract - The present paper deals with the studies of zooplankton diversity and their seasonal variation in Ransai dam, Tal. Uran, Navi Mumbai, Dist. Raigad, Maharashtra. The present investigation was carried out for one year from March 2016 to February 2017.The zooplankton biodiversity of Ransai Dam water was represented by 5 different groups viz. protozoa, rotifera, cladocera, copepoda and ostracoda. Zooplankton density was recorded seasonally.
Keywords - Ransai dam, Zooplankton, diversity, seasonal variation.

Introduction - Zooplanktons which are typically the tiny animals found near the surface in aquatic environments. Zooplankton also plays an important role in the food chain, as they are second in trophic level as primary consumers and also contributes to the next trophic level (Aarti et al., 2013). According to Pawar *et.al.* (2006) the plankton study is very useful tool for the assessment of biotic potential and contributes to overall estimation of basic nature and general economic potential of water body. Zooplankton occupies intermediate position in the food web and mediates the transfer of energy from lower to higher level (Water, 1977). Zooplankton is a good indicator of changes in water quality because it is strongly affected by environmental conditions and responds quickly to changes in physical and chemical conditions as well as environmental conditions (Sulata et al 2016).

The zooplankton includes a varied assemblage of taxonomically unrelated microscopic organisms and broadly included the members from Protozoa, Rotifera, Copepoda,Cldocera and Ostracoda (Rohankar et al., 2016).Though numerous works on Zooplankton diversity are being reported from Western India, very few works has been done on zooplankton diversity of fresh water from Raigad district. Hence the present attempt for reporting Zooplankton diversity of Ransai Dam work is undertaken.

Materials and methods - The study was conducted during March 2016 to February 2017. Ransai Dam is located in Uran Tehsil $18^0 53' 55"$N $73^0 4' 28"$E. It is located in rural area near Dighode Village. The dam was constructed in 1970.It is having 10MCM storing capacity. The dam supplies around 35MLD water to various establishments and Uran city. The samples were collected from four randomly selected sites from Ransai dam once every month early in the morning at a depth of 20cm below the surface (Hossain et al., 2007).

The collection was done by using a 30 number plankton net (mesh size 41, ummicrometer) the net was towed for 5 min and filtered zooplankton samples were collected and preserved in 4%formaline for identification using standard keys Tonapi (1980), Battish (1992), Sudha S. (2012),

Results and Discussion - Zooplanktons density and composition exhibit a monthly variation. Composition and abundance of each zooplankton group varied from time to time and season and depended on limnological characteristics of the water body. The zooplankton of freshwater bodies includes different forms belonging to varied taxonomic groups. Their type, number and distribution provide a clue on the environmental conditions existing in that particular region (Hutchinson, 1967). From Ransai dam a total of 33 different species were identified (Table 1). From all the forms 5 of protozoa , 10 belonged to rotifera, 8 to cladocera, 7 to copepoda and 3 of ostracoda. In the present protozoan population was recorded at peak in summer months and their count remains low during monsoon period. Dilution of water caused by monsoon rains may explain low protozoan count observed during monsoon while maximum population during summer.

Rotifer richness and diversity were found to be maximum in summer indicating the influence of temperature. Rotifers were found to be minimum in monsoon and post monsoon period. Pradhan et al (2006) also reported minimum rotifer in monsoon and post monsoon period. Rotifers are chiefly freshwater forms and presence of these organisms in abundance is related to suitable conditions for their survival in summer season. The occurrences of keratella with Brachionus indicate the nutrient rich status of water body (Berzins and Pejler, 1987). Somani and Pejaver (2003) recorded 7 species of Brachionus making as significant genera in Masunda Lake, Thane, Maharashtra.

Cladocera is an important component of zooplankton and form the most dominant groups as food for fish (Rao et al., 1987). Most of the cladoceran species are primary

***Veer Wajekar Arts, Science and Commerce College, Mahalan Vibhag, Phunde, Uran Dist. Raigad (Mh.) INDIA**

consumers and feed on microscopic algae and the fine particulates matter in the detritus thus influencing cycling of matter and energy in benthos (Jayabhaye and Madlapure, 2006). Thus cladocerans play an important role in benthic trophodynamics.The maximum population of clacdocera in summer and winter may be attributed to favorable temperature and availability of food in the form of bacteria, nanoplankton and suspended detritus while in monsoon the factors like water temperature, dissolved oxygen, turbidity and transparency play an important role in controlling the diversity and density of cladocera (Edmondson, 1992).

Copepods were maximum in summer. Copepods are important contributors of zooplankton population dynamics and are almost universally distributed. They constitute an essential link in aquatic food chain. The Copepoda diversity was represented by 07 species with abundance of nauplius larvae and was found to be dominant during summer season. Maximum ostracod population was recorded in summer months while minimum in rainy season. Sunkad and Patil (2004) also recorded maximum ostracod population in summer in fort lake in Belgaun (Karnataka.). The rate of evaporation increases in summer due to higher temperature which is also responsible for increased rate of decomposition making water nutrient rich which contribute to high species diversity in of zooplanktons in summer.

Table : 1 - Seasonal distribution of Zooplankton at Ransai Dam from March 2016 to Februauary 2017

Sr.	Groups	Summer	Monsoon	Post monsoon	Win-ter
	PROTOZOA				
1	*Bursaria truncatella*	+	+	-	-
2	*Chlamydomonas sp.*	+	-	+	+
3	*Difflugia sp.*	++	+	++	+
4	*Paramoecium sp.*	++	+	+	++
5	*Vorticella* + - + +	++	-	++	+
	ROTIFERA				
1	*Anuraeopsis* sp.	++			
2	*Brachionus angularis*	++	+	-	++
3	*Brachionus calyciflorus*	++	+	+	+
4	*Brachionus forficula*	++	+	++	++
5	*Brachionus havanaensis*	++	-	+	+
6	Brachionus quadiricornis	++	+	-	++
7	*Keratella tropica*	++	+	-	-
8	*Keratella varga*	++	+	++	+
9	Synchaeta pectinata	+	-	-	++
10	*Trichocerca cylindrica*	++	-	-	++
	CLADOCERA				
1	*Bosminopsis sp.*	+	-	+	++
2	*Camptocercus sp.*	++	-	-	+
3	*Diphanosoma sarsi*	-	-	+	++
4	*Daphnia sp.*	++	-	++	+
5	*Moina micrura*	+	-	+	+
6	*Pleuroxus denticulatus*	+	-	+	++
7	*Pleuroxus procurvus*	+	-	-	++
8	*Simocephalus vetalus*	++	-	-	+
	COPEPODA				
1	*Cyclops viridis*	++	++	++	+
2	*Copepod nauplius*	+++	+	++	+
3	*Diaptomus sp.*	+	+	+	++
4	*Mesocyclops leuckarti*	+	+	++	+
5	*Paracyclops*	++	+	++	+
6	*Neodiaptomus* sp.	+	+	+	+
7	*Thermocyclops* sp.	+	+	++	+
	OSTRACODA	+	-	+	++
1	*Candona sp.*	+	-	-	-
2	Cypris spp.	+	-	-	+
3	*Steno cypris*	++	-	++	+

References:-

1. Aarti, D., Sharma, K.K., Sharma, A. & Antal, N. 2013. Zooplankton Diversity and Physico-Chemical Conditions of a Temple Pond in Birpur (J&K, India). International Research Journal of Environment Sciences 2(5): 25-30.
2. Battish, S.K. 1992. Freshwater zooplankton of India, Published by oxford & IBH publishing Co.PVT.LTD. New Delhi.
3. Berzins, B and B.Pejler (1987). Rotifer occurrence in relation to PH *Hydrobiologia*. Vol182: 171-182.
4. Edmondson, W.T. (1992) Freshwater Biology, IInd Edition, John Wiley and Sons, Inc.,New York.
5. Hossain, Md. Y., Jasmine, S. & Ibrahim, A.H. 2007. A preliminary observation on water quality and plankton of an earthern fish pond in Bangladesh: Recommendations for future studies. Pak. J. Biol. Sci., 10(6), 868-873.
6. Hutchinson, G.E.(1967). A Treatise on Limnology –II: Introduction to the Lake Biology and Limnoplankton, John Wiley and Sons Inc., New York.
7. Jayabhaye V.M. and V.R.Madlapure (2006). Studies on zooplankton diversity in Parola Dam, Hingoli, Maharashtra,India.*J.Aqua.Biol.*Vol. 21 (2): 67-71.
8. L. H. Rohankar and N. R. Dahegaonkar Studies on diversity of zooplankton in Velgure lake near Aheri, dist. Gadchiroli, Maharashtra,India, I J R B A T, Special Issue Feb 2016: 133-135
9. Pawar S K, Pulle J S and shendge K M (2006), "The Study on Phytoplankton of Pethwadaj Dam", Tq. Kandhar, Dist. Nanded, Maharashtra, *J. Aqua Boil.*, Vol. 21, No. 1, pp. 1-6.
10. Prasenjit Pradhan, Sunirmal Giri and Kumar Chakraborty (2006). Ecological gradients determining the density and diversity of rotifers in a freshwater rive system of south west bendal,India. *J.Aqua.Biol*. 21: 19-28.
11. Rao, K.S., Srivastava S., Srinivasan P. and Choubey U. (1987): Studies on the cyclomorphic changes and environmental re lations in some Cladoceran and Copepoda population in aquatic bodies of Ujjain. Perspectives in Hydrobiology, Edited By K.S. Rao and S. Srivastava, Sec. IV (36): 183-186.

12. Somani, V. and Pejaver M. (2003): Rotifer diversity in Lake Masunda, Thane (Maharashtra) J. Aqua. Biol. 18 (1): 23 - 27.
13. Sudha S. 2012. Studies on plankton diversity in Bilaspur reservoir, *Int.J.LifeSc. Bt & Pharrm.Res*.Vol.1, No.4, pp. 65-72.
14. Sulata Kar and Devashish Kar (2016) Zooplankton diversity in a freshwater lake of Cachar, Assam, Intewrnatrional jourtnal of applied biology and pharmaceutical technology, Vol-7 Issue-I pp. 301-305
15. Sunkad, B.N and H.S.Patil (2004). Water Quality Assessment of Fort lake of belgaum (Karnataka) with Special reference to zooplankton. *J.Environ.Biol*. Vol. 25 (1): 99-102.
16. Tonapi, G.T. 1980. Freshwater animals of India, An ecological approach, Oxford IBH Publishing Water T.P. (1977). Secondary production in inland waters, *Adv.In Eco. Res.*10:11-164

****

महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. हरिचरण मीना*

शोध सारांश – भारत मे आजादी के समय शिक्षा की स्थिति अच्छी नही थी। महिला शिक्षा की स्थिति तो और भी दयनीय थी। राजस्थान मे भी आजादी के समय महिला शिक्षा की स्थिति चिन्ताजनक थी। कोई भी समाज तब तक सशक्त नही हो सकता जब तक कि उस समाज की महिला सशक्त नही हो जाती। किसी भी देश की आत्मा, जिसका कोई इतिहास है, उसकी भाव, भाषा वहाँ की महिला के विकास प्रगति एवं समृद्धि में बोलती है। महिला समाज की रचनात्मक शक्ति है। उसके आगे बढने से देश आगे बढ़ता है। उसके रूक जाने या धीमे हो जाने से देश थम जाता है। समाज की व्यवस्था या अव्यवस्था, नागरिक दायित्व की दृढता या उपेक्षा, आत्मशक्ति की मजबूती या दुर्बलता जैसी संवेदनशील भावनाओं को वह जैसा चाहे वैसा मोड़ दे सकती है। वह अपने भीतर सारी व्यवस्थाओं को समेटे रहती है। इन सबके चलते महिला सृष्टि के निर्माता की अद्धितीय कृति कहलाती है। इस कामधेनू, अन्नपूर्णा एवं रिद्धि-सिद्धि का उच्च स्वरूप उसकी शिक्षा के स्वरूप पर निर्भर करता है। अत: एक प्रकार से बालिका शिक्षा समस्त राष्ट्र की शिक्षा रूपी गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री है। अतएव शिक्षा सामाजिक परितर्वन का सबसे महत्वपूर्ण साधन होता है। शिक्षा का सीधा संबंध मनुष्य के मानसिक गठन से है। शिक्षा द्धारा मनुष्य के मन पर जैसे संस्कार पड़ते हैं, वह वैसा ही बन जाता है। शिक्षा सामाजिक विकास की धुरी भी है। समाज को संस्कारवान बनाने हेतु स्त्री शिक्षा का महत्व सर्वविदित है। एक शिक्षित स्त्री दो परिवारों को प्रशिक्षित तथा संस्कारवान बनाती है। महिला विकास तथा सशक्तिकरण का यह क्रम भारत के प्रत्येक क्षेत्र में दृष्टिगत हुआ और राजस्थान भी इससे अछूता ना रहा है। यूं तो महिला विकास के अनन्त पहलू हो सकते हैं किन्तु शिक्षा निर्विवाद रूप से महिला कल्याण का सर्वश्रेष्ठ उपाय सिद्ध हुई है। शिक्षा के अभाव के कारण ही महिलाओं की स्थिति दयनीय रही है और शिक्षा के सकारात्मक प्रयासों का प्रभाव ही महिला सशक्तिकरण को और अधिक दृढता भी प्रदान करता है। तद्धुसार राजस्थान में महिलाओं की स्थिति में असाधारण परिवर्तन दृष्टिगत होते हैं।

शब्द कुंजी – राजस्थान, महिला, सशक्त, विकास, शिक्षा, समाज, रचनात्मक, संवेदनशील, अद्धितीय गंगोत्री, सशक्तिकरण, सर्वश्रेष्ठ, आदर्शात्मक तथा मर्यादायुक्त।

प्रस्तावना – भारत मे आजादी के समय शिक्षा की स्थिति अच्छी नही थी। महिला शिक्षा की स्थिति तो और भी दयनीय थी। राजस्थान मे भी आजादी के समय महिला शिक्षा की स्थिति चिन्ताजनक थी। कोई भी समाज तब तक सशक्त नही हो सकता जब तक कि उस समाज की महिला सशक्त नही हो जाती। वैदिक काल से ही नारी का स्थान सर्वोच्च रहा है। हमारे सम्पूर्ण ग्रन्थ इस बात के साक्षी हैं कि नारी सदियों से ही शक्ति के रूप में पूजी जाती रही है। ऋग्वेद में भी लिखा है कि 'यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते रमन्ते तत्र देवता।' प्राचीन भारतीय ग्रन्थों में नारी को पुरुषों से उच्च माना गया है। वैदिक युग में नारी के विकास की चरमोत्कर्ष स्थिति थी जो नारी के लिए स्वर्णिम युग की ओर इंगित करती है। बिना रोक टोक के मेलमिलाप, स्त्री शिक्षा, स्वयंवर की व्यवस्था, विधवा विवाह पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं था, सती प्रथा बाध्यता के रूप में नहीं थी तथा समाज में स्त्रियों का सम्मान एवं आदर आदर्शात्मक तथा मर्यादायुक्त रहा है। वैदिक युग की नारी बुद्धि और ज्ञान के क्षेत्र में प्रवीण थी। नारी को वेदाध्ययन एवं यज्ञ सम्पादन करने का पूर्ण अधिकार था। सामाजिक तथा धार्मिक कार्यों में उसकी उपस्थिति अनिवार्य थी तथा उस युग में पर्दा प्रथा प्रचलित नहीं थी।

वैदिक युग में नारी की स्वर्णिम स्थिति में राजनैतिक, सामाजिक तथा आर्थिक संरचना में परिवर्तन के साथ बदलाव दर्ज होता गया। उतरवैदिक युग में नारी की स्थिति में भेद परक विकास प्रारम्भ हुआ। वैदिक कर्मकाण्ड की जटिलता बढ़ने तथा याज्ञिक कार्यों में आडम्बर बढ़ने के फलस्वरूप नारियों को याज्ञिक कार्यों से अलग रखने का उपक्रम किया जाने लगा तथा ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई कि उन्हें वेदों के अध्ययन या मंत्रोचारण के उपयुक्त नहीं समझा गया। शनै:-शनै: नारी की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और वैयक्तिक सभी स्थितियों पर प्रतिबन्ध लग गये। नारी के उपनयन संस्कार पर आपात किया गया। धर्मशास्त्रकाल में यह अबला, याचिका, सेविका आदि समझी जाने लगी। नारी की स्थिति दिन प्रतिदिन विकृत होती गई। मध्यकाल मे तो यह स्थिति भयावह हो गई।

मध्यकाल में नारी मानसिक दासता में जकड़ी थी। समाज जन्य क्लेश अस्वीकृत होते हुए भी उनमें उसकी मौन स्वीकृति थी। ऐसे समय 19वीं सदी के प्रारम्भ में समाज का एक वर्ग इन दुष्परिणामों से प्रकम्पित हो कर सामाजिक चेतना की ओर उन्मुख हुआ। महान् समाज सुधारकों के द्धारा भारतीय स्त्रियों पर लादी गई निर्योग्यताओं को चुनौती दी गई। ब्रिटिश सरकार ने भी इस दिशा में अपनी सकारात्मक पहल की। दूसरी तरफ महात्मा गांधी के आह्वान पर लाखों स्त्रियों ने घर की चारदीवारी से बाहर निकल कर स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया। स्त्रियों को अपनी शक्ति और सामर्थ्य का एहसास हुआ। सदियों से मानसिक दासता में जकड़ी नारी में एक नई चेतना का अभ्युदय हुआ। फलस्वरूप स्वतन्त्रता पूर्व की नारी की स्थिति में सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक स्तर पर सांकेतिक परिवर्तन हुए।

* व्याख्याता (समाज शास्त्र विभाग) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

स्वतन्त्रता पश्चात महिला विकास और सशक्तिकरण के प्रयास – भारत के इतिहास में सर्वप्रथम सती प्रथा, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, विधवा जीवनयापन को एक सामाजिक बुराई के में देखा जाने लगा। महिलाओं में अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का प्रादुर्भाव हुआ । यद्यपि भारतीय समाज उस समय तक पुरुष प्रधान ही था। सामाजिक निर्योग्यताओं के अन्तर्गत स्त्रियों की शिक्षा का प्रश्न अछूता सा ही था। शिक्षा का सीधा सम्बन्ध नौकरी से लिया जाता था तथा नौकरी करना स्त्रियों के लिए उचित नहीं माना जाता था। स्वतंत्रता से पूर्व भारत में स्त्रियों की साक्षरता का प्रतिशत 6 से भी कम था। पारिवारिक निर्योग्यताओं के अन्तर्गत परिवार में दजेह की मांग, सदस्यों की सेवा इत्यादि शोषण एक सामान्य बात थी । महिला की स्वतन्त्रता का शोषण करना एक सामान्य बात थी।

पाश्चात्य शिक्षा तथा ज्ञान के प्रसार से देश में बौद्धिक चिन्तन की नई भावना उत्पन्न हुई जिसका प्रयोग धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक संस्थाओं के नये सिरे से अध्ययन एवं विश्लेषण के लिए किया गया। स्वतन्त्रता पश्चात धर्म निरपेक्ष राज्य की घोषणा इसका सबूत है, प्रजातान्त्रिक मूल्यों की घोषणा इसका उदाहरण है।

स्वतन्त्रता पश्चात राष्ट्र नागरिकों के जीवन के उन्नयन, सामाजिक न्याय आधुनिकीकरण आत्मविश्वास के रणनीति की साथ प्रतिबद्ध था। भारतीय संविधान में महिलाओं को कानून एवं समाज में सरंक्षण तथा पर्याप्त सम्मान मिला और एक बार पुन: नारी को अपना खोया हुआ सम्मान प्राप्त करने का मौका मिला। अनुच्छेद 14 समता के अधिकार के बारे में है जिसके अनुसार किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से अथवा विधियों के समान संरक्षण से राज्यों द्वारा वंचित नहीं किया जायेगा। अनुच्छेद 15 के अनुसार राज्य केवल धर्ममूल वंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर नागरिकों के बीच कोई विभेद नहीं करेगा। यानी कि हमारा संविधान स्पष्ट रूप से यह कहता है कि पुरुष एवं महिला को समान अधिकार प्रदान किये गये है।

महिला शिक्षा और राजस्थान – महिला विकास तथा सशक्तिकरण का यह क्रम भारत के प्रत्येक क्षेत्र में दृष्टिगत हुआ और राजस्थान भी इससे अछूता ना रहा है। यूं तो महिला विकास के अनन्त पहलू हो सकते है किन्तु शिक्षा निर्विवाद रूप से महिला कल्याण का सर्वश्रेष्ठ उपाय साबित हुई है। शिक्षा के अभाव के कारण ही महिलाओं की स्थिति दयनीय रही है और शिक्षा के सकारात्मक प्रयासों का प्रभाव ही महिला सशक्तिकरण को और अधिक दृढता भी प्रदान करता है।

मध्यकाल और महिला शिक्षा – मध्ययुग में स्त्री शिक्षा मुख्य रूप से उच्च वर्ग तक तथा कुछ सीमा तक मध्यम वर्ग तक सीमित थी। कहीं-कहीं पर विदुषी स्त्रियों के उल्लेख मिलते है। महाराणा कुम्भा की पुत्री रमाबाई संगीत विद्या तथा शास्त्रों में दक्ष थी। मीराबाई हिन्दू दर्शन की विद्वान थी। मध्यकालीन राजस्थान की शिक्षित लड़कियों में देलवाड़ा की राजकुमारी का महत्वपूर्ण स्थान है। पुराअभिलेखागारीय सामग्री, शाहपुरा राज्य की ख्यात एवं बनेड़ा अभिलेखागार के पत्रों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि उच्च कुलोत्पन्न स्त्रियों की शिक्षा की उतम व्यवस्था थी। जयपुर के पोथीखाने के एक चित्र से ज्ञात होता है कि राजवंश की एक राजकुमारी को एक वृद्ध व्यक्ति द्वारा राजमहल के अन्दर ही पढ़ाया जाता था। डॉ. गोपीनाथ शर्मा लिखते हैं- 'हमें ऐसे ग्रन्थ सैकड़ों की संख्या में मिलते हैं, जिनमें गीता, भागवत रामायण तथा कथानकों के ग्रन्थ मुख्य है, जिन्हें धर्मनिष्ठ स्त्रियों तथा विदुषियों के पठनार्थ लिखवाया गया। मध्यम वर्ग की कुछ लड़कियाँ लड़कों के साथ पढ़ने जाती थी, किन्तु उनकी पढ़ाई शीघ्र छुड़ा दी जाती थी। इसका कारण यह था कि स्त्री शिक्षा के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं थी। उस समय ऐसा भी विश्वास प्रचलित था कि यदि लड़कियाँ पढ़ेगी तो शीघ्र ही विधवा हो जाएँगी। जन साधारण लड़कियो की शिक्षा के प्रति पूरी तरह उदासीन था।'

स्वतंत्रता पश्चात शिक्षा : बढ़ते आयाम – नई शिक्षा नीति 1986 में कहा गया है कि 'समानता के उद्देश्य को साकार बनाने के लिए सभी को शिक्षा का समान अवसर उपलब्ध करवाना ही पर्याप्त नहीं होगा बल्कि ऐसी व्यवस्था होना भी जरूरी है जिसमें सभी को शिक्षा में सफलता प्राप्त करने के समान अवसर मिले। वास्तव में राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य है कि सामाजिक माहौल और जन्म के संयोग से उत्पन्न पूर्वाग्रह और कुण्ठाएं दूर हो।'

राजस्थान मे महिला साक्षरता की स्थिति निम्नलिखित प्रकार रही हैं।

वर्ष	महिला साक्षरता
1951	2.66%
1961	7.01%
1971	10.06%
1981	14.00%
1991	20.44%
2001	49.85%
2011	52.66%

राजस्थान के समस्त जिलों में साक्षरता के प्रतिशत मे उत्तरोत्तार वृद्धि दिखायी पड़ती है। यथा मेवाड़ में 1921 में कुल 667963 स्त्रियों में से मात्र 1544 स्त्रियाँ साक्षर थी। जबकि उदयपुर सिटी में कुल 18474 स्त्रियों में से मात्र 426 स्त्रियाँ साक्षर थी । सन् 1991 में मेवाड़ क्षेत्र की स्त्रियों में साक्षरता 17.40 प्रतिशत था। जो सन् 2001 में बढ़कर 37.88 प्रतिशत हो गया । 12 उदयपुर शहर की महिला साक्षारता दर 1921 में 2.3 प्रतिशत थी जो 2001 में बढ़कर 43.71 प्रतिशत हो गई। शिक्षा को ही बढ़ावा देने हेतु 12 अगस्त 1943 को जयपुर की महारानी गायत्री देवी ने जयपुर में लड़कियों के लिए एक स्कूल खोला।

स्वतंत्रता के पश्चात भारत सरकार द्वारा स्त्रियों में शिक्षा के विकास के गम्भीर प्रयास होने लगे जिससे कि सामाजिक परिर्वतन के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। 1959 में राष्ट्रीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर तीसरी पंचवर्षीय योजना में वयस्क स्त्रियों की शिक्षा हेतु कई स्कूली पाठयक्रम प्रारंभ किये गये। बाल सेविका प्रशिक्षण एवं शिशु देखभाल कार्यक्रम प्रमुख था। पांचवी पंचवर्षीय योजना में स्त्रियों हेतु शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, दोपहर का भोजन, गणवेश व छात्रवृति आदि सुविधाएँ लागू की गई। छठी पंचवर्षीय योजना में स्त्रियों के लिए अभियांत्रिक, इलेक्ट्रोनिक्स, कृषि, पशुचिकित्सा, मत्स्य पालन व वन सम्बन्धी पाठयक्रम में नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया गया। छठी पंचवर्षीय योजना 1978-83 के प्रारूप में यह स्वीकार किया कि शिक्षा का लाभ समाज के बहुसंख्यकों तक नहीं पहुँच पाया है। वस्तुत: छठी पंचवर्षीय योजना 1980-85 में अशिक्षा के समूल नाश पर जोर देते हुए व्यापक प्राथमिक शिक्षा के साथ नौकरी अभिनवमुखी शिक्षा का सूत्रपात किया गया। इस योजना में 'महिला और विकास' एक अलग से अध्याय जोड़ा गया। सातवीं पंचवर्षीय योजना में स्त्रियों के लिए छात्रावास प्रशिक्षित महिला अध्यापक, खेलकूद में प्रोत्साहन, प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा में प्रोत्साहन हेतु छातत्रवृति योजना आदि कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये।

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन 1989 में 15 से 35 वर्ष की आयु के 80 मिलियन अशिक्षितों को 1995 तक पूर्ण साक्षर बनाने के ध्येय से प्रारम्भ किया गया। बाद में 9 से 14 वर्ष के आयु समूह को इस में संलग्न करते हुए 17 मिलियन अशिक्षित लोगों की साक्षरता का लक्ष्य निर्धारित किया गया। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन शिक्षा के क्षेत्र में आत्मविश्वास का ही प्रयास नहीं अपितु महिला समानता के मूल्यों के संवर्द्धन का भी एक प्रभावी प्रयास था। राजस्थान, जहां 80 प्रतिशत महिलाएँ 1992 में अशिक्षित थी उनकी साक्षरता हेतु स्वीडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास संस्था (SIDA) के सहयोग से लोक जुम्बिश योजना प्रारम्भ की गई। शिक्षाकर्मी योजना भी समान रूप से सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र में पिछड़े गांवों में प्रारम्भ की गई। इसके अलावा (IRDP) (एकीकृत ग्रामीण विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए प्रारम्भ की गई। वर्ष 2002 में राजस्थान साक्षरता के तीसरे चरण में सतत् शिक्षा कार्यक्रम 19 जिलों के लिए तथा झठख कार्यक्रम 21 जिलों के लिए जहाँ बड़ी संख्या में निरक्षर शेष रह गये हैं, स्वीकृत कर ली गई। इसके अलावा राजस्थान के 22 हजार वार्ड पंच से लेकर जिला प्रमुख स्तर तक अशिक्षित जन प्रतिनिधियों हेतु राष्ट्रीय साक्षरता मिशन ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्वीकृति दी हैं जो पूर्ण साक्षरता की दिशा में एक क्रान्तिकारी पहल हैं।

राजस्थान में महिला साक्षरता दर 1991 की जनसंख्या के अनुसार 20.44 प्रतिशत थी जो 2001 में जनगणनानुसार बढकर 44.34 प्रतिशत हो गई। वहीं भारत में महिला साक्षरता दर 2001 में 54.16 प्रतिशत पाई गई। 2001 में राजस्थान में पुरुष साक्षरता 76.46 प्रतिशत थी। पिछले चार दशकों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से साक्षरता दर में 5 गुणा वृद्धि हुई हैं।

निष्कर्ष – उपरोक्त अध्ययन के आधार पर स्पष्ट है कि महिलाओं को सशक्त बनाने मे शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से किसी भी समाज को सशक्त बनाने के लिए उस समाज की महिलाओ का सशक्त होना आवश्यक हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। यूनानी दार्शनिक प्लेटो जब आदर्श राज्य की रचना में प्रवृत हुआ, उसने शिक्षा की ओर सबसे पहले ध्यान दिया और शिक्षा को अपने राज्य की बुनियाद माना। उसके राज्य में शिक्षामंत्री का पद सबसे बड़ा पद है वह राज्य का प्रधानमंत्री है। प्लेटो का मानना है कि 'यदि प्रकृति में किसी चीज का आरम्भ शुभ हो और वह अपने स्वाभाविक उत्कर्ष की दिशा में सही ढंग से चले, तो इसका उसकी उचित परिणति पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है।' प्लेटो की सीख है कि 'अगर व्यक्ति सचमुच शिक्षा तथा प्रखर प्रतिभा से सम्पन्न हो, तो वह समूचे प्राणिजगत् में सबसे अधिक दिव्य और सभ्य बन जाता है पर अगर उसका शिक्षण उचित रीति या उपयुक्त नीति से नहीं होता, तो वह धरती के सारे प्राणियों में सबसे अधिक दुर्धर्ष हो जाता है।' राजस्थान की स्त्रियों के विकास के परिप्रेक्ष्य में भी कमोबेश यही रीति लागू होती है। परिवर्तन की अनेक धाराओं ने राजस्थान की स्त्रियों को शिक्षा सम्यक विकास के अनन्त आयामों से परिचित करवाया और उन्हें सम्पूर्ण विकास की दिशा में अग्रसर किया। शिक्षा के अभाव के कारण ही महिलाओं की स्थिति दयनीय रही है और शिक्षा के सकारात्मक प्रयासों का प्रभाव ही महिला सशक्तिकरण को और अधिक दृढता भी प्रदान करता है। तद्धुसार राजस्थान में महिलाओं की स्थिति में असाधारण परिवर्तन दृष्टिगत होते रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ढेपाल, शशि, राजस्थान का बदलता सामाजिक स्वरूप, राजस्थानी ग्रन्थाकार, जोधपुर, 2011, पृ. 235-37
2. शर्मा, प्रज्ञा, भारतीय समाज में नारी, भारतीय समाज में नारी, पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2001, पृ. 619-21
3. अरोड़ा, डॉ. शशि, राजस्थान में नारी की स्थिति, तरुण प्रकाशन, बीकानेर 1981, पृ. 12-14
4. व्यास, गोपालवल्लभ, मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, राजस्थानी ग्रन्थाकार, जोधपुर, 2006, पृ. 171-173
5. सप्रु, आर.के., वीमेन एण्ड डेवलपमेंट, आशिश पब्लिशिंग हॉउस, 1989, पृ. 115-118
6. गोस्वामी, भालचन्द्र, स्वतंत्र भारत के 50 वर्ष प्रखर, पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 1998, पृ. 201-03
7. मोहम्मद, ईद, राजस्थान का सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, रिसर्च पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2009, पृ. 87
8. अरविन्द आर. गेसू और शर्मा, संजय, शिक्षा सामाजिक गतिशीलता एवं दलित अन्तर्सम्बंध की पड़ताल, परिप्रेक्ष्य, न्यूपा, नई दिल्ली, वर्ष 15 अंक 1 अप्रैल 2008, पृ. 18
9. व्होरा आशारानी, नारी शोषण, नेशनल पब्लिशिंग हॉउस, नई बिमजि, 1996, पृ. 19
10. वार्कर, अर्नेस्ट (अनुवादक गुप्त, विश्वप्रकाश), यूनानी राजनीति सिद्धान्त, अनुवाद निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, 1967, पृ.. 567
11. गुप्ता, विश्वप्रकाश तथा गुप्ता, मोहिनी, आजादी के पचास साल, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 1997, पृ. 25
12. राज, भन्ती, सोशियल पॉलिसी एण्ड डेवलपमेंट इन राजस्थान, हिमान्शु पब्लिकेशन्स, उदयपुर, 1996, पृ. 74
13. यादव संतोष, 19वीं व 20वीं शताब्दी में स्त्रियों की स्थिति, प्रिन्टवेल पब्लिशर्स, जयपुर, 1987, पृ. 100-101 12. प्रतियोगिता दर्पण, मई 2001 पृ.सं. 19

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) April to June 2017, Vol. II, Issue XVIII

Psychological and Philosophical Conflicts in the Plays of Girish Karnad

Dr. Sitaram*

Abstract - Karnad found a new approach of drawing historical and mythological sources to tackle contemporary themes and existentialist crisis of modern man through characters locked in psychological and philosophical conflicts. Karnad is known as a playwright. His plays, written in Kannada, have been translated into English (mostly translated by himself) and some Indian languages. Kannada is his language of choice.Karnad projects various themes in this play such as human relationship, Sexual relationship, power politics and violence. Human Relationship: In Yayati, as the play is based on a myth, the family concept is used in a broad way. Karnad's concern is with the life of the modern man that is very complex and lacks in wholeness. The employment of the old tales is to focus on the absurdity of modern life with all its elemental passions and conflicts.
Keywords- contemporary, myth, conflicts, idealism, folk theatre.

Introduction - Girish Karnad is an Indian dramatist who writes in Kannada and then translates his plays in to English: he has earned international recognition as a playwright and translator. He has also carved a niche for himself as a script writer, actor, and director in the world of Indian cinema. His knowledge of human nature made him a great playwright. His plays recall the ancient theory and tradition of Indian theatre. There is a unique amalgam of the elements of tradition and contemporary in the plays of Karnad. It seems that themes taken from folklores, myths and Indian history turned into a vehicle to express contemporary issues like feminism, marginalization of castes and minority religions, violence, increasing fundamentalism, denigrating Indian politics and existentialism .Man is projected as living in a human society acting and reacting with other fellow beings. In Girish Karnad these modern theories are show operating in the traditional tales. It is under the influence of thes Oedipus complex appears to mark all mother support from existential alienation to obviate which they indulge in violence and cruelty, and, the idea of god and religion is symptomatic of their helpless condition and neurotic mind only. The historical events in Karnad mirror the current political, religious and social happenings.Girish Karnad, who translated his own two plays Tughlaq and Hayavadna into English, is a front rank dramatist in contemporary Indian literature.Girish Karnad was highly influenced by the trends in Kannada literature and he took legend, history and myth for the plots of his three plays– Yayati, Tuglaq and Hayavadana respectively.Girish Karnad is a gifted craftsman. His plays Tughlaq andHayavadana are noticeable for consummate excellence of dramatic technique.There has been an unbridgeable hiatus between theatre and plays in IndianEnglish drama. Due to this lacuna only closet plays which were entirelyincapable of stage performance were written. Girish Karnad, who belongs tothe rich tradition of Kannada theatre, creates a close rapport betweenstagecraft and playwriting in the English transcreations of his two playsTughlaq and Hayavadana which have been successfully staged.

As a dramatic craftsman Karnad evolved a dramatic technique which isso flexible that it changes according to the requirements of his plots. The plotof Tughlaq is based on history and it has all the essentials of a good historicalplay, Hayavadana is based on folk tale and, hence, all the ingredients of a folkstory are deftly employed in it. KirtinathKurtkoti observes:Karnad uses the conventions and motifs of folk theatre – masks,curtains, dolls, the story within a story – to create a bizarre world. It isa world of incomplete individuals, indifferent gods, dolls that speakand children who cannot, a world indifferent to the desires andfrustrations, joys and sorrows of human beings. What is real is only thetremendous, irrational energy of the horse and the writer who moveround the stage symbolising the powerful but monotonous rhythm oflife. Karnad s plays have "the tone and expression of great drama." The plots in his plays re precise. the devices of parallelism and contrast,suspense and surprise help in the logical development of plot. His plots andcharacters are correclated and promote the unity of effect or impression. Let usdiscuss in detail the outstanding aspects of Karnad s dramatic technique andcraftsmanship.Plot is very essential for drama. It is that framework of incidents,however simple or complex, upon which the drama is constructed. The eventsand incidents are organised into an artistic whole with a view to creating unityof impression or effect. Commenting on the characteristics of a good plot.

* Lecturer (English) Swami Vivekanand Govt. College, Khetri, Jhunjhunu (Raj.) INDIA

